तब कंसने बालघातिनी दुष्टा पूतना भेजी के पुरनमें, गामनमें, घरर शब्दकरत विचरती ॥ २ ॥ जब नंदजीके गोकुलमें आई तब गोपगोपीनको झुंड देखिके दिव्यरूप धारणकरके सोलहवरषकी दिव्य स्त्री हैगई ॥ ३ ॥ तब याको सुंदर रूप देखिके काऊ गोपीने न रोकी ऐसी बनी मानो इंद्राणी, सरस्वती, लक्ष्मी, रंभा, रति, इनतेऊ सुंदर ॥ ४ ॥ याहि देखके रोहिणी यशोदा दोनों धर्षित हेगई, जाके कुचनमें दूध भरो है सो बालक श्रीकृष्णकूं गोदीमें लेके पुनः२ प्यार करतीने ॥ ५ ॥ बालकके मुखमें विषको लिपिटो भयो स्तन देदीनो तब श्रीकृष्णकूं रोष आयगयो सो याको प्राणनसहित दूध पीवन लगे ॥ ६ ॥ जब याके स्तनमें पीडा होनलगी तब तो छोडदे२ ऐसे पुकारत इतउतमें भाजती अपनी मायाकूं भूलिगई और वा बालकको लेके भाजी॥७॥नेत्र पथरायगये श्वेतांग हेगयो रोवती धरती मे जायपरी, तब याके वो रोनेके शब्दसो सातों लोक सातों पाताल

झवाय परे ॥ ८ ॥ द्वीपनसहित पृथ्वी चलायमान हैगई ये एक बडो अद्भुतको तरह भयो, छःकोशके वृक्ष वाकी पीठिके नीचें आयगये ॥ ९ ॥ हे राजन्! तिन वृक्षनको वज्रसे अंग नते चूरण करिडारो तब गोपनके गण वाके घोर शरीरकूं देखके यह बोले ॥ १० ॥ अरे! जाकी गोदीमें जायके बालक कहू न बचे परन्तु वाके वक्षस्थलपै आनन्दते क्रीडा करत हँसते बालककूं ॥ ११ ॥ जो दूध पीकें जम्हाई लैरह्यो है ऐसे श्रीकृष्णकूं देखके गोपीजन सब हँसी बालकको उठायलियो यशोदाजी रोहिणीजी छातीते लगाय अचंभेमें आय गई ॥ १२ ॥ बालककूं लैके सब औरतें रक्षा करनलगी, कालिंदीको जल, मृत्तिका, गौकी पूछको फिरायबो ॥ १३ ॥ गौकी रज, गोबर, गोमूत्रते स्नान कराय यह स्तोत्र पढनलगी ॥ १४ ॥ श्रीकृष्ण तेरेशिरकी रक्षा करौ, वैकुंठ कंठकी रक्षा करौ, श्वेतद्वीपके पति काननकी रक्षा करौ, यज्ञ नासिकाकी रक्षा करौ ॥ १५ ॥ नृसिंह तेरे नेत्रनकी रक्षा करौ, राम तेरी

चचालवसुधाद्वीपैस्तदद्भुतमिवाभवत् ॥ षट्क्रोशंसाद्दहान्दीर्वान्वृक्षान्पृष्ठतलेगतान् ॥ ९ ॥ चूर्णीचकारवपुषावज्रांगेणनृपेश्वर ॥ वदंतस्तेगो पगणावीक्ष्यघोरंवपुर्महत् ॥ १० ॥ अस्योत्संगगेबालोनजीवतिकदाचन ॥ तस्योरसिसानंदंक्रीडंतंसुस्मितंशिशुम् ॥ ११ ॥ दुग्धंपी त्वाजृंभमाणंतंदृष्ट्वाजहृषुःस्त्रियः ॥ यशोदयाचरोहिण्यानिधायोरसिविस्मिताः ॥ १२ ॥ सर्वतोबालकंनीत्वारक्षांचक्रुर्विधानतः ॥ कालिं दीपुण्यमृत्तोयैर्गोपुच्छभ्रमणादिभिः ॥ १३ ॥ गोमूत्रगोरजोभिश्चस्नापयित्वात्विदंजगुः ॥ १४ ॥ ॥ श्रीगोप्यऊचुः ॥ ॥ श्रीकृष्णस्ते शिरःपातुवैकुंठःकंठमेवहि ॥ श्वेतद्वीपपतिःकर्णौनासिकांयज्ञरूपधृक् ॥ १५ ॥ नृसिंहोनेत्रयुग्मंचजिह्वांदशरथात्मजः ॥ अधरावबतात्तेतु नरनारायणावृषी ॥ १६ ॥ कपोलौपातुतेसाक्षात्सनकाद्याःकलाहरेः ॥ भालंतेश्वेतवाराहोनारदोभ्रूलतेवतु ॥ १७ ॥ चिबुकंकपिलः पातुदत्तात्रेयउरोवतु ॥ स्कंधौद्वावृषभःपातुकरौमत्स्यःप्रपातुते ॥ १८ ॥ दोर्दंडंसततंरक्षेत्पृथुःपृथुलविक्रमः ॥ उदरंकमठःपातुनाभिंधन्वन्त रिश्चते ॥ १९ ॥ मोहिनीगुह्यदेशंचकटिंतेवामनोवतु ॥ पृष्ठंपरशुरामश्चतवोरूबादरायणः ॥ २० ॥ बलोजानुद्वयंपातुजंघेबुद्धःप्रपातुते ॥ पादौपातुसगुल्फौचकल्किर्धर्मपतिःप्रभुः ॥ २१ ॥ सर्वरक्षाकरंदिव्यंश्रीकृष्णकवचंपरम् ॥ इदंभगवतादत्तंब्रह्मणेनाभिपंकजे ॥ २२ ॥ ब्रह्मणाशंभवेदत्तंशंभुर्दुर्वाससेददौ ॥ दुर्वासाःश्रीयशोमत्यैप्रादाच्छ्रीनंदमंदिरे ॥ २३ ॥

जीभकी रक्षा करौ, ऋषि नरनारायण तेरे होठनकी रक्षा करौ ॥ १६ ॥ हरिकी कला सनकादिक तेरे कपोलनकी रक्षा करौ श्वेतवाराह तेरे माथेकी रक्षा करौ, नारदजी भ्रूमंडलकी रक्षा करौ ॥ १७ ॥ कपिलदेव तेरी ठोडीकी रक्षा करौ, दत्तात्रेय वक्षस्थलकी रक्षा करौ, ऋषभदेवजी कंधानकी रक्षा करौ, मत्स्यभगवान् हाथनकी रक्षा करौ ॥ १८ ॥ पृथुलपराक्रमी पृथु भुजाकी रक्षा करौ, कच्छपजी उदरकी रक्षा करौ, धन्वंतर नाभिकी रक्षा करौ ॥ १९ ॥ मोहनी गुह्यदेशकी रक्षा करौ, वामनजी करमकी रक्षा करौ, पीठकी परशुरामजी रक्षा करौ, बादरायण ऊरुकी रक्षा करौ ॥ २० ॥ बलदेव घोंटूनकी रक्षा करौ, बुद्धभगवान् पींडुरीनकी रक्षाकरौ, कल्किभगवान् पांवनकी और टकुनानकी रक्षा करौ ॥ २१ ॥ यह सर्व रक्षाको करनहारो दिव्य कृष्णकवच है, यह नारायणने नाभिकमलपै बैठे ब्रह्माजीकूं दीनों है ॥ २२ ॥ तब ब्रह्माने महादेवकूं दीनो, महादेवने दुर्वासाकूं, दुर्वासाने यशोदाकूं नंद मंदिरमे

दीनों ॥ २३ ॥ गोपीनके संग या स्तोत्रते यशोदा रक्षा करके स्तन प्यायके ब्राह्मणनको अनेक दान देतीभई ॥२४॥ तब नंदादिक गोप सब मथुरासे गोकुल पोहोंचे उस बडी घोरा मरीपरी पूतनानामकी राक्षसीको देखके भयसे विकल होतेभये ॥ २५ ॥ तब सब गोप वाके वा देहको टूक २ काटके यमुनाजीके तटपे अनेक चिता लगाय जलायदियो ॥ २६ ॥ तब कृष्णके स्पर्शसो पवित्रभये याके शरीर जरेके धुआमेंसो इलायची, लोंग, चंदन, तगर, अगरकोसो उत्तम गंध निकसोहे ॥ २७ ॥ कहो या लोकमें कृष्णको छोडके और कोनकी शरण जाय जो पतितपावनने पूतनासीहू पापनीको सद्गति देदीनी ॥ २८ ॥ यह वृत्तांत सुनके राजा बहुलाश्व बोले कि, महाराज नारदजी ! ये बालकनकी मारनवारी रांड पूतना कौन ही ! महादुष्टाभिप्रायवारी ये राक्षसी जहर स्तननमें लगाय जाने दूध प्यायो और फिर परमोक्षको कैसे गई सो कहो॥२९॥ तब नारदजी बोले कि हे राजन् ! बलिराजाकी

अनेनरक्षांकृत्वास्यगोपीभिःश्रीयशोमती ॥ पाययित्वास्तनंदानंविप्रेभ्यःप्रददौमहत् ॥ २४ ॥ तदानंदादयोगोपाआययुर्मथुरापुरात् ॥ दृष्ट्वाघोरांपूतनाख्यांबभूवुर्भयविह्वलाः ॥ २५ ॥ छित्त्वाकुठारैस्तद्देहंगोपाःश्रीयमुनातटे ॥ अनेकाश्चचिताःकृत्वादाहयामासुरेवताम् ॥ २६ ॥ एलालवंगश्रीखंडतगरागरुगंधिभृत् ॥ धूमोदग्धस्यदेहस्यपवित्रस्यसमुत्थितः ॥ २७ ॥ अहोकृष्णमृतेकंवाव्रजामशरणंत्विह ॥ पूतनायैमोक्षगतिंददौपतितपावनः ॥२८॥ ॥ बहुलाश्वउवाच ॥ ॥ केयंवाराक्षसीपूर्वंपूतनाबालघातिनी ॥ विषस्तनादुष्टभावापरंमोक्षंकथंगता ॥ ॥ २९ ॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ बलियज्ञेवामनस्यदृष्ट्वारूपमतःपरम् ॥ बलिकन्यारत्नमालापुत्रस्नेहंचकारह ॥ ३० ॥ एतादृशोयदिभवेद्बालस्तंहिशुचिस्मितम् ॥ पाययामिस्तनंतेनप्रसन्नंमेमनस्तदा ॥ ३१ ॥ बलेःपरमभक्तस्यसुतायैवामनोहरिः ॥ मनोरथस्तुतेभूयान्मनस्यपिवरंददौ ॥ ३२ ॥ साभवद्द्वापरान्तेवैपूतनानामविश्रुता ॥ श्रीकृष्णस्पर्शसंभूतपरंप्रातमनोरथा ॥ ३३ ॥ यःपूतनामोक्षमिमंशृणोतिकृष्णस्यदेवस्यपरात्परस्य ॥ भक्तिर्भवेत्प्रेमयुतापितस्यत्रिवर्गसिद्धिःकिमुमैथिलेन्द्र ॥ ३४ ॥ ॥ इति गर्गसंहितायां गोलोकखंडे नारदबहुलाश्वसंवादे पूतनामोक्षोनामत्रयोदशोऽध्यायः ॥ १३ ॥ ॥ गर्गउवाच ॥ ॥ इत्येवंकथितंदिव्यंश्रीकृष्णचरितंवरम् ॥ यःशृणोतिनरोभक्त्यासकृतार्थोनसंशयः ॥ १ ॥

रत्नमाला नाम बेटीने वामनजीको रूप यज्ञमें देखो तब याने विचारकियो कि, ऐसो बेटा मेरे होय ऐसे याने पुत्रके स्नेहमय भाव विचारो ॥ ३० ॥ जो मंदमुस्करातो ऐसो मेरे बालक होय और वाकूं मैं अपने बोबा प्याऊं तब मेरो चित्त प्रसन्न होय ॥ ३१ ॥ तब परमभक्त बलिराजाकी बेटीको आपने अपने मनमेंही ये वर दियो कि, री रत्नमाला ! जा तेरो ये मनोरथ पूरो होयगो ॥ ३२ ॥ तब वोही रत्नमाला द्वापरके अंतमें पूतनानाम विख्यात भई सो वो श्रीकृष्णचंद्रके अंगके स्पर्शको पायके अपने मनोरथको अच्छीतरह प्राप्त भई ॥ ३३ ॥ जो कोई परात्पर श्रीकृष्णके सकाशते जो पूतनाको उद्धार भयो ताको सुनेंहे वो मनुष्य प्रेमयुक्त भक्तिको अधिकारी (पात्र) होयहे, फिर त्रिवर्ग (अर्थ धर्म काम) की सिद्धिको प्राप्त हैजाय तो आश्चर्यही कहाहे ॥ ३४ ॥ इति गर्गसंहितायां गोलोकखंडे भाषाटीकायां पूतनामोक्षणं नाम त्रयोदशोऽध्यायः ॥ १३ ॥ श्रीगर्गजी कहेहैं

सर्वोत्कृष्ट श्रीकृष्णको चरित्र हमने कह्यो, जो कोई मनुष्य याकूं भक्तिसे सुनैहै वो निःसंदेह कृतार्थ होयगो ॥१॥ तब शौनक प्रश्न करनलगे कि, महाराजजी ! ये श्रीकृष्णचरित्र
सुधाखंडसोहू परम मीठो है ताय आपके मुखसो सुनके हम कृतार्थ हैं यामें संदेह नही हैं ॥ २ ॥ सो वो श्रीकृष्णको भक्त शांत जाकी आत्मा संतनमें श्रेष्ठ जो राजा मैथिल है वो
कहा पूछतभयो सो हे तपोधन ! मेरेआगे कहो ॥ ३ ॥ गर्गजी कहे है कि, मैथिलेंद्र राजा हर्षित है प्रेममें विह्वल हैगये सो धर्मात्मा परिपूर्णतम श्रीकृष्णको स्मरण करतो नारदजीते
यह बोल्यो ॥ ४ ॥ भूरिकर्मा तुमने हमें कृतार्थ करदीनों यासो मै बडो धन्य हों क्यों कि, संसारमें भगवतभक्तनको संग बडो दुर्लभ है और दुर्घट है ॥ ५ ॥ श्रीकृष्ण जो साक्षात्
बालक है अद्भुतरूप भक्तवत्सल है आगें कहाकहा अद्भुत चरित्र करते भये हे मुने ! सो कहो ॥ ६ ॥ तब नारदजी बोले हे राजन् ! तैंने भली बात पूछी तूं भगवद्धर्मी है, साधूनको

॥ ॥ श्रीशौनकउवाच ॥ ॥ सुधाखंडंपरंमिष्टंश्रीकृष्णचरितंशुभम् ॥ श्रुत्वात्वन्मुखतःसाक्षात्कृतार्थाःस्मवयंमुने ॥ २ ॥ श्रीकृष्णभक्तः
शांतात्माबहुलाश्वः सतांवरः ॥ अथोमुनिंकिंपप्रच्छतन्मेब्रूहितपोधन ॥३॥ ॥ श्रीगर्गउवाच ॥ ॥ अथराजामैथिलेंद्रोहर्षितःप्रेमविह्वलः ॥
नारदंप्राहधर्मात्मापरिपूर्णतमंस्मरन् ॥ ४ ॥ ॥ श्रीबहुलाश्वउवाच ॥ ॥ धन्योहंचकृतार्थोहंभवताभूरिकर्मणा ॥ संगोभगवद्भक्तानांदु
र्लभोदुर्घटोस्तिहि ॥ ५ ॥ श्रीकृष्णस्त्वर्भकःसाक्षादद्भुतोभक्तवत्सलः ॥ अग्रेचकारकिंचित्रंचरित्रंवदमेमुने ॥ ६ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥
साधुपृष्टंत्वयाराजन्भवताकृष्णधर्मिणा ॥ संगमःखलुसाधूनांसर्वेषांवितनोतिशम् ॥ ७ ॥ एकदाकृष्णजन्मर्क्षेयशोदानंदगेहिनी ॥ गोपीगो
पान्समाहूयमंगलंचाकरोद्द्विजैः ॥ ८ ॥ रक्तांबरंकनकभूषणभूषितांगंबालंप्रगृह्यकलितांजनपद्मनेत्रम् ॥ श्यामंस्फुरद्धरिनखावृतचंद्रहारंदेवा
न्प्रणम्यसुधनंप्रददौद्विजेभ्यः ॥ ९ ॥ प्रेंखेनिधायनिजमात्मजमाशुगोपींसंपूज्यमंगलदिनेप्रतिगोपिकास्ताः ॥ नैवाशृणोत्सुरुदितस्यसुतस्य
शब्दंगोपेषुमंगलगृहेषुगतागतेषु ॥ १० ॥ तत्रैवकंसखलनोदितउत्कचाख्योदैत्यःप्रभंजनतनुःशकटंयएत्य ॥ बालस्यमूर्ध्नियदिपातयितुंप्र
वृत्तःकृष्णोपितंकिलतताडतुरोदनेन ॥ ११ ॥ चूर्णंगतेथशकटेपतितेचदैत्येत्यक्त्वाप्रभंजनतनुंत्विमलोबभूव ॥ नत्वाहरिंशतहयेनरथेनयुक्तो
गोलोकधामनिजलोकमलंजगाम ॥ १२ ॥

संग सबको कल्याण करै है ॥ ७ ॥ एकदिन श्रीकृष्णके जन्मको नक्षत्र आयो तब नंदरानी यशोदानें गोपी गोपीनकूं बुलायकें और ब्राह्मणनकूं बुलायके मङ्गल करायो ॥ ८ ॥
फिर श्रीकृष्णको शृंगार कीनो, लालजामा, लालदुपट्टा, लालटोपी, सुवर्णके गहनेसे भूषित अंग कर श्यामसुन्दर अंजनलगे कमलसे नेत्र, पन्ना, मोतीनको बघनखासहित चन्द्रहार
आदि गहने पहराय, देवतानकूं दण्डवत् कराय, सुवर्ण, धन, ब्राह्मणनकूं देतभई ॥ ९ ॥ वा मङ्गलदिनमें गोपीनको सत्कार करके अपने बेटाकूं पालनेमे स्वायकें चली आई, सो
श्रीकृष्णकूं भूखलगी तब रोमनलगे, वह बेटाके रुदनको शब्द गोप गोपीनके मङ्गलनिमित्तसो आयबे जायबेमे यशोदाजीनें न सुन्यो ॥ १० ॥ तहां पापी कंसको भेज्यो पवनको
रूप धारणकर उत्कच नाम दैत्य आयो वो गाडापे बैठिकें गाडाकूं श्रीकृष्णके माथेके ऊपर गेरनलग्यो तबही श्रीकृष्णने रोवत रोवत एक लात मारी ॥११॥ वा लातसों गाडाके टूकर

हैगये, दैत्य मरके नीचे आयपर्यो और पवनरूप छोड दिव्यदेह हैगयो श्रीकृष्णकूं दंडवत् करके सो घोडानके रथमें बैठ वो दैत्य निजधाम गोलोककूं चल्यौ गयो ॥ १२ ॥ या शब्दकूं सुनकें नन्दादिक व्रजके लोग और गोपी सब इकट्ठी हैकें बालकनते बोली क्योरे छोराओ! यह गाडा आपही कैसे आयपर्यो तुम जानो हो तो कहो? तब बालक बोले॥१३॥ पालनेमें बैठ्यौ बैठ्यौ दूधकेलिये रोयरह्योहो सो रोवत २ गाडामें लातमारी सो गाडा आयपर्यो ॥ १४ ॥ गोप गोपीनने बालकनकी बात सांच न मानी अचंभो करत यह बोले कि, कहांतो तीन महीनाको बालक और कहां इतने बोझ सो भरो गाडा कहो याकूं कैसे पटकदेयगो ॥ १५ ॥ भूतप्रेतके डरते यशोदाजी बालककूं गोदीमें लैके ब्राह्मणनकूं तृप्ति करके विधिसो यज्ञ करावती भई ॥ १६ ॥ राजा बहुलाश्व बोल्यो हे नारदजी ! यह उत्कच पूर्वजन्मको कौन हो बडी अचंभोहै कि, जो श्रीकृष्णके चरणके छीयेते मोक्षकूं प्राप्त

नंदादयोव्रजजनाव्रजगोपिकाश्चसर्वेसमेत्ययुगपत्पृथुकांस्तदाहुः ॥ एषस्वयंचपतितःशकटःकथंद्विजानीथहेव्रजसुताःसुगताश्चयूयम् ॥ १३ ॥
॥ बालाऊचुः ॥ ॥ प्रेंखस्थोयंक्षिपन्पादौरुदन्दुग्धार्थमेवहि ॥ तताडपादंशकटेतेनेदंशकटंत्वनु ॥१४॥ श्रद्धांनचक्रुर्बालोक्तेगोपागोप्यश्चवि
स्मिताः ॥ त्रैमासिकःक्वबालोयंक्वचैतद्भारभृत्त्वनः ॥ १५ ॥ बालमंकेसंगृहीत्वायशोदाग्रहशंकिता ॥ कारयामासविधिवद्यज्ञंविप्रैःसुतर्पितैः
॥ १६ ॥ ॥ श्रीबहुलाश्वउवाच ॥ ॥ कोयंपूर्वंतु कुशलीदैत्यउत्कचनामभाक् ॥ अहोकृष्णपदस्पर्शाद्गतोमोक्षंमहामुने ॥ १७ ॥
॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ हिरण्याक्षसुतोदैत्यउत्कचोनाममैथिल ॥ लोमशस्याश्रमेगच्छन्वृक्षांश्चूर्णीचकारह ॥ १८ ॥ तंदृष्ट्वास्थूल
देहाढ्यमुत्कचाख्यंमहाबलम् ॥ शशापरोपयुग्विप्रोविदेहोभवदुर्मते ॥ १९ ॥ सर्पकंचुकवद्देहंपतन्कर्मविपाकतः ॥ सद्यस्तच्चरणोपांतेपति
त्वाप्राहदैत्यराट् ॥ २० ॥ ॥ उत्कचउवाच ॥ हेमुनेहेकृपासिंधोकृपांकुरुममोपरि ॥ तेप्रभावंनजानामिदेहमेदेहिहेप्रभो ॥ २१ ॥
॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ तदाप्रसन्नःसमुनिर्दृष्टंनयशतंविधेः ॥ सतांरोषोपिवरदोवरोमोक्षार्थदःकिमु ॥ २२ ॥ ॥ लोमशउवाच ॥ ॥
वातदेहस्तुतेभूयाद्व्यतीतेचाक्षुषांतरे ॥ वैवस्वतांतरेमुक्तिर्भविताचपदाहरेः ॥ २३ ॥

हैगयो ? ॥ १७ ॥ नारदजी कहें हैं हे मैथिल ! ये हिरण्यकश्यपको बेटा उत्कचनाम दैत्य हो सो ये लोमशऋषिके आश्रममें जायकें वृक्षनकूं तोरो करेहो ॥ १८ ॥ या महाबली उत्कचके बडे मोटे देहकूं देख रोषके मारे लोमश शाप देतभये हे दुर्बुद्दे ! तूं विदेह हैजा मरजा ॥ १९ ॥ तब खोटे कर्मके फलते गिरतो २ ये दैत्य सांपकी कांचरी की नाईं या देहको छोडके दैत्यनको राजा वाही समय उनके चरणनमें परके यह बोल्यो ॥२०॥ हे मुने ! हे कृपासिन्धो ! मेरे ऊपर कृपाकरो आपको प्रभाव मैंने नहीं जान्यो है, हे प्रभो ! मोकूं देह देउ ॥ २१ ॥ नारदजी कहे हैं तबही ऋषि प्रसन्न हैगये ब्रह्माकीसो नीति जिननें देखीहै संतनको रोषहू वरको दाताहै फिर वर मोक्ष दाता होय यामेतो कहनोही कहाहै ॥ २२ ॥ तब लोमशऋषि बोले-तेरी पवनकी देह है जाउ और चाक्षुष मन्वंतरके व्यतीत भयेपै वैवस्वत मन्वंतरमें श्रीकृष्णके चरणते तेरी मुक्ति होयगी ॥ २३ ॥

नारदजी कहें हैं याहीतें वो उत्कचदैत्य लोमशके तेजतें मुक्ति हैगयौ यासौं वर और सापके देवेमें समर्थ जे संत हैं तिनके अर्थ मेरो नमस्कार है॥२४॥ एक दिना यशोदा श्रीकृष्णकूं गोदीमें लेके बैठी ही सो श्रीकृष्णने अपनी देहमें बोझ बढायदीनों तब सिलावतमें यशोदाजीपै परवतकोसो बोझ नहीं सह्योगयो ॥ २५ ॥ बिचारनलगी कि, अहो पर्वतके समान ये बालक कैसे हैगयो ऐसे अचंभेमें हैगई, तब श्रीकृष्णकूं तत्काल धरतीमें बैठारदीनो पर काहूतें कही नहीं॥२६॥तबही कंसको प्रेरोभयो तृणावर्त दैत्य महाबली आयो वायुके आवर्ततें सुंदर खेलतेमध्ये बालककूं भभूरेमें उडायके गयो॥२७॥तबही गोकुलमें बडी धूर उडनलगी ताते अंधकार हैगयो और बडो शब्दभी भयो आंखिनमें धूर भरिगई, दोघडीतक यह गति हैगई ॥२८॥तदनंतर यशोदाने आंगनमें बेटा नहीं देखके मूर्च्छितहै रोमनलगी, घरनके शिखरनकूं देखती भई॥२९॥जब कहीं पुत्रको नहीं देखौ तब मूर्च्छित हैके भूमिमें जायपरी, करुणा उपजावत ऊंचे

॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ तस्मादुत्कचदैत्यस्तुमुक्तोलोमशतेजसा ॥ सद्भ्योनमोस्तुयेनूनंसमर्थावरशापयोः ॥ २४ ॥ उत्संगेक्रीडितं बालंलालयंत्येकदानृप ॥ गिरिभारंनसेहेतंवोढुंश्रीनंदगेहिनी ॥ २५ ॥ अहोगिरिसमोबालःकथंस्यादितिविस्मिता ॥ भूमौनिधायतंसद्योनेदं कस्मैजगादह ॥ २६ ॥ कंसप्रणोदितोदैत्यस्तृणावर्तोमहाबलः ॥ जहारबालंक्रीडंतंवातावर्तेनसुंदरम् ॥ २७ ॥ रजोंधकारोभूत्तत्रघोरशब्द श्चगोकुले ॥ रजस्वलानिचक्षूंषिबभूवुर्घटिकाद्वयम् ॥ २८ ॥ ततोयशोदानापश्यत्पुत्रंतंमंदिराजिरे ॥ मोहितारुदतीघोरान्पश्यंतीगृहशे खरान् ॥ २९ ॥ अदृष्ट्वायदापुत्रंपतिताभुविमूर्च्छिता ॥ उच्चैरुरोदकरुणंमृतवत्सायथाहिगौः ॥ ३० ॥ रुरुदुश्चतदागोप्यःप्रेमस्नेहसमा कुलाः ॥ अश्रुमुख्योनंदसूनुंपश्यंत्यस्ताइतस्ततः ॥ ३१ ॥ तृणावर्तोनभःप्राप्तऊर्ध्वंवैलक्षयोजनम् ॥ स्कंधेसुमेरुवद्बालंमन्यमानःप्रपी डितः ॥ ३२ ॥ अथकृष्णंपातयितुंदैत्यस्तत्रसमुद्यतः ॥ गलंजग्राहतस्यापिपरिपूर्णतमःस्वयम् ॥ ३३ ॥ मुंचमुंचेतिगदितेदैत्येकृष्णोद्भुतो र्भकः ॥ गलग्राहेणमहताव्यसुंदैत्यंचकारह ॥ ३४ ॥ तज्ज्योतिःश्रीघनश्यामेलीनंसौदामिनीयथा ॥ दैत्योंबरान्निपतितःशिलायांशिशु नासह ॥ ३५ ॥ विशीर्णावयवस्यापिपतितस्यस्वनेनवै ॥ विनेदुश्चदिशःसर्वाःकंपितंभूमिमंडलम् ॥ ३६ ॥

स्वरतें ऐसे रोवतभई जैसें बछराके मरेतें गौ रोवेहै ॥ ३० ॥ तब औरहू सब गोपी स्नेहसों व्याकुल है रोमन लगी, रोवत २ आंखिनमेंसों सबनके आंसूनकी धार बहनलगी, नंदके बेटाकूं इतउत देखन लगी ॥ ३१ ॥ तृणावर्त ऊपरकूं लाखयोजन ऊंचो आकाशमें चढिगयो तब आप नारमें कंठीकी नाईं श्रीकृष्ण लिपट गये इतनो बोझ बढयो जा बोझको तृणावर्तने सुमेरुपर्वतकी बराबर मान बड़ो पीडित भयो ॥ ३२ ॥ श्रीकृष्णके पटकवेकूं दैत्यने उद्यम कीनो कि, मैं याकूं पटकादेउं तब परिपूर्णतम स्वयं भगवान् याके गलेसों लिपटगये ॥ ३३ ॥ तब छोडिछोडि ऐसे दैत्यके पुकारते सन्ते अद्भुत बालक श्रीकृष्णनें गलेकूं भींचिकें याको प्राणनसों रहित करदियो ॥ ३४ ॥ ताकी देहमेंते एक ज्योति निकसी सो घनश्याम श्रीकृष्णमें समाय गई, जैसें मेघमें बिजली लीन हैजायहै तब यह दैत्य बालकसमेत आकाशमेंते शिलापै आयके पर्यो ॥ ३५ ॥ धरतीमें परनेतें

॥ ३४ ॥

अंग अंग जाके बिखरगये जब ये गिरै तब याके शब्दते दशोंदिशा झनकारउठी और भूमि हलनलगी ॥ ३६ ॥ ताकी पीठपै चुपचाप स्थित ऐसे बालकको देखिकें रोवती २ सब गोपी दौडी२ और बालककों याकी छातीपैतें उठाकें मैय्याकी गोदीमें बैठारिके यह बोलीं ॥ ३७ ॥ हे यशोदे ! तूं मूर्ख है अरी बीर ! तोमें बालकके खिलायवेको तनकभी सहूर नहीं हैं कहेंतेतो तुम रिस हैजाउगी परबो बीर तेरे नेकभी दया नहींहै॥३८॥ बलैरी बीर ! अंधेरेमें अपनी गोदमेंते कोई भी बालककूं धरतीमें बैठारती होयगी निर्दयन तेने ऐसे समय या बालककूं धरतीमें बैठारिदीनों ॥ ३९ ॥ तब यशोदाजी बोली कि, री भैनाहैं मैं नहीं जानूं कि, ये बालक पहाडको सो भारी कैसें हैगयो ताते मेंनें वाँ आँधी भभूडेके महाभयमें बालको धरतीमें बैठारदीनो ॥ ४० ॥ तब गोपी बोली ए कल्याणी ! ए यशोदा ए दारी ! झूंठ मत बोलै ये दूधको बालक रुईकौसी फोइया फूलसी ताकूं पहाड बतावै

तत्पृष्ठस्थंशिशुंतूष्णींरुदंत्योगोपिकास्ततः ॥ ददृशुर्युगपत्सर्वानीत्वामात्रेददुर्जगुः ॥ ३७ ॥ ॥ गोप्यऊचुः ॥ ॥ नयोग्यासियशोदेत्वं बालंलालयितुंमनाक् ॥ नघृणातेक्वचिद्दृष्टाक्रुद्धासिकथितेनवै ॥ ३८ ॥ प्रांतेंधकारेस्वारोहात्कोपिबालंजहातिहि ॥ त्वयानिर्घृणयाभूमौ धृतोबालोमहाभये ॥ ३९ ॥ ॥ श्रीयशोदोवाच ॥ ॥ नजानामिकथंबालोभारीभूतोगिरींद्रवत् ॥ तस्मान्मयाकुतोभूमौचक्रवातेमहा भये ॥ ४० ॥ ॥ गोप्यऊचुः ॥ ॥ मानृपावदकल्याणिहेयशोदेगतव्यथे ॥ अयंदुग्धमुखोबालोलघुःकुसुमतुल्यवत् ॥ ४१ ॥ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ तदागोप्योऽथगोपाश्चनंदाद्याआगतेशिशौ ॥ अतीवमोदंसंप्रापुर्वदंतःकुशलंजनैः ॥ ४२ ॥ यशोदाबालकंनी त्वापाययित्वास्तनंमुहुः ॥ आघ्रायोरसिवस्त्रेणरोहिणींप्राहमोहिता ॥ ४३ ॥ ॥ श्रीयशोदोवाच ॥ ॥ एकोदैवेनदत्तोयंनपुत्रास्तिद्वश्च मे ॥ तस्यापिवहवोरिष्टाआगच्छंतिक्षणेनवै ॥ ४४ ॥ अद्यमृत्युमुखान्मुक्तोभविष्यत्किमतःपरम् ॥ किंकरोमिक्वगच्छामिकुत्रवासोभवेदतः ॥ ॥ ४५ ॥ धनंदेहोगृहंसौधोरत्नानि विविधानिच ॥ सर्वेयांतुह्यवश्यंवैभूयान्मेकुशलीशिशुः ॥ ४६ ॥ हरेर्चादानमिष्टंपूर्तंदेवालयंशतम् ॥ करिष्यामितदाबालोरिष्टेभ्योविजयीयदा ॥ ४७ ॥ एकंबालेनमेसौख्यमंधयष्टिरिवप्रिये ॥ बालंनीत्वागमिष्यामिदेशेरोहिणिनिर्भये ॥४८॥

है ॥ ४१ ॥ नारदजी कहेहैं तब गोपगोपी नन्दादिक आये बालककूं देखिकें बडे खुशी हैगये और आपसमें कुशल पूछनलगे ॥ ४२ ॥ यशोदा बालककूं लैकें स्तन प्यायकें माथो सूंघकें ओढनीते ढकि कें मोहित हैके रोहिणीते बोली ॥ ४३ ॥ देख भेना रोहिणि ! ये एक बेटा दैवने जाने कैसे मोकूं दीनोंहै बहुतसे तो कछु मेरे हैंईनहीं जाऊके ऊपर छिनछिनमें अरिष्ट आमेहै ॥ ४४ ॥ आजतो मृत्युके मुखमेते निकसिकें आयोहै आगें जानें कहा होयगो कहाकरूं कहांजाऊं यहांतेऊ जायके कहां रहूँ ॥४५॥ महल, मंदिर, घर, बाहिर, धन, रतन, देह, भलेही ये सब जातरहौ पर मेरो बालक तो खुशी रहै ॥ ४६ ॥ हरिकी पूजा, दान, धर्म, मंदिर, वापी, कूप ये सब मैं सेकरान बनवाऊंगी जो मेरो बालक खुशी रहैगो तो ॥ ४७ ॥ हे प्यारी ! एक या बालकतेही मोकूं तो सुख है जैसे आंधेरेको लकडिया, सो मैं तो या बालककूं लैकें कहूं निकसिजाऊंगी

जहां निर्भय देश होयगो तहां ॥ ४८ ॥ नारदजी कहेंहैं तबही बड़ेबड़े पंडित ब्राह्मण नंदजीके महलमें आये, तब नंदजीने यशोदाजी समेत पूजन करिके आसनपर बैठारे ॥ ४९ ॥ वे ब्राह्मण नंदजीसे बोले-हे नंदराज ! हे नंदरानी ! सोच मतकरो हम या बालककी रक्षा करेंगे तेरो बालक चिरंजीव रहेगो ॥ ५० ॥ नारदजी कहेंहैं ऐसे कहके द्विजनमें मुख्य जे वे ब्राह्मण हे ये कुशानके अग्रनसो और आमकी कोपलसों पवित्र कलशानके जलनते चारों वेदनके मंत्रनतें रक्षा करत भये ॥ ५१ ॥ और उत्तम स्वस्तिवाचन करायके विधानते यज्ञ कराय विधिपूर्वक अग्निकूं पूजि फेरि बालककी रक्षा करन लगे ॥ ५२ ॥ ब्राह्मण बोले कि, दामोदर तो तेरे चरणनकी रक्षा करौ, विष्टरश्रवा पीडुरीकी रक्षा करौ, हरि जंघाकी रक्षा करौ, परिपूर्णतम नाभिकी रक्षा करौ ॥ ५३ ॥ राधापति कमरकी रक्षा करौ, पीतांबरधारी तेरे पेटकी रक्षा

॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ तदैवविप्राविद्वांसआगतानंदमंदिरम् ॥ यशोदयाच नंदेनपूजिताआसनस्थिताः ॥ ४९ ॥ ॥ श्रीब्राह्मणा ऊचुः ॥ ॥ माशोचंकुरुहेनंदहेयशोदेव्रजेश्वरि ॥ करिष्यामःशिशोरक्षांचिरजीवीभवेदयम् ॥ ५० ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ इत्युक्त्वा द्विजमुख्यास्तेकुशाग्रैर्नवपल्लवैः ॥ पवित्रकलशैस्तोयैर्ऋग्यजुःसामजैःस्तवैः ॥ ५१ ॥ परैःस्वस्त्ययनैर्यज्ञंकारयित्वाविधानतः ॥ अग्निं संपूज्यविधिवद्रक्षांविदधिरेशिशोः ॥ ५२ ॥ ॥ ब्राह्मणाऊचुः ॥ ॥ दामोदरःपातुपादौजानुनीविष्टरश्रवाः ॥ ऊरूपातुहरिर्नाभिंपरिपूर्णतमःस्वयम् ॥ ५३ ॥ कटिंराधापतिःपातुपीतवासास्तवोदरम् ॥ हृदयंपद्मनाभश्चभुजौगोवर्द्धनोद्धरः ॥ ५४ ॥ मुखंचमथुरानाथोद्वारकेशःशिरोवतु ॥ पृष्ठंपात्वसुरध्वंसीसर्वतोभगवान्स्वयम् ॥ ५५ ॥ श्लोकत्रयमिदंस्तोत्रंयःपठेन्मानवःसदा ॥ महासौख्यंभवेत्तस्यनभयंविद्यतेक्वचित् ॥ ५६ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ नंदस्तेभ्योगवांलक्षंसुवर्णंदशलक्षकम् ॥ सहस्रंनवरत्नानांवस्त्रलक्षंददौपरम् ॥ ५७ ॥ गतेषुद्विजमुख्येषुनंदोगोपान्नियम्यच ॥ भोजयामाससंपूज्यवस्त्रैर्भूषैर्मनोहरैः ॥ ५८ ॥ ॥ श्रीबहुलाश्वउवाच ॥ ॥ तृणावर्तःपूर्वकालेकोयंसुकृतकृन्नरः ॥ परिपूर्णतमेसाक्षाच्छ्रीकृष्णेलीनतांगतः ॥ ५९ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ पांडुदेशोद्भवोराजासहस्राक्षःप्रतापवान् ॥ हरिभक्तोधर्मनिष्ठोयज्ञकृद्दानतत्परः ॥ ६० ॥

करौ, पद्मनाभ हृदयकी रक्षा करौ, गोवर्द्धनधारी भुजानकी रक्षा करौ ॥ ५४ ॥ मथुरानाथ मुखकी रक्षा करौ द्वारिकानाथ शिरकी रक्षा करौ असुरध्वंसी पीठिकी रक्षा करौ, स्वयं भगवान् सब ओरते रक्षा करौ ॥ ५५ ॥ यह तीन श्लोकनको स्तोत्र है, जोकोई मनुष्य याकों नित्य पाठ करेगो ताकूं काहूतें भय न होयगो और महा सुखी होयगो ॥ ५६ ॥ नारदजी कहेहैं नंदजीनें उनकूं एक लाख गौ, दशलाख महोर दीनी, हजार रत्न दीने, एक लाख वस्त्र दीने, जहां साक्षात् हरि है तहां कहा अचंभो है ॥५७॥ जब ब्राह्मण चलेगये तब नंदजीनें गोपनकूं बुलाय उन गोपनकूं सुंदर वस्त्र और मनोहर भूषण देके फिर उने खूब अनेकप्रकारके पदार्थनसो भोजन कराये ॥ ५८ ॥ तब बहुलाश्व राजाने नारदजीते प्रश्न कियो कि, यह तृणावर्त पहिले जन्मको कौन हो और याने कहा सुकृत कियोहो जाते परिपूर्णतम श्रीकृष्णमें लीन हैगयो ? ॥५९॥ नारदजी बोले-पांडुदेशको राजा एक सहस्राक्ष प्रतापी होतभयो ये बड़ो

हरिभक्त, धर्मनिष्ठ, यज्ञकर्ता और बड़ो दान करनवारो होतोभयो ॥ ६० ॥ दिव्य लता बेत जामें ऐसे रेवानदीके किनारेपै हजार स्त्रीनकूं संग लैकें रमण करतो विचरतोभयो ॥ ६१ ॥ तहां साक्षात् दुर्वासामुनि आये तिनकूं देखिकें याने दंडवत न करी तब दुर्वासानें शाप दियो हे दुर्बुद्धे ! तू राक्षस हैजा ॥ ६२ ॥ तब यह उनके चरणनमें जायपरो तब प्रसन्न हैकें दुर्वासा याकूं वर देतभये कि, हे राजन् ! श्रीकृष्णके अंगके स्पर्शते तेरी मुक्ति होयगी ॥ ६३ ॥ वोभी दुर्वासाके शापते भूमिमें तृणावर्त भयो सो श्रीकृष्णके शरीर स्पर्शते मोक्षकूं प्राप्त हैगयो ॥ ६४ ॥ इति श्रीगर्गसंहितायां गोलोकखंडे भाषाटीकायां शकटासुरतृणावर्तमोक्षो नाम चतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ॥ नारदजी कहैं है-एकसमय श्रीकृष्ण रत्नके पालनेमें सोयरहे कैसे है कि, श्यामसुंदर बालक जननके मनके हरनवारे मंदमुसिक्यान कररहे देखिवेईमें सबके पीड़ाके हरनवारे काजर दिठौना जाके लगिरह्यो

रेवातटेमहादिव्येलतावेत्रसमाकुले ॥ नारीणांचसहस्रेणरममाणश्चचारह ॥ ६१ ॥ दुर्वाससंमुनिंसाक्षादागतंननामह ॥ तदामुनिर्ददौशापं राक्षसोभवदुर्मते ॥ ६२ ॥ पुनस्तत्पदंघ्योःपतितंनृपंप्रादाद्वरंमुनिः ॥ श्रीकृष्णविग्रहस्पर्शान्मुक्तिस्तेभवितानृप ॥ ६३ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ सोपिदुर्वाससःशापात्तृणावर्त्तोभवद्भुवि ॥ श्रीकृष्णविग्रहस्पर्शात्परंमोक्षमवापह ॥ ६४ ॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहितायांगोलोकखंडेनारदबहुलाश्वसंवादेशकटासुरतृणावर्त्तमोक्षोनामचतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ प्रेंखेहरिंकनकरत्नमयेशयानंश्यामंशिशुंजनमनोहरमन्दहासम् ॥ दृष्टचर्तिहारिमपिविंदुधरंयशोदास्वांकेचकारधृतकज्जलपद्मनेत्रम् ॥ १ ॥ पादंपिबंतमतिचंचलमद्भुतांगंवक्रैर्विनीलनवकोमलकेशबंधैः ॥ श्रीपत्रकेहरिनखस्फुरदर्द्धचंद्रंतंलालयन्त्यतिघृणामुदमापगोपी ॥ २ ॥ बालस्यपीतपयसोनृपजृंभितस्यतत्त्वावृतंचवदनेसकलंविराजम् ॥ मातासुराधिपमुखैःप्रयुतंचसर्वंदृष्ट्वापरंभयमवापनिमीलिताक्षी ॥ ३ ॥ राजन्परस्यपरिपूर्णतमस्यसाक्षात्कृष्णस्यविश्वमखिलंकपटेनसाहि ॥ नष्टस्मृतिःपुनरभूत्स्वसुतेघृणार्ताकिंवर्णयामिसुतपोबहुनंदपत्न्याः ॥ ४ ॥ ॥ श्रीबहुलाश्वउवाच ॥ ॥ नंदोयशोदयासार्द्धंकिंचकारतपोमहत् ॥ येनश्रीकृष्णचन्द्रोपिपुत्रीभूतोबभूवह ॥ ५ ॥

कमलसे नेत्रनमें काजल जाके लगिरह्यो तिनकूं मैयानें पालनेमेंतें गोदमें बैठार लीनों ॥ १ ॥ पाँवके अँगुठाकूं चोसिरहे हैं, अतिचंचल हैं, अद्भुत जाको अंग, घुंघराली नीली जाकी अलकावली, लक्ष्मीके चिह्नके ऊपर बघनखा और सोनेको चंद्रमा कठलामें चमकि रह्योहै तिनकूं लड़ावती गोपी यशोदा अतिदयाते गोदमें लेके बड़ेआनंद कूं प्राप्त होतभई ॥ २ ॥ दूध पीकें जब कृष्णने जम्हाई लई तबही मुखमें तत्त्वनमें लिपिट्यो ब्रह्मांड देख्यो, तब माता ब्रह्मादिक देवतान सहित सब जगतकूं देखिके आंख मीचिके भयको प्राप्त भई ॥ ३ ॥ हे राजन्! सबते परेसो परे परिपूर्णतम साक्षात् श्रीकृष्ण कपटते मनुष्यबालक बन ताके मुखमें विश्वको दर्शन करके फिर वाहीकी पुत्रस्नेहमयी मायासो वा विश्वके देखवेकी स्मृति जाको भूलगई सो यशोदा फिर मोहमें आयगई, अहो ! नंदरानीके तपकी मैं कहा बडाई करूं ॥ ४ ॥ बहुलाश्वराजा बोल्यो कि, हे नारदजी ! महाराज नंदने यशोदाजीसहित कौनसो तप कियोहो याते श्रीकृष्ण इनको

बेटा भयो ॥ ५ ॥ अब नारदजी बोले आठ वसु देवता है तिनमें मुख्य द्रोणनामको जो वसु हो ताकी ये धरानाम स्त्री ही, इनके सन्तान नहीं हो ये दोनों बडे हरिभक्त हैं देव तानके राजा है ॥ ६ ॥ एकदिन पुत्रकी जिनके अभिलाषा ऐसे ये दोनों ब्रह्माजीकी आज्ञाते मंदराचल पर्वतपै तप करिवेकूं चलेगये ॥ ७ ॥ तब कंद मूल फलको आहार कियो फिर सूखे पत्ता खाये फिर जल पीके रहे फिर निर्जल रहे ऐसे इनने निर्जनवनमें तप कियो ॥ ८ ॥ तप करत २ जब इनको दशकरोड वर्ष व्यतीत हैगये तब ब्रह्माजी प्रसन्न है इनके पास आयके बोले तुम वर मांगो ॥ ९ ॥ तब तौ वामीमेंते दोनों निकसिकें ब्रह्माजीकूं दण्डोत पूजन करिकें ब्रह्माजीसों यह बोले ॥ १० ॥ परिपूर्णतम जनार्दन श्रीकृष्ण हमारो बेटा होयँ तो जनार्दनमे हे ब्रह्मन् ! हमारी दोनोंनकी निरंतर प्रेमलक्षणा भक्ति होय ॥ ११ ॥ जा भक्तिते हम दुस्तर संसारसमुद्रसे सहजहीमें तरिजायँ हे विधे! हम येही

॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ अष्टानांवसूनांचद्रोणोमुख्योधरापतिः ॥ अनपत्योविष्णुभक्तोदेवराज्यंचकारह ॥ ६ ॥ एकदापुत्रकांक्षीचब्रह्मणानोदितोनृप ॥ मंदराद्रिंगतस्तप्तुंधरयाभार्ययासह ॥ ७ ॥ कंदमूलफलाहारौतस्पर्णाशनौतपः ॥ जलभक्षौततस्तौतुनिर्जलौनिर्जनेस्थितौ ॥ ८ ॥वर्षाणामर्बुदेयातेतपस्तत्तपतोर्द्वयोः ॥ ब्रह्माप्रसन्नस्तावेत्यवरंब्रूहीत्युवाचह ॥ ९ ॥वल्मीकान्निर्गतोद्रोणोधरयाभार्ययासह ॥ नत्वाविधिंचसंपूज्यहर्षितःप्राहतंप्रभुम् ॥१०॥ ॥श्रीद्रोणउवाच ॥ ॥ परिपूर्णतमेकृष्णेपुत्रीभूतेजनार्दने ॥ भक्तिःस्यादावयोर्ब्रह्मन्संततंप्रेमलक्षणा ॥११॥ ययांजसातरंतीहदुस्तरंभवसागरम्॥ नान्यंवरंवांछितंस्यादावयोस्तपतोर्विधे ॥१२॥ ॥ श्रीब्रह्मोवाच ॥ ॥ युवाभ्यांयाचितंयन्मेदुर्घटंदुर्लभंवरम् ॥ तथापिभूयात्सफलंयुवयोरन्यजन्मनि॥१३॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ द्रोणोनंदोभवद्भूमौयशोदासाधरास्मृता ॥ कृष्णोब्रह्मवचःकर्तुंप्राप्तोघोषेपितुःपुरात् ॥ १४ ॥ सुधाखंडात्परंमिष्टंश्रीकृष्णचरितंशुभम् ॥ गंधमादनशृंगेवैनारायणमुखाच्छ्रुतम् ॥ १५ ॥ कृपयाचकृतार्थोहंनरनारायणस्यच ॥ मयातुभ्यंचकथितंकिंभूयःश्रोतुमिच्छसि॥१६॥ ॥श्रीबहुलाश्वउवाच ॥ ॥ नंदगेहेहरिःसाक्षाच्छिशुरूपःसनातनः॥ किंचकारबलेनापितन्मेब्रूहिमहामुने॥ १७ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ एकदाशिष्यसहितोगर्गाचार्योमहामुनिः ॥ शौरिणानोदितःसाक्षाद्ययौनंदस्यमंदिरम् ॥ १८ ॥

वर मांगे है यासो अन्य वर नही मांगेंहे ॥ १२ ॥ तब ब्रह्माजी बोले कि, जो तुमने मांगे यह तौ तुम्हारो वर बडो दुर्लभ और दुर्घट है तोहू तुमारो ये वर जन्मान्तरमें सुफल होयगो ॥ १३ ॥ नारदजी कहे है तब वह द्रोण तो नन्दराय भये, धरा यशोदा भई, श्रीकृष्ण ब्रह्माजीको वचन सत्य करिवेकूं पिताके घरते व्रजमें आयगये ॥ १४ ॥ अमृतखंडतें मीठो यह शुभ श्रीकृष्णको चरित्र है, गन्धमादन पर्वतकी शिखरपै नारायणके मुखसे मैने सुन्योहै ॥ १५ ॥ नरनारायणकी कृपाते मैं कृतार्थ भयोहूँ वोही चरित्र मैंने तेरे आगे कह्योहै अब आगे कहा सुनिवेकी इच्छा करै है ॥ १६ ॥ बहुलाश्व राजा बोल्यो हे महामुने! साक्षात् सनातन हरि बालकरूपते बलदेवके संग कहा २ चरित्र करतभये सो मेरे अगाडी कहो ॥ १७ ॥ तब नारदजी बोले-एक समय शिष्यनसहित गर्गजी महामुनि

साक्षात् वसुदेवके भेजे नंदजीके महलमें आये ॥ १८ ॥ तब नंदरायनें मुनिश्रेष्ठ गर्गको पाद्यादिकनते विधिपूर्वक पूजन करिकें परिक्रमा देकें साष्टांग दंडौत करी फिर यह बोले ॥ १९ ॥ आज हमारे पितर देवता और हमारी गार्हपत्यअग्निभी अति प्रसन्न भये और तुम्हारे चरणकमलकी रेणुते हमारो घरहू पवित्र हेगयो ॥ २० ॥ हे महामुने ! मेरे बेटाको नामकरण करौ क्योंकि, अनेक पुण्य और तीर्थ सेवनतेहू आपकौ आयबौ दुष्प्राप्य नाम कठिन है ॥ २१ ॥ तब गर्गजी बोले तेरे बेटाको नामकरण करूंगो यामे संदेह नहीं है पहली बात कहूंगो याते हे नन्द ! एकांतमें चलौ ॥ २२ ॥ तब नंदजीकूं संग लेकें और कृष्ण बलदेवकूं यशोदाजीकूं संग लेकें गर्गजी वहांसो उठके एकांतमे भवनके खिरकमें जायकें नाम करण करतभये ॥ २३ ॥ गणेशादिकनकूं पूजकें यत्नसों ग्रहनकूं शोधकें महामुनि गर्ग प्रसन्न है नन्दजीते यह

नंदःसंपूज्यविधिवत्पाद्याद्यैर्मुनिसत्तमम् ॥ ततःप्रदक्षिणीकृत्यसाष्टांगंप्रणनामह ॥ १९ ॥ ॥ श्रीनंदउवाच ॥ ॥ अद्यनःपितरोदेवाःसंतुष्टाअग्नयश्चनः ॥ पवित्रंमंदिरंजातंयुष्मच्चरणरेणुभिः ॥ २० ॥ मत्पुत्रनामकरणंकुरुद्विजमहामुने ॥ पुण्यैस्तीर्थैश्चदुष्प्राप्यंभवदागमनंप्रभो ॥ २१ ॥ ॥ श्रीगर्गउवाच ॥ ॥ तेपुत्रनामकरणंकरिष्यामिनसंशयः ॥ पूर्ववार्तांवदिष्यामिगच्छनंदरहस्थलम् ॥ २२ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ उत्थाप्यगर्गोनन्देनबालाभ्यांचयशोदया ॥ एकांतेगोव्रजेगत्वातयोर्नामचकारह ॥ २३ ॥ संपूज्यगणनाथादीन्ग्रहान्संशोध्ययत्नतः ॥ नंदंप्राहप्रसन्नांगोगर्गाचार्योमहामुनिः ॥ २४ ॥ ॥ श्रीगर्गउवाच ॥ ॥ रोहिणीनंदनस्यास्यनामोच्चारंशृणुष्वच ॥ रमन्तेयोगिनोह्यस्मिन्सर्वत्ररमतीतिवा ॥ २५ ॥ गुणैश्चरमयन्भक्तांस्तेनरामंविदुःपरे ॥ गर्भसंकर्षणादस्यसंकर्षणइतिस्मृतः ॥ २६ ॥ सर्वावशेषाद्यंशेषंबलाधिक्याद्बलंविदुः ॥ स्वपुत्रस्यापिनामानिशृणुनंदह्यतंद्रितः ॥ २७ ॥ सद्यःप्राणिपवित्राणिजगतांमंगलानिच ॥ ककारःकमलाकांतऋकारोरामइत्यपि ॥ २८ ॥ षकारःषड्गुणपतिःश्वेतद्वीपनिवासकृत् ॥ णकारोनारसिंहोयमकारोह्यक्षरोग्निभुक् ॥ २९ ॥ विसर्गौचतथाह्येतौनरनारायणावृषी ॥ संप्रलीनाश्चषट्पूर्णायस्मिञ्छब्देमहात्मनो ॥ ३० ॥ परिपूर्णतमेसाक्षात्तेनकृष्णःप्रकीर्तितः ॥ शुक्लोरक्तस्तथापीतोवर्णोस्यानुयुगंधृतः ॥ ३१ ॥

बोले ॥ २४ ॥ पहिलें तौ रोहिणीके बेटाके नाम सुनों योगी जामें रमणकरें अथवा आप सर्वत्र रमें सो ये तेरो बेटा राम होयगो ॥ २५ ॥ अथवा अपने गुणनमें भक्तनकूं रमावे तातें एक नाम तौ याको राम है और योगमायाने जो गर्भ खेंच्यौ तातें दूसरौ नाम संकर्षण होयगौ ॥ २६ ॥ सबके पीछें जो शेष रहे याते एक नाम शेष और बलमें अधिक होनेसे एकनाम बलदेव होयगौ हे नंद ! अब तू अपने बेटाके नामनको सावधान हेकें सुन ॥ २७ ॥ या तेरे बेटाके नाम सबही प्राणीनकूं पवित्र करनवारे और जगतकूं मंगल करनहारे हैं ककारको अर्थ तौ कमलाकांत है और ऋकारको अर्थ राम है ॥ २८ ॥ षकारको अर्थ छःऐश्वर्यपूर्ण श्वेतद्वीपपति है णकारके नरसिंह है और अकारको अर्थ अग्निभुक् है ॥ २९ ॥ विसर्ग है सो नर नारायण हैं ये छः और जा शब्दमे में पूर्णरूपसो वर्तमान होय ॥ ३० ॥ सो परिपूर्णतम साक्षात्

कृष्ण नाम होंयगो और सुपेद लाल पीले ये तीन रंग याने तीनों युगनमें धारण कीने हैं ॥ ३१ ॥ अब द्वापरकें अंतमें कलियुगकी आदिमें याने कृष्णरूप धर्योहै ताते यह नंदनन्दन श्रीकृष्ण कहावैगो ॥ ३२ ॥ दूसरो नाम याको वासुदेव है वसु नाम तौ इन्द्रीनको है और इन्द्रीनके देवता और चित्त इनमें जो बास करै सो वासुदेव मानो है ॥ ३३ ॥ वृषभानकी बेटी कीर्तिमे भई राधा जाको नाम ताको ये पति है ताते राधापति कहावैगो ॥ ३४ ॥ ये साक्षात् पुरुषो त्तम परिपूर्णतम अखिल ब्रह्मांडको पति हैं जो गोलोकमें विराजे हैं ॥ ३५ ॥ सोई ये तेरो बेटा भयो है भूमिके भार उतारवेकूं और कंस आदिकनके मारवेके लिये और भक्तनकी रक्षाके लिये ॥ ३६ ॥ हे नंद ! वेदमें गुह्य अनंत याके नाम जो २ लीला करी है तिनके निमित्तसे होंयगे ताते याके कर्मनमें तू कछू अचंभो मत करियो ॥ ३७ ॥ हे नंद

द्वापरांतेकलेरादौ बालोयंकृष्णतांगतः ॥ तस्मात्कृष्णइतिख्यातोनाम्नायंनंदनंदनः ॥ ३२ ॥ वसवश्चेंद्रियाणीतितद्देवाश्चित्तमेवहि ॥ तस्मिन्यश्चेष्टतेसोपिवासुदेवइतिस्मृतः ॥ ३३ ॥ वृषभानुसुताराधायाजातार्कीर्तिमंदिरे ॥ तस्याःपतिरयंसाक्षात्तेनराधापतिःस्मृतः ॥ ३४ ॥ परिपूर्णतमःसाक्षाच्छ्रीकृष्णोभगवान्स्वयम् ॥ असंख्यब्रह्मांडपतिर्गोलोकेधाम्निराजते ॥ ३५ ॥ सोयंतवशिशुर्जातोभारावतरणायच ॥ कंसादीनांवधार्थायभक्तानांरक्षणायच ॥ ३६ ॥ अनंतान्यस्यनामानिवेदगुह्यानिभारत ॥ लीलाभिश्चभविष्यंतितत्कर्मसुनविस्मयः ॥ ३७ ॥ अहो भाग्यंतु तेनंदसाक्षाच्छ्रीपुरुषोत्तमः ॥ त्वद्गृहेवर्तमानोयंशिशुरूपःपरात्परः ॥ ३८ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ इत्युक्त्वाथगतेगर्गेस्वात्मानं पूर्णमाशिषम् ॥ मेनेप्रमुदितः पत्न्यानंदराजोमहामतिः ॥ ३९ ॥ अथगर्गोज्ञानिवरोज्ञानदोमुनिसत्तमः ॥ कालिंदीतीरशोभाढ्यांवृषभानुपुरंगतः ॥ ४० ॥ छत्रेणशोभितंविप्रंद्वितीयमिववासवम् ॥ दंडेनराजितं साक्षाद्धर्मराजमिवस्थितम् ॥ ४१ ॥ तेजसाद्योतितदिशंसाक्षात्सूर्यमिवापरम् ॥ पुस्तकीमेखलायुक्तंद्वितीयमिवपद्मजम् ॥ ४२ ॥ शोभितंशुक्लवासोभिर्देवंविष्णुमिवस्थितम् ॥ तंदृष्ट्वामुनिशार्दूलंसहसोत्थायसादरम् ॥ ४३ ॥ प्रणम्यशिरसासद्यःसंमुखोभूत्कृतांजलिः ॥ मुनिंचपीठकेस्थाप्यपाद्याद्यैरुपचारवित् ॥ ४४ ॥

तेरो अहोभाग्य है जो साक्षात् पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण सो बालरूप तेरे घरमे विराजे हैं जो परे सो परे हैं ॥ ३८ ॥ नारदजी कहें है ऐसें कहकें जब गर्गजी चलेगये तब महामति नंदजी अपनेकूं यशोदासहित पूर्णमनोरथ मानतभये ॥ ३९ ॥ अनंतर गर्गजी ज्ञानके देनवारे ज्ञानीनमें श्रेष्ठ कालिंदीके किनारे अतिसुशोभित वृषभानके पुरमें गये तब वृषभानने देखे कैसे है गर्गजी तिनको वर्णन करेंहैं ॥ ४० ॥ छत्र धारण कररहेंहै याते तौ दूसरे इन्द्रसे दीखें है और दंडको हाथमें लिये ते यमराजसे दीखें हैं ॥ ४१ ॥ तेजते दशों दिशानमें उजीतो हैगयो सो मानों दूसरो सूर्य है पुस्तक लिये और मेखला पहरे याते मानों दूसरे ब्रह्माही हैं ॥ ४२ ॥ सुफेद वस्त्रनसे विष्णुसे दीखें हैं मुनिनमें श्रेष्ठ ऐसे गर्गमुनिकूं देखिकें आदरते वृषभान ठाडे हैगये ॥ ४३ ॥ जल्दीही शिरते दंडौत करिकें शीघ्रही सिंहासनपे बैठारिकें पाद्यादिक सामिग्रीते पूजनकर हाथ जोरके

आगारी खड़े भये ॥४४॥ ज्ञानीनमें श्रेष्ठ गर्गजीकों विधितें पूजन करि परिक्रमा देकें दंडवत करिकें वृषभानवर बोले ॥ ४५ ॥ संतनको डोलिवो शांतिकी करनहारो है गृहस्थीनकी बाधाकूं शांति करें है मनुष्यनके भीतरके अंधकारके दूर करनवारे साधुही हैं सूर्य नही है ॥ ४६ ॥ हे प्रभो ! तुम्हारे दर्शनते हम सब गोप पवित्र हैगये भूलतमें तुमसरीके साधु तीर्थनकूंहूं पवित्र करें हैं ॥ ४७ ॥ सो हे मुने ! एक मेरें राधा नामकी मंगलरूपा कन्या है सो कौनसे वरकूं देऊं सो तुम निश्चय करके कहो ॥ ४८ ॥ तुम सूर्यकी नाई दिव्यदर्शन त्रिलोकीमें विचरो हो सो याके समान जो वर होय ताकूं मैं देऊं ॥ ४९ ॥ नारदजी कहेंहैं कि, तब गर्गजी वृषभानको हाथ पकरकें यमुनाके किनारेपे निर्जन सुंदर एक स्थलमें लेगये ॥ ५० ॥ जहां कालिंदीके जलकी लहरनको कोलाहल है, तहां गोपराजको बैठारके धर्मवेत्ता मुनि वृषभानुते ये बोले ॥ ५१ ॥ हे गोप ! एक मैं गुप्त बात कहूंहूं या बातोको काहूते कहियो

पूजयामासविधिवच्छ्रीगर्गंज्ञानिनांवरम् ॥ ततःप्रदक्षिणीकृत्यवृषभानुवरोमहान् ॥ ४५ ॥ ॥ श्रीवृषभानुरुवाच ॥ ॥ सतांपर्यटनंशांतंगृहिणांशांतयेस्मृतम् ॥ नृणामंतस्तमोहारीसाधुरेवनभास्करः ॥४६॥ तीर्थीभूतावयंगोपाजातास्त्वद्दर्शनात्प्रभो ॥ तीर्थानितीर्थीकुर्वंतित्वादृशाःसाधवःक्षितौ ॥ ४७ ॥ हेमुनेराधिकानामकन्यामेमंगलायना ॥ कस्मैवरायदातव्यावदत्वंमेसुनिश्चितम् ॥ ४८ ॥ त्वंपर्यटन्नर्कइवत्रिलोकींदिव्यदर्शनः ॥ वरोनयासमोयोवैतस्मैदास्यामिकन्यकाम् ॥ ४९ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ हस्तंगृहीत्वाथश्रीगर्गोवृषभानोर्महामुनिः ॥ जगामयमुनातीरंनिर्जनंसुंदरस्थलम् ॥ ५० ॥ कालिंदीजलकल्लोलकोलाहलसमाकुलम् ॥ तत्रोपवेश्यगोपेशंमुनींद्रःप्राहधर्मवित् ॥ ५१ ॥ ॥ श्रीगर्गउवाच ॥ ॥ हेगोपगुप्तमाख्यानंकथनीयंनचत्वया ॥ परिपूर्णतमःसाक्षाच्छ्रीकृष्णोभगवान्स्वयम् ॥ ५२ ॥ असंख्यब्रह्मांडपतिर्गोलोकेशःपरात्परः ॥ तस्मात्परोवरोनास्तिजातोनंदगृहेपतिः ॥ ५३ ॥ ॥ श्रीवृषभानुरुवाच ॥ ॥ अहोभाग्यमहोभाग्यंनंदस्यापिमहामुने ॥ श्रीकृष्णस्यावतारस्यसर्वंत्वंवदकारणम् ॥ ५४ ॥ ॥ श्रीगर्गउवाच ॥ ॥ भुवोभारावताराय कंसादीनांवधायच ॥ ब्रह्मणाप्रार्थितःकृष्णोबभूवजगतीतले ॥ ५५ ॥ श्रीकृष्णपट्टराज्ञीयागोलोकेराधिकाऽभिधा ॥ त्वद्गृहेसापिसंजातात्वंनजानासितांपराम् ॥ ॥ ५६ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ तदाप्रहर्षितोगोपोवृषभानुःसुविस्मितः ॥ कलावतींसमाहूयतयासार्द्धंविचार्यच ॥ ५७ ॥

मती. परिपूर्णतम स्वयं भगवान् साक्षात् श्रीकृष्ण है ॥ ५२ ॥ परेते परें अखिल ब्रह्मांडनके पति गोलोकके ईश्वर एही श्रीकृष्ण हैं, ताते परे तेरी राधाको और कोई वर नही है जाने नंदके घरमें जन्म लीनोंहै ॥ ५३ ॥ तब वृषभानु बोले कि, हे महामुने ! अहोभाग्य तो नंदजीकोही है हे महामुनिजी ! कृष्णके अवतारको सब कारण कहो ॥ ५४ ॥ गर्गजी बोले कि, पृथ्वीको भार उतारिबेकूं कंसादिकनकें मारिबेकूं ब्रह्माजीकी प्रार्थनाते श्रीकृष्ण भगवान् भूमितलमें आये हैं ॥ ५५ ॥ जो श्रीकृष्णकी पटरानी राधा गोलोकमें ही ताने तेरे घरमें जन्म लीनो है तू नही जाने है ॥ ५६ ॥ नारदजी कहेंहैं तब तौ वृषभानु गोप बड़े प्रसन्न भये अचंभौ करनलगे तब तौ कलावतीकूं बुलाय विचार करनलगे ॥ ५७ ॥

राधा, कृष्णको प्रभाव जानके वृषभानु आनन्दके ऑसू छोड़त फिर गर्गजीते ये बोल्यौ ॥ ५८ ॥ हे ब्रह्मन् ! मैं श्रीकृष्णकूं अपनी कमलनयनी राधाकूं देऊंगो तुमनेही मोकूं रस्ता दिखाईहै सो तुमही व्याह करायदीजो ॥ ५९ ॥ तब गर्गजी बोले हे राजन् ! मैं व्याहकूं नही कराऊंगो इनको व्याह भाण्डीरवनमें कालिंदीके किनारेपै होयगो ॥ ६० ॥ वृन्दा वनके समीपमें निर्जन सुन्दर स्थलमें इनके व्याहको ब्रह्माजी आयके करावेंगे ॥ ६१ ॥ तातें हे गोपवर ! तू राधाकूं श्रीकृष्णकी अर्द्धांगी जान यह या लोकमें राजानको चूडामणि तू है और लोकनको चूडामणि गोलोकमंदिर है ॥ ६२ ॥ तुमहू सबरे गोपाल गोलोकते आयेहो सब गोपीहू राधिकाकी इच्छाते आई है ॥ ६३ ॥ याको दर्शन दुर्लभ है और दुर्घट है देवतानकूंहू यज्ञ करेउते नही मिले सो मूर्तिमती राधिका तुम्हारे मंदिरमें विराज रही है ताहि सब गोप गोपी देखें है ॥ ६४ ॥ नारदजी कहें हैं तब तो दोनों स्त्री पुरुष बड़े

राधाकृष्णानुभावंचज्ञात्वागोपवरःपरः ॥ आनंदाश्रुकलांमुंचन्पुनराहमहामुनिम् ॥ ५८ ॥ ॥ श्रीवृषभानुरुवाच ॥ ॥ तस्मैदास्यामिहे ब्रह्मन्कन्यांकमललोचनाम् ॥ त्वयापंथादर्शितोमेत्वयाकार्योयमुद्वहः ॥ ५९ ॥ ॥ श्रीगर्गउवाच ॥ ॥ अहंनकारयिष्यामिविवाहमनयो र्नृप ॥ तयोर्विवाहोभविताभांडीरेयमुनातटे ॥ ६० ॥ वृंदावनसमीपेचनिर्जनेसुन्दरस्थले ॥ परमेष्ठीसमागत्यविवाहंकारयिष्यति ॥ ६१ ॥ तस्माद्राधांगोपवरविद्ध्यर्धांगींवरस्यच ॥ लोकेचूडामणिःसाक्षाद्राज्ञांगोलोकमंदिरम् ॥ ६२ ॥ यूयंसर्वेपिगोपालागोलोकादागताभुवि ॥ तथागोपीगणागोपगोलोकेराधिकेच्छया ॥ ६३ ॥ यद्दर्शनंदुर्लभमेवदुर्घटंदेवैश्चयज्ञैर्नचजन्मभिःकिमु ॥ सविग्रहांतांतवमंदिराजिरेलक्ष्यं तिगुप्तांबहुगोपगोपिकाः ॥ ६४ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ तदाचविस्मितौराजन्दंपतीहार्षितौपरम् ॥ राधाकृष्णप्रभावंचश्रुत्वाश्रीगर्गमू चतुः ॥ ॥ ६५ ॥ ॥ दंपतीऊचतुः ॥ ॥ राधाशब्दस्यहेब्रह्मन्व्याख्यानंवदतत्त्वतः ॥ त्वत्तोनसंशयच्छेत्ताकोपिभूमौमहामुने ॥ ६६ ॥ ॥ ॥ श्रीगर्गउवाच ॥ ॥ सामवेदस्यभावार्थंगंधमादनपर्वते ॥ शिष्येणापिमयातत्रनारायणमुखाच्छ्रुतम् ॥ ६७ ॥ रमयातुरकारःस्या दाकारस्त्वादिगोपिका ॥ धकारोधरयाहिस्यादाकारोविरजानदी ॥ ६८ ॥ श्रीकृष्णस्यपरस्यापिचतुर्धातेजसोभवत् ॥ लीलाभूःश्रीश्च विरजाचतस्रःपत्न्यएवहि ॥ ६९ ॥ संप्रलीनाश्चताःसर्वाराधायांकुंजमंदिरे ॥ परिपूर्णतमांराधांतस्मादाहुर्मनीषिणः ॥ ७० ॥ राधाकृ ष्णेतिहेगोपयेजपंतिपुनःपुनः ॥ चतुष्पदार्थंकितेषांसाक्षात्कृष्णोपिलभ्यते ॥ ७१ ॥

खुसी भये, विस्मित भये और राधा कृष्णके प्रभावको सुनके गर्गजीते ये बोले ॥ ६५ ॥ कि, हे ब्रह्मन् ! राधाशब्दकी व्याख्याको तत्त्वसे करौ हे मुने ! तुमते अधिक या संसारमें संशयको दूर करनहारो और कोऊ नही है ॥ ६६ ॥ तब गर्गजी बोले कि, गंधमादन पर्वतमें सामवेदको भावार्थ जो मैंने नारायणके मुखते सुन्योहै ताहि सुनो ॥ ६७ ॥ रमा को अर्थ रकार आदि, गोपिकाको अर्थ ककार, धराको अर्थ धकार और विरजा नदीको अर्थ आकार है ॥ ६८ ॥ श्रीकृष्णको जो परम तेज है ताके चार रूप भये लीला १, भू २, विरजा ३, श्री ४, ये चार स्त्री भई ॥ ६९ ॥ वे ४ स्त्री कुंजमंदिरमें राधामें लीन हैगई ताते जे बड़े बुद्धिमान् हैं के श्रीराधाजीकूं परिपूर्णतम कहेंहै ॥ ७० ॥ हे गोप !

राधाकृष्ण राधाकृष्ण ऐसें जो कोई वारंवार जपैहैं ताकूं धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, कछू दुर्लभ नहीं है, किंतु जे साक्षात् श्रीकृष्ण हैं वेहू मिलजायहैं ॥ ७१ ॥ नारदजी कहैहैं तब तो वृषभानु स्त्रीसहित बड़ो प्रसन्न भयो, विस्मित हैगयो और राधाकृष्णके प्रभावकूं जानिके आनंदमय हैगये ॥ ७२ ॥ या प्रकार ज्ञानीनमें श्रेष्ठ गर्गजीकूं वृषभानुने जो पूजा की ताको अंगीकार कर सर्ववेत्ता जे मुनि बड़े कवि श्रीगर्गजी हैं, वे अपने घरकूं चलेगए ॥ ७३ ॥ इति श्रीगर्गसंहितायां गोलोकखंडे भाषाटीकायां श्रीकृष्णनामकरणं नाम पंचदशोऽध्यायः ॥ १५ ॥ अब श्रीनारदजी कहैहैं कि, एकदिना गौ चरावत २ नंदजी बेटाकूं गोदीमें लैके खिलावत २ पहले पास फिर दूर भांडीरवनमें जातभये, कालिंदीके तीर जहां मंद २ पवन चलैहै फिर ऐसेही भांडीरवनमें गये ॥ १ ॥ वहां कृष्णकी इच्छातें वड़ी भारी आंधी आई ताके संगही बादर चलेआये आकाश मलीन हैगयो कदंब पर्सेंदूनके हल २ के

॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ तदातिविस्मितोराजन्वृषभानुःप्रियायुतः ॥ राधाकृष्णप्रभावंतंज्ञात्वाऽऽनंदमयोह्यभूत् ॥ ७२ ॥ इत्थं गर्गोज्ञानिवरःपूजितोवृषभानुना ॥ जगामस्वगृहंसाक्षान्मुनींद्रःसर्ववित्कविः ॥ ७३ ॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहितायांगोलोकखंडेनारदबहुलाश्व संवादेनंदपत्न्याविश्वरूपदर्शनंश्रीकृष्णनामकरणंनामपंचदशोऽध्यायः ॥ १५ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ गाश्चारयन्नंदनमंकदेशेसंलालय न्दूरतमंसकाशात् ॥ कालिंदजातीरसमीरकंपितंनंदोपिभांडीरवनंजगाम ॥ १ ॥ कृष्णेच्छयावेगतरोऽथवातोघनैरभून्मेदुरमंबरंच ॥ तमा लनीपद्रुमपल्लवैश्चपतद्भिरेजद्भिरतीवभीकैः ॥ २ ॥ तदांधकारेमहतिप्रजातेबालेरुदत्यंकगतेतिभीते ॥ नंदोभयंप्रापशिशुंसविभ्रद्धरिंपरेशं शरणंजगाम ॥ ३ ॥ तदैवकोट्यर्कसमूहदीप्तिरागच्छतीवाचलतीदिशासु ॥ बभूवतस्यांवृषभानुपुत्रींददर्शराधांनवनंदराजः ॥ ४ ॥ कोटीं दुबिंबद्युतिमादधानांनीलांबरंसुन्दरमादिवर्णम् ॥ मंजीरधीरध्वनिनूपुराणामाबिभ्रतींशब्दमतीवमंजुम् ॥ ५ ॥ कांचीकलाकंकणशब्द मिश्रांहारांगुलीयांगदविस्फुरंतीम् ॥ श्रीनासिकामौक्तिकहंसिकाभिःश्रीकंठचूडामणिकुंडलाढ्याम् ॥ ६ ॥ तत्तेजसाधर्षितआशुनंदोनत्वा धतामाहकृतांजलिःसन् ॥ अयंतुसाक्षात्पुरुषोत्तमस्त्वंप्रियासिमुख्यासिसदैवराधे ॥ ७ ॥ गुप्तंत्विदंगर्गमुखेनवेद्मिगृहाणराधेनिजनाथमं कात् ॥ एनंगृहंप्रापयमेघभीतंवदामिचेत्थंप्रकृतेर्गुणाढ्यम् ॥ ८ ॥

पत्ता झरन लगे भयंकर दीखनलग्यो ॥ २ ॥ तहां वड़े भारी अंधकारमें भयते गोदीके बालक श्रीकृष्ण रोमनलगे, बालककूं भयभीत देखिके बालककूं लिये नंदजीकूंहू भय लग्यो तबही नंदजी परेश भगवानकी शरण प्राप्तभये ॥ ३ ॥ तबही किरोड़ सूर्यकेसे तेजकी जाकी दीप्ति मानो दशों दिशानमें चली आवेहै ता दीप्तिमें नौनंदनके राजाकूं राधाके दर्शन भये ॥ ४ ॥ कैसी है किरोड़ चन्द्रमाकीसी कांतिको और अतिसुंदर आदि वर्ण नीलांबरकूं व मधुर मंद २ बोछिया तथा नूपुरनकी झंकारको धारण करे है ॥ ५ ॥ कोंधनीके घुंघुरु बजैहैं, झांझन बजैहैं, हार, कंकण, छल्ला, अंगूठी, चमकि रहे हैं, नासिकामें सुरवारी हंसिनीसी बेसर लटकि रही है, श्रीकंठ, चूडामणि, कुंडल, पहरे है ॥ ६ ॥ ऐसें वाके रूपकूं देखि नंदजी धर्षित हैके प्रणाम करे, हाथ जोरके बोले कि, ये तो साक्षात् पुराणपुरुष हैं और हे राधे ! त इनकी सदाही प्राणप्यारी है ॥ ७ ॥ गर्गजीके कहेते गुप्त जो तुम्हारो

महिमा है ताहि मैं जानूंहूं याते हे राधे ! मायासो मनुष्य नाव्यवारे अपने नाथकूं तू मेरी गोदमेंसें लेके याकूं घर पहुंचायदेउ यह मेहते डरपैहे ये मेरी प्रार्थना है ॥ ८ ॥ मैं प्राणीमात्रको अलभ्या जो तू है वा तेरे अर्थ नमस्कार करूंहूं तू मेरी रक्षा कर और काहूकी सामर्थ नहीं है, तब राधिकाजी बोली–हे नंद ! मैं तेरे भक्तिभावते प्रसन्न हूं मेरो जो दर्शन है वो अवश्य दुर्लभ ही है ॥ ९ ॥ तब नंदजी बोले–जो तुम मोपै प्रसन्न भईहो तो तुम्हारे दोनोंनके चरणकमलमें मेरी दृढभक्ति होय जुगजुगमे तुमारे भक्तनको संग होय ॥१०॥ नारदजी कहेहै तब राधिका तथास्तु तैसेई होय ऐसे कहिके नंदजीकी गोदमेंते अपने नाथकूं लेके भांडीर बनकूं जाति भई ॥ ११ ॥ गोलोकते जो भूमि आई ही सो अपने स्वरूपकूं धारण करतभई, पद्मराग, पुखराजमणि जामें जडरही ऐसी सुवर्णकी सब भूमि हैगई ॥ १२ ॥ वृंदावनने दिव्यस्वरूप धरिलीनो, कल्पवृक्षकी लता झूमन लगी और सुवर्णमय महल

नमामितुभ्यंभुविरक्षमांत्वंयथेप्सितंसर्वजनैर्दुरापाम् ॥ श्रीराधोवाच ॥ अहंप्रसन्नातवभक्तिभावान्मद्दर्शनंदुर्लभमेवनंद ॥९ ॥ ॥ श्रीनंदउवाच ॥ ॥ यदिप्रसन्नासितदाभवेन्मेभक्तिर्दृढाकौयुवयोःपदाब्जे ॥ सतांचभक्तिस्तवभक्तिभाजांसंगःसदामेऽथयुगेयुगेच ॥ १० ॥ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ तथास्तुचोक्त्वाथहरिंकराभ्यांजग्राहराधानिजनाथमंकात् ॥ गतेऽथनंदेप्रणतेव्रजेशेतदाहिभांडीरवनंजगाम ॥ ॥ ११ ॥ गोलोकलोकाच्चपुरासमागताभूमिर्निजंस्वंवपुरादधाना ॥ यापद्मरागादिखचित्सुवर्णबभूवसातत्क्षणमेवसर्वम् ॥ १२ ॥ वृंदावनंदिव्यवपुर्दधानंवृक्षैर्वरैःकामदुघैस्सहैव ॥ कलिंदपुत्रीचसुवर्णसौधैःश्रीरत्नसोपानमयीबभूव ॥ १३ ॥ गोवर्द्धनोरत्नशिलामयोभूत्सुवर्णशृंगैःपरितःस्फुरद्भिः ॥ मत्तालिभिर्निर्झरसुन्दरीभिर्दरीभिरुच्चांगकरीवराजन् ॥ १४ ॥ तदानिकुंजोपिनिजंवपुर्दधत्सभायुतंप्रांगणदिव्यमंडपम् ॥ वसंतमाधुर्यधरंमधुव्रतैर्मयूरपारावतकोकिलध्वनिम् ॥ १५ ॥ सुवर्णरत्नादिखचिद्भदैर्वृतंपतत्पताकावलिभिर्विराजितम् ॥ सरःस्फुरद्भिर्भ्रमरावलीढितैर्विचर्चितं कांचनचारुपंकजैः ॥ १६ ॥ तदैवसाक्षात्पुरुषोत्तमोत्तमोबभूवकैशोरवपुर्घनप्रभः ॥ पीतांबरःकौस्तुभरत्नभूषणोवंशीधरोमन्मथराशिमोहनः ॥ १७ ॥

मंदिरनसो युक्त रत्ननकी सिढी जाकी ऐसी यमुनाजी हैगई ॥ १३ ॥ जाके रत्ननकी शिला, सुवर्णके शिखर दूरतेई झलमलाय रहेहैं, मतवारे भौंरा वहां गुंजारेहैं, झरना झरें, सुंदर जाकी गुहा ता गोवर्द्धनने ऐसो रूप धरलीनो जैसे सज्योभयो कंचनशरीरवारो हाथी होयहै ॥ १४ ॥ तब ही निकुंजननें अपनो रूप धरिलीनो लतानकेही सभा, कचेरी, छत्री, बँगला, कमारा, आंगन, चौक, दरवजे, बनिगये, वसंत ऋतु आय गई मीठी २ गुंजार भौंरा करनलगे, मोर बोलन लगे, कोकिला बोलनलगीं, पपीहा झंनकारनलगे. कबूतर गुटकन लगे॥१५॥ जिन निकुंजमंदिरनमे सुवर्णके रतनजडे महल मंदिर जिनपे ध्वजानकी पंक्ति फहरायरही जगेजगे जिनमें चलिदान दरवाजेनपे बडे २ झोंधा तिनसों युक्त और मत्तभ्रमरननें जिनके मकरंदको आस्वादन कियो ऐसे हजारन खिले सुनहरी कमलवनयुक्त दिव्य सुंदर सरोवर ॥ १६ ॥ तबही साक्षात् पुरुषोत्तमोत्तम किशोररूप धरे, श्यामसुंदर, पीतांबर ओढे,

कौस्तुभमणि पहरें, वंशी धरें, किरोड़न कामदेवसे सुंदर मदनमोहन ह्वैगये ॥ १७ ॥ हँसत २ भुजाते प्रियाके गलेमें गलबांही डारिकें विवाहके माण्डपमें चलेगये जामें विवाहकी सब सामग्री धरी है, चौक पुरी है, घट धरे हैं, पंचपल्लव, हरी डाभ, केलाके खंभ, वंदनवार बँधिरही हैं, चंदोआ मोतीनकी झालरके टंग रहेहै ॥ १८ ॥ तहां ऊंचे रत्नसिंहासनपै परस्पर दोनों विराजमान.मधुर वाणीते आपसमें बतरावते घनमें बीजुरीकी तरह अत्यंत सुशोभित भये ॥ १९ ॥ तबही आकाशमेंते देवमुख्य श्रीब्रह्माजी आये दोनोंनके चरणनकूं नमस्कार करि उनके सामने बैठके हाथ जोड़ श्रीचतुर्मुख अपने चारों मुखनसों सुंदर वाणीनतें स्तुति करनलगे॥ २० ॥ आपही अनादि और सबको आदि पुरुषोत्तमोत्तम अपने भक्तनके वत्सल, असंख्य ब्रह्मांडनके पति, परेतें परे, श्रीराधाके पति हौ तिनकी मैं शरण प्राप्त होउं ॥ २१ ॥ हे गोलोकनाथ ! तुम्हारी अनेक लीला है और निजलोक (गोलोक) में अनेक लीला विहार करनवारी ये श्रीराधा लीलावती है और जब तुम वैकुंठनाथ होओ हौ तब यह वृषभानुजा राधाही लक्ष्मी होयहै ॥ २२ ॥ जब भूमिमें तुम रामचंद्र होओहो तब यह जानकी होयहै

भुजेनसंगृह्यहसन्प्रियांहरिर्जगाममध्येसुविवाहमंडपम् ॥ विवाहसंभारयुतःसमेखलंसदर्भमृद्वारिघटादिमंडितम् ॥ १८ ॥ तत्रैवसिंहासनउद्गतवरेपरस्परंसंमिलितौविरेजतुः ॥ परंब्रुवंतौमधुरंचदंपतीस्फुरत्प्रभौखेचतडिद्घनाविव ॥ १९ ॥ तदांबराद्देववरोविधिःप्रभुःसमागतस्तस्यपरस्यसंमुखे ॥ नत्वातदंघ्रीउशतीगिराभिःकृतांजलिश्चाहचतुर्मुखोजगौ ॥ २० ॥ ॥ श्रीब्रह्मोवाच ॥ ॥ अनादिमाद्यंपुरुषोत्तमोत्तमं श्रीकृष्णचंद्रंनिजभक्तवत्सलम् ॥ स्वयंत्वसंख्यांडपतिंपरात्परंराधापतिंत्वांशरणंव्रजाम्यहम् ॥ २१ ॥ गोलोकनाथस्त्वमतीवलीलोलीलावतीयंनिजलोकलीला ॥ वैकुंठनाथोसियदात्वमेवलक्ष्मीस्तदेयंवृषभानुजाहि ॥ २२ ॥ त्वंरामचंद्रोजनकात्मजेयंभूमौहरिस्त्वंकमलालयेयम् ॥ यज्ञावतारोसियदातदेयंश्रीदक्षिणास्त्रीपतिपत्निमुख्या ॥ २३ ॥ त्वंनारसिंहोसिरमाहृदीयंनारायणस्त्वंचनरेणयुक्तः ॥ तदात्वियंशांतिरतीवसाक्षाच्छायेवयाताचतवानुरूपा ॥ २४ ॥ त्वंब्रह्मचेयंप्रकृतिस्तटस्थाकालोयदेमांचविदुःप्रधानम् ॥ महान्यदात्वंजगदंकुरोसिराधातदेयंसगुणाचमाया ॥ २५ ॥ यदांतरात्माविदितश्चतुर्भिस्तदात्वियंलक्षणरूपवृत्तिः ॥ यदाविराड्देहधरस्त्वमेवतदाऽखिलंवाभुविधारणेयम् ॥ २६ ॥

जब हरि होओ हौ तब यह कमलालया होयहै, जब यज्ञअवतार धरौहौ तब यही राधा प्रतिपत्नीनमें मुख्य दक्षिणा ह्वैजायहै ॥ २३ ॥ तुम नरसिंह होओहो तब यह रमाहृदी होयहै, जब नरनारायण होओहो तब यह शांति होयहै, या प्रकार ये सदा छायाकी नाईं तुम्हारे अनुरूप रूप धारणकर सदा आपकेई संग रहेहै ॥ २४ ॥ तुम जब ब्रह्मरूप होओहो तब यह तटस्था होके प्रकृति होयहै, जब कालरूप होओहो तब यह प्रधान होयहै और जब तुम जगत्को अंकुर महानरूप होउहौ तब यही राधा सगुणा माया बनजाय है ॥ २५ ॥ और जब तुम मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार, इन चारोंनसे विदित अंतरात्मा होउहौ, तब यह लक्षणरूप, और वृत्तिरूप होय है और जब आप विराट्देह धरौहो अथवा अखिलरूप भूमिमें होउहो तब यह पृथ्वीरूपा होय है ॥ २६ ॥

श्यामंचगौरंविदितंद्विधामहस्तवैवसाक्षात्पुरुषोत्तमोत्तम ॥ गोलोकधामाधिपतिंपरेशंपरात्परंत्वांशरणंव्रजाम्यहम् ॥ २७ ॥ सदापठेद्योयुग
लस्तवंपरंगोलोकधामप्रवरंप्रयातिसः ॥ इहैवसौंदर्यसमृद्धिसिद्धयोभवंतितस्यापिनिसर्गतःपुनः ॥ २८ ॥ यदायुवांप्रीतियुतौचदंपतीपरात्प
रौतावनुरूपरूपितौ ॥ तथापिलोकव्यवहारसंग्रहाद्विधिंविवाहस्यतुकारयाम्यहम् ॥ २९ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ तदासउत्थाय
विधिर्हुताशनंप्रज्वाल्यकुंडेस्थितयोस्तयोःपुरः ॥ श्रुतेःकरग्राहविधिंविधानतोविधायधातासमवस्थितोभवत् ॥ ३० ॥ सवाहयामासहरिंच
राधिकांप्रदक्षिणंसप्तहिरण्यरेतसः ॥ ततश्चतौतेप्रणमय्यवेदवित्तौपाठयामासचसप्तमंत्रकम् ॥ ३१ ॥ ततोहरेर्वक्षसिराधिकायाःकरंचसंस्था
प्यहरेःकरंपुनः ॥ श्रीराधिकायाःकिलपृष्ठदेशकेसंस्थाप्यमंत्रांश्चविधिःप्रपाठयन् ॥ ३२ ॥ राधाकराभ्यांप्रददौचमालिकांकिंजल्किनींकृष्ण
गलेऽलिनादिनीम् ॥ हरेःकराभ्यांवृषभानुजागलेततश्चवह्निंप्रणमय्यवेदवित् ॥ ३३ ॥ संवासयामाससुपीठयोश्चतौकृतांजलीमौनयुतौ
पितामहः ॥ तौपाठयामासतुपंचमंत्रकंसमर्प्यराधांचपितेवकन्यकाम् ॥ ३४ ॥ पुष्पाणिदेवाववृषुस्तदानृपविद्याधरीभिर्ननृतुःसुरांगनाः ॥
गंधर्वविद्याधरचारणाःकलंसकिन्नराःकृष्णसुमंगलंजगुः ॥ ३५ ॥ मृदंगवीणामुरुयष्टिवेणवःशंखानकादुंदुभयःसतालकाः ॥ नेदुर्मुहुर्देववरै
र्दिविस्थितैर्जयेत्यभून्मंगलशब्दमुच्चकैः ॥ ३६ ॥

हे पुरुषोत्तमोत्तम जो गौर तेज और श्याम तेज जानोगयो है सो दोऊ तेरोही साक्षातेज हैं और गोलोकधामके पति ब्रह्मादिकनके ईश परेते परे तिनकी मैं शरण प्राप्त भयोहूं ॥२७॥ जो सर्वोत्कृष्ट या युगुलस्तोत्रकूं नित्य पढै वो सर्वलोकोत्तम गोलोकधामको जाय और याही लोकमें वाकों स्वाभाविकी संपूर्ण समृद्धि होयँ ॥ २८ ॥ यद्यपि आप प्रीति युक्त दोनो स्त्री पुरुष हौ और दोनोंनको दोनोंनके अनुरूप रूप है तौऊ लोकव्यवहारके संग्रहके लिये में विवाहकी विधि कराऊंहूं ॥ २९ ॥ नारदजी कहै हैं तब ब्रह्माजी उठके कुण्डमें अग्नि प्रज्वलित करके तिनके अगाड़ीही वेदविधिते परस्पर पाणिग्रहण करायके बैठगये ॥ ३० ॥ तब ब्रह्माजीनें श्रीराधाकृष्ण दोनोंनको अग्निकी सात परिक्रमा दिवायी नमस्कार करायके ब्रह्माजी जे सात मन्त्र है तिनें पढतेभये॥३१॥ ताके पीछे हरिके हृदयपे राधिकाकी हाथ धरायके फिर श्रीकृष्णको हाथ प्रियाजीकी पीठपे धरायके तत्कालीन जे विवाहपद्धयुक्त मन्त्र है तिनें पढ़तेभये ॥ ३२ ॥ राधिकाजीके हाथते भ्रमर जामें गुंजारकरैं ऐसी मकरंदयुक्त कमलनकी माला श्रीकृष्णकूं पहिरवायके श्रीकृष्णके हाथते राधिकाके गलेमें पहिरावतेभये ॥ ३३ ॥ फिर दोनोंनकुं उत्तम सिंहासनपे बैठारे फिर हाथ जोरें मौन धरें बैठे जो राधाकृष्ण तिनकूं पांच मन्त्र पढायकें जैसें पिता कन्याकुं समर्पण करै तैसे करतेभये ॥ ३४ ॥ हे राजन् ! देवतान्ने तब पुष्पनकी वर्षा करी और विद्याधरीनके संग देवांगना नाचनलगीं, वीणा, गन्धर्व, विद्याधर, चारण, किंनर, राधाकृष्णकी मङ्गला श्रक गामनलगे ॥३५॥ और आकाशमें ठाढे देवता मृदंग,वीणा, मुहचंग,बांसुरी, शंख, नागाड़े, मजीरा, चँव, बजामनलगे और उच्चस्वरसो जयजय शब्द करनलगे ॥ ३६ ॥

तब तो स्वयं हरिभगवान् ब्रह्माजीते बोले—हे ब्रह्मन्! तुम अपनों वांछित वर दक्षिणा मांगो तब ब्रह्माजी बोले कि, हे प्रभो! तुम मोकूं अपने चरणकमलकी भक्ति देउ यही दक्षिणा है ॥३७॥ तब तैसेंही होउ ऐसे कहते श्रीराधाकृष्णके चरणकमलकूं बेरबेर शिरसो प्रणाम करके बडे प्रसन्न हैके ब्रह्माजी अपने लोककूं चलेगये ॥३८॥ तब तो निकुंजमें प्रियाजीके दिये भक्ष्य, भोज्य, लेह्य, चोष्य, चार प्रकारके सिद्धान्नकूं मन्द २ हँसते परात्मा श्रीकृष्णने भोजन कियो और श्रीकृष्णनें राधिकाजीकूं चतुर्विधान्न भोजन कराय पानसुपारी बीडी खवाई ॥३९॥ फिर अपने हाथतें प्रियाके हाथकूं पकडके वृन्दावनके लता वृक्षानकूं और श्रीयमुनाजीकी शोभाकूं और वृंदावनकी शोभाकूं राधिकाजीकूं दिखावत यमुना किनारे विचरते २ मधुर २ बतरावते बोलते निकुंजमें पधारे हैं ॥ ४० ॥ जब श्रीमती लतानके कुंजमें जो निकुंज है तामें आय दुबकगये हैं तब शाखाके अंतरमें छिपे और मन्द मुसकान कररहे जो श्रीकृष्ण तिनकों श्रीराधिकाजी देखके आपके पीताम्बरकों पकड खडी हैगई ॥४१॥ फिर श्रीराधिकाजी श्रीकृष्णपेते हाथ छुडाय नूपुरनकी झनकार करती एक हाथके छेटे श्रीकृष्णके

उवाचतत्रैवविधिंहरिःस्वयंयथेप्सितंत्वंवदविप्रदक्षिणाम् ॥ तदाहरिंप्राहविधिःप्रभोमेदेहित्वदंघ्र्योर्निजभक्तिदक्षिणाम् ॥ ३७ ॥ तथास्तुवाक्यंवदतोविधिर्हरेःश्रीराधिकायाश्चपदद्वयंशुभम् ॥ नत्वाकराभ्यांशिरसापुनःपुनर्जगामगेहंप्रणतःप्रहर्षितः ॥ ३८ ॥ ततोनिकुंजेषुचतुर्विधान्नंदिव्यंमनोज्ञंप्रियया प्रदत्तम् ॥ जघासकृष्णःप्रहसन्परात्माकृष्णेनदत्तंकमुकंचराधा ॥ ३९ ॥ ततःकरेणापिकरंप्रियायाहरिर्गृहीत्वाप्रचचालकुंजे ॥ जगामजल्पन्मधुरंप्रपश्यन्वृंदावनंश्रीयमुनालताश्च ॥ ४० ॥ श्रीमल्लताकुंजनिकुंजमध्येनिलीयमानंप्रहसंतमेव ॥ विलोक्यशाखांतरितंचराधाजग्राहपीतांबरमव्रजंती ॥ ४१ ॥ दुद्रावराधाहरिहस्तपद्माझंकारमंघ्र्योःप्रतिकुर्वतीको ॥ निलीयमानायमुनानिकुंजेपुनर्व्रजंती हरिहस्तमात्रात् ॥ ४२ ॥ यथातमालःकलधौतवल्ल्याघनोयथाचंचलयाचकास्ति ॥ नीलोद्रिराजोनिकषाश्मखन्याश्रीराधयाश्रस्तुतथारमण्या ॥ ४३ ॥ श्रीरासरंगेजनवर्जितेपरेरेमेहरीरासरसेनराधया ॥ वृंदावनेभृंगमयूरकूजल्लतेचरत्येवरतीश्वरःपरः ॥ ४४ ॥ श्रीराधयाकृष्णहरिःपरात्माननर्तगोवर्द्धनकंदरासु ॥ मत्तालिपुंप्रस्रवणैःसरोभिर्विराजितासुद्युतिमल्लतासु ॥ ४५ ॥ चकारकृष्णोयमुनांसमेत्यनरंविहारंवृषभानुपुत्र्या ॥ राधाकराल्लक्षदलंसपद्मंधावन्गृहीत्वायमुनाजलेषु ॥ ४६ ॥

आगे आगे यमुनाकी निकुंजमें दुबकवेको पधारी है तब दोडके पकडके नारमें प्रियाजीके गलबाई करलीनी ॥ ४२ ॥ तब जैसें तमालते लिपटी सुनहेरी लता जैसें घनमें लिपटी बिजली और कसौटी की खानसो पन्नाको पहाड शोभित होयहै तैसी श्रीकृष्णके संग शोभितभई ॥ ४३ ॥ जनवर्जित एकांत रासमें श्रीकृष्ण राधाके संग रास रसतें वृन्दावनमें रमतभये जा वृन्दावनमें मोर बोलरहे है, भौंरा गुंजारहे तामें रतिके संग जैसें साक्षात् कामदेव रमण करे तैसें प्रियाके संग आप रमें है ॥ ४४ ॥ मतवारे भौंरा जिनमें गुंजारे झरना और दिव्य सरोवरनसो सुशोभित दिव्य स्वर्णलता जिनमें विद्यमान ऐसी गोवर्द्धनकी कन्दरानमें श्रीराधिकाजीसहित श्रीकृष्ण नृत्य करतेभये ॥ ४५ ॥ फिर श्रीकृष्ण यमुनाजीपै आयके श्रीराधिकाजीके संग सुन्दर विहार करतभये फिर श्रीराधिकाजीके हाथमेंते लाखदलके कमलके फूलकूं छुडायके यमुनाजलमें छिपकगये ॥ ४६ ॥

तब श्रीराधाजीनें श्रीकृष्णकी बांसुरी, छड़ी, और पीतांबर लेके हँसती २ चलीगई जब श्रीकृष्णनें बांसुरी, छड़ी, और पीतांबर मांगें हैं तब श्रीराधाजीने कहा कि, हे महाराज! आप हमें हमारो सहस्रदलकमलपुष्प देउ पुष्प देउगे तो मुरली पीतांबर मिलें नही तो नहीं मिलेंगे ॥ ४७ ॥ जब श्रीकृष्णने कमलको फूल देदीनो तब राधाजीने वन्शी, बेत, पीतांबर दीनो या प्रकारकी यमुनातटपे अनेक लीला पुनः होतीभई ॥ ४८ ॥ ताके अनंतर श्रीप्रभूने भांडीरवनमें प्यारीकी अद्भुत मनमोहन शृंगार मुखमें पत्ररचना, पगतलीनमें महावर, नेत्रनमें कज्जल और दिव्य पुष्प तथा रत्ननसों कीनो है ॥ ४९ ॥ तब तो राधिकाजीहू श्रीकृष्णको शृंगार करवेको उद्यत भई तभी श्रीकृष्ण किशोररूप छोडि के बालकरूप हैगये ॥ ५० ॥ जैसें भयसे रोवते भूमिमें लुढकते बालकरूप नंदजीनें राधाकूं दीने हैं, तैसेही बालक हैगये तिने राधिकाजी देखकें रोमनलगी और यह बोली कि,

ऐसे कमलनके पुंज जिनमें ऐसे ये नये तेरे घर तिन्हें देखिवेकूं, हे कमललोचनी ! मैं आई हूं, ऐसो तो इंद्रके पुरमें हू आनंद नहीं है ॥ ३३ ॥ नारदजी कहैं हैं–हे मिथिलापुरीके ईश्वर ! ऐसे तिनको मिलाप भयो परस्पर प्रीति करके ताईं वनमें विचरन लगे, तब दोनोंनकी अत्यंत शोभा भई ॥ ३४ ॥ आपसमें हँसे हैं, गावैं हैं, फूलनकी गेंदनते खेलैं हैं, वनके वृक्षनकूं देखत भये, हे बहुलाश्व ! वे दोनों वहाँ विचरते भये ॥ ३५ ॥ कलानकी चतुराई जामें ऐसी कमलनयनी जो राधा है तातें गोपदेवता जो श्रीकृष्ण सो मीठी वाणीतें यह बोले ॥ ३६ ॥ हे व्रजकी ईश्वरी ! नंदनगर तो बहुति दूर है और संध्या हैगई है प्रातःकाल मैं तेरे नगरमें आऊंगी यामें कछु संदेह नहीं है ॥ ३७ ॥ नारदजी कहैं हैं–ता सखीको वो वचन सुनके व्रजकी ईश्वरीकी आखोंमें आँसू भरि आये, रोमावली उठ आई, हर्षके उद्गमसों भक्तिमें भरिगई, अमलसेमें घूमि घूमि केलाके वृक्षकी नाईं पृथ्वीमें

॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ एवंतयोर्मेलनंतद्बभूवमिथिलेश्वर ॥ प्रीतिंपरस्परंकृत्वावनेतत्रविरेजतुः ॥ ॥ ३४ ॥ हसंतौतौचगायंतौपुष्पकन्दु
कलीलया ॥ पश्यन्तौवनवृक्षांश्चेरतुर्मैथिलेश्वर ॥ ३५ ॥ कलाकौशलसंपन्नाराधांकमललोचनाम् ॥ गिरामधुरयाराजन्प्राहदेवंगोपदेवता ॥
॥ ३६ ॥ ॥ गोपदेवतोवाच ॥ ॥ दूरेवैनन्दनगरंसन्ध्याजाताव्रजेश्वरि ॥ प्रभातेचागमिष्यामित्वत्सकाशंनसंशयः ॥ ३७ ॥
॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ श्रुत्वावचस्तस्यतुतद्व्रजेश्वरीनिक्षिप्यसद्योनयनांबुसन्ततिम् ॥ रोमांचहर्षोद्गमभावसंवृतारंभेवभूमौपतितासमु
द्धता ॥ ३८ ॥ शंकागतास्तत्रसखीगणास्त्वरंसुवीजयन्त्योव्यजनैर्व्यवस्थिताः ॥ श्रीखण्डपुष्पद्रवचर्चितांऽशुकांजगादराधांनृपगोपदेवता ॥
॥ ३९ ॥ ॥ गोपदेवतोवाच ॥ ॥ प्रभातेआगमिष्यामिमाशोचंकुरुराधिके ॥ गोश्चभ्रातुर्गोरसस्यशपथोमेनचेदिदम् ॥ ४० ॥
॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ एवमुक्त्वाहरीराधांसमाश्वास्यनृपेश्वर ॥ मायायुवतिवेषोसौययौश्रीनन्दगोकुलम् ॥ ४१ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहिता
यांवृन्दावनखण्डेराधाकृष्णसंगमोनाम चतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ अथरात्र्यांव्यतीतायांमायायोषिद्वपुर्हरिः ॥
राधादुःखप्रशान्त्यर्थंवृषभानोर्गृहंययौ ॥ १ ॥ राधातमागतंवीक्ष्यसमुत्थायातिहर्षिता ॥ दत्तासनाविधानेनपूजयामासमैथिल ॥ २ ॥

जायपरी ॥ ३८ ॥ ताही समय शंकाकी मारी सखीनके गण चले आये, ठाढ़ी हैके वीजना करनलगीं, चंदनके फूलनके अतरते छिड़कनलगीं, तब तो हे नृप ! ये गोपदेवता राधि कातें बोली ॥ ३९ ॥ हे राधिके ! शोच मत करै मैं प्रातःकाल निश्चय आऊंगी जो न आऊं तो मोकूं गैयाकी सौगंद, भैयाकी सौगंद और गोरसकी सौगंद है ॥ ४० ॥ नारदजी कहैं हैं–ऐसे राधाकूं राजी करके जिन्होंने मायाते गोपी वेष धरचो सो नंदनन्दन गोकुलकूं आवत भयो ॥ ४१ ॥ इति श्रीगर्गसंहितायां वृंदावनखंडे भाषाटीकायां राधाकृष्णसंगमो नाम चतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ॥ नारदजी कहैं हैं–अब वह रात्रि व्यतीत हैगई तब मायासों गोपीरूप जे श्रीहरि वे राधाके दुःख दूरि करिवेकूं वृषभानुके घर गये ॥ १ ॥ तब राधा

गोपदेवताकूं आई देखिके हंसिके ठाढ़ी ह्वैगई. आसनपै बैठारिके, हे मैथिल ! वाकौ विधिविधान बड़ो पूजन सत्कार कीनो ॥ २ ॥ और यह बोली—हे सखी ! तो विना तो मैं रातकूं
बड़ी दुःखी रही, तेरे आयेते ऐसी सुखी भई मानो कोई निधि पाई जैसे कुपथ्यसे पहले सुख पीछे दुःख होय है तैसेई सत्संगते होय है ॥ ३ ॥ ऐसे राधिकाको वचन सुनिके ये
गोपदेवता विमना ह्वैगई, राधिकाते कछू नहीं बोली और दुःखिताकी नाई स्थित भई ॥ ४ ॥ राधिका गोपदेवताकूं खेदित देखिके सखीनके संग विचार करिके स्नेहमें तत्पर यह
बोली ॥ ५ ॥ हे भद्रे ! तू विमन क्यों ह्वैरही है, हे गोपदेवता ! तूं मोंते कह माताने, ननंदने, पतिने, तू ललकारी तो नी है ? अथवा सासूने तो क्रोधते तोकूं नाहि ललकारी है ?
॥ ६ ॥ कोई सौत दोष है ? कै पतिको वियोग ह्वैगयो है ? कै कहूं और जगह तेरो चित्त लग गयो है ? हे मनकी हरनहारी ! अपने मनकी बात तौ कहो ? ॥ ७ ॥ कै रस्ताकी

॥ ॥ राधोवाच ॥ ॥ त्वयाविनाहंनिशिदुःखिताऽऽसंत्वय्यागतायांसखिलब्धवस्तुवत् ॥ पूर्वंह्यपथ्यस्यसुखंयथाततोदुःखंतथाभामि
निसत्प्रसंगतः ॥ ३ ॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ इतिश्रुत्वाथतद्वाक्यंविमनागोपदेवता ॥ नकिंचिदूचेश्रीराधांदुःखितेवव्यवस्थिता ॥
॥ ४ ॥ विज्ञायखेदसंपन्नांराधिकागोपदेवताम् ॥ सखीभिःसंविचार्य्याथजगादस्नेहतत्परा ॥ ५ ॥ ॥ राधोवाच ॥ ॥ विम
नास्त्वंकथंभद्रेवदमांगोपदेवते ॥ मात्राभर्त्राननांद्रावाश्वश्र्वाक्रोधेनभर्त्सिता ॥ ६ ॥ सपत्नीकृतदोषेणस्वभर्तुर्विरहेणवा ॥ अन्यत्रलग्नचि
त्तेनविमनाःकिंमनोहरे ॥ ७ ॥ मार्गखेदेनवाकच्चिद्विह्वलाभूरुजाथवा ॥ शीघ्रंवदमहाभागेस्वस्यदुःखस्यकारणम् ॥ ८ ॥ कृष्णभक्तसुते
विप्रेयेनकेनापिकुत्सितम् ॥ कथितंतेऽथरंभोरुतच्चिकित्सांकरोम्यहम् ॥ ९ ॥ गजाश्वादीनिरत्नानिवस्त्राणिचधनानिच ॥ मन्दिराणिविचि
त्राणिगृहाणत्वंयदीच्छसि ॥ १० ॥ धनंदत्त्वातनुंरक्षेत्तनुंदत्त्वात्रपांव्यधात् ॥ धनंतनुंत्रपांदद्यान्मित्रकार्यार्थमेवहि ॥ धनंदत्त्वाचसततंरक्षेत्प्रा
णान्निरन्तरम् ॥ ११ ॥ योमित्रतांनिष्कपटंकरोतिनिष्कारणंधन्यतमःसएव ॥ विधायमैत्रंकपटंविदध्यात्सलंपटःहेतुपटुर्नटंधिक् ॥ १२ ॥
तस्याःप्रेमवचःश्रुत्वाभगवान्गोपदेवता ॥ प्रहसन्नाहराजेन्द्रश्रीराधांकीर्तिनन्दिनीम् ॥ १३ ॥

हरारत भई है ? कै कछू तुम्हारे शरीरमें रोग है ? हे महाभाग्यवान् ! अपने दुःखको कारण जल्दी कहौ ॥ ८ ॥ एक तो ब्राह्मण और कृष्णको भक्त इन दोअनपै तो मेरो
जोर है नहीं इनसों व्यतिरिक्त जो और काहूने तुम्हारो अपराध करयो होय तौ वाको मैं उपाय करूं ॥ ९ ॥ हाथी, घोड़ा, रत्न, वस्त्र, धन, सोनो और महल, मंदिर, जो कछू
तुमें चाहना होय सो लेऊ ॥ १० ॥ धनकूं देके तनकी रक्षा करै, तनकूं देके लाज राखै और जो कोई मित्रको काम परे तो धनकूं, तनकूं, लाजकूं, सबकूं देके मित्रको काम
करै, और कोईको ऐसोहू मत है धनकूं देके निरंतर प्राणनकी रक्षा करै ॥ ११ ॥ जो विना मतलबके निष्कपट मित्रता करैहै वह तौ धन्यतम है और जो मित्रता कर
कें फिर कपट करै तो वह मतलबी लंपट है और अपनेही काममें चतुर है वा नटकी तरह वरतनेवालेकूं धिक्कार है ॥ १२ ॥ ता राधिकाको प्रेमको वचन

सुनिके गोपदेवता भगवान् प्रसन्न ह्वैके कीर्तिनन्दिनी जो राधा है तातें यह बोली ॥ १३ ॥ हे राधे ! गोवर्द्धन पर्वतकी संकोच गलीमें ह्वैके दही बेचिबेकूं मै चलीजातीही सो रस्तामें आतमें नंदके वेटाने मोकों रोक लई ॥ १४ ॥ वंशी और वेतकों लियें हंसते २ निर्लज्जने आयके मेरौ हाथ पकड़के वो रसीलो बोलो कि, री ! मेरो कर लगे है सो देके जा ऐसे मोसों कर दान मांगन लग्यौ ॥ १५ ॥ तव मैने यह कही मैं तो गोरसके लंपटकूं दान कबहूं नहीं देऊंगी जव मैने ऐसे कही तव वाने मेरी गागरी दहीकी भरी फोड़डारी ॥ १६ ॥ हंडियाकूं फोड़के और दहीको पीके मेरी चादर लैके चल्यौगयो, नंदगामके पर्वतकी खोतरमें दबक गयौ, तातें प्यारी ! मेरो मन बिगड़ रह्यो है ॥ १७ ॥ जातिको गोप और कालौ जाको वर्ण न तो वडौ धनी, न बड़ो वीर, न कछू सुन्दर, न अच्छो सुभाव, हे

॥ ॥ गोपदेवतोवाच ॥ ॥ राधेव्रजन्सानुगिरेस्तटीषुसंकोचवीथीषुमनोहरासु ॥ यान्तींस्वतोमांदधिविक्रयार्थंरुरोधमार्गेनवनन्दपुत्रः ॥१४॥ वंशीधरोवेत्रकरःकरेमांत्वसंगृहीत्वाप्रहसन्विलज्जः ॥ मह्यंकरादायकरायदानंदेहीतिजल्पन्विपिनेरसज्ञः ॥ १५ ॥ तुभ्यंनदास्यामिकदापिदानं स्वयंभुवेगोरसलंपटाय ॥ एवंमयोक्तेवचनेऽथभाण्डंनीत्वाविशीर्णीकृतवान्सदध्नः ॥ १६ ॥ भाण्डंसभित्त्वादधिकिंचपीत्वानीत्वोत्तरीयंमम चेदुरीयम् ॥ नन्दीश्वराद्रेर्विदिशंजगामतेनाहमाराद्विमनाःस्मजाता ॥ १७ ॥ जात्यासगोपःकिलकृष्णवर्णोऽधनीनवीरोनहिशीलरूपः ॥ यस्मिंस्त्वयाप्रेमकृतंसुशीलेत्यजाशुनिर्मोहनमथकृष्णम् ॥ १८ ॥ इत्थंसवैरंपरुषंवचस्तच्छ्रुत्वाचराधावृषभानुनन्दिनी ॥ सुविस्मिता वाक्यपदेसरस्वतीपदंस्मयन्तीनिजगादतांप्रति ॥ १९ ॥ ॥ राधोवाच ॥ ॥ यत्प्राप्तयेविधिहरप्रमुखास्तपन्तिवह्नौतपःपरमयानिजयोग रीत्या ॥ दत्तःशुकःकपिलआसुरिरंगिरायत्पादारविन्दमकरन्दरजःस्पृशन्ति ॥ २० ॥ तंकृष्णमादिपुरुषंपरिपूर्णदेवंलीलावतारमजमा तिंहरंजनानाम् ॥ भूभूरिभारहरणायसतांशुभायजातंविनिन्दसिकथंसखिदुर्विनीते ॥ २१ ॥ गाःपालयन्तिसततंरजसोगवांचगंगांस्पृशंति चजपंतिगवांसुनाम्नाम् ॥ प्रेक्षन्त्यहर्निशमलंसुमुखंगवांचजातिःपरानविदिताभुविगोपजातेः ॥ २२ ॥

सुशीले ! ऐसेमें तैने कहा समुझिके निर्मोहीमें प्रेम लगायौ है, यातें या श्रीकृष्णकूं तो छोड़दे ॥ १८ ॥ ऐसे वैरको भरी भयौ कठोर वचन वृषभानुनंदिनी सुनिके विस्मित ह्वैगई, वाक्यपदमें सरस्वतीको स्थान स्मरण करती ता गोपदेवताते बोली ॥ १९ ॥ जाकी प्राप्तिके लीये ब्रह्मा हरतें आदि लेके अग्निमें तप तपें हैं, परम निज योगकी रीति करिके दत्तात्रेय, शुकदेव, कपिलदेव, आसुरि, अंगिरा सव जाके चरणकमलकी रजको स्पर्श करें हैं ॥ २० ॥ सो श्रीकृष्ण, आदिपुरुष, परिपूर्ण देव, लीलावतार, अजन्मा, जननकी आर्ति हर्ता, भूमिको भार उतारिवेकूं, संतनकी रक्षा करिवेके लीये प्रकट भयौ है तिनकी, हे सखि ! हे दुर्विनीते ! तूं निन्दा करै है ॥ २१ ॥ गोपनकी जाति तो बड़ी उत्तम है, निरन्तर गौनको पालन करैं है, गोरजको स्पर्श करैं हैं वोही मानसी गङ्गाको स्पर्श करैं है, गौनके नामनकूं जपै हैं, रात दिन गौनको मुख देखैं हैं, सो बड़ी श्रेष्ठ गोपनकी जाति है ताकूं तूं

नहीं जाने है ॥ २२ ॥ देखो ! जाकी श्यामरंगमें शोभित सुन्दर कलाको महादेवजी देखिके वा श्रीकृष्णमें लगे मनसों सुन्दर सुख छोडके उन्मत्तकी नाई चलें हैं, भाजें हैं, जटाजूट, विष, भस्म, खोपडी और काले सर्प इनकूं धारण करैं हैं ॥ २३ ॥ स्वर्गलोक, सिद्ध, मुनि, यक्ष, मरुद्गण इनके नाथ और नर, किन्नर, यक्ष, राक्षस, नाग इनके नाथ हैं वेहू सब भक्तिते जाके चरणारविंदमें निरन्तर नमस्कार करके अनेक तरहकी लक्ष्मी पावैं हैं और श्रीकृष्णकूं बलि भेंट देय हैं ॥ २४ ॥ जो श्रीकृष्ण अगणित ब्रह्मांडनकूं पैदा करैं हैं और नाश करैं हैं ता कृष्णकों बत्सासुर, बकासुर, शकटासुर, तृणावर्त, पूतना, अघासुर इनको मारिवो, यमलार्जुनको उखारिवो, कालीको दमन करिवो, कहा यश है अर्थात् इनको मारवो वाकी कछु बडाई नहीं है ॥ २५ ॥ वा पुरुषोत्तमको भक्तिते प्यारो न तो ब्रह्मा है, न महादेव है, न लक्ष्मी है और न बलदेवजी हैं क्योंकि, भक्तिते बंध्यो है चित्त जिनको ऐसे सकल लोकजनन्के चूडामणि श्रीकृष्ण अपने भक्तनके पीछे २ डोले हैं ॥ २६ ॥ महान् है

तत्कृष्णवर्णविलसत्सुकलांसमीक्ष्यतस्मिन्विलग्नमनसासुसुखंविहाय ॥ उन्मत्तवद्व्रजतिधावतिनीलकण्ठोबिभ्रत्कपर्दविषभस्मकपालसर्पान्॥ ॥ २३ ॥ स्वर्लोकसिद्धमुनियक्षमरुद्गणानांपालाःसमस्तनरकिन्नरनागनाथाः ॥ यत्पादपद्ममनिशंप्रणिपत्यभक्त्यालब्धश्रियःकिलबलिंप्रद दुःस्मतस्मै ॥ २४ ॥ वत्साद्यकालियबकार्जुनधेनुकानामाचक्रवातशकटासुरपूतनानाम् ॥ एवंविधःकिमुतसस्य यशोमुरारेर्यःकोटिशोंडनि चयोद्भवनाशहेतुः ॥ २५ ॥ भक्तात्प्रियोनविदितःपुरुषोत्तमस्यशंभुर्विधिर्नचरमानचरौहिणेयः ॥ भक्तानुव्रजतिभक्तिनिबद्धचित्तश्चूडाम णिःसकललोकजनस्यकृष्णः ॥ २६ ॥ गच्छन्निजंजनमनुप्रपुनातिलोकानाविद्यन्हरिजनेस्वरुचिंमहात्मा ॥ तस्मादतीवभजतांभगवान्मुकु न्दोमुक्तिंददातिनकदापिसुभक्तियोगम् ॥ २७ ॥ ॥ गोपदेवतोवाच ॥ ॥ राधेत्वदीयधिषणाधिषणंहसन्तीवाणींश्रुतिंप्रकुशलेनविडंब यन्ती ॥ अत्रागमिष्यतियदाथहरिःपरेशःसत्यंददातिवचनंतवदेविमन्ये ॥ २८ ॥ ॥ राधोवाच ॥ ॥ यद्यागमिष्यतियदाथहरिःपरेशः किंकारयामिभवतींवदतर्हिसुभ्रु ॥ चेदागमोनहिभवेद्वनमालिनःस्वंसर्वंधनंचभवनंचददामितुभ्यम् ॥ २९ ॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ अथ राधासमुत्थायनत्वाश्रीनंदनन्दनम् ॥ उपविश्यासनेदध्यौध्यानस्तिमितलोचना ॥ ३० ॥

आत्मा जिनको ऐसे भगवान् भक्तनमें अपनी रुचिको दिखावते अपने भक्तनके पीछे २ चलते भक्तनके चरणकमलकी रजते अपने रोमनमें वर्तमान ब्रह्मांडनके जीवनकूं पवित्र करैं हैं यातेते अपने भक्तनकूं भगवान् मुक्ति तो देदेय हैं पर भक्तियोग नहीं देंय है क्योंकि, भक्तिते वश होनों पडे है ॥ २७ ॥ तब गोपदेवता बोली—हे राधे ! ये तुम्हारी बुद्धि बृहस्पतिकी और सरस्वतीकीहू हांसी करै है और अपनी चतुराईते वेदको अनुकरण करै है परन्तु हे राधे ! जो परेश श्रीकृष्ण तुम्हारी याद करेते अबही चल्यो आवैगो तो मैं तुम्हारे वचनकूं सांच मानूं ॥ २८ ॥ जो परेश हरि मेरे बुलायेते अबही चल्यो आवे तो फिर बताय मैं तेरो कहा करूं और हे सुन्दर भृकुटीवारी ! मेरे बुलायवेते जो वनमाली हे अली ! न आयो तो मैं सबरो अपने धन, महल तोकूं देदेउं ॥ २९ ॥ नारदजी कहैं हैं अब राधिकाजी उठके नन्दनंदनकूं दंडोत करिके आसनपै बैठि ध्यान करनलगीं, ध्यानते

मिचेंहैं लोचन जाके ॥ ३० ॥ तब अत्यंत उत्कंठिता हैं और प्रेमके आंसू जाके वहैं तथा पे पसीना जाके आयगये और अपने रूपमें तन्मय भई ऐसी राधिकाकी देखिके भगवान्ने वाही समय गोपीरूपकूं छोडिके पुरुषरूप धरिलीनो ॥ ३१ ॥ और भक्तवत्सल भगवान् सखीनके देखते देखते प्रसन्न हैके मेघसी गम्भीर वाणीते राधिकाते यह बोले ॥ ३२ ॥ हे रंभोरू ! हे चन्द्रवदने ! हे व्रजसुन्दरीशे ! हे राधे ! हे प्रिये ! हे नये जोवनके मदते मान करनवारी ! नेक नेत्र खोलिये में आयगयो हूं मोकूं देखिये, आपुने मीठी वाणीते जो मोकूं बुलायो सोई में आय गयो ॥ ३३ ॥ और हे प्रिये ! जो मैंने हे श्रीकृष्ण ! आपु जल्दी आओ ऐसो तेरो वचन सुन्यो सोही जल्दीही गौनकूं और गोपनकूं छोडिके वंशीवटते यमुनाके तटते भाजिके हे ललने ! मैं तुम्हारे पास यहाँ आयो हूं ॥ ३४ ॥ जब में आयो तबही एक सुंदरसी सखी यहांते उठगई

उत्कंठितांस्वेदयुक्तांबाष्पकंठींप्रियांहरिः ॥ अश्रुपूर्णमुखींवीक्ष्यविभ्रत्स्वांपौरुषींतनूम् ॥ ३१ ॥ पश्यन्तीनांसखीनांचसहसाभक्तवत्सलः ॥ राधांप्राहप्रसन्नात्मामेघगंभीरयागिरा ॥ ३२ ॥ ॥ श्रीकृष्णउवाच ॥ ॥ रंभोरुचन्द्रवदनेव्रजसुन्दरीशेराधेप्रियेनवसुयौवनमानशीले ॥ उन्मील्यनेत्रमपिपश्यसमागतंमांतूर्णंत्वयामधुरयाचगिरोपहूतम् ॥ ३३ ॥ आगच्छकृष्णइतिवाक्यमतःश्रुतंमेसद्योविसृज्यनिजगोकुलगोपवृंदम् ॥ वंशीवटाच्चयमुनानिकटात्प्रधावंस्त्वत्प्रीतयेऽथललनेत्रसमागतोस्मि ॥ ३४ ॥ मय्यागतेसतिगतासखिरूपिणीकायक्ष्यासुरीसुरवधूकिलकिन्नरीवा ॥ मायावतीछलयितुंभवतींचतस्माद्विश्वासएवननिधेयउरंगपत्न्याम् ॥ ३५ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ अथराधाहरिंदृष्ट्वानत्वातत्पादपंकजम् ॥ मुदमापपरंराजन्सद्यःपूर्णमनोरथा ॥ ३६ ॥ एवंश्रीकृष्णचन्द्रस्यचरितान्यद्भुतानिच ॥ यःशृणोतिनरोभक्त्यासकृतार्थोभवेन्नरः ॥ ३७ ॥ ॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहितायांवृन्दावनखण्डेश्रीकृष्णचन्द्रदर्शनंनामपंचदशोऽध्यायः ॥ १५ ॥ ॥बहुलाश्वउवाच ॥ ॥ राधायैदर्शनंदत्त्वाकृत्वाप्रेमपरीक्षणम् ॥ अग्रेचकारकांलीलांभगवानात्मलीलया ॥१॥ ॥नारदउवाच ॥ ॥ माधवोमाधवेमासिमाधवीभिःसमाकुले ॥ वृन्दावनेसमारेभेरासंरासेश्वरःस्वयम् ॥ २ ॥ वैशाखमासिपंचम्यांजातेचन्द्रोदयेशुभे ॥ यमुनोपवनेरेमेरासेश्वर्यामनोहरः ॥३॥

हे सखि ! वो कोई यक्षिणी ही के देववधू ही के आसुरी ही के किन्नरी ही के नारी ही कि कोई मायावती ही, जो तुमें छलवेको आई ही देखो ऐसी बिना जानती काऊ नागिनीको विश्वास करनो नहीं चाहिये ॥ ३५ ॥ नारदजी कहैहैं हे राजन् ! ऐसे राधिकाजी श्रीकृष्णकूं देखिके ताके चरणकमलकूं दंडोत करिके परम आनन्दकूं प्राप्त हैगई और तत्कालही सब मनोरथ पूर्ण हैगयो ॥३६॥ ऐसे ये श्रीकृष्णके अद्भुत चरित्र हैं इने जो भक्तिते सुने वो मनुष्य कृतार्थ हैजायहै ॥३७॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायां वृंदावनखण्डे भाषाटीकायां श्रीकृष्णचंद्रदर्शनं नाम पंचदशोऽध्यायः ॥ १५ ॥ अब बहुलाश्व राजा बोलो कि, श्रीकृष्ण ऐसे राधिकाजीकूं दर्शन देके प्रेमकी परीक्षा करके आगे अपनी इच्छाते कहा लीला करत भये ? ॥ १ ॥ नारद कहैहैं माधव भगवान् माधवीकी लतानसो शोभित ऐसे वैशाखके महीनामें वृंदावनमें रासके ईश्वर आपुही रासको प्रारंभ करतभये ॥ २ ॥ वैशाख महीनाकी पंचमीके दिन जब

सुंदर चंद्रमा उदय भयो तब रासेश्वरी राधाके संग यमुनाजीके उपवनमें मनोहर श्रीकृष्ण रासविहार करते भये ॥ ३ ॥ हे मैथिल ! पहले गोलोकते जो भूमी आई ही सो वो सबरी तत्काल सुवर्णमयी और पुखराजते जडी हैगई ॥ ४ ॥ वा समय या वृंदावन दिव्य रूप धारणकरतो भयो और कल्पवृक्षनके वन प्रकट है आये और माधवी मालतीकी लता प्रफुल्लित हैआई । तब इंद्रके नंदनवनकूंहू लज्जित करन लगो ॥ ५ ॥ रत्ननकी सीढीसो युक्त प्रकाश करती सोनेनकी छत्री तिनपै हंस, राजहंस, सारस, बगुला बैठे है और कमल जामें फूल रहेहैं ऐसी श्रीयमुना शोभित भई ॥ ६ ॥ रत्नमय गोवर्द्धनके शिखरनमें हीरा, पन्ना, मणि, माणिक, लाल, नीलकणनसो जगमगान लगो और सुंदर २ वृक्ष लतानके पुष्पनसो शोभित हैगयो, जामें अनेक वनके जीव डोलैहै और तोता, मैंना, मोर, चकोर, कोयल, कबूतर, पपीहा बोल रहेहैं, तिनसों मनको हरनवारो है गयो ॥ ७ ॥ जिनमें झरना झरैहैं, भौरा भौंरी गुंजारैहैं ऐसी खोहनसों वां गोवर्द्धनपर्वतकी सजे भये हाथीकीसी शोभा हैगई ॥ ८ ॥ और वांसके अनेकन कुंज निकुंजनको दिव्यरूप

पुरामैथिलगोलोकाद्भूमिर्याकौसमागता ॥ सर्वावभूवुःसौवर्णपद्मरागमयीत्वरम् ॥ ४ ॥ वृन्दावनंदिव्यवपुर्दधत्कामदुघैर्द्रुमैः ॥ माधवीभिर्लताभिश्चप्रक्षिपन्नन्दनन्दनम् ॥ ५ ॥ रत्नसोपानसंपन्नास्फुरत्सौवर्णतोलिका ॥ रराजयमुनाराजन्हंसपद्मादिसंकुला ॥ ६ ॥ रत्नधातुमयःश्रीमद्रत्नशृंगस्फुरद्युतिः ॥ सपक्षिगणसंयुक्तोलतापुष्पमनोहरः ॥ ७ ॥ निर्झरैःसुन्दरीभिश्चदरीभिर्भ्रमरीवृतः ॥ रेजेगोवर्द्धनोनामगिरिराजःकरीन्द्रवत् ॥ ८ ॥ सर्वेनिकुंजाःपरितोरेजुर्दिव्यवपुर्धराः ॥ सभामण्डपवीथीभिःप्रांगणस्तंभपंक्तिभिः ॥ ९ ॥ पतत्पताकैर्दिव्याभैःसौवर्णैःकलशैर्नृप ॥ श्वेतारुणैःपुष्पदलैःपुष्पमन्दिरवर्त्तिभिः ॥ १० ॥ वसन्तमाधुर्यधराःकूजत्कोकिलसारसाः ॥ पारावतैर्मयूरैश्चयत्रयत्रनिकुंजिताः ॥ ११ ॥ राधाकृष्णकथांपुण्यांगायमानैर्मधुव्रतैः ॥ पतद्भिर्मधुमत्तैश्चकुंजाःसर्वेविराजिताः ॥ १२ ॥ पुलिनेशीतलोवायुर्मन्दगामीवहत्यलम् ॥ सहस्रदलपद्मानांरजोविक्षेपयन्मुहुः ॥ १३ ॥ काश्चिद्गोलोकवासिन्यःकाश्चिच्छय्योपकारिकाः ॥ शृंगारप्रकराःकाश्चित्काश्चिद्द्वारपालिकाः ॥ १४ ॥ पार्षदाख्याःसख्यजनाश्छत्रचामरपाणयः ॥ पुष्पाभरणकारिण्यःश्रीवृन्दावनपालिकाः ॥ १५ ॥

हैगयो कैसी हैगई कि, जिनमें रत्नमय खंभ लगे ऐसी सभा बनगई, छत्री बनगई, तिबारी, बारहद्वारी, आंगन, चौक, गली, बनगई, तिनसों शोभित भयो ॥ ९ ॥ जिनपै पत्र, फूलनकी दिव्य ध्वजा पताका फहराय रही ऐसे सुनहरी कलशानसों और काले, पीले, लाल, सफेद, सोसनी, सुन्हेरी, सवंती फूलनके अनेकन महल मंदिर तिनसों ॥ १० ॥ और वसंतऋतुके माधुर्ययुक्त कोकिल, सारस, मोर, कबूतर, पपीहा, तोता, मैंनानके शब्दनसों कूजित ॥ ११ ॥ औरहू अनेकन पक्षी कुंज २ में राधा कृष्णकी पुण्यकथाकूं गायनवारे भौरानके गानसों युक्त जहाँ अति सुशोभित कुंज बन रही हैं ॥ १२ ॥ पुलिननमें शीतल, मंद, सुगंधित पवन चली आवैहै, जो हजारन कमलके केशरनकी रजको उड़ावैहै ॥ १३ ॥ वा समय चारों ओरते गोपीगण श्रीकृष्णके पास आवती भई हैं इनमें कोई तो गोलोकवासिनी, कोई शृंगार करनहारी, कोई सेज सजावनहारी और कोई द्वारपालकी है ॥ १४ ॥ कोई चमरधारी, कोई छत्रधारी, कोई बीजनाधारी, कोई फूलनके हार, माला गुंजा तुर्रा गहने बनावनहारी कोइ सख्यभाववारी प्यारी २ गोपी सब आई हैं ये सब वृंदावनकी रक्षा करनवारी हैं ॥ १५ ॥

कोई गोवर्द्धनवासिनी, कोई निकुंज, बनायवेवारी, कोई निकुंजवासिनी, कोई नृत्य करनहारी और कोई बाजे बजावनवारी हैं ॥ १६ ॥ ये सबरी चंद्रवदना गोपी किशोर जिनकी अव स्था है इनके बारह यूथ श्रीकृष्णके पास आये ॥ १७ ॥ तैसेही यमुनाजी अपनो यूथ बांधिके आई, नीलांबर धरे श्याम कमलसे जाके लोचन हैं ॥ १८ ॥ तैसेही जाह्नवी गंगाजी अपनो यूथ बांधके गौरवर्णा, श्वेत वस्त्र पहरे मोतीनके शृंगारते सजी भई आई ॥ १९ ॥ तैसेही रमा (लक्ष्मी) लाल वस्त्र धरे, पद्मराग लालनके गहने पहरि चंद्रमासो जिनको वर्ण मंदजाको हास येहू अपने यूथको बनायके आई है ॥ २० ॥ तैसेही कृष्णपत्नी मधु माधवी जाको नाम कमलवर्णा, फूलनके गहने पहरे उत्तम जाके वस्त्र पेभा अपने यूथके संग आई ॥२१॥ तैसेही विरजा नामकी सखी अपने यूथको बांधिके हरे वस्त्रनको पहरे पन्नानके, रत्ननके भूषण और गौरवर्ण धारण करे आई हैं॥२२॥फेर ललिताजीको विशाखाको मायाको

गोवर्द्धननिवासिन्यःकाश्चित्कुंजविधायकाः ॥ तन्निकुंजनिवासिन्योनर्तक्योवाद्यतत्पराः ॥ १६ ॥ सर्वाश्चन्द्रवदनाःकिशोरवयसोनृप ॥
आसांद्वादशयूथाश्चाजग्मुःश्रीकृष्णसन्निधिम् ॥ १७ ॥ तथैवयमुनासाक्षाद्यूथीभूत्वासमाययौ ॥ नीलाम्बरारत्नभूषाश्यामाकमललोचना ॥
॥ १८ ॥ तथैवजाह्नवीगंगायूथीभूत्वासमाययौ ॥ श्वेताम्बराश्वेतवर्णामुक्ताभरणभूषिता ॥ १९ ॥ तथाययौरमासाक्षाद्यूथीभूत्वारुणाम्बरा ॥
चन्द्रवर्णामन्दहासापद्मरागविभूषिता ॥ २० ॥ तथाययौकृष्णपत्नीनाम्नायामधुमाधवी ॥ पद्मवर्णापुष्पभूषायूथीभूत्वाशुभांबरा ॥ २१ ॥
तथैवविरजासाक्षाद्यूथीभूत्वासमाययौ ॥ हरिद्रम्बरागौरवर्णारत्नालंकारभूषिता ॥ २२ ॥ ललितायाविशाखायामायायूथःसमाययौ ॥ एवं
त्वष्टसखीनांचसखीनांकिलषोडश ॥ २३ ॥ द्वात्रिंशच्चसखीनांचयूथाःसर्वेसमाययुः ॥ रराजभगवान्राजन्स्त्रीगणैरासमण्डले ॥ २४ ॥
वृन्दावनेयथाकाशेचन्द्रस्तारागणैर्यथा ॥ पीतवासःपरिकरोनटवेषोमनोहरः ॥ २५ ॥ वेत्रभृद्वादयन्वंशींगोपीनांप्रीतिमावहन् ॥ मयूरपक्षभृ
न्मौलीस्रग्वीकुण्डलमण्डितः ॥ २६ ॥ राधयाशुशुभेरासेयथारत्यारतीश्वरः ॥ एवंगायन्हरिःसाक्षात्सुन्दरीरागसंवृतः ॥ २७ ॥ यमुनापु
लिनंपुण्यमाययौराधयायुतः ॥ गृहीत्वाहस्तपद्मेनपद्माभंस्वप्रियाकरम् ॥ २८ ॥ निषसादहरिःकृष्णातीरेनीरमनोहरे ॥ पुनर्जल्पन्सुमधु
रंपश्यन्वृन्दावनंप्रियम् ॥ २९ चलन्हसद्राधिकयाकुंजंकुंजंचचारह ॥ कुंजेनिलीयमानंतंत्वरंत्यच्चाप्रियाकरम् ॥ ३० ॥

इनके तथा अष्ट सखीनके और सोलह सखीनके न्यारे २ यूथ आये हैं ॥२३॥ ऐसेही बत्तीस सखीनके सब यूथ आये, हे राजन् ! ता समय श्रीकृष्ण भगवान् रासमंडलमें गोपी गणनते बडी शोभाकूं प्राप्त भये ॥ २४ ॥ जैसे आकाशमें चंद्रमाकी तारागणनते शोभा होयहै तैसेही वृंदावनमें पीतांबरको कमरसो बांधे नटकोसो जाको वेष मनको हरनवारो ॥ २५ ॥ बेत धरे, पीतांबर ओढे, मोरपंखनको मुकुट पहरे वनमाला पहरे, मकराकृत कुंडल धारण करे, वंशी बजावते जे श्रीकृष्ण हैं वे ॥ २६ ॥ राधाके संग ऐसे शोभित भये जैसे रतिके संग रतिराज कामदेवकी शोभा होय है ॥ २७ ॥ ऐसे साक्षात् हरि सुंदर रागको गावते राधिकाके संग पवित्र यमुनाजीके पुलिनमें अपने हस्तकमलसों प्रियाके हस्तकमलको पकडे आवते भये ॥ २८ ॥ मनोहर जल जाको ता कालिंदीके किनारेपै बैठगये, मधुर बतरात प्यारे वृंदावनकूं देखत भये ॥ २९ ॥ हँसत २ राधिकाके संग,

चलत २ कुंज २में विचरत २ प्यारीके हाथकूं छोड़के लतानमें दबकि गये ॥३०॥ तब राधिकाजीने वृक्षकी डालीकी ओटमें छिपे श्रीकृष्णको देखिके झपटिके जाय पकड़े ऐसेही राधिका हाथ छोड़के झनन २ नूपुर बजावत भाजि उठी ॥३१॥ श्रीकृष्णके देखत निकुंजमें लीन हैगई जबताइ माधव गये तोलों अन्यत्र दबकि गई॥३२॥कदंबके नीचे एक हाथ के अंतरते इतते चित चलावत हाथमें पकरिवेमें नहीं आये ऐसे श्रीकृष्ण ऐसे शोभित भये जैसे सुनहरी बेलिसी तमालको वृक्ष और बादलकी काली घटा बिजलीसी शोभित होय हैं ॥३३॥और सुवर्णकी खानसो जैसे नीलादि ऐसे विश्वमोहिनी राधाके सग मदनमोहनकी शोभा होतीभई ॥ ३४ ॥ रासरंगमें श्रीकृष्ण नटसें नाचतभये वा वृंदावनमें ऐसे मालुम पडे जैसे रतिरानीके संग मानो कामदेवही नाचै है, तब जितने रूप गोपिनके हे तितनेई रूप श्रीकृष्णके है गये ॥३५॥ रंगभूमिमें नटवर जैसे नाचैहैं तैसेही रासरूप रंगमें कृष्ण नट नाचते भये

विलोक्यशाखान्तरितंराधाजग्राहमाधवम् ॥ राधाद्रुद्रावतद्धस्ताज्झंकारंकुर्वतीपदे ॥ ३१ ॥ विलीयमानाकुंजषुपश्यतोमाधवस्यच ॥ धावन्हरिर्गतोयावत्तावद्राधाततोगता ॥ ३२ ॥ वृक्षपार्श्वेहस्तमात्रादितश्चेतश्चधावती ॥ तमालेहेमवल्येवघनश्चंचलयायथा ॥ ३३ ॥ हेमखन्येवनीलाद्रीरेजेराधिकयाहरिः ॥ राधयाविश्वमोहिन्याबभौमदनमोहनः ॥ ३४ ॥ वृन्दावनेरासरंगेरत्येवमदनोयथा ॥ धृत्वारूपाणितावन्तियावन्तिव्रजयोषितः ॥ ३५ ॥ ननर्तरासरंगेसौरंगभूम्यांनटोयथा ॥ गायन्त्यश्चापिनृत्यन्त्यःसर्वागोप्योमनोहराः ॥ ३६ ॥ विरेजुःकृष्णचन्द्रैश्चयथाशक्रैःसुरांगनाः ॥ वरंविहारंकृष्णायांचकारमधुसूदनः ॥ ३७ ॥ सर्वैर्गोपीगणैःसार्द्धंयक्षीभिर्यक्षराडिव ॥ कबरीकेशपाशाभ्यांप्रसूनैःप्रच्युतैःशुभैः ॥ ३८ ॥ चित्रवर्णैर्बभौकृष्णायथोष्णिङ्मुद्रितातथा ॥ मृदंगतालैर्मधुरध्वनिस्वनैर्जगुर्यशस्तामधुसूदनस्य ॥ प्रापुर्मुदंपूर्णमनोरथाश्चलत्प्रसूनहाराहरिणागतव्यथाः ॥ ३९ ॥ श्रीहस्तसंताडितवारिबिंदुभिःस्फारासमस्फूर्जितशीकरच्छुभिः ॥ वृन्दावनेशोव्रजसुंदरीभीरेजेगजीभिर्गजराडिवस्वयम् ॥ ४० ॥

तब सबही मनोहर गोपी गावती और नाचती ॥३६॥ श्रीकृष्णकी मूर्तिनके संग ऐसी शोभित भयी जैसे इंद्रके संगमें देवांगनानकी शोभा होयहै, यमुनाके किनारपै मधुसूदनने ऐसे श्रेष्ठ विहार कीनो ॥ ३७ ॥ तब सब गोपीगणनके सग श्रीकृष्ण ऐसे शोभाकूं प्राप्त भये जैसे यक्षणीनके संग विहार करतो कुबेर शोभित होय है, तब कबरी और केशपाशते गिरे जे शुभ ॥ ३८ ॥ चित्र विचित्र फूल तिनके यमुनाजीकी बंधी पगड़ीकी शोभा भई, तब मृदंग मजीरानकी मनोहर धुनिके सग वे गोपी मधुसूदनके यशकूं गामती भई परम आनन्दकूं प्राप्त भई पूर्ण मनोरथ भये, फूलनके हारनको पहरे वे गोपी श्रीकृष्णके संग सोगई है व्यथा जिनका ऐसी होतीभई ॥ ३९ ॥ महारासको परिश्रम दूरि करिवेकूं यमुनाजलमें जलक्रीड़ा करनलगे, शोभायमान राधिकाके वा ललितादिक गोपीनके हाथनते फेंकी जे जलबिंदु और फुहारेके समान बूंद जिनके मुखपै ऐसी व्रजसुंदरीके संग रमण करते श्रीकृष्ण

ऐसे शोभित भये जैसे हथिनीनके संग हाथी शोभित होय है ॥ ४० ॥ विद्याधरी, देव, गंधर्वनकी स्त्री विमाननमें बैठी वा रासरंगको तमासो देखि रही ही, सो अपने २ पतिन सहित फूलनकी वर्षा करती मोहकूं प्राप्त हैगई, नाडे जिनके सिथल हगये और शरीरनपैसो वस्त्र उतरपरे ॥ ४१ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायां वृंदावनखंडे भाषाटीकायां रासक्रीडावर्णनं नाम षोडशोऽध्यायः ॥ १६ ॥ नारदजी कहे हे-याके अनंतर श्रीकृष्ण जलविहार लीलाकूं करिके सब गोपिनके गणनकूं संग लेके गोवर्द्धन पर्वतकूं गये ॥ १ ॥ गोवर्द्धनकी कंदरामें जहां रत्नमय भूमि है तहां रासेश्वरी राधिकाके संग स्वयं आप नृत्य करते भये ॥ २ ॥ फेरि रास करिके दोनों रत्नसिंहासनपै बैठे, तब सखीजननने शृंगार कीनों तब पर्वतके ऊपर घनमें बीजुलीकी तरह शोभा भई ॥ ३ ॥ तब फिर स्वामिनीको शृंगार आनंदते सखीजननें चंदन, केसर, कस्तूरी, अतर, अरगजा, महदी, महावर, अंजन, रोली,

विद्याधर्योदेवगंधर्वपत्न्यःपश्यन्त्यस्तद्रासरंगंदिविस्थाः ॥ देवैःसार्द्धंचक्रिरेपुष्पवर्षंमोहंप्राप्ताःप्रश्लथद्वस्त्रनीव्यः ॥ ४१ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायांवृन्दावनखण्डेरासक्रीडानामषोडशोऽध्यायः ॥१६॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ अथकृष्णोहरिर्वारिलीलांकृत्वामनोहरः ॥ सर्वैर्गोपीगणैःसार्द्धंगिरिंगोवर्धनंययौ ॥ १ ॥ गोवर्धनेकन्दरायांरत्नभूम्यांहरिःस्वयम् ॥ रासंचराधयासार्द्धंरासेश्वर्याचकारह ॥ २ ॥ तत्रसिंहासनेरम्येतस्थतुःपुष्पसंकुले ॥ तडिद्घनाविवगिरौराधाकृष्णौविरेजतुः ॥ ३ ॥ स्वामिन्यास्तत्रशृंगारंचक्रुःसख्योमुदान्विताः ॥ श्रीखण्डकुंकुमाद्यैश्चयावकागुरुकज्जलैः ॥ ४ ॥ मकरन्दैःकीर्तिसुतांसमभ्यर्च्यविधानतः ॥ ददौश्रीयमुनासाक्षाद्राधायैनूपुराण्यलम् ॥ ५ ॥ मंजीरभूषणंदिव्यंश्रीगंगाजह्नुनन्दिनी ॥ श्रीरमाकिंकिणीजालंहारंश्रीमधुमाधवी ॥ ६ ॥ चन्द्रहारंचविरजाकोटिचन्द्रामलंशुभम् ॥ ललिताकंचुकंमणिंविशाखाकण्ठभूषणम् ॥ ७ ॥ अंगुलीयकरत्नानिददौचन्द्राननातदा ॥ एकादशीराधिकायैरत्नाढ्यंकंकणद्वयम् ॥ ८ ॥ भुजकंकणरत्नानिशतचन्द्राननाददौ ॥ तस्यैमधुमतीसाक्षात्स्फुरद्रत्नांगदद्वयम् ॥ ९ ॥ ताटंकयुगलंवंदीकुंडलेसुखदायिनी ॥ आनन्दीयासखीमुख्याराधायैभालतोरणम् ॥ १० ॥ पद्मासद्भालतिलकबिन्दुंचन्द्रकलंददौ ॥ नासामौक्तिकमालोलंददौपद्मावतीसती ॥ ११ ॥

सिंदूरसों कियो है ॥ ४ ॥ फिर श्रीवृषभानुनंदिनीको विधिसो अतरते छिरकके श्रीयमुनाजीने मणिमय नूपुर पहिराये हैं ॥ ५ ॥ दिव्य बीछिया जह्नुनंदिनी श्रीगंगाजीने पहराये, रमाने कोंधनीनको जाल पहरायो और मधुमाधवीने हार पहरायो ॥ ६ ॥ विरजाने चंद्रहार दीनों जामें किरोडन चंद्रमा झलकें हैं, ललिताजीने मणिजटित अंगिया दीनी, विशाखाने गुलीचंद पाटिया आदि कंठभूषण दीने ॥ ७ ॥ छल्ला, अंगूठी, आरसी, मुदरी, ये चंद्राननाने दीने, एकादशीने रत्नके जडे दो कंकण दीने ॥ ८ ॥ भुजानके कंकण, पहुंची शतचंद्राननाने दीने; मधुमतीने मणिमय दो चड़ा बाजू दीने ॥ ९ ॥ सुखदेनवारी वंदीने दो ताटंक और दो कुंडल दीने, आनंदी जो मुख्य सखी ही ताने श्रीराधाजीको माथेकी झौर दीनी ॥ १० ॥ पद्मा सखीने चन्द्रकलाके समान मस्तककी शोभा करनहारी बेंदी दीनी और पद्मावती सतीने

बेसर दीनी ॥ ११ ॥ बालसूर्यकोसो तेज जामें ऐसो शिरफूल अति शोभायमान उत्तम सखी चंद्रकांताने दीनों ॥ १२ ॥ सुंदरीने चूडामणी दीने, प्रहर्षिणीने रत्नवेणी दीनी और चंद्र सूर्य नामके गहने किरोड़ विजलीसी जिनमें चमक ॥ १३ ॥ ये आभूषण वृंदावनेश्वरी वृंदादेवीने राधिकाजीकूं दीने ऐसे शृंगारते राधा कृष्णके रूपकी झलम लानते चकाचोंधके मारे रूपपे काहूकी नजर नहीं ठैरैहै ॥ १४ ॥ तब गिरिराज गोवर्धनपे ऐसी शोभा भई जैसे दक्षिणापत्नीसो यज्ञ नामके भगवान् शोभित होयहै ॥ १५ ॥ वा दिनसो गोवर्द्धनमे शुद्ध शृंगारस्थल कहावै है, तब फेरि श्रीकृष्ण प्यारी गोपीनकूं संग लैके चंद्रसरोवरकूं चलेगये ॥ १६ ॥ ता चंद्रसरोवरमें जलक्रीड़ा करी जैसो हथिनी नते हाथी करैहै, तहां चंद्रमाने आय दो चंद्रकांतिमणि राधिकाजीकूं दीनी ॥ १७ ॥ हजार २ दलके दो कमल एक राधाजीकूं एक श्रीकृष्णकूं चंद्रमाने दीने, तब श्रीकृष्ण

बालार्कद्युतिसंयुक्तंभालपुष्पंमनोहरम् ॥ श्रीराधायैददौराजंश्चंद्रकान्तासखीशुभा ॥१२॥ शिरोमणिंसुन्दरीचरत्नवेणींप्रहर्षिणी ॥ भूषणेचन्द्र सूर्याख्येविद्युत्कोटिसमप्रभे १३ ॥ राधिकायैददौदेवीवृन्दावृन्दावनेश्वरी ॥ एवंशृंगारसंस्फूर्जद्रूपयाराधयाहरिः ॥ १४ ॥ गिरिराजेबभौरा जन्यज्ञोदक्षिणयायथा ॥ यत्रैराधयारासेशृंगारोऽकारिमैथिल ॥ १५ ॥ तत्रगोवर्द्धनेजातंस्थलंशृंगारमंडलम् ॥ अथकृष्णःस्वप्रियाभिर्ययौ चन्द्रसरोवरम् ॥ १६ ॥ चकारतज्जलेक्रीडांगजीभिर्गजराडिव ॥ तत्रचन्द्रःसमागत्यचन्द्रकान्तौमणीशुभौ ॥ १७ ॥ सहस्रदलपद्मेद्वेस्वामि न्यैहरयेददौ ॥ अथकृष्णोहरिःसाक्षात्पश्यन्वृन्दावनश्रियम् ॥ १८ ॥ प्रययौबाहुलवनंलताजालसमन्वितम् ॥ तत्रस्वेदसमायुक्तंवीक्ष्यसर्वं सखीजनम् ॥ १९ ॥ रागंतुमेघमल्लारंजगौवंशीधरःस्वयम् ॥ सद्यस्तत्रैववव्रृषुर्मेघाअंबुकणांस्तथा ॥ २० ॥ तदैवशीतलोवायुर्ववौगन्ध मनोहरः ॥ तेनगोपीगणाःसर्वेसुखंप्राप्ताविदेहराट् ॥ २१ ॥ जगुर्यशःश्रीमुरारेरुच्चैस्तत्रसमन्विताः ॥ तस्मात्तालवनंप्रागाच्छ्रीकृष्णोरा धिकापतिः ॥ २२ ॥ रासमंडलमारेभेगायन्व्रजवधूवृतः ॥ तत्रगोपीगणाःसर्वेस्वेदयुक्तास्तृषातुराः ॥ २३ ॥ ऊचूरासेश्वरंरासेकृतांजलिपुटाः शनैः ॥ ॥ गोप्यऊचुः ॥ ॥ दूरेवैयमुनादेवतृषाजातापरंहिनः ॥ २४ ॥ कर्तव्यंभवताऽत्रैवरासंदिव्यंमनोहरम् ॥ वारांविहारंपानंचकरि ष्यामोहरेवयम् ॥२५॥ जगत्कर्तापालकस्त्वंसंहारस्यापिनायकः ॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ तच्छ्रुत्वावेत्रदण्डेनकृष्णोभूमिंतताडह ॥२६॥

वृन्दावनकी शोभा देखते २ ॥ १८ ॥ बहुलावनमें गये जामें बड़े लतानके जाल हैं, तहां सब सखीनकूं पसीना आयगयो ॥ १९ ॥ तब तो वंशीधर श्रीकृष्ण मेघमल्लार राग गामन लगे, तबही मेघ घिरआये नन्ही २ फुहार परनेलगी ॥ २० ॥ ताही समय शीतल सुगंधित मंद मंद पवन चलनलगी, तासे हे विदेहराट् सब सखीगण सुखी हैगये ॥ २१ ॥ तब वे सब सखी जन वहां ऊंचे स्वर करके श्रीकृष्णको यश गामनलगी, वहांते राधिकापति श्रीकृष्ण तालवनकूं गये॥ २२ ॥ तहां फिर व्रजवधूनके संग गान करते श्रीकृष्णने रास करनेको आरंभ कियो तब रास करत २ व्रजवधूनके पसीना आयगयो और प्याससो आतुर भई ॥ २३ ॥ तवही रासमें रासेश्वर जे श्रीकृष्ण तिनते हाथ जोरके होले होले यह बोलीं हे देव ! यमुना तो दूर है और हमे प्यास बहुत लगिआई है ॥ २४ ॥ यासों यहांही आपकूँ रासविहार कर्तव्य है मनोहर जलको विहार जलको पान कर्तव्य है हमहू करेंगी ॥ २५ ॥ जगत्के कर्ता, जगत्के

पालक, जगत्को संहार ताके नायक तुमही हो नारदजी कहें हैं कि, हे मैथिल! ऐसे सुनिके श्रीकृष्णने एक बेत पृथ्वीमें मारयो ॥ २६ ॥ तहांते स्रोता निकस्यो है वेत्रगङ्गा जाको नाम कहे हे जाके जलके स्पर्श करिके ब्रह्महत्या नाश हैजाय है ॥ २७ ॥ ताके जो स्नान करै वो नर गोलोककूं प्राप्त होयहै, तामें राधिकाके संग गोपीनके संग ॥ ॥ २८ ॥ मदनमोहन जलविहार करन लगे, ताके अनंतर लतानके समूह जामें ता कुमुदवनमें आये ॥ २९ ॥ ता वनमें बड़ी फूलनकी सुगंधि, तहां भौंरानके झुंडनके झुंड गुजारें है, तहां सखीजनके संग रास कीनो, तहां राधिकाजीने श्रीकृष्णको शृंगार कीनों ॥ ३० ॥ तब नाना प्रकारके दिव्य पुष्प और फल, फूल, पत्ता, चिरमिटी इनते श्रीकृष्णने व्रजवासिनीनके चमकती उज्ज्वल फेट बनाई, सोनजुहीके सुन्दर सुन्हेरा बाजू बनाये ॥ ३१ ॥ हजारा कमलके फूलकी बीचकी कली बीचमें लगायके मोहन माला और कुन्द,

तदैवनिर्गतःस्रोतोवेत्रगंगेतिकथ्यते ॥ तज्जलस्पर्शमात्रेणब्रह्महत्याप्रमुच्यते ॥ २७ ॥ तत्रस्नात्वानरःकोपिगोलोकंयातिमैथिल ॥ गोपीभीराधयासार्द्धंश्रीकृष्णोभगवान्हरिः ॥ २८ ॥ वारांविहारंकृतवान्देवोमदनमोहनः ॥ ततःकुमुद्वनंप्राप्तोलतावृन्दमनोहरम् ॥ २९ ॥ भ्रमरध्वनिसंयुक्तंचक्रेरासंसखीजनैः ॥ राधातत्रैवशृंगारंश्रीकृष्णस्यचकारह ॥ ३० ॥ पुष्पैर्नानाविधैर्द्रव्यैःपश्यन्तीनांव्रजौकसाम् ॥ चम्पकोद्यत्परिकरःस्वर्णयूथिभुजांगदः ॥ ३१ ॥ सहस्रदलराजीवकर्णिकाविलसच्छ्रुतिः ॥ मोहिनीमालिनीकुंदकेतकीहारभृद्धरिः ॥ ३२ ॥ कदम्बपुष्पविलसत्किरीटकटकोज्ज्वलः ॥ मन्दारपुष्पोत्तरीयःपद्मयष्टिधरःप्रभुः ॥ ३३ ॥ तुलसीमंजरीयुक्तवनमालाविभूषितः ॥ एवंशृंगारतांप्राप्तःश्रीकृष्णःप्रिययास्वया ॥ ३४ ॥ बभौकुमुद्वनेराजन्वसन्तोहर्षितोयथा ॥ मृदंगवीणावंशीभिर्मुरुयष्टिसुकांस्यकैः ॥ ३५ ॥ तालशैपैस्तलैर्युक्ताजगुर्गोप्योमनोहरम् ॥ भैरवंमेघमल्लारंदीपकंमालकौशकम् ॥ ३६ ॥ श्रीरागंचापिहिन्दोलंरागमेवंपृथक्पृथक् ॥ अष्टतालैस्त्रिभिर्ग्रामैःस्वरैःसप्तभिरग्रतः ॥ ३७ ॥ नृत्यैर्नानाविधैरम्यैर्हावभावसमन्वितैः ॥ तोषयन्त्योहरिंराधांकटाक्षैर्व्रजगोपिकाः ॥ ३८ ॥ गायन्मधुवनंप्रागात्सुंदरीगणसंवृतः ॥ रासेश्वर्यारासलीलांचक्रेरासेश्वरःस्वयम् ॥ ३९ ॥

केतकी, कनेरके हार श्रीकृष्णकूं पहराये ॥ ३२ ॥ कदंबके पुष्पनके किरीट, मुकुट, कुंडल, कंकण, पहराये, कल्पवृक्षनके फूलको दुपट्टा, कमलके फूलनकी छड़ी ॥ ३३ ॥ तुलसीकी मंजरीको वनमाला पहराई, ऐसो शृंगार प्यारी राधिकाने श्रीकृष्णको कीनो ॥ ३४ ॥ हे राजन्! तब कुमुदवनमें श्रीकृष्णकी ऐसी बडी शोभा भई जैसे हर्षित वसंतऋतु फूले है, मृदंग बजन लगे, वीणा बजन लगे, और वेणु, बांसुरी, मजीरा, मोहचंग, झांझ, बजन लगी ॥ ३५ ॥ गोपी ताल बजावन लगी, और मनोहर ९ राग गावन लगी भैरव, मेघमल्लार, दीपक राग, मालकोश ॥ ३६ ॥ श्रीराग, हिंडोल राग न्यारी २ गातिते आठ ताल, तीन ग्राम, सात स्वरनते गामें हैं ॥ ३७ ॥ मनोहर हाव भावते सुंदर नृत्य करैंहैं, श्रीकृष्णकूं और राधिकाजीकूं अपने कटाक्षनते प्रसन्न करै है ॥ ३८ ॥ फेरि श्रीकृष्ण गान करते सुंदरीनके गणनकूं संग लेके मधुवनकूं आये, तहां रासेश्वरीके संग रासेश्वर श्रीकृष्ण रासलीला करत

भये ॥३९॥ वैशाखकी पूर्णमासीकूं जा मधुवनमें मालतीकी सुंगध चली आवें हैं, कमलके फूलनके केसरनके रज उड़ें हैं ॥ ४० ॥ फूले जे मालतीके झंड तिनते शोभित निर्जन
मधुवनमें गोपीगणनते श्रीकृष्ण रमत भये जैसे नंदनवनके विषे अप्सरानते इंद्र रमे है तैसे रमत भये ॥ ४१ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायां वृंदावनखंडे भाषाटीकायां
रासक्रीडावर्णनं नाम सप्तदशोऽध्यायः ॥ १७ ॥ नारदजी कहैं हैं या प्रकार श्रीकृष्ण मनोहर कुन्दवनमें, सुन्दर मालतीके वनमें, आमनके वनमें, नारंगीके
वनमें, नीबूनके वनमें ॥१॥ अनारनके वनमें, दाखनके वनमें, बादामनके वनमें, कदंबनके वनमें, नारियलनके वनमें, कुड़ाके वनमें ॥ २ ॥ वटवनमें, कटहरनके वनमें, पीपरनके
वनमें, तुलसीके वनमें, कचनारके वनमें, केतकीके वनमें, केलानके वनमें ॥ ३ ॥ करीलवनमें, कुंजवनमें, बकायनके वनमें, कल्पवृक्षनके वनमें, विचरत २ व्रजवधूनके संग कामवनमें

वैशाखचन्द्रकौमुद्यांमालतीगन्धवायुना ॥ स्फुरत्सौगन्धकल्हारपतद्रेणुकरेणवै ॥ ४० ॥ विकचन्माधवीवृन्दैःशोभितेनिर्जनेवने ॥ रेमे
गोपीगणैःकृष्णोनन्दनेवृत्रहायथा ॥ ४१ ॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहितायांवृन्दावनखण्डेरासक्रीडानामसप्तदशोऽध्यायः ॥ १७ ॥ ॥ नारद
उवाच ॥ ॥ इत्थंकुन्दवनेरम्येमालतीनांवनेशुभे ॥ आम्राणांनागरंगाणांनिंबूनांसघनेवने ॥ १ ॥ दाडिमीनांचद्राक्षाणांबदामा
नांवनेनृप ॥ कदम्बानांश्रीफलानांकुटजानांतथैवच ॥ २ ॥ वटानांपनसानांचपिप्पलानांवनेशुभे ॥ तुलसीकोविदाराणांकेतकीकदलीव
ने ॥ ३ ॥ करिल्लकुंजबकुलमंदाराणांवनेहरिः ॥ चरन्कामवनंप्रागाद्राजन्व्रजवधूवृतः ॥ ४ ॥ तत्रैवपर्वतेकृष्णोननादमुरलीकलम् ॥
मूर्च्छिताविह्वलाजातास्तन्नादेनव्रजांगनाः ॥ ५ ॥ मनोजबाणभिन्नांगाःश्लथन्नीव्यःसुरैःसह ॥ कश्मलंप्रययूराजन्विमानेष्वमरांगनाः ॥६॥
चतुर्विधाजीवसंघाःस्थावरैर्मोहमास्थिताः ॥ नद्योनदाःस्थिरीभूताःपर्वताद्रवतांगताः ॥ ७ ॥ तत्पादचिह्नसंयुक्तोगिरिःकामवनेभवत् ॥
तस्यदर्शनमात्रेणनरोयातिकृतार्थताम् ॥ ८ ॥ अथगोपीगणैःसाकंश्रीकृष्णोराधिकापतिः ॥ नंदीश्वरबृहत्सानुतटेरासंचकारह ॥९॥ तत्रगो
प्योतिमानिन्योबभूवुर्मैथिलेश्वर ॥ तास्त्यक्त्वाराधयासार्धंतत्रैवान्तर्दधेहरिः ॥ १० ॥ गोप्यश्चसर्वाविरहातुराभृशंकृष्णंविनामैथिलनिर्जने
वने ॥ तावत्रमुश्चाश्रुकलाकुलाक्ष्योयथाहरिण्यश्चकिताइतस्ततः ॥ ११ ॥

आवत भये ॥४॥ तहां पर्वतके ऊपर श्रीकृष्णने मधुर मुरली बजाई, ताके नादते व्रजांगना आनंदमें विह्वल हैगई ॥५॥ मूर्च्छित हैगई, कामदेवके बाणनकी मारी देवांगना विमाननमें
बैठी मूर्च्छित हैगई, नाड़े इनके खुलगये और विमाननमें बैठे देवताऊ मोहकूं प्राप्त हैगये ॥ ६ ॥ चार प्रकारके जीवनके समूह स्थावर जंगम मोहकूं प्राप्त हैगये, नदी, नद थिर हैगये,
पर्वत पिघलन लगे ॥ ७ ॥ तहां श्रीकृष्ण चरणको चिह्नसों युक्त कामवनके पर्वतमें हैगयो ताते चरणपहाड़ी कहैहैं ताके दर्शनमात्रतेही मनुष्य कृतार्थ होय है ॥ ८ ॥ ताते
पीछे राधिकाके पति नन्दगामके पर्वतपै गोपीगणनके संग रास करतभये ॥ ९ ॥ हे मैथिलेश्वर ! तहां गोपी अति मानवती हैगई तिनकूं छोड़िके राधिकाकूं संग लेके हरि
भगवान् वहीं अन्तर्धान हैगये ॥ १० ॥ तब तो सब गोपी विरहमें आतुरी हैके श्रीकृष्ण विना वा निर्जन वनमें भ्रमन लगी, आंसू नेत्रनमें आय गये, हिरनीनकी नाईं इत

चित चोंकन लगी ॥ ११ ॥ श्रीकृष्णके देखेबिना जैसे वनमें हाथी विना हथिनी डोले है, जैसे कुररी कुररकूं देखे है तैसेही सवरी व्रजांगना अत्यन्त विरहमें आतुरी हैके
रोमनलगी ॥ १२ ॥ उन्मत्तकी नाई सबरी न्यारी २ वन २ में झुंडके झुंड पेड़नते, लतानते नन्दनन्दनकूं पूछन लगी कि, हे व्रजके वृक्ष हो ! श्रीनंदनंदन कहा विराजे है
सो हमसो कहौ ॥ १३ ॥ श्रीकृष्ण २ ऐसे पुकारें है, श्रीकृष्णके चरणकमलमें जिनको मन लग रह्यौ है, हे राजन ! ऐसी वे गोपी कृष्णमय हैगई, ये बात कुछ आश्चर्य नही है जैसे
भृंगीको मूंद्यो कीड़ा भृंगी हैजाय है ॥ १४ ॥ ऐसेही श्रीकृष्णके पादुकाकी नीचे रहनवारी गोपी वे श्रीकृष्णकी पादुकानेही शरणप्राप्ति हैगई ॥ १५ ॥ ताके अनन्तर वाही कृष्णके
अनुग्रहसों वाहीके चरणचिह्नके दर्शन पूजनते वा समय वहां गोपी श्रीकृष्णके चरणकरिके चिह्नित पृथ्वीकूं देखत भई ॥ १६ ॥ वीचमेंई राजा पूछे है—हे प्रभो ! राधाके ईश राधा

कृष्णंह्यपश्यन्त्यइतिव्यथांगतायथाकरिण्यःकरिणंविनावने ॥ यथाकुरर्य्यःकुररंव्रजांगनाःसर्वारुदन्त्योविरहातुराभृशम् ॥१२॥ उन्मत्तवद्वृक्षल
तकदम्बकंसर्वामिलित्वाचपृथग्वनेवने ॥ पप्रच्छुराजन्नृपनंदनंदनंक्वस्थितंतंवदताशुभूरुहाः ॥ १३ ॥ श्रीकृष्णकृष्णेतिगिरावदन्त्यःश्री
कृष्णपादाम्बुजलग्नमानसाः ॥ श्रीकृष्णरूपास्तुबभूवुरंगनाश्चित्रंनपेशस्कृतमेत्यकीटवत् ॥ १४ ॥ श्रीपादुकाधःस्थलगापिगोप्यःश्रीपा
दुकाब्जंशरणंप्रपन्नाः ॥ १५ ॥ ततस्तुतत्प्रसादेनतत्पादार्चनदर्शनात् ॥ ददृशुर्गांतदागोप्योभगवत्पादचिह्निताम् ॥ १६ ॥ ॥ बहुलाश्व
उवाच ॥ ॥ राधेशोराधयासार्धंहित्वागोपीर्ययौक्वभोः ॥ तद्दर्शनंकथंजातंगोपीनांवदमेप्रभो ॥ १७ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥
श्रीकृष्णोराधयासार्द्धंसंकेतवटमाविशत् ॥ प्रियायाःकबरीपुष्परचनांसचकारह ॥ १८ ॥ श्रीकृष्णकुन्तलेनीलेवक्रत्वंराधिकाकरोत् ॥
चित्रपत्रावलीःकृष्णापूर्णेन्दुमुखमण्डले ॥ १९ ॥ एवंकृष्णोभद्रवनंखदिराणांवनंमहत् ॥ बिल्वानांचवनंपश्यन्कोकिलाख्यंवनंगतः ॥
॥ २० ॥ गोप्यःकृष्णंविचिन्वन्त्योददृशुस्तत्पदानिच ॥ यवचक्रध्वजच्छत्रैःस्वस्तिकांकुशबिन्दुभिः ॥ २१ ॥ अष्टकोणेनवज्रेणपद्मेनाभि
युतानिच ॥ नीलशंखघटैर्मत्स्यत्रिकोणेषूर्ध्वधारकैः ॥ २२ ॥ धनुर्गोखुरचन्द्रार्द्धशोभितानिमहात्मनः ॥ तत्पदान्यनुसारेणव्रजन्त्योगोपि
कास्ततः ॥ २३ ॥ तद्रजःसततंनीत्वाधृत्वामूर्ध्निव्रजांगनाः ॥ पदान्यन्यानिददृशुरन्यचिह्नान्वितानिच ॥ २४ ॥

सहित सब गोपीनकूं छोड़िके कहां चलेगये ? फिर उन गोपीनकूं उनको कैसे दर्शन भयो ? ये मोसे कहो ॥ १७ ॥ नारदजी कहें हैं—श्रीकृष्ण राधिकाकूं संग लेके संकेत
वटकूं गये तहां राधिकाजीकी वेनी फूलनसों गुही ॥ १८ ॥ और राधिकाजी श्रीकृष्णके केशनकूं घूंघरवारे छल्लादार बनाय पूर्ण चन्द्रमासे मुखमें चित्रभंगी रचना करती भई
॥ १९ ॥ ऐसेही श्रीकृष्ण भद्रवन, खदिरवन, बिल्ववनकूं देखत २ कोकिलावनकूं गये ॥ २० ॥ गोपीनने श्रीकृष्णकूं ढूंढ़ती २ उनके चरणचिह्न फेर देखे चक्र, जौ, ध्वजा,
छत्र, स्वस्तिक और अंकुश, बिन्दु इन चिह्ननते युक्त देखे ॥२१॥ अष्टकोण, वज्र, पद्म, नील, शंख, कुम्भ, मत्स्य त्रिकोण, बाण, ऊर्द्धरेखा, ॥ २२ ॥ धनुष, गोखुर, अर्द्धचन्द्र ये
श्रीकृष्णके चरणचिह्न देखे, इन चरणचिह्ननकूं देखत २ गोपी आगे चलीं ॥ २३ ॥ गोपीजननने उन चरणनकी रजकूं उठायके मस्तकपे चढ़ाय लीनी, आगे चलके उन्ही

चरणचिह्नमें मिले औरहू चरण औरही जिनमें चिह्न पे देखे ॥ २४ ॥ तिने कहै हैं ध्वजा, कमल, छत्र, यव, ऊर्द्धरेखा, चक्र, चन्द्रार्द्ध और अंकुश, बिन्दु, इनसों शोभित हैं ॥
॥ २५ ॥ लौंगकी लता, गदा, मत्स्य, शंख, पर्वत, शक्ति ॥ २६ ॥ सिंहासन, रथ, दो बिंदु ये उन्नीस चिह्न देखिके यह बोली कि, सुनौ सखी हो ! राधिकाके संग नन्दनन्दन
गये ॥ २७ ॥ इन चरणनकूँ देखत २ कोकिलावनकूं गई, गोपीनको कोलाहल सुनिके श्रीकृष्ण राधिकाते बोले ॥ २८ ॥ हे कोटिचंद्रप्रकाशे ! हे प्रिये ! हे राधे ! जलदी चलौ
सबरी गोपी आमें हैं, ये सब औरते घेरिके तुमें लेजायँगी ॥ २९ ॥ ऐसे सुनि राधाहू मानवती ह्वैके रमापतिते बोली कैसीहै कि, रूप, यौवन, चतुराई, शील, गर्व इनकी भरी
है ॥ ३० ॥ प्यारे ! मेरी तो चलिवेकी सामर्थ्य नहीं है, कबहूं घरते बाहिरहू नहीं निकसीहूं, सुकुमारी हूं, पसीना आयरहे है, हे प्यारे ! मोकूँ कैसे लेचलौगे ॥ ३१ ॥ नारदजी कहै

केतुपद्मातपत्रैश्चयवेनाथोर्ध्वरेखया ॥ चक्रचन्द्रार्द्धांकुशकैर्बिन्दुभिःशोभितानिच ॥ २५ ॥ लवंगलतिकाभिश्चविचित्राणिविदेहराट् ॥ गदा
पाठीनशंखैश्चगिरिराजेनशक्तिभिः ॥२६॥ सिंहासनरथाभ्यांचबिन्दुद्वययुतानिच ॥ वीक्ष्यप्राहूराधिकयागतोसौनंदनंदनः ॥२७॥ पश्यन्त्य
स्तत्पादपद्मंकोकिलाख्यंवनंगताः ॥ गोपीकोलाहलंश्रुत्वाराधिकांप्राहमाधवः ॥ २८ ॥ कोटिचंद्रप्रतीकाशेराधेसर्पत्वरंप्रिये ॥ आगतागोपि
काःसर्वास्त्वांनेष्यन्तिहिसर्वतः ॥२९॥ तदामानवतीराधाभूत्वाप्राहरमापतिम् ॥ रूपयौवनकौशल्यशीलगर्वसमन्विता ॥ ३० ॥ ॥ राधो
वाच ॥ ॥ चलितुंनसमर्थाहंमन्दिरान्नविनिर्गता ॥ सुकुमारीस्वेदयुक्ताकथंमांनयसिप्रिय ॥ ३१ ॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ इतिवाक्यं
ततःश्रुत्वाश्रीकृष्णोराधिकेश्वरः ॥ पीताम्बरेणदिव्येनवायुंतस्यैचकारह ॥ ३२ ॥ हस्तंगृहीत्वातामाहगच्छराधेयथासुखम् ॥ कृष्णेनापित
दाप्रोक्तानययौतेनवैपुनः ॥ ३३ ॥ पृष्ठंदत्त्वाथहरयेतूष्णींभूतास्थितापुनः ॥ प्रियांमानवतींराधांप्राहकृष्णःसतांप्रियः ॥ ३४ ॥ ॥ श्रीभग
वानुवाच ॥ ॥ विहायगोपीरिहकामयानाभजाम्यहंमानिनिचेतसात्वाम् ॥ यत्तेप्रियंतत्प्रकरोमिराधेमेस्कन्धमारुह्यसुखंव्रजाशु ॥ ३५ ॥
॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ एवंप्रियांप्रियतमःस्कन्धयानेप्सितांनृप ॥ विहायान्तर्दधेकृष्णोस्वच्छन्दगतिरीश्वरः ॥३६॥ गतमानाकीर्तिसुताभग
वद्विरहातुरा ॥ उच्चैरुरोदराजेन्द्रकोकिलाख्येवनेपरे ॥३७॥ तदैवयूथाःसंप्राप्तागोपीनांमैथिलेश्वर ॥ तद्रोदनंदुःखतरंश्रुत्वाजग्मुस्तपातुराः॥३८॥

हैं ऐसें राधिकाको वचन सुनिकै श्रीकृष्ण दिव्य पीतांबरते व्यार करनलगे ॥ ३२ ॥ हाथमें हाथ पकड़कै यह बोले हे प्यारी ! जैसे चल्यौजाय तैसे चलो, ऐसे कृष्णने कहीहू पन तोऊ
फिर उनके संग नहीं चली ॥ ३३ ॥ और श्रीकृष्णकूँ पीठि देके फिर चुप ठाढ़ी ह्वैगई, तब प्यारीकूँ मानवती देखिके सन्तनके प्यारे भगवान् यह बोले ॥ ३४ ॥ कि, हे मानिनि ! चाह करनवारी सब
गोपीनकूं छोड़िके बडे प्यारते तोकूँ मैं अपने चित्तते लोहि भजोहूँ याहीसे लेआयोहूँ जो तोकूँ अच्छो लगै सोई करूँहूं तुम मेरे कंधापै बैठिके सुखपूर्वक जलदीसों चलोचलो ॥ ३५ ॥ नारदजी कहै है
ऐसे प्यारे प्यारीते कहिके जब कंधापे चढिवेकूं उद्यत भयी तबही श्रीकृष्ण अंतर्धान ह्वैगये प्रभुकी इच्छारूप गति है याहीसें ईश्वर है ॥ ३६ ॥ तब तो गतभयो मान जाको ऐसी
कीर्तिसुता भगवानके विरहमे आतुर ह्वैगई, हे राजेंद्र ! वा कोकिलावनमें ऊंचे स्वरते रोमन लगी ॥ ३७ ॥ हे मैथिलेश्वर ! तबही सब गोपीनके यूथ दयाते आतुर ह्वैके वहीं

चले आये, जब प्यारीको अत्यन्त रोदन सुन्यो और अत्यंत लज्जित भई तब ॥ ३८ ॥ कोई तो अपनी स्वामिनीको अतरनते न्हवावन लगी, कोई चन्दन, अगर, केशर, कस्तूरी के घिसे अरगजासों लेपटन लगी और छींटा देनलगी ॥ ॥ ३९ ॥ कोई चमर बीजननते हवा करनलगी और खुसामद करनेमें चतुरा कोई वाणीनते समझावन लगी ॥ ४० ॥ और कोई गोपी अरी सखी हो ! मैने वा कृष्ण महात्माते कीयो जो मान वाको ये फल पायो या बातको वाहीके मुखसों सुनिके अति अचंभो करनलगी ॥ ४१ ॥ इति श्रीगर्गसंहितायां वृंदावनखंडे भाषाटीकायां रासवर्णनं नामाष्टादशोऽध्यायः ॥ १८ ॥ नारदजी कहें हैं—अब सब सखी मिलिके श्रीकृष्णके रम्य जे गुण हैं तिन्हें रम्य स्वरतालते श्रीकृष्णके आयवेको लिये गामन लगी ॥ १ ॥ गोपी बोली कि, हे लोकाभिराम ! हे जनभूषण ! हे विश्वदीपक ! हे मदनमोहन ! हे जगतके आर्ति और दुःखनके हारी ! हे आनन्दकन्द ! हे

काश्चित्तांमकरन्दैश्चस्नापयांचक्रुरीश्वरीम् ॥ चन्दनागुरुकस्तूरीकुंकुमद्रवसीकरैः ॥ ३९ ॥ वायुंचक्रुस्तदंगेषुव्यजनान्दोलचामरैः ॥ आश्वास्य वाग्भिःपरमांनानाऽनुनयकोविदैः ॥ ४० ॥ तन्मुखान्मानिनोमानंश्रुत्वाकृष्णस्यगोपिकाः ॥ मानवत्योमैथिलेन्द्रविस्मयंपरमंययुः ॥ ४१ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायांवृन्दावनखण्डेरासक्रीडानामाष्टादशोऽध्यायः ॥ १८ ॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ अथकृष्णगुणान्रम्यान्समेताःसर्वयोषितः ॥ जगुस्तालस्वरैरम्यैःकृष्णागमनहेतवे ॥ १ ॥ ॥ गोप्यऊचुः ॥ ॥ लोकाभिरामजनभूषणविश्वदीपकन्दर्पमोहनजगद्वृजिनार्तिहारिन् ॥ आनन्दकन्दयदुनन्दननन्दसूनोस्वच्छन्दपद्ममकरन्दनमोनमस्ते ॥ २ ॥ गोविप्रसाधुविजयध्वजदेववन्द्यकंसादिदैत्यवधहेतुकृतावतार ॥ श्रीनन्दराजकुलपद्मदिनेशदेवदेवादिमुक्तजनदर्पणतेजयोऽस्तु ॥ ३ ॥ गोपालसिन्धुपरमौक्तिकरूपधारिन्गोपालवंशगिरिनीलमणेपरात्मन् ॥ गोपालमण्डलसरोवरकंजमूर्तेगोपालचन्दनवनेकलहंसमुख्य ॥ ४ ॥ श्रीराधिकावदनपंकजषट्पदस्त्वंश्रीराधिकावदनचन्द्रचकोररूपः ॥ श्रीराधिकाहृदयसुन्दरचन्द्रहारःश्रीराधिकामधुलताकुसुमाकरोसि ॥ ५ ॥ योरासरंगनिजवैभवभूरिलीलोयोगोपिकानयनजीवनमूलहारः ॥ मानंचकाररहसाकिलमानवत्यांसोयंहरिर्भवतुनोनयनाग्रगामी ॥ ६ ॥

यदुनन्दन ! हे नन्दसूनो ! स्वच्छन्दपद्ममकरंद ! आपके अर्थ बारंबार नमस्कार है २ ॥२॥ गौ, ब्राह्मण, साधु, महात्मानकी आप ध्वजा हैं, आप देवतानके पूज्य हैं, कंसादि दैत्यनके वधके लीये आपने अवतार धारण कीन्हो है, कन्दर्पमोहन ! हे नंदराजकुलकमलके सूर्य ! हे देवादिमुक्तजननके दर्पण ! अपनो उत्कर्ष करौ ॥ ३ ॥ हे गोपालसमुद्रके उत्तम मोती ! हे गोपालवंशही जो भयो पर्वत ताकी नीलमणि ! हे परात्मन् ! हे गोपालमंडल रूप सरोवरके कमलरूप ! हे गोपालचन्दनवनके कलहंसनमें मुख्य ! ॥ ४ ॥ आप श्रीराधिकाके मुखकमलके भौंरा हौ, श्रीराधिकाके मुखचंद्रके चकोररूप हौ, श्रीराधिकाके हृदयके सुंदर चंद्रहार हौ, राधिकाही जो लता ताकूं वसंतऋतुके तरह प्रफुल्लित करनवारेहो ॥ ॥ ५ ॥ जो तुम रासरंग जो अपनो वैभव तामें अनेक लीलाके करनहारे हौ, जो गोपीनके नेत्रनके जीवनके मूलहार हौ, जो मानवती राधाकी मान बढायौ सो हरि हमारे

नेत्रनके आगाडी आओ ॥ ६ ॥ जो सम्पूर्ण गोपीनके यूथनकूं शोभायमान करतभयो, जाने अपने चरणकमलकी रजते वृंदावनकी शोभा बढाई और गोवर्द्धनकी शोभा बढाई, जो सब लोकके वैभव बढायवेकूं भूमिमें प्रकट भयेहो, बहोत लीलानके करनहारे हो और भुजगेंद्रकीसी सुढार श्याम भुजावारे हो ताकूं हम भजें हैं ॥ ७ ॥ हे प्यारे ! तेरे बिना चंद्रमा तो सूर्य और अग्नि सो तातो लगैहे; महल मन्दिर, अग्निसे जरते दीखें हैं; सम्पूर्ण वन असिपत्र वनसो लगैहै, शीतल, मंद, सुगंधित पवन बाणसी लगैहै; एक तुम बिना हम बडी दुःखी हैं ॥ ८ ॥ सौदास राजा वशिष्ठके शापते ब्रह्मराक्षस हैगयो तब वाकी मदयंती रानीकूं जैसा अत्यन्त दुःख भयो हो, ताते हजार गुनो नलराजाकी दमयंती रानीकूं भयो हो, ताते किरोडगुनो दुःख जनकनन्दिनीकूं भयो हो, ताते अनंतगुनो दुःख है हरे ! हमकूं है ॥ ९ ॥ नारदजी कहैहे–ऐसे जब गोपी रोमनलगीं तब कमललोचन श्रीकृष्ण कृपाकरिके आपही प्रकट हैतिभये जैसे अपनो अर्थ आपुही आवे है ॥१०॥ कैसे प्रकट भयेहें झलमलाय रहे किरीट, कुंडल, बाजू जाके, चिकनी स्वच्छ और सुगंधित नील घूँघुरवारी अलकावली

योगोपिकासकलयूथमलंचकारवृन्दावनंचनिजपादरजोभिरद्रिम् ॥ यःसर्वलोकविभवायबभूवभूमौतंभूरिनीलमुरगेन्द्रभुजंभजामः ॥ ७ ॥ चंद्रप्रतप्तकिरणज्वलनंप्रसन्नंसर्वंवनांतमसिपत्रवनप्रवेशम् ॥ बाणंप्रभंजनमतीवसुमन्दयानंमन्यामहेकिलभवन्तमृतेव्यथार्ताः ॥ ८ ॥ सौदास राजमहिषीविरहादतीवजातंसहस्रगुणितंनलपट्टराइयाः ॥ तस्मात्तुकोटिगुणितंजनकात्मजायास्तस्मादनन्तमतिदुःखमलंहरेनः ॥ ९ ॥ ॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ इत्थंराजन्रुदन्तीनांगोपीनांकमलेक्षणः ॥ आविर्बभूवसहसास्वयमर्थमिवात्मनः ॥ १० ॥ स्फुरत्किरीटकेयूरकुंडलांगदभूषणम् ॥ स्निग्धामलसुगन्धाढ्यनीलकुंचितकुन्तलम् ॥ ११ ॥ आगतंवीक्ष्ययुगपत्समुत्तस्थुर्व्रजांगनाः ॥ तन्मात्राणियथंदृष्ट्वाथज्ञानेन्द्रियाणिच ॥ १२ ॥ हरिर्ननर्ततन्मध्येवंशीवादनतत्परः ॥ राधयासहितोराजन्यथारत्यारतीश्वरः ॥ १३ ॥ यावतीर्गोपिकाःसर्वास्तावद्रूपधरोहरिः ॥ गच्छंस्ताभिर्व्रजेरेमेस्वावस्थाभिर्मनोयथा ॥ १४ ॥ वनोद्देशेस्थितंकृष्णंगतदुःखाव्रजांगनाः ॥ कृतांजलिपुटाऊचुर्गिरा गद्गदयाहरिम् ॥ १५ ॥ ॥ गोप्यऊचुः ॥ ॥ क्वगतस्त्वंवदहरेत्यक्त्वागोपीगणोमहान् ॥ सर्वंजगत्तृणीकृत्यत्वत्पादेप्राप्तमानसः ॥ १६ ॥ ॥ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ ॥ हेगोप्यःपुष्करद्वीपेहंसोनाममहामुनिः ॥ समुद्रेदधिमंडोदेततापान्तर्गतस्ततः ॥ १७ ॥

छियकि रहीहें ऐसे रूपते आये ॥११॥ तब आये श्रीकृष्णकूं देखिके सबरी ब्रजगोपी एक साथ उठ ठाडी हैगइ, जैसे जीव बगदेर्प सब शब्दादितन्मात्र और ज्ञानइंद्री चेष्टा करन लगैहें ॥१२॥ तब श्रीकृष्ण तिनके बीचमें प्रसन्न हैके बंशी बजावत नृत्य करनलगे, राधा करिके सहित जैसे रतिके संग कामदेव नाचै है ॥ १३ ॥ जितनी गोपी ही तितनेंही श्रीकृष्णके रूप हैगये तिनके संग ब्रजमें उनके सग चलते विहार करनलगे जैसे अपनी अवस्थानके संग मन विहार करैहे ॥ १४ ॥ ता वनमें श्रीकृष्णकूं गईरिपै बैठारिकें प्रसन्न भयी जे गोपी वे सब हाथ जोडके गद्गद वाणीते कृष्णसों यह बोलीं ॥ १५ ॥ क्यों प्रभू ! सब गोपीगणनकूं छोडिके तुम कहां चलेगये हे ? जिन हमने सब जगतकूं तृणकी समान करिके तुम्हारे चरणकमलमें मन लगायो ॥ १६ ॥ सो तुम हमकूं छोडिके चलेगये, तब भगवान् बोले–हे गोपी हो !

पुष्करद्वीपमें एक हंस नाम मुनीश्वर दधिमंडोद समुद्रमें भीतर तप करैहो ॥१७॥ जो निष्काम भक्तिते मेरे ध्यानमें मग्न हो सो वाकूं तप करत २ हे गोपीहो ! द्वै मन्वंतर व्यतीत हैगये हैं ॥ १८ ॥ सो तब ऋषिको व दो कोशको मगर निगलि गयो, वा मगरकूं पौंड्र नाम एक मत्स्यरूपी असुर निगल गयो ॥ १९॥ या प्रकार हंसमुनि कष्टकूं प्राप्त हैगयो, तब वहां जायके मैंने दोनोंनके शिर काटिके सुदर्शन चक्रते मुनिकू छुडायो ॥२०॥ हे व्रजांगनाओ ! फिर मुनिकूं छुडायके मैं श्वेतद्वीपकूं चल्यो गयो तब मैं क्षीरसमुद्रमें शेषशय्यापै सोय रह्यो ॥ २१ ॥ फिर तुमकूं दुःखी जानके हे प्यारीयो ! नींदको त्यागके यहां चल्यो आयोहूं क्योंकि मैं भक्तवत्सल हूं सो याभी अकस्मात् फिर यहां आयगयो हूं ॥ २२ ॥ जे इंद्रियनके दमनवारे अपेक्षा रहित महान्त समदर्शी संत हैं ते मोकूं जानैहैं और वही महात्मा निरपेक्ष मेरे नैरपेक्ष्य सुखकूं जानैहैं जैसे ज्ञान इंद्रिय रसकूं जाने हैं ॥

चकाराहैतुकींभक्तिंममध्यानपरायणः ॥ व्यतीतंतस्यतपतोगोप्योमन्वन्तरद्वयम् ॥ १८ ॥ तमद्यैवग्रसन्मत्स्योयोजनार्द्धवपुर्द्धरः॥ तन्निर्जगारपौंड्रस्तुमत्स्यरूपधरोऽसुरः ॥ १९ ॥ एवंसंप्राप्तकष्टस्यहंसस्यापिमुनेरहम् ॥ गत्वाथशीघ्रंणतयोःशिरश्छित्त्वारिणामुनिम् ॥ २० ॥ मोचयित्वाथगतवाञ्श्वेतद्वीपंव्रजांगनाः ॥ क्षीराब्धौशेषपर्यंकेशयनंतुमयाकृतम् ॥ २१ ॥ दुःखिताभवतीर्ज्ञात्वानिद्रांत्यक्त्वाततःप्रियाः ॥ सहसाभक्तवश्योहंपुनरागतवानिह ॥ २२ ॥ जानन्तिसन्तःसमदर्शिनोयेदान्तामहान्तःकिलनैरपेक्ष्याः ॥ तेनैरपेक्ष्यंपरमंसुखंमेज्ञानेन्द्रियादीनिययारसादीन् ॥ २३ ॥ ॥ गोप्यऊचुः ॥ ॥ क्षीराब्धौशेषपर्यंकेयद्रूपंचत्वयाधृतम् ॥ तद्रूपदर्शनंदेहियदिप्रीतोसिमाधव ॥ २४ ॥ ॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ तथास्तुचोक्त्वाभगवान्गोपीव्यूहस्यपश्यतः ॥ दधाराष्टभुजंरूपंश्रीराधारूपमेवच ॥ २५ ॥ तत्रक्षीरसमुद्रोभूल्लोलकल्लोलमंडितः ॥ दिव्यानिरत्नसौधानिबभूवुर्मंगलानिच ॥२६॥ तत्रशेषोबिसश्वेतःकुण्डलीभूतसंस्थितः ॥ बालार्कमौलिसाहस्रफणाछत्रविराजितः ॥२७॥ तस्मिन्वैशेषपर्यंकेसुखंसुष्वापमाधवः ॥ यस्यश्रीरूपिणीराधापादसेवांचकारह ॥२८॥ तद्रूपंसुन्दरंदृष्ट्वाकोटिमार्तंडसन्निभम् ॥ नत्वागोपीगणाःसर्वेविस्मयंपरमंगताः॥ २९ ॥ गोपीभ्योदर्शनंदत्तंयत्रकृष्णेनमैथिल ॥ तत्रक्षेत्रंमहापुण्यंजातंपापप्रणाशनम् ॥ ३० ॥

॥ २३ ॥ गोपी बोली कि, हे प्रभो ! क्षीरसमुद्रमें शेषशय्यापै जो रूप तुमने धारण करचौ हो सो रूप हमकूं दिखाओ जो तुम प्रसन्न हो तौ ॥ २४ ॥ ऐसे जब गोपीननें श्रीकृष्णते कही तब सब गोपीनके देखत देखत अष्टभुजी रूप धारण करिलीयो और श्रीराधाजी लक्ष्मीरूप हैगई ॥ २५ ॥ तहीं क्षीरसमुद्र हैगयो जामें चंचल लहरी उठन लगी, दिव्य रत्नके महल बनिगये, अनेक मंगल होनलगे ॥ २६ ॥ तहां कमलनालके समान श्वेत वर्ण जिनको ऐसे कुंडली लगाय बैठे शेषजी प्रकट हैआये, बालसूर्यसे तेज जिनके ऐसे हजार फणनको छत्रसौ विराजित भये ॥ २७ ॥ ता शेषशय्यापै सुखते लक्ष्मीपति सोवत भये, जिनकी राधिका लक्ष्मीजी हैके चरणसेवा कर रही है ॥ २८ ॥ किरोड़ सूर्यकोसो जाको तेज ऐसे अतिसुंदर रूपकूं देखिके सब गोपीनके गणनें नमस्कार करी और अचंभेमें आयगई ॥ २९ ॥ हे मैथिल ! जहां श्रीकृष्णने गोपीनकूं दर्शन

दीनों वुह पापको नाश करनहारो पवित्र क्षेत्र हैगयो ॥ ३० ॥ फेर गोपिगणनकूं संग लेके श्रीकृष्ण यमुनापे आये कालिन्दीके जलकी धारानमें कलालीला करत भये ॥३१॥ तब राधाजीके हाथमेंते एकलाख दलके कमलको लेके श्रीकृष्ण हँसते भजे सो भागते २ जलमें चलेगये ॥ ३२ ॥ तब राधाजी श्रीकृष्णके हाथमेंते वंशी वेत और पीतांबरकूं लैके हँसत २ यमुनाजलमें प्रवेश हैगई ॥ ३३ ॥ जब श्रीकृष्णने कही कि, हे राधाजी ! हमारी वेत, मुरली, पीतांबर, देउ तब राधा कहन लगी कि, आप कमल वस्त्र देउ ॥ ३४ ॥ तब श्रीकृष्णने तो प्रियाजीकूं लक्षदल कमल और नीलांबर देदीनो और राधाजीने मुरली, वेत, पीतांबर देदीनो ॥ ३५ ॥ याके अनंतर श्रीकृष्ण घुटनेतक लट कती वैजयंती मालाकूं धारण करते मनोहर गान करते भांडीरवनकूं चलेआये ॥ ३६ ॥ यहां आयके चतुरनके ईश्वर श्रीकृष्ण राधाजीको, शृंगार करते भये, पत्रावलीकी रचनाते मेहदी, महावर, अंजन, कज्जल, केसर, फूल, फूलनके गहने, पहराये ॥ ३७ ॥ तब चंदन, अगर, केसर, कस्तूरि, इनते श्रीमतीजीने पत्रभंगी रचना अनेक रंगसों

अथगोपीगणैःसार्द्धंयमुनामेत्यमाधवः ॥ कालिन्दीजलवेगेषुकलांकेलिंचकारह ॥ ३१ ॥ राधाकराल्लक्षदलंपद्मंनीत्वांबरंतथा ॥ धावञ्जलेषु गतवान्प्रहसन्माधवःस्वयम् ॥ ३२ ॥ राधाहरेःपीतपटंवंशीवेत्रस्फुरत्प्रभम् ॥ गृहीत्वाप्रहसन्तीसागच्छन्तीयमुनाजले ॥ ३३ ॥ वंशींदेहीति वदतःश्रीकृष्णस्यमहात्मनः ॥ राधाजगादकमलंवासोदेहीतिमाधव ॥ ३४ ॥ कृष्णोददौराधिकायैपद्ममंबरमेवच ॥ राधाददौपीतपटंवेत्रंवं शींमहात्मने ॥ ३५ ॥ अथकृष्णःकलंगायन्मालामाजानुलंबिताम् ॥ वैजयन्तीमादधानःश्रीभांडीरंजगामह ॥ ३६ ॥ प्रियायास्तत्रशृंगारंच कारकुशलेश्वरः ॥ पत्रावलीयावकाद्यैःपुष्पैःकज्जलकुंकुमैः ॥ ३७ ॥ चन्दनागुरुकस्तूरीकेसराद्यैर्हरेर्मुखे ॥ पत्रंचकारशृंगारेमनोज्ञंकीर्तिन न्दिनी ॥ ३८ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायांवृंदावनखण्डेरासक्रीडानामैकोनविंशोऽध्यायः ॥ १९ ॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ अथकृष्णो गोपिकाभिर्लोहजंघवनंययौ ॥ वसन्तमाधवीभिश्चलताभिःसंकुलंनृप ॥ १ ॥ तत्पुष्पदामनिचयैःस्फुरत्सौगंधिशालिभिः ॥ सर्वासांहरिणा तत्रकबर्योगुंफितास्ततः ॥ २ ॥ भ्रमरध्वनिसंयुक्तेसुगन्धानिलवासिते ॥ कालिन्दीनिकटेकृष्णोविचचारप्रियान्वितः ॥ ३ ॥ करिलैःपीलुभिः श्यामैस्तालैश्चसंकुलद्रुमैः ॥ महापुण्यवनंकृष्णोथ्ययौरासेश्वरोहरिः ॥ ४ ॥

मुख कपोलादिको चीतनो तासों श्रीकृष्णको शृंगार कीनो ॥ ३८ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायां वृंदावनखंडे भाषाटीकायां रासक्रीडावर्णनं नामैकोनविंशोऽध्यायः ॥ १९ ॥ नारदजी कहेहैं याके अनंतर श्रीकृष्ण गोपीनकूं संग लेके लोहजंघवनकूं आये, जो वन वसंतमाधवीकी लतानते सघन हैरह्यो है ता वनमें ॥ १ ॥ तहां श्रीकृष्णने जिन फूलनकी सुगंधिके मारे वो सुगंधित वनीही तिन फूलनते सब गोपीनकी कबरी गुही ॥ २ ॥ ता वनमें मतवारे भौंरानकी गुंजारते वन झनकार रह्यो है, चारों बगलते फूलनकी बड़ी भारी सुगंधिते सुगंधित है, कालिंदीके निकट ता वनमें प्यारीको हाथ पकडे विचरन लगे ॥ ३ ॥ जो वन शाल, ताल, तमाल, केला, कदंब, पाडर, पीलू, करील, कचनार इत्यादिक वृक्षनते आकुल है रासके ईश्वर हरि ता महापुण्य वनमें आये ॥ ४ ॥

तहां रासेश्वरी राधिकाके संग रास करनलगे, तिनके यशकूं गोपी गावेंहैं, जैसें इंद्रके यशकूं अप्सरा गावैं हैं ॥ ५ ॥ तहां एक बड़ो अचंभो भयो ताहि तूं मेरे मुखते सुनि एक संखचूड नाम यक्ष कुवेरको चाकर महावली ॥ ६ ॥ पृथिवीमें जाकी समान कोई वली नहीं, गदायुद्धमें बडो प्रवीण मेरे मुखतें महदुत्कट कंसको बल सुनिके ॥ ७ ॥ एक लाख भारकी गदा अष्टधातुकी ताको लेके कंसकी सभामें आयके कंसको प्रणाम करके महायक्ष शंखचूड प्रचंड पराक्रमी बडो मदसो उद्धत ॥ ८ ॥ सभामें बैठ्यो जो कंस ताते यह बोल्यो कि, हे कंस ! तूं गदायुद्ध मोकूं दे तेंने त्रिलोकी जीती है ॥ ९ ॥ जो तूं जीतिजायगो तो मैं तेरो दास हैजाऊंगो और जो मैं जीतिजाऊं तो तूं मेरो दास हैजेयो ॥ १० ॥ अच्छो ऐसें कंस कहिके बड़ी भारी गदा लेके रंगभूमिमें हे विदेहराज ! शंखचूडके संग कंस लड्यो ॥ ११ ॥ तब दोनोंनको बडो घोर गदायुद्ध भयो जिनके शरीरमें

तत्ररासंसमारेभेरासेश्वर्यासमन्वितः ॥ गीयमानश्चगोपीभिरप्सरोभिःस्वराडिव ॥ ५ ॥ तत्रचित्रमभूद्राजञ्छृणुत्वंतन्मुखान्मम ॥ शंखचूडो नामयक्षोधनदानुचरोबली ॥ ६ ॥ भूतलेतत्समोनास्तिगदायुद्धविशारदः ॥ मन्मुखादौग्रसेनेश्चबलंश्रुत्वामहोत्कटम् ॥ ७ ॥ लक्षभारमयीं गुर्वींगदामादाययक्षराट् ॥ स्वसकाशान्मधुपुरीमाययौचण्डविक्रमः ॥ ८ ॥ सभायामास्थितंप्राहकंसंनत्वामदोद्धतः ॥ गदायुद्धंदेहिमह्यंत्वंलोक्यविजयीभवान् ॥ ९ ॥ अहंदासोभवेयंवैभवांश्चविजयीयदि ॥ अहंजयीचेद्भवंतंदासंशीघ्रंकरोम्यहम् ॥ १० ॥ तथास्तुचोक्त्वाकंसस्तुगृहीत्वामहतींगदाम् ॥ शंखचूडेनयुयुधेरंगभूमौविदेहराट् ॥ ११ ॥ तयोश्चगदयायुद्धंघोररूपंबभूवह ॥ ताडनाच्चटचटाशब्दंकालमेघतडिद्ध्वनिः ॥ ॥ १२ ॥ शुशुभातेरंगमध्येमल्लौनाट्यनटाविव ॥ इभेन्द्राविवदीर्घांगौमृगेन्द्राविवचोद्भटौ ॥ १३ ॥ द्वयोश्चयुध्यतोराजन्परस्परजिगीषया ॥ विस्फुलिंगान्क्षरन्त्यौद्वेगदेचूर्णीबभूवतुः ॥ १४ ॥ कंसःप्रकुपितंयक्षंमुष्टिनाऽभिजघानह ॥ शंखचूडोपितंकंसंमुष्टिनासंतताडच ॥ १५ ॥ मुष्टामुष्टियोरासीद्दिनानांसप्तविंशतिः ॥ द्वयोरक्षीणबलयोर्विस्मयंगतयोस्ततः ॥ १६ ॥ शंखचूडंसंगृहीत्वाकंसोदैत्याधिपोबली ॥ बलाद्विक्षेप सहसाव्योम्नितंशतयोजनम् ॥ १७ ॥ शंखचूडःप्रपतितःकिंचिद्व्याकुलमानसः ॥ कंसंगृहीत्वानभसिचिक्षेपायुतयोजनम् ॥ १८ ॥

नैःसार्द्धमेत्यगोवर्द्धनंहरिः ॥ समुत्पाट्यदधाराद्रिंहस्तेनैकेनलीलया ॥ १५ ॥ यथोच्छिलींध्रंशिशुरश्रमोगजःस्वपुष्करेणैवचपुष्करंगिरिम् ॥
धृत्वाबभौश्रीव्रजराजनन्दनःकृपाकरोसौकरुणामयःप्रभुः ॥ १६ ॥ अथाहगोपान्विशताद्रिगर्तहेतातमातर्व्रजवल्लभेशाः ॥ सोपस्करैःसर्वधनै
श्चगोभिर्नैवशक्रस्यभयंनकिंचित् ॥ १७ ॥ इत्थंहरेर्वचःश्रुत्वागोपागोधनसंयुताः ॥ सकुटुंबोपस्करैश्चविविशुःश्रीगिरेस्तलम् ॥ १८ ॥

॥ १२ ॥ नारदजी कहैं हैं कि, ऐसे गोपनकूं, गोपीनकूँ, गोकुलकूँ, बछरा बछिया बालक इनकूँ, व्याकुल देखके निराकुल भगवान् श्रीकृष्ण गोपनसों बोले ॥ १३ ॥ हे ब्रजवासियो ! भय मत करौ तुम अपनों सब परिवार लैकें गिरिराज पर्वतके किनारेपै चलौ जाने तुम्हारी पूजा खाई है सोई तुम्हारी रक्षा करैगो ॥ १४ ॥ नारदजी कहैं हैं ऐसें कह स्वजननकूं संग लैकें सहजमेंही गोवर्द्धनके पास आयके गिरिराजकूँ उखाडकें एक हाथपै धरि लीनो ॥ १५ ॥ जैसें बालक छतौनाको और जैसे हाथी कमलकूँ उठायलेय वैसेंही गोवर्द्धनको उठायके श्रीकरुणामय नन्दनन्दन शोभाको प्राप्त भये हैं ॥१६॥ अब गोपनते बोले—हे मैय्या ! हे बाबा ! हे गोपी हो ! हे गोप हो ! अपनी गौ, बिजार, बछडा, बछिया, बासन, वस्त्र, बालक, पलंग, पिटारे सब लैकें गोवर्द्धनके गढ़ेलामें चलेआओ, यहां इन्द्रको कछू भय नहीं है ॥ १७ ॥ ऐसे श्रीकृष्णको वचन सुनिके कुटुंब

समेत घरकी सामग्री सब लेके अपनी २ गौनकूँ लैके गोवर्द्धनके नीचे सब आयगये ॥ १८ ॥ बलदेवसमेत सबरे बराबरके बालकनने कृष्णके कहेसों अपनी २ लठियानकूँ लेले गोवर्द्धनके रोकवेको खंभकी नाईं टेवकी लगायदीने ॥ १९ ॥ जब भगवान्ने जलनके समूहको गोवर्द्धनके नीचे आमतो देखो तब अपने मनतेंई सुदर्शनचक्रकूँ और शेषजीकूँ ऊपर नीचेकी आज्ञा देते भये ॥ २० ॥ और किरोड़ सूर्यनको तेज धरिके सुदर्शनचक्र- गोवर्द्धनके ऊपर जाय बैठ्यो सो ऊपरकी सबरी वर्षा चक्र पीगयो जैसे अगस्त्यजी समुद्रकूं पीगये हैं ॥ २१ ॥नीचे तो गोवर्धनके चारों ओर कुंडली मारिके शेषजी बैठगये सो सब जल रोकलीनों जैसे वेला समुद्रकी मर्याद समुद्रकूँ रोक लेयहै ॥ २२ ॥ गोवर्द्धनके धरनहारे हरि सात दिन तक स्थिर हैके एकसे जैसेके तैसे ठाढे रहे नेकहू चलायमान नहीं भये और वे सब गोप गोपी श्रीकृष्णकूं ऐसे देखते खडे रहे जैसे चन्द्रमाकूँ रातै दिन चकोर देख्यौ करै है ॥ २३ ॥ और वा समय इन्द्र क्रोधको मार्यौ मत्त ऐरावत हाथीपै बैठिके सब सेनाको संग लेके व्रजमंडलकूँ आयो है ॥ २४ ॥ और

वयस्याबालकाःसर्वेकृष्णोक्ताःसबलानृप ॥ स्वान्स्वांश्चलगुडानद्रेरवष्टंभान्प्रचक्रिरे ॥ १९ ॥ जलौघमागतंवीक्ष्यभगवांस्तद्गिरेरधः ॥ सुदर्शनंतथाशेषंमनसाऽऽज्ञांचकारह ॥ २० ॥ कोटिसूर्यप्रभंचाद्रेरूर्ध्वंचक्रंसुदर्शनम् ॥ धारासंपातमपिबदगस्त्यइवमैथिल ॥ २१ ॥ अधोधस्त्वं गिरिंशेषःकुण्डलीभूतआस्थितः ॥ रुरोधतज्जलंदीर्घंयथावेलामहोदधिम् ॥ २२ ॥ सप्ताहंसुस्थिरस्तस्थौगोवर्द्धनधरोहरिः ॥ श्रीकृष्णचंद्रंपश्यंतःचकोराइवतेस्थिताः ॥ २३ ॥ मत्तमैरावतंनागंसमारुह्यपुरन्दरः ॥ ससैन्यःक्रोधसंयुक्तोव्रजमण्डलमाययौ ॥ २४ ॥ दूराच्चिक्षेपवज्रंस्वं नंदगोष्ठजिघांसया ॥ स्तंभयामासशक्रस्यसवज्रंमाधवोभुजम् ॥२५॥ भयभीतस्तदाशक्रःसांवर्तकगणैःसह ॥ दुद्रावसहसादेवैर्यथेभःसिंहताडितः ॥२६॥ तदैवार्कोदयोजातोगतामेघाइतस्ततः ॥ वाताउपरताःसद्योनद्यःस्वल्पजलानृप ॥ २७ ॥ विपंकंभूतलंजातंनिर्मलंखंबभूवह ॥ चतुष्पदाःपक्षिणश्चसुखमापुस्ततस्ततः ॥ २८ ॥ हरिणोक्तास्तदागोपानिर्ययुर्गिरिगर्ततः ॥ स्वंस्वंधनंगोधनंचसमादायशनैःशनैः ॥ २९ ॥ निर्यातेतिवयस्यांश्चप्राहगोवर्द्धनोद्धरः ॥ तेतमाहुश्चनिर्गच्छधारयामोऽद्रिमोजसा ॥ ३० ॥ इतिवादपरान्गोपान्गोवर्द्धनधरोहरिः ॥ तदद्रेश्चगिरेर्भारंप्रादात्तेभ्योमहामनाः ॥ ३१ ॥

नन्दजीके व्रजकूँ नाश करिवेकी इच्छा करिके फैंकके वज्र मारनलगौ सोही श्रीकृष्णने वज्रसमेत इन्द्रको हाथ जकड दीनों ॥ २५ ॥ तब तो इन्द्र डरके मारे सांवर्तक गणनकूँ संग लेके देवतानकूँ संग लैके ऐसे भाजिगयो जैसे सिंहको मार्यौ हाथी भाजे है ॥ २६ ॥ तबही सूर्य उदय है आयौ, बादल सब जहांके तहां विलाय गये, पवन बन्द हैगई नदीनके जल प्रमाणते बहलनलगे ॥ २७ ॥ पृथ्वीकी कीचड सूख गयी, निर्मल आकाश हैगयो, चौपाये जीव जन्तु पशु सुखी हैगये पक्षी सब सुखी हैगये ॥ २८ ॥ हरिकी आज्ञाते सब गोप पर्वतके गढेलाते अपने २ धनकू गौनकूं होलै २ निकासिके बाहर आयगये ॥ २९ ॥ जब सब निकसिगये तब भगवान् गोवर्द्धनधारी बराबरके सब ग्वालनते बोले कि, तुमहू निकसो तब सखा श्रीकृष्णते बोले कै, भैया तूं निकसिजा हम या गोवर्द्धनकूं अपने पराक्रमते धारण करलेंगे ॥ ३० ॥ ऐसे कहते जे गोप तिनके

ऊपर गोवर्द्धनधारीने आधीसों बोझ धरिदीनों ॥ ३१ ॥ ताही बोझके मारे निर्बल ह्वैकें सब गोपबालक पृथ्वीमें जायपरे ॥ ३२ ॥ तब एक हाथते सबनको उठाय सबनके देखत देखत जहांको तहांही पर्वत धरिदीनों ॥ ३३ ॥ तबही सबरे गोप और गोपीनने परब्रह्म श्रीकृष्णकूँ जानिके गन्ध, अक्षत, फूल, माला, दीप दही, दूधते श्रीकृष्णको पूजन कीनो और दंडोत करी ॥ ३४ ॥ तबही नन्द, उपनन्द, यशोदा, रोहिणी, बलदेव, संनन्दते आदि लैकें बूढे बूढे गोप श्रीकृष्णते मिलिकें आशीर्वाद देनेलगे और धन देतभये बडी दया करत भये ॥ ३५ ॥ गवैया बजवैया ता कृष्णकी बडाई करकें गावन लगे, बजावन लगे, नाचन लगे, दूरितेई श्रीकृष्णकूं आगे करके सब व्रजवासी अपने २ घरकूं आये मनोरथ सबके पूर्ण ह्वैगये ॥ ३६ ॥ तबही देवता प्रसन्न ह्वैके नंदनबनके पुष्पनकी वर्षा करनलगे और प्रसन्न भये गंधर्व

पतितास्तेनभारेणगोपबालाश्चनिर्बलाः ॥ ३२ ॥ करेणतान्समुत्थाप्यस्वस्थानेपूर्ववद्गिरिम् ॥ सर्वेषांपश्यतांकृष्णःस्थापयामासलीलया ॥ ॥ ३३ ॥ तदैवगोपीगणगोपमुख्याःसम्पूज्यकृष्णंनृपनन्दसूनुम् ॥ गन्धाक्षताद्यैर्दधिदुग्धभोगैर्ज्ञात्वापरंनेमुरतीवसर्वे ॥ ३४ ॥ नन्दोयशोदानृपरोहिणीचबलश्चसन्नन्दमुखाश्चवृद्धाः ॥ आलिंग्यकृष्णंप्रददुर्धनानिशुभाशिषासंयुयुजुर्घृणार्ताः ॥ ३५ ॥ संश्लाघ्यतंगायनवाद्यतत्परानृत्यन्तआरान्नृपनन्दनन्दनम् ॥ आजग्मुरेवस्वगृहान्व्रजौकसोहरिंपुरस्कृत्यमनोरथंगताः ॥ ३६ ॥ तदैवदेवाववृषुःप्रहर्षिताःपुष्पैःशुभैःसुन्दरनन्दनोद्भवैः ॥ जगुर्यशःश्रीगिरिराजधारिणोगन्धर्वमुख्यादिविसिद्धसंघाः ॥ ३७ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायांश्रीगिरिराजखण्डेश्रीनारदबहुलाश्वसंवादेगोवर्द्धनोद्धारणंनामतृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ अथदेवगणैःसार्द्धंशक्रस्तत्रसमागतः ॥ गतमानोगिरौकृष्णंरहसिप्रणनामह ॥ १ ॥ ॥ इन्द्रउवाच ॥ ॥ त्वंदेवदेवःपरमेश्वरःप्रभुःपूर्णःपुराणःपुरुषोत्तमोत्तमः ॥ परात्परस्त्वंप्रकृतेःपरोहरिर्मांपाहिपाहिद्युपतेजगत्पते ॥ २ ॥ दशावतारोभगवांस्त्वमेवरिरक्षयाधर्मगवांश्रुतेश्च ॥ अद्यैवजातःपरिपूर्णदेवःकंसादिदैत्येन्द्रविनाशनाय ॥ ३ ॥ त्वन्माययामोहितचित्तवृत्तिंमदोद्धतंहेलनभाजनंमाम् ॥ पितेवपुत्रंद्युपतेक्षमस्वप्रसीददेवेशजगन्निवास ॥ ४ ॥

और सिद्धनके समूह गिरधारीको यश स्वर्गमें गावनलगे ॥३७॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायां गिरिराजखंडे भाषाटीकायां नारदबहुलाश्वसंवादे गोवर्द्धनोद्धारणं नाम तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥ नारदजी कहैहैं-याके अनंतर देवगणनके संग इंद्र आयौ गोवर्द्धनपै एकांतमें मान जाको भंग ह्वैगयो सो श्रीकृष्णकूं दंडोत करिके यह बोल्यो ॥ १ ॥ तुम देवतानके देवता हौ, परमेश्वर हौ, समर्थ हौ, पूर्ण हौ, पुराणपुरुष हौ, पुरुषोत्तम हौ, परेतें परे मायातें परे हरि आपही हौ, हे स्वर्गके पति ! हे जगत्के पति ! मेरी रक्षा करो २ ॥ २ ॥ हे भगवन् ! दशावतार तुमही हौ, धर्म, गौ, वेद इनकी रक्षाके लिये अभी आपने जन्म लियौ है; हे परिपूर्णदेव ! कंसादिक जे दैत्येंद्र तिनके नाश करिवेकूं आपको प्रादुर्भाव भयौ है ॥ ३ ॥ तुम मायाकरिके मोहितभई चित्तकी वृत्ति जाकी मैं इंद्र हौं या अभिमानसौं उद्धत तुम्हारे अपराधको करनहारो जैसे पिता पुत्रके अपराधकूं क्षमा करैं हैं तैसे मेरे अपराधकूं क्षमा करौ

हे देवेश ! हे स्वर्गपते ! हे जगन्निवास ! मेरे ऊपर प्रसन्न होओ ॥ ४ ॥ गोवर्द्धनके उठायवेवारे हौ तिनके अर्थ नमस्कार है, गोविंद हौ, गौनके इंद्र हौ, गोकुलमें निवास करनहारे गौनके पालन करनहारे गोपनके पति हौ, तिनके अर्थ नमस्कार है, गोपीजननके भर्ता हौ, गिरिराजके उद्धर्ता हौ, करुणाकी निधि हौ, जगतके विधान करिवेवारे हौ, तिनके अर्थ नमस्कार है, जगतकूं मंगलकारी हौ, जगतके निवास हौ, जगतके मोह करनहारे हौ, किरोड़न कामदेवनके मनके मथनहारे हौ, वृषभानुकी बेटीके वर हौ, नंदराजके कुलके दीपकके समान प्रकाश करनहारे हौ, श्रीकृष्ण हौ, तिनके अर्थ नमस्कार है, परिपूर्णतम हौ, असंख्य ब्रह्मांडनके पति हौ, गोलोकधामके पति हो, स्वयं भगवान् हौ, तिनकूं बलदेव सहित नमस्कार है, नमस्कार है, नमस्कार है ॥ ५ ॥ नारदजी कहैं है—या इंद्रके कीये स्तोत्रकूं जो प्रातःकाल उठिकरके पढैगो ताकै सबरी सिद्धि होयगी और वह अनेक संकट

ॐनमोगोवर्द्धनोद्धरणायगोविन्दायगोकुलनिवासायगोपालायगोपालपतयेगोपीजनभर्त्रेगिरिजोद्धर्त्रेकरुणानिधयेजगद्विधयेजगन्मङ्गलायजग
न्निवासायजगन्मोहनायकोटिमन्मथमन्मथायवृषभानुसुतावरायश्रीनन्दराजकुलप्रदीपायश्रीकृष्णायपरिपूर्णतमायत्वसंख्यब्रह्मांडपतयेगोलोक
धामधिषणाधिपतयेस्वयम्भगवतेसबलायनमस्तेनमस्तेनमस्ते ॥ ५ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ इतिशक्रकृतंस्तोत्रंप्रातरुत्थाययः
पठेत् ॥ सर्वसिद्धिर्भवेत्तस्यसंकटान्नभयम्भवेत् ॥ ६ ॥ इतिस्तुत्वाहरिंदेवःसर्वैर्देवगणैःसह ॥ कृतांजलिपुटोभूत्वाप्रणनामपुरन्दरः ॥ ७ ॥
अथगोवर्द्धनेरम्येसुरभिर्गौःसमुद्रजा ॥ स्नापयामासगोपेशंदुग्धधाराभिरात्मनः ॥ ८ ॥ शुंडादण्डैश्चतुर्भिश्चद्युगंगाजलपूरितैः ॥ श्रीकृष्णंस्ना
पयामासमत्तऐरावतोगजः ॥ ९ ॥ ऋषिभिःश्रुतिभिःसर्वैर्देवगन्धर्वकिन्नराः ॥ तुष्टुवुस्तेहरिंराजन्हर्षिताःपुष्पवर्षिणः ॥ १० ॥ कृष्णा
भिषेकेसंजातेगिरिर्गोवर्द्धनोमहान् ॥ द्रवीभूतोऽवहद्राजन्हर्षानन्दादितस्ततः ॥ ११ ॥ प्रसन्नोभगवांस्तस्मिन्कृतवान्हस्तपंकजम् ॥ तद्ध
स्तचिह्नमद्यापिदृश्यतेतद्गिरौनृप ॥ १२ ॥ तत्तीर्थंचपरम्भूतंनराणाम्पापनाशनम् ॥ तदेवपादचिह्नंस्यात्तत्तीर्थंविद्धिमैथिल ॥ १३ ॥

नके भयतें छूटिजायगो ॥ ६ ॥ ऐसें इंद्र सब देवगणनके संग स्तुति करके दोनों हाथ जोड़के दंडवत करतो भयो ॥ ७ ॥ ताके अनन्तर क्षीरसमुद्रकी भई जो सुरभी गौ है मनोहर गोवर्द्धनमें आई अपने दूधकी धारानते श्रीकृष्णकूं स्नान करावती भई ॥ ८ ॥ फिर इन्द्रको ऐरावत हाथी अपनी चार शुंडादंडनसों-मंदाकिनी स्वर्गकी गंगाके जलनते श्रीकृष्णको स्नान करावतभयो ॥ ९ ॥ देव, गंधर्व, किन्नर, ऋषीश्वर, सब वेदकी श्रुतिनते भगवान्‌की स्तुति करनलगे और हर्षित हैके पुष्पनकी वर्षा करनलगे ॥ १० ॥ जब श्रीकृष्णको गोविंदाभिषेक भयो तब गोवर्द्धन पर्वत हर्षके आनंदते इत चित द्रवीभूत हैके बहनलग्यो ॥ ११ ॥ तब भगवान्‌नें प्रसन्न हैके गोवर्द्धनके ऊपर अपनो हाथ धरदीनों ताको चिह्न ता गोवर्द्धन पर्वतमें हे नृप ! अबतक दीखे है ॥ १२ ॥ वोही मनुष्यनके पापनको दूर करनहारो तीर्थ हैगयो, ऐसेही जहां आपने पाँव धरो हो वहां चरणको चिह्न भयो है हे मैथिल !

वाहीकूं तीर्थ समझौ ॥ १३ ॥ और जहां भगवान्‌के चरणको चिह्न भयौ हौ तहांही सुरभीके चरणनके चिह्न भये हैं ॥ १४ ॥ और जो वा समय आकाशगंगामें जल गोवर्द्धनमें गिरौ वा स्वर्गकी गंगामें कृष्णके स्नानते वो मानसीगंगा पापकी नाश करनहारी प्रगट भई है ॥ १५ ॥ और जो सुरभीके दूधकी धारानते गोविंदनें स्नान कियो ताते गोवर्द्धनपै गोविंदकुंड उत्पन्न भयौ है जो महा पापनकौ स्नान पान करेते दूर करै है ॥ १६ ॥ कभी २ वा जलमें दूधकोसौ स्वाद आवै है या गोविंदकुण्डके स्नान करै तो मनुष्य साक्षात् गोविंदके पदकूं प्राप्त होय है ॥ १७ ॥ गोवर्द्धनकी परिक्रमा दैकें हरिकूं नमस्कार करकें सब इन्द्रादिक देवता बलि दैकें जय २ ध्वनि करकें पुष्पनकी वर्षा करते सुखी हैकें स्वर्गकूं चलेगये ॥ १८ ॥ जो कोई श्रीकृष्णकी या गोविंदाभिषेककी कथाकूं सुनें सो दश अश्वमेध यज्ञके फलते अधिक फलकूं प्राप्त होय है और परलोकमें ब्रह्मलोकसो हू ऊपर जो

एतावत्तस्यतत्रैवपादचिह्नंबभूवह ॥ सुरभेःपादचिह्नानिबभूवुस्तत्रमैथिल ॥ १४ ॥ द्युगंगाजलपातेनकृष्णस्नानेनमैथिल ॥ तत्रनैमानसीगंगागिरौजाताऽघनाशिनी ॥ १५ ॥ सुरभेर्दुग्धधाराभिर्गोविन्दस्नानतोनृप ॥ जातोगोविन्दकुण्डोद्रौमहापापहरःपरः ॥ १६ ॥ कदाचित्तस्मिन्दुग्धस्यस्वादुत्वंप्रतिपद्यते ॥ तत्रस्नात्वानरःसाक्षाद्गोविन्दपदमाप्नुयात् ॥ १७ ॥ प्रदक्षिणीकृत्यहरिंप्रणम्यवैदत्त्वाबलींस्तत्रपुरन्दरादयः ॥ जयध्वनिंकृत्यसुपुष्पवर्षिणोययुःसुराःसौख्ययुतास्त्रिविष्टपम् ॥ १८ ॥ कृष्णाभिषेकस्यकथांशृणोतियोदशाश्वमेधावभृथाधिकंफलम् ॥ प्राप्नोतिराजेन्द्रसएवभूयसःपरम्पदंयातिपरस्यवेधसः ॥ १९ ॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहितायांश्रीगिरिराजखंडेश्रीनारदबहुलाश्वसंवादेश्रीकृष्णाभिषेकोनामचतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ एकदासर्वगोपालागोप्योनन्दसुतस्यतत् ॥ अद्भुतंचरितंदृष्ट्वानन्दमाहुर्यशोदयम् ॥ १ ॥ ॥ गोपाऊचुः ॥ ॥ हेगोपराजत्वद्वंशेकोपिजातोनचाद्रिधृक् ॥ नक्षमस्त्वंशिलाधर्त्तुंसप्ताहंहेयशोमय ॥ २ ॥ क्वसप्तहायनोबालःक्वाद्रिराजस्यधारणम् ॥ तेननोजायतेशंकातवपुत्रेमहाबले ॥ ३ ॥ अयंलिभ्रद्गिरिवंरंकमलंगजराडिव ॥ उच्छिलींध्रंयथाबालोहस्तेनैकेनलीलया ॥ ४ ॥ गौरवर्णायशोदेत्वंनन्दत्वंगौरवर्णधृक् ॥ अयंजातःकृष्णवर्णएतत्कुलविलक्षणम् ॥ ५ ॥

परंपद है ताकूं प्राप्त होय है ॥ १९ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायां गिरिराजखण्डे भाषाटीकायां कृष्णाभिषेको नाम चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥ नारदजी कहैहैं—एकसमयकी बात है कि, सबरी गोपी और गोप नंदके बेटाके वा अद्भुत चरित्रको देखिके नंदजीते यशके उदय करनेवारो यह बचन बोले ॥ १ ॥ हे गोपराज ! तेरे वंशमें आज तलक कोई ऐसौ नहीं भयौ जाने पर्वत उठायौ होय और हमारी तेरी तो यह सामर्थ्य नहीं है जो सात दिनताईं एक हाथपै एक शिलाकौ तौ उठायके धरै राखें ॥ २ ॥ कहां तो सात वर्षको बालक और कहां सातदिनताईं पर्वतराजको धारण करिबो ताते महाबली या तेरे बेटामें हमकूं शंका होयहै ॥ ३ ॥ जानें गिरिराजकूं एकही हाथते सहजमें ऐसे उठायलीनों जैसें हाथी कमलके फूलकूं और बालक छतौनाकूं उठाय लेयहै ॥ ४ ॥ हे यशोदा ! तुमहू गोरी हौ और नंदजीहू गोरे है यह बेटा तुम्हारौ कारौ काहेते है यहहू

कुलमें एक विलक्षण बात है ॥ ५ ॥ क्षत्रीनको बालक तौ ऐसौ होय है कि, जैसे बलदेव गोरो है तो यामें कछू दोष नहीहै क्योंकि यह चंद्रवंशमें भयो है यातें ॥ ६ ॥ जो तुम
सांच न कहौगे तो हम तुमें जातिमेंते छेकिदेंयेंगे सो याते याकी उत्पत्ति कहौ और जो याकी उत्पत्ति न कहोगे तो गोपनमें बडी लडाई होयगी ॥ ७ ॥ नारदजी कहे है गोपनको
वचन सुनिके यशोदा भयविह्वल हैगई और कुपितभये जे गोप है तिनते नंदराज बोले ॥ ८ ॥ हे गोप हो ! मैं सावधान हैके गर्गजीको वचन कहूंहूं जा वचनके सुनेते तुम्हारो
अभी सब संदेह मिट जायगो ॥ ९ ॥ पहले तो याके नामको अर्थ तुम सुनो ककारको अर्थ तो कमला लक्ष्मीके पति है ऋको अर्थ राम है षकारको अर्थ छःगुणके पति
श्वेतद्वीपवासी है ॥ १० ॥ णकारको अर्थ नृसिंह है अकारको अर्थ अक्षर जो सबके पहले भोक्ता है, विसर्गको अर्थ नरनारायण है ॥११॥ या प्रकार ये छः पूर्णभगवान् अवतार

यद्वाऽस्तुक्षत्रियाणांतुबालएतादृशोयथा ॥ बलभद्रेनदोषःस्याच्चन्द्रवंशसमुद्भवे ॥ ६ ॥ जातेस्त्यागंकरिष्यामोयदिसत्यंनभाषसे ॥ गोपेषुचा
स्यचोत्पत्तिंवदचेत्रकलिर्भवेत् ॥७॥ श्रीनारदउवाच ॥ श्रुत्वागोपालवचनंयशोदाभयविह्वला ॥ नन्दराजस्तदाप्राहगोपान्क्रोधप्रपूरितान् ॥
॥ ८ ॥ ॥श्रीनंदउवाच ॥ ॥ गर्गस्यवाक्यंहेगोपावदिष्यामिसमाहितः ॥ येनगोपगणायूयंभवताऽऽशुगतव्यथाः ॥९॥ ककारःकमलाकांतो
ऋकारोरामइत्यपि ॥ षकारःषड्गुणपतिःश्वेतद्वीपनिवासकृत् ॥ १० ॥ णकारोनारसिंहोयमकारोह्यक्षरोग्निभुक् ॥ विसर्गौचतथाह्येतौनरनारा
यणावृषी ॥ ११ ॥ सम्प्रलीनाश्चषट्पूर्णायस्मिञ्छब्देमहात्मनि ॥ परिपूर्णतमेसाक्षात्तेनकृष्णःप्रकीर्तितः ॥ १२ ॥ शुक्लोरक्तस्तथापीतोवर्णो
स्यानुयुगंधृतः ॥ द्वापरांतेकलेरादौबालोयंकृष्णतांगतः ॥१३॥ तस्मात्कृष्णइतिख्यातोनाम्नायंनंदनन्दनः ॥ वसवश्चेंद्रियाणीतितद्देवाश्चित्त
एवहि ॥ १४ ॥ तस्मिन्यश्चेष्टतेसोपिवासुदेवइतिस्मृतः ॥ १५ ॥ वृषभानुसुताराधायाजाताकीर्तिमंदिरे ॥ तस्याःपतिरयंसाक्षात्तेनराधापतिः
स्मृतः ॥ १६॥ परिपूर्णतमःसाक्षाच्छ्रीकृष्णोभगवान्स्वयम् ॥ असंख्यब्रह्मांडपतिर्गोलोकेधाम्निराजते ॥ १७ ॥ सोऽयंतवशिशुर्जातोभा
रावतरणायच ॥ कंसादीनांवधार्थायभक्तानांपालनायच ॥ १८ ॥ अनंतान्यस्यनामानिवेदगुह्यानिभारत ॥ लीलाभिश्चभविष्यंति
तत्कर्मसुनविस्मयः ॥ १९ ॥

जा शब्दमें प्रवेश होय सो परिपूर्णतम कृष्ण कहावै है ॥ १२ ॥ याको सतयुगमें श्वेतरूप हो, त्रेतामें लाल, द्वापरमें पीरो, अब द्वापरके अंतमे और कलियुगकी आदिमें
याने कृष्णरूप धर्‌यो है ॥ १३ ॥ याते ये कृष्ण या नामसो विख्यात भयेहैं, नाम तो याको नंदनंदन है और वसु नाम इंद्रीनको और इंद्रीनके देवता और चित्तको है ॥ १४ ॥
तिनमें जो चेष्टाकरे सोइ वासुदेव कहावै है ॥ १५ ॥ और जो वृषभानुकी बेटी राधा कीर्तिरानीके मंदिरमें प्रगट भईहै वाके जो ये साक्षात्पति है याते याको राधापति नाम
है ॥ १६ ॥ परिपूर्णतम साक्षात् श्रीकृष्ण स्वयं भगवान् है जो असंख्य ब्रह्मांडनके पति गोलोकधाममें विराजै है ॥ १७ ॥ सो यह तेरो बेटा पृथ्वीके भार उतारिवेकूं कंसादिक
दैत्यनके मारिवेकूं और भक्तनके पालन करिवेकूं भयो है ॥ १८ ॥ याके अनंत नाम है जे वेदमेंहू गुप्त हैं वे याके नाम लीला करेते प्रगट होयेंगे याते याके कर्मनमें तू अचंभो

मति करियो ऐसें गर्गजी मोते कहिगये हैं ॥ १९ ॥ सो हे गोप हो ! ऐसे गर्गके कहेको सुनिके, मैं अपने बेटामें संदेह नहीं करूंहूं, या धरतीपे दोही प्रमाण हैं के वेदको वचन
के ब्राह्मणको वचन ॥ २० ॥ तब गोप बोले–हे नंदराज ! जब तेरे घर गर्गजी मुनि आये और तैंने अपने बेटाको नामकरण करायो तब वा नामकरणमें तैंने हमकूं क्यों नहीं
बुलायो ॥ २१ ॥ अपने घरमें आपही आप नाम धरलीनों, भैया तेरी भली रीति है जो सब काम गुपचुप तूं अपने घरमेंई करिलीयो करेहै ॥ २२ ॥ नारदजी कहेहैं–ऐसें
कहते २ गोप नंदमहलमेंते निकरिके क्रोधमें भरेभये वृषभानुसों फिरादवेको चपनिकूं गये ॥ २३ ॥ क्योंकि वृषभानुजी नंदजीके सहायक हैं सो जातिके मदमें भरे ये सब जायके
वृषभानुसो यह वचन बोले ॥ २४ ॥ कि, देखो हे वृषभानुवर ! तुम जातिमें मुख्य हो और ऊंचे मनके हो सो हे गोपनके ईश्वर ! तुम हमारे राजा हो, नंदराजकूं जातिमेंते

इतिश्रुत्वात्मजेगोपाःसंदेहंनकरोम्यहम् ॥ वेदवाक्यंब्रह्मवचःप्रमाणंहिमहीतले ॥ २० ॥ ॥ गोपाऊचुः ॥ ॥ यद्यागतस्तवगृहेगर्गाचार्यो
महामुनिः ॥ तत्क्षणेनामकरणेनाहूताज्ञातयस्त्वया ॥ २१ ॥ स्वगृहेनामकरणंभवताचकृतंशिशोः ॥ तवचैतादृशीरीतिर्गुप्तंसर्वंगृहेपिधत्
॥२२॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ एवंवदंतस्तेगोपानिर्गतानंदमंदिरात् ॥ वृषभानुवरंजग्मुःक्रोधपूरितविग्रहाः ॥ २३ ॥ वृषभानुवरंसाक्षान्नंदरा
जसहायकम् ॥ प्राहुर्गोपगणाःसर्वेज्ञातेर्मदसमन्विताः ॥ २४ ॥ ॥ गोपाऊचुः ॥ ॥ वृषभानुवरत्वंवैज्ञातिमुख्योमहामनाः ॥ नंदराजंत्यजज्ञा
तेर्हेगोपेश्वरभूपते ॥ २५ ॥ ॥वृषभानुवरउवाच ॥ ॥ कोदोषोनंदराजस्यज्ञातेस्तंसंत्यजाम्यहम् ॥ गोपेष्टोज्ञातिमुकुटोनंदराजोममप्रियः
॥२६॥ ॥ गोपाऊचुः ॥ ॥ नचेत्त्यजसितंराजंस्त्यजामस्त्वांव्रजौकसः ॥ त्वद्गृहेवर्धिताकन्योद्वाहयोग्यामहामुने ॥ २७ ॥ भवताज्ञातिमुख्ये
नसंपदुन्मदशालिना ॥ नदत्तावरमुख्यायकलुषंतवविद्यते ॥ २८ ॥ अद्यत्वांज्ञातिसंभ्रंशंपृथक्मन्यामहेनृप ॥ नचेच्छीघ्रंनंदराजंत्यजत्यजम
हामते ॥ २९ ॥ ॥वृषभानुवरउवाच ॥ ॥ गर्गस्यवाक्यंहेगोपावदिष्यामिसमाहितः ॥ येनगोपगणायूयंभवताशुगतव्यथाः ॥ ३० ॥
असंख्यब्रह्माण्डपतिर्गोलोकेशःपरात्परः ॥ तस्मात्परोवरोनास्तिजातोनंदगृहेशिशुः ॥ ३१ ॥ भुवोभारावतारायकंसादीनांवधायच ॥ ब्रह्म
णाप्रार्थितःकृष्णोबभूवजगतीतले ॥ ३२ ॥

छेकिदेउ ॥ २५ ॥ तब वृषभानुवर बोले–नंदरायको कहा दोष है सो हम जातिमेंते छेकिदेय सब गोपनको प्यारो जातिको मुकुट मेरो प्यारो है, तब यह फेर गोप बोले ॥ २६ ॥
जो तुम न छेकोगे तो हम व्रजवासी तुमकूं छेकिदेंगे के मेरो कहा दोष है कि, तेरी कन्या ब्याहलायक हेगई है तें ब्याह ही नहीं करे है ॥ २७ ॥ तू जातिमें मुखिया है, तू
धनके मदमें चूर है, अच्छो वर देखिके तैंने कन्या नहीं दीनी यही तेरो दोष है ॥ २८ ॥ हे राजन ! हमने तो आजहीते तोकूं जातिते बाहर करिदीनों ऐसे हमने मानोहै नहीं तो
हे महामते ! तुम नंदराजकूं त्यागिदे ॥ २९ ॥ तब वृषभानु बोले–मैं सावधान हैके गर्गजीको वचन कहूंगो या वचनकूं सुनके हे गोपगण हो ! तुम्हारो संदेह जातो रहेगो ॥
॥ ३० ॥ ये असंख्य ब्रह्माण्डको पति परेतें परे गोलोकको नाथ परनसो पर है याते उत्तम और कोई वर नहीं है जो यह नन्दको बेटा भयोहै ॥३१॥ याने पृथ्वीको भार उतारवेके लिये

कंसादिनके मारिवेके लिये ब्रह्माजीकी प्रार्थनाते पृथ्वीमें जन्म लीनों है ॥ ३२ ॥ गोलोकमें जो श्रीकृष्णकी पटरानी राधिका है सो तेरे घरमें जन्मी है ताकूं तूं नहीं जाने है ॥ ३३ ॥ मैं इनको विवाह नहीं कराऊंगो इनको विवाह तो भांडीरवनमें यमुनाके किनारेपै होयगो ॥ ३४ ॥ वृंदावनके समीप निर्जन सुंदर स्थलमें ब्रह्माजी आयके इनको विवाह करावेंगे ॥ ३५ ॥ याते हे गोपवर ! राधाकूं तूं पर श्रीकृष्णकी अर्द्धांगी जानि गोलोकके चूडामणि श्रीकृष्ण तिनकी गोलोकमंदिरकी रानी है ॥ ३६ ॥ तुमहू सबरे गोपाल गोलोकते भूमिपै आयेहो तैसेई गोपी और गौ सब राधिकाकी इच्छाते यहां गोकुलमें आयेहें ॥ ३७ ॥ ऐसें कहिके जा दिनते गर्गाचार्य गये ता दिनते मैं राधिकाजीमें कछु संदेह नहीं करहूं ॥ ३८ ॥ वेदवाक्य तथा ब्रह्माके वचन सदाही सत्य हैं भूमिमें प्रमाण हैं, यह मैंने तुम्हारे आगे कह्यो अब कहा सुनवेकी इच्छा करोहो ॥ ३९ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायां

श्रीकृष्णपट्टराज्ञीयागोलोकेराधिकाभिधा ॥ त्वद्गेहेसापिसंजातात्वंनजानासितांपराम् ॥ ३३ ॥ अहंनकारयिष्यामिविवाहमनयोर्नृप ॥ तयोर्विवाहोभविताभाण्डीरेयमुनातटे ॥ ३४ ॥ वृंदावनसमीपेचनिर्जनेसुंदरेस्थले ॥ परमेष्ठीसमागत्यविवाहंकारयिष्यति ॥ ३५ ॥ तस्माद्राधांगोपवरविद्धचर्द्धांगींपरस्यच ॥ लोकचूडामणेःसाक्षाद्राज्ञींगोलोकमंदिरे ॥ ३६ ॥ यूयंसर्वेपिगोपालागोलोकादागताभुवि ॥ तथागोपीगणागावोगोकुलेराधिकेच्छया ॥ ३७ ॥ एवमुक्त्वागतेसाक्षाद्गर्गाचार्येमहामुनौ ॥ तद्दिनादथराधायांसन्देहंनकरोम्यहम् ॥ ३८ ॥ वेदवाक्यंब्रह्मवचःप्रमाणंहिमहीतले ॥ इतिवःकथितंगोपाःकिम्भूयःश्रोतुमिच्छथ ॥ ३९ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायांश्रीगिरिराजखण्डेगोपविवादोनाम पंचमोऽध्यायः ॥५॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ वृषभानुवरस्येदंवचःश्रुत्वाव्रजौकसः ॥ ऊचुःपुनःशान्तिगताविस्मितामुक्तसंशयाः ॥ ॥ १ ॥ ॥ गोपाऊचुः ॥ ॥ समीचीनंवचोराजन्राधेयंतुहरिप्रिया ॥ तत्प्रभावेणतेदीर्घंवैभवंदृश्यतेभुवि ॥ २ ॥ सहस्रशोगजामत्ताःकोटिशोश्वाश्वचंचलाः ॥ रथाश्चदेवधिष्ण्याभाःशिबिकाःकोटिशःशुभाः ॥ ३ ॥ कोटिशःकोटिशोगावोहेमरत्नमनोहराः ॥ मन्दिराणिविचित्राणिरत्नानिविविधानिच ॥ ४ ॥ सर्वसौख्यंभोजनादिदृश्यतेसांप्रतंतव ॥ कंसोपिधर्षितोजातोदृष्ट्वातेबलमद्भुतम् ॥ ५ ॥ कान्यकुब्जपतेःसाक्षाद्भलंदननृपस्यच ॥ जामातात्वंमहावीरकुबेरइवकोशवान् ॥ ६ ॥

गिरिराजखंडे भाषाटीकायां गोपविवादो नाम पञ्चमोऽध्यायः ॥५॥ नारदजी कहै है–ऐसें वृषभानुवरको ये वचन सुनके सब व्रजवासी गोप शांत हैगये, संदेह दूर हैगयो, अचंभेमें आयके यह बोले ॥ १ ॥ तुम्हरो वचन साँचो है यह राधिका हरिकी प्रिया है ताहीके प्रभावते पृथ्वीमें तुम्हारो बड़ो वैभव बढ्यो है ॥ २ ॥ तुम्हारे सैकरन हजारन तो मतवारे हाथी हैं, किरोड़न चंचल घोड़ा हैं, किरोड़न स्वर्गके विमाननकेसे रथ हैं, किरोड़नही शुभ पालकी हैं ॥ ३ ॥ सुवर्णनकी माला पहिरें किरोड़न गौ मनोहर हैं विचित्र महल मंदिर हैं, अनेकन रत्न हैं ॥४॥ भोजनादिक सबरे सुख तुम्हारे घरमें वर्तमानमें दीखें हैं, तुम्हारे अद्भुत बलकूं देखके कंसहू धर्षित हैगयो है ॥ ५ ॥ और हे महावीर !

कन्नौजके पति भलंदन नाम राजा ताके तुम जमाई हौ तुम्हारौ कुंवेरकोसो वैभव है ॥ ६ ॥ तुम्हारी बराबर वैभव तौ नंदराजहूकें नहीं है, नंदराज तो किसान और गौनकौ पति बडे गरीब हैं ॥ ७ ॥ जो नंदकौ बेटा परिपूर्णतम साक्षात् हरि है तौ हे प्रभो ! हम सबनकूं हमारे देखते २ वाकी परीक्षा करकें दिखायदेउ ॥ ८ ॥ नारदजी कहेहैं ऐसे वृषभानुवर विनकौ वचन सुनकें नंदराजके वैभवकी परीक्षा करावतेभये ॥ ९ ॥ हे मैथिलेश्वर ! कोटीन किरोड़न माला बड़े २ मोतीनकी जिनमें एक २ मोती एक एक किरोडकौ पुहिरह्यौ है, जिनकी किरणे छुटरहीहै ॥ १० ॥ तिनकूं सोनेनके थारनमें धरके बडे कुशल जननके हाथन सबके देखते २ नंदजीकें वृषभानु भेजतभये राधिकाजीकी सगाई करवेकूं ॥ ११ ॥ बडे चतुर उन नेगी महमाननें नंदजीकी सभामें जायकें मोतीनके थार धरदीने और प्रणामकर नंदजीसे हाथ जोड्के यह बोले ॥ १२ ॥ कि, वृषभानुवर बरषानेके

त्वत्समंवैभवंनास्तिनन्दराजगृहेक्कचित् ॥ कृषीवलोनन्दराजोगोपतिर्दीनमानसः ॥ ७ ॥ यदिनन्दसुतःसाक्षात्परिपूर्णतमोहरिः ॥ सर्वेषाम्प श्यतांनस्तत्परीक्षांकारयप्रभो॥ ८ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ तेषांवाक्यंततःश्रुत्वावृषभानुवरोमहान् ॥ चकारनन्दराजस्यवैभवस्यपरी क्षणम् ॥ ९ ॥ कोटिदामानिमुक्तानांस्थूलानांमैथिलेश्वर ॥ एकैकायेषुमुक्ताश्चकोटिमौल्याःस्फुरत्प्रभाः ॥ १० ॥ निधायतानिपात्रेषुवृषभानुः कुशलैर्जनैः ॥ प्रेषयामासनन्दायसर्वेषांपश्यतांनृप ॥ ११ ॥ नन्दराजसभांगत्वावृणानाःकुशलाभृशम् ॥ निधायदामपात्राणिनन्दमाहुःप्र णम्यतम् ॥ १२ ॥ ॥ वृणानाऊचुः ॥ ॥ विवाहयोग्यांनवकंजनेत्रांकोटीन्दुबिम्बद्युतिमादधानाम् ॥ विज्ञायराधांवृषभानुमुख्यश्चक्रेवि चारंसुवरंविचिन्वन् ॥ १३ ॥ तवांगजंदिव्यमनंगमोहनंगोवर्द्धनोद्धारणदोःसमुद्भटम् ॥ संवीक्ष्यचास्मान्वृषभानुवंदितःसंप्रेषयामासविशाम्प तेप्रभो ॥ १४ ॥ वरस्यचांकेभरणायपूर्वंमुक्ताफलानांनिचयंगृहाण ॥ इतश्चकन्यार्थमलंप्रदेहिसैषाहिचास्मत्कुलजाप्रसिद्धिः ॥ १५ ॥ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ दृष्ट्वाद्रव्यंपरोनंदोविस्मितोपिविचारयन् ॥ पृष्टुंयशोदांतत्तुल्यंनीत्वाचान्तःपुरंययौ ॥ १६ ॥ चिरंदध्यौतदा नन्दोयशोदाचयशस्विनी ॥ एतन्मुक्तासमानंतुद्रव्यंनास्तिगृहेमम ॥ १७ ॥ लोकेलज्जागतासर्वाहासःस्याच्चेद्धनोद्धृतम् ॥ किंकर्तव्यंतत्प्र तियच्छ्रीकृष्णोद्वाहकर्मणि ॥ १८ ॥

राजा विवाहके लायक अपनी राधा कन्याको देखकें वरकूं ढूंढे है, कैसी कन्या है, किरोड़ चन्द्रमाकीसी कांति जाकी कमलसे नेत्रवारी है, ताके लिये बहुतकछु विचार कर ॥ १३ ॥ हे व्रजपति ! तुमारो बेटा दिव्य कामहूको मोह करनहारो, गोवर्द्धनकौ उठायवेवारो, महाबली विचारिके हे विशांपते ! हे प्रभो ! हम जे बंदीजन भाट हैं तिनकौं सगाईको भेजो हौ ॥ १४ ॥ सो वरकी गोद भरिवेकूं यह मोतीनकी माला भेजी हैं तिनैं तो लेउ और तुम अपनी ओरते कन्याकी गोद भरिवेकूं कछू देउ हमारे कुलकी यही रीति है ॥ १५ ॥ तब नंदजी वा द्रव्यकूं देखिकें अचंभेमें आयगये विचार करते उने लेके पूछवेको रणवासमें चलेगये यशोदाजीकूं पूछिवेके लिये कि, ऐसी अनोखी चीज देवेकौं कछू हमारेऊ है ? ॥ ॥ १६ ॥ तब नंदजी और यशोदाजी बडी देर तलक विचार करशोकरे फिर कही कि, ऐसी चीज तो हमारे कछू नहीं है ॥ १७ ॥ आज गोपनमें हमारी लाज न रहैगी

और हमारी हंसी होयगी अब हम कहा करें याके बदलेमें कहा देंय श्रीकृष्णको विवाह कैसे होयगो ॥ १८ ॥ ताते याको गोदको जो योग्य सगुनको लेवो चाहियेहै सो लैलेंइ पीछे कार्य विचारिके करनो चाहिये सो धनके आयेपे करैंगे ऐसें नंदजी और यशोदाजी विचार करि रहेंहैं इतनेहीमें ॥ १९ ॥ भगवान् दुःखहर्ता अलक्ष्य छिपके आय गये, तिनमेंते सौ मोती लैके बाहिर खेतनमें गये ॥ २० ॥ जैसे किसान खेतनमें बीज डारैहै तैसे एक २ मोती अपने हाथनसों अपने खेतनमें बोयदीनो ॥ २१ ॥ पीछे नंदजी जो गिननलगे तब तो उनमें सौ मोती कमती हैगये तब तो बडो संदेह करनलगे और यह बोले ॥ २२ ॥ हाल तो हमारे पहलेई याकी बराबर कछु चीज नहीं ही ताऊमें इनमेंहू सौ मोती कमती हैगये अहो! यह तो कलंक हमारी सबरी जातिमें होयगो ॥ २३ ॥ अथवा कहूं श्रीकृष्ण अथवा बलदेव खेलबेकूं तो न लेगये होंय तो

ततोयोग्यंतद्ग्रहणंपश्चात्कार्यंधनागते ॥ एवंचिन्तयतस्तस्यनन्दस्यैवयशोदया ॥ १९ ॥ अलक्ष्यआगतस्तत्रभगवान्वृजिनार्दनः ॥
नीत्वादामशतंतेषुबहिःक्षेत्रेषुसर्वतः ॥ २० ॥ मुक्ताफलानिचैकैकम्प्राक्षिपत्स्वकरेणवै ॥ यथाबीजानिचान्नानांस्वक्षेत्रेषुकृषीवलः ॥ २१ ॥
अथनन्दोपिगणयन्कलिकानिचयम्पुनः ॥ शतंन्यूनंचतद्दृष्ट्वासंदेहंसजगाममह ॥ २२ ॥ ॥ श्रीनन्दउवाच ॥ ॥ नास्तिपूर्वंय
त्समानंतत्रापिन्यूनतांगतम् ॥ अहोकलंकोभविताज्ञातिषुस्वेषुसर्वतः ॥ २३ ॥ अथवाक्रीडनार्थंहिकृष्णोयदिगृहीतवान् ॥ बलदेवोथवाबाल
स्तौपृच्छेदीनमानसः ॥ २४ ॥ ॥श्रीनारदउवाच ॥ ॥ इत्थंविचार्यनंदोपिकृष्णम्पप्रच्छसादरम् ॥ प्रहसन्भगवान्नंदंप्राहगोवर्द्धनोद्धरः ॥
॥ २५ ॥ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ ॥ कृषीवलावयंगोपाःसर्वबीजप्ररोहकाः ॥ क्षेत्रेमुक्ताप्रबीजानिविकीर्णीकृतवानहम् ॥ २६ ॥
॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ श्रुत्वाथस्वात्मजेनोक्तंतंनिर्भर्त्स्यव्रजेश्वरः ॥ तानिनेतुंतत्सहितस्तत्क्षेत्राणिजगाममह ॥ २७ ॥ तत्रमुक्ताफलानांतु
शाखिनःशतशःशुभाः ॥ दृश्यंतेदीर्घवपुषोहरित्पल्लवशोभिताः ॥ २८ ॥ मुक्तानांस्तबकानांतुकोटिशःकोटिशोनृप ॥ संघाविलंबितारेजुर्ज्यो
तींषीवनभःस्थले ॥ २९ ॥ तदातिहर्षितोनन्दोज्ञात्वाकृष्णम्परेश्वरम् ॥ मुक्ताफलानिदिव्यानिपूर्णंस्थूलसमानिच ॥ ३० ॥

सहजमें पूछूंगो ॥ २४ ॥ नारदजी कहेंहैं कि, ऐसे विचारिके नंदजी बडे आदरते श्रीकृष्णते पूछनलगे कि, लाला! ये बात है तब गोवर्द्धनधारी भगवान् हंसते नंदजीते बोले ॥ २५ ॥ बाबा! हम तो किसान है, सब बीजनके बोयनेवारे गोप है सो हम तो जायके उन सब मोतिनकूं बीजकी नाई खेतनमें बिखेरि आये हैं ॥ २६ ॥ नारदजी कहेंहै ऐसे बेटाको वचन सुनिके बेटाकूं ललकारिके श्रीव्रजराज उन्हे संग लैके उन्ही खेतनपै चलेआये मोतीनकूं लैबेके लीये ॥ २७ ॥ तहां देखे तो मोतीनके सैकडन सुंदर हरे हरे पत्तानको बडे बडे पेडनमें झुग्गा लागिरहे है ॥ २८ ॥ मोतीनके किरोडन गुच्छानके गुच्छा झुंडनके झुंड झुग्गानके झुग्गा झलर झलर झुकि झुकि झुमि झुमि धरतीकूं चूमिरहे है, तिनकी सोनेनकी शाखा पन्नानके पत्ता, मोतीनके फल पुखराजके फूल, जैसे अंबरमें तारागण खिले है ये ऐसे खेत देखे ॥ २९ ॥ तब तो श्रीकृष्णको पर ईश्वर

जान और विनको ऐश्वर्य जानिके नंदजी अत्यंत प्रसन्न होतभये, दिव्य मोती पहलेनहूंसे मोटे उज्ज्वल ॥ ३० ॥ तिनके श्रीव्रजेश्वर नंदराजने विन नेगिनकूं एक किरोड़ भार मोती गाडानमें भरिके दिये राधिकाकी गोदी भरिवेकूं ॥ ३१ ॥ तब वे सगाई करनवारे मोतीनके गाडा लेके वृषभानुके पास बरसानेमें आये हे राजन् ! सबनके सुनतर नंद जीको ऐश्वर्य वर्णन करते भये ॥ ३२ ॥ तब सब व्रजवासी विस्मित हैगये, नंदके बेटाकूं साक्षात् हरि जानिके वृषभानुकूं दंडोत करिके सब निःसंदेह हैगये ॥ ३३ ॥ हरिकी प्यारी राधाको जानी और राधाके प्यारे हरि हैं ऐसें जानिके हे मैथिलेश्वर ! ताही दिनते सब व्रजवासी इनको जानि गये ॥ ३४ ॥ हे मैथिल ! जहां हरिने मोतीनको क्षेत्र करयोहो तहां मुक्ता सरोवरक्षेत्र हैगयो, वह तीर्थनको राजा है ॥ ३५ ॥ जो कोई वा तीर्थमें जायके एकभी मोतीको दान करे सो लाख मोतीनके दानके फलकूं प्राप्त होयहै यामें संदेह नहीं है ॥ ३६ ॥

तेषांतुकोटिभाराणिनिधायशकटेषुच ॥ ददौतेभ्योवृणानेभ्योनन्दराजोव्रजेश्वरः ॥३१॥ तेगृहीत्वाथतत्सर्वंवृषभानुवरंगताः ॥ सर्वेषांशृण्वतां नन्दवैभवंप्रजगुर्नृप ॥ ॥ ३२ ॥ तदातिविस्मिताःसर्वेज्ञात्वानन्दसुतंहरिम् ॥ वृषभानुवरंनेमुर्निःसन्देहाव्रजौकसः ॥ ३३ ॥ राधाहरेःप्रियाज्ञा ताराधायाश्चप्रियोहरिः ॥ ज्ञातोव्रजजनैःसर्वैस्तद्दिनान्मैथिलेश्वर ॥३४॥ मुक्ताक्षेपःकृतोयत्रहरिणानन्दसूनुना ॥ मुक्तासरोवरस्तत्रजातोमैथि लतीर्थराट् ॥ ३५ ॥ एकंमुक्ताफलस्यापिदानंतत्रकरोतियः ॥ लक्षमुक्तादानफलंसमाप्नोतिनसंशयः ॥३६॥ एवंतेकथितोराजन्गिरिराजमहो त्सवः ॥ भुक्तिमुक्तिप्रदोनृणांकिम्भूयःश्रोतुमिच्छसि ॥ ३७ ॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहितायांश्रीगिरिराजखण्डेनारदबहुलाश्वसंवादेहरिपरीक्षणं नामषष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥ ॥ बहुलाश्वउवाच ॥ ॥ कतिमुख्यानितीर्थानिगिरिराजेमहात्मनि ॥ एतद्ब्रूहिमहायोगिन्साक्षात्त्वंदिव्य दर्शनः ॥ १ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ राजन्गोवर्द्धनःसर्वःसर्वतीर्थवरःस्मृतः ॥ वृन्दावनंचगोलोकंमुकुटोद्रिःप्रपूजितः ॥ २ ॥ गोपगोपीगवांरक्षाप्रदःकृष्णप्रियोमहान् ॥ पूर्णब्रह्मातपत्रंयस्तस्मात्तीर्थवरस्तुकः ॥ ३ ॥ इन्द्रयागंविनिर्भर्त्स्यसर्वैर्निजजनैःसह ॥ यत्पूज नंसमारेभेभगवान्भुवनेश्वरः ॥ ४ ॥ परिपूर्णतमःसाक्षाच्छ्रीकृष्णोभगवान्स्वयम् ॥ असंख्यब्रह्माण्डपतिर्गोलोकेशःपरात्परः ॥ ५ ॥

हे राजन ! ऐसे मैंने तेरे अगाडी गिरिराजको महोत्सव वर्णन करयो है या लोकमें भुक्तिको दाता और पर लोकमे मुक्तिको दाता है, अब तूं कहा और सुनिवेकी इच्छा करेहै ॥३७॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायां गिरिराजखण्डे भाषाटीकायां हरिपरीक्षणं नाम षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥ बहुलाश्व राजा पूछे हे क्यों महाराज ! या महात्मा गिरिराजमें कितने तीर्थ हैं सो मेरे अगाड़ी कहो ? तुम साक्षात् दिव्यदर्शी हो ॥ १ ॥ नारदजी कहें हैं कि, हे राजन् ! गोवर्द्धन तो सम्पूर्णही सर्व तीर्थनसों श्रेष्ठ है और वृन्दावन हू सर्व तीर्थमय है और यह गिरिराज गोलोकको मुकुट है, जाको कृष्णने पूजो है ॥ २ ॥ गोप, गोपी, गौ इनको रक्षक है, कृष्णको प्रिय है । पूर्ण ब्रह्मको छत्र है; सब तीर्थनमें श्रेष्ठ है, कहो गिरिराज सों बडो तीर्थ कौनसो है ॥ ३ ॥ इंद्रयज्ञको तिरस्कार करिके सब अपने जननकरिके सहित जाको पूजन भुवनके ईश्वर भगवान्ने कीनो ॥ ४ ॥ परिपूर्णतम साक्षात् श्रीकृष्ण

स्वयं भगवान असंख्य ब्रह्माण्डनके पति गोलोकके ईश्वर परेते पर हैं ॥ ५ ॥ सो जा गोवर्द्धनपै वैतके बालकनके संग क्रीड़ा करैंहैं ताको माहात्म्य हे मैथिल ! चार मुखनसों ब्रह्माजीहू नहीं कहिसकैं हैं ॥ ६ ॥ जहां मानसीगंगा महापापकी नाश करनहारी है जहां विशद गोविन्दकुण्ड है, जहां शुभ चन्द्रसरोवर है ॥ ७ ॥ जहां राधाकुण्ड, कृष्णकुण्ड, ललिताकुण्ड, गोपालकुण्ड और कुसुमसरोवर है ॥ ८ ॥ और जहां श्रीकृष्णके मुकुटके स्पर्शते मुकुटशिला है ताके दर्शनमात्रते मनुष्य देवतानके मुकुटकी मणि होय है ॥ ९ ॥ और जा शिलामें श्रीकृष्णनें चित्र लिखे हैं सो आजतक बडी विचित्र चित्रशिला कहावै है ॥ १० ॥ और जा शिलाकूं बालकनके संग कृष्ण बजायो करते हैं,सो बाजनीशिला कहावैहै, यह महापापकी नाश करनहारी है ॥ ११ ॥ और जहां हे मैथिल ! श्रीकृष्णने बालकनके संग गेंदक्रीड़ा करी है वो कंदुकक्षेत्र है ॥ १२ ॥ जहां श्रीकृष्णके पास इन्द्र

यस्मिन्स्थितःसदाक्रीडामर्भकैःसहमैथिल ॥ करोतितस्यमाहात्म्यंवक्तुंनालंचतुर्मुखः ॥ ६ ॥ यत्रवैमानसीगंगामहापापौघनाशिनी ॥ गोविन्दकुण्डंविशदंशुभंचन्द्रसरोवरम् ॥ ७ ॥ राधाकुण्डःकृष्णकुण्डोललिताकुण्डएवच ॥ गोपालकुण्डस्तत्रैवकुसुमाकरएवच ॥ ८ ॥ श्रीकृष्णमौलिसंस्पर्शान्मौलिचिह्नशिलाऽभवत् ॥ तस्यादर्शनमात्रेणदेवमौलिर्भवेज्जनः ॥ ९ ॥ यस्यांशिलायांकृष्णेनचित्राणिलिखितानिच ॥ अद्यापिचित्रितापुण्यानाम्नाचित्रशिलागिरौ ॥ १० ॥ यांशिलामर्भकैःकृष्णोवादयन्क्रीडनेरतः ॥ वादनीसाशिलाजातामहापापौघनाशिनी ॥ ११ ॥ यत्रश्रीकृष्णचन्द्रेणगोपालैःसहमैथिल ॥ कृतावैकंदुकक्रीडातत्क्षेत्रंकंदुकंस्मृतम् ॥ १२ ॥ इन्द्रःशक्रपदंयातिनत्वाब्रह्मपदंचतत् ॥ विलुठन्यस्यरजसासाक्षाद्विष्णुपदंव्रजेत् ॥ १३ ॥ गोपानामुष्णिषाण्यत्रचोरयामाससमाधवः ॥ औष्णिषंनामतत्तीर्थंमहापापहरंगिरौ ॥ १४ ॥ तत्रैकदावैदधिविक्रयार्थविनिर्गतोगोपवधूसमूहः ॥ श्रुत्वाक्वणन्नूपुरशब्दमाराद्धरोधतन्मार्गमनंगमोही ॥ १५ ॥ वंशीधरोवेत्रवरेणगोपैः पुरश्चतासांविनिधायपादम् ॥ मह्यंकरादानधनायदानंदेहीतिगोपीर्निजगादमार्गे ॥ १६ ॥ ॥ गोप्यऊचुः ॥ ॥ वक्रस्त्वमेवासिसमास्थितःपथिगोपार्भकैर्गोरसलम्पटोभृशम् ॥ मात्राचपित्रासहकारयामोबलाद्भवंतंकिलकंसबन्धने ॥ १७ ॥ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ ॥ कंसंहनिष्यामिमहोग्रदण्डंसबांधवंमेशपथोगवांच ॥ एवंकरिष्यामियदोःपुरेबलान्नेष्येसदाहंगिरिराजभूमेः ॥ १८ ॥

आयौहै सो शक्रपद है सोई ब्रह्मपद है जाकी रजमें लोटै तौ साक्षात् विष्णुपदकूं वो मनुष्य जाय है ॥ १३ ॥ जहां श्रीकृष्णने बालकनकी पाग चुराई है सो पर्वतमें औष्णीषतीर्थ कहावैहै वो महापापको हर्ता है ॥ १४ ॥ तहां एक समय दही बेचवेकूं गोपीनको झुंड निकस्यो, उनके नूपुरनको शब्द सुनके कामके मोह करनहारे कृष्ण उनको मार्ग रोकलेते भये ॥ १५ ॥ बंशी बजावत बैंतलिये गोपनके संग उनके अगाड़ी पांव जायधर्यो और यह बोले—हे प्यारियो ! हमारो कछू कर लगै है सो देदीजिये, ये वाक्य रस्ताचलती गोपीनसों आपने कह्यौ ॥ १६ ॥ तब गोपी बोली कि, तुम बड़े टेढे हो जो गोपनकूं संग लैकें रस्ता घेरकें ठाड़े हौ कहा गोरसके लोभी हो सो हम तुमें तुमारे मैया बाप समेत कंसके बंधनमें धिरवाय देयगी ॥ १७ ॥ यह सुनकें भगवान् बोले—तुम कंसकी सेखी मत राखो कंसकूं बान्धवनसमेत मैं मारडारूंगो यह मोकूं गौनकी सोगंद है और मैं चुटिया पकडकें

कंसको गिरिराजमें खचेर लाऊंगी ॥ १८ ॥ अब नारदजी कहे हैं-ऐसे कहिके बालकनके हाथन दहीके बासन न्यारे २ सबपैते लेलीने, फेरि बड़े आनंदते नंदनंदनने वे सब बासन
पृथ्वीमें पटकिदीने ॥ १९ ॥ तब गोपी कहनलगी अहो देखो री! यह तौ बडो ढीट है नंदको बेटा कैसो निडर है, काहूकी कहीहू नाहिं माने और बतरायबो कैसो सीखिगयो है,
पुरमें तो कैसो गरीबसो बोलै है वनमें कैसो जोरावर बनिजाय है ॥ २० ॥ कहा डर है हम अबहीं व्रजरानीते और नंदराजते कहेंगी तब मालूम परेगी, ऐसें
कहतीं वे सब गोपी हँसती २ अपने २ घरकूं चलीआईं ॥ २१ ॥ तब कदंबके ढाकके पत्तानके दौना बनायके वे चीकने दहीनकूं दौनानमें धर २ के बालकनके
संग खानलगे ॥ २२ ॥ तबेते तहां दौनाके आकारके पत्ता अबतलक उपजे हैं, सब वृक्षनके दौनाकार पत्ता हैगये, हे नृपेश्वर! वह महापवित्र द्रोणक्षेत्र हैगयो ॥ २३ ॥

॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ इत्युक्त्वादधिपात्राणिबालैर्नीत्वापृथक्पृथक् ॥ भूपृष्ठेपोथयामाससानंदंनन्दनन्दनः ॥१९॥ अहोएषपरंधृष्टोनिर्भ
योनन्दनन्दनः ॥ निरंकुशोऽभाषणीयोवनेवीरःपुरेऽबलः ॥ २० ॥ ब्रुवामहेयशोदायैनन्दायचकिलाद्यवै ॥ एवंवदंत्यस्तागोप्यःसस्मिताः
प्रययुर्गृहान् ॥ २१ ॥ नीपपालाशपत्राणांकृत्वाद्रोणानिमाधवः ॥ अघासबालकैःसार्द्धंपिच्छिलानिदधीनिच ॥ २२ ॥ द्रोणाकाराणिपत्रा
णिबभूवुःशाखिनांतदा ॥ तत्क्षेत्रंचमहापुण्यंद्रोणंनामनृपेश्वर ॥ २३ ॥ दधिदानंतत्रकृत्वापीत्वापत्रधृतंदधि ॥ नमस्कुर्यान्नरस्तस्यगोलोकान्नच्यु
तिर्भवेत् ॥ २४ ॥ नेत्रेआच्छाद्ययत्रैवलीनोभून्माधवोर्भकैः ॥ तत्रतीर्थंलौकिकंचजातंपापप्रणाशनम् ॥ २५ ॥ कदम्बखण्डतीर्थंचली
लायुक्तंहरेःसदा ॥ तस्यदर्शनमात्रेणनरोनारायणोभवेत् ॥ २६ ॥ यत्रवैराधयारासेशृङ्गारोकारिमैथिल ॥ तत्रगोवर्द्धनेजातंस्थलंशृङ्गा
रमण्डलम् ॥ २७ ॥ येनरूपेणकृष्णेनधृतोगोवर्द्धनोगिरिः ॥ तद्रूपंविद्यतेतत्रनृपशृङ्गारमण्डलम् ॥ २८ ॥ अब्दाश्चतुःसहस्राणितथाचाष्टौ
शतानिच ॥ गतास्तत्रकलेरादौक्षेत्रेशृङ्गारमण्डले ॥ २९ ॥ गिरिराजगुहामध्यात्सर्वेषाम्पश्यतांनृप ॥ स्वतःसिद्धंचतद्रूपंहरेःप्रादुर्भविष्य
ति ॥ ३० ॥ श्रीनाथंदेवदमनंतंवदिष्यंतिसज्जनाः ॥ गोवर्द्धनेगिरौराजन्सदालीलांकरोतियः ॥ ३१ ॥

तहां जायके जो कोई मनुष्य दहीको दान करै है उन पत्तानमें दही धरके खाय तौ गोलोकमें नित्य वाकी स्थिति रहीआवै वाकूं सब मनुष्य नमस्कार करें वाकी गोलो
कसों कभी च्युति नहीं होयहै ॥ २४ ॥ जहां श्रीकृष्णनें आँखमिचौनीकी लीला करीहै तहां लौकिक नाम तीर्थ महापापको नाश करनहारो हैगयो है ॥ २५ ॥
एक कदम्बखंडी तीर्थ है यह श्रीकृष्णकी लीलायुक्त तीर्थ है, ताके दर्शनमात्रतेही मनुष्य नारायणको रूप होयहै ॥ २६ ॥ हे मैथिल! जहां राधाको रासमें शृङ्गार कर्योहै सो
वही स्थल गोवर्द्धनमें शृङ्गारमंडल कहावै है ॥ २७ ॥ जा रूपते श्रीकृष्णनें गोवर्द्धन पर्वतकूं धारण कीनों है हे नृप! वही रूप शृंगारमंडलमें विराजै है ॥ २८ ॥ वाही शृंगारमण्डल
क्षेत्रमें कलियुगकी आदिमें चार हजार आठसौ वर्ष पीछें ॥२९॥ गिरिराजकी गुहाके मध्यते सबनके देखत २ भगवान्‌को एक स्वरूप स्वतःसिद्ध प्रगट होयगो ॥३०॥ ता रूपको श्रीनाथ

देवदमन सब श्रेष्ठ जन वर्णन करेंगे जो गोवर्द्धन पर्वतमें सदाही लीला करैहैं ॥३१॥ जे पुरुष नेत्रनसों नाथजीके दर्शन करैंगे वे पुरुष हे मैथिलेंद्र! कलियुगमें कृतार्थ होंयगे ॥ ३२ ॥ जगन्नाथ, रंगनाथ, द्वारिकानाथ और बदीनाथ ऐसे जे ये चार नाथ भरतखंडके चारों कोनेनपै विराजमान हैं ॥ ३३ ॥ गोवर्द्धनके बीचमेंहू सदाही ये नाथजी विराजैं हैं, या पवित्र भरतखण्डमें पांच नाथ हैं देवनके देव हैं ॥ ३४ ॥ सद्धर्मके मंडपके ये पांचों नाथ पांच खंभ हैं, दुखियानकी रक्षा करन हारे हैं तिनके दर्शनहीतें ये मनुष्य नारायणके रूपकूं प्राप्त होंय हैं ॥ ३५ ॥ जगन्नाथ, बदीनाथ, द्वारिकानाथ, रंगनाथ इनकी यात्रा करके जो देवदमनके श्रीनाथजीके दर्शन न करै तौ वा मनुष्यको यात्राको फल नहीं होयहै ॥ ३६ ॥ और जो देवदमन और श्रीनाथजीके गोवर्द्धन पर्वतमें दर्शन करलेय वाको चारों नाथनकी यात्राको फल प्राप्त हैजाय है ॥ ३७ ॥ जहां ऐरावत हाथीके और सुरभीगौके

येकरिष्यंतिनेत्राभ्यांतस्यरूपस्यदर्शनम् ॥ तेकृतार्थाभविष्यंतिमैथिलेन्द्रकलौजनाः ॥ ३२ ॥ जगन्नाथोरंगनाथोद्वारकानाथएवच ॥ बद्रिनाथश्चतुष्कोणेभारतस्यापिवर्तते ॥ ३३ ॥ मध्येगोवर्द्धनस्यापिनाथोयंवर्ततेनृप ॥ पवित्रेभारतेवर्षेपंचनाथाःसुरेश्वराः ॥ ३४ ॥ सद्धर्ममण्डपस्तंभाआर्तत्राणपरायणाः ॥ तेषांतुदर्शनंकृत्वानरोनारायणोभवेत् ॥ ३५ ॥ चतुर्णांभुविनाथानांकृत्वायात्रांनरःसुधीः ॥ नपश्येद्देवदमनंसनयात्राफलंलभेत् ॥ ३६ ॥ श्रीनाथंदेवदमनंपश्येद्गोवर्द्धनेगिरौ ॥ चतुर्णांभुविनाथानांयात्रायाःफलमाप्नुयात् ॥ ३७ ॥ ऐरावतस्यसुरभेःपादचिह्नानियत्रवै ॥ तत्रनत्वानरःपापीवैकुण्ठंयातिमैथिल ॥ ३८ ॥ हस्तचिह्नंपादचिह्नंश्रीकृष्णस्यमहात्मनः ॥ दृष्ट्वानत्वानरःकश्चित्साक्षात्कृष्णपदंव्रजेत् ॥ ३९ ॥ एतानिनृपतीर्थानिकुंडाद्यायतनानिच ॥ अंगानिगिरिराजस्यकिम्भूयःश्रोतुमिच्छसि ॥ ४० ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायांश्रीगिरिराजखण्डेश्रीनारदबहुलाश्वसंवादेश्रीगिरिराजतीर्थवर्णनंनामसप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥ ॥ बहुलाश्वउवाच ॥ ॥ केषुकेषुतदंगेषुकिंकिंतीर्थसमाश्रितम् ॥ वददेवमहाभागत्वम्परावरवित्तमः ॥ १ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ यत्रयस्यप्रसिद्धिःस्यात्तदंगम्परमंविदुः ॥ क्रमतोनास्त्यंगचयोगिरिराजस्यमैथिल ॥ २ ॥ यथासर्वगतंब्रह्मसर्वांगानिचतस्यवै ॥ विभूतेर्भावतःशश्वत्तथावक्ष्यामिमानद ॥ ३ ॥

चरण चिह्न हैं तिनके दर्शनकर दण्डवत करै तौ पापी पुरुषहू वैकुण्ठकूं प्राप्त होय है ॥ ३८ ॥ महात्मा श्रीकृष्णके हाथको और चरणको चिह्न है इनके दर्शन करके नमस्कार करै तो वो पुरुष साक्षात् कृष्णके पदकूं प्राप्त होय ॥ ३९ ॥ हे राजन्! ये चिह्न गिरिराजमें हैं जे सरोवर और स्थल है सो मैने तेरे आगे वर्णन करे है, अब आगे कहा सुनवेकी इच्छा है ॥ ४० ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायां गिरिराजखण्डे भाषाटीकायां गिरिराजतीर्थवर्णनं नाम सप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥ बहुलाश्व राजा प्रश्न करै है कि, कौन कौनसे अंगमें कौन कौनसे तीर्थ हैं सो तुम कहो हे नारदजी! तुम पर अपरके वेत्ता हौ ॥ १ ॥ यह सुनके नारदजी बोले कि, जहां जाकी प्रसिद्धि है ताहीकूं परम अंग कहै हैं, हे मैथिल! क्रम करके गिरिराजके अंगनकी गिनती नहीं हैं ॥ २ ॥ जैसे ब्रह्म सर्वगत है और वाहीके सब अंग है तैसेही गोवर्द्धनकेहू अङ्ग सब

ठौर है ॥ ३ ॥ शृंगारमण्डलके नीचे तौ गोवर्द्धनको मुख है जहां भगवान्ने व्रजवासीनके संग अन्नकूट करयौ है, यह भगवान्की विभूति है ॥ ४ ॥ मानसीगङ्गा नेत्र हैं चन्द्रसरोवर नासिका है, गोविन्दकुण्ड होठ है, कृष्णकुण्ड ठोड़ी है ॥ ५ ॥ राधाकुण्ड जीभ है, ललिताकुण्ड दोनों कपोल हैं, गोपालकुण्ड कान हैं, कुसुमसरोवर कनपटी है ॥ ॥ ६ ॥ और हे मैथिल ! मुकुटचिह्नकी शिला माथौ है, चित्रशिला शिर है, और वादिनीशिला ग्रीवा है ॥ ७ ॥ कंदुकतीर्थ पसली है, उष्णीषतीर्थ कमर है, द्रोणतीर्थ पीठ है, लौकिकतीर्थ पेट है ॥ ८ ॥ कदंबखण्डी वक्षस्थल है, शृंगारमण्डल गोवर्द्धनजीको जीव है, श्रीकृष्णको चरणचिह्न है सो या महात्मा गोवर्द्धनको मन है ॥ ९ ॥ हस्तचिह्न बुद्धि है, ऐरावतकौ चिह्न पांव हैं, सुरभीके पादचिह्न पंख हैं ॥ १० ॥ पूंछरीपै पूंछ है, वत्सकुण्ड है सो बल है, रुद्रकुण्ड है सो क्रोध है, इन्द्रसरोवर काम है ॥ ११ ॥ कुबेरतीर्थ उद्योग है,

शृंगारमण्डलस्याधोमुखंगोवर्द्धनस्यच ॥ यत्रान्नकूटंकृतवान्भगवान्व्रजवासिभिः ॥ ४ ॥ नेत्रेवैमानसीगंगानासाचन्द्रसरोवरः ॥ गोविन्दकुण्डोह्यधरश्चिबुकंकृष्णकुण्डकः ॥ ५ ॥ राधाकुण्डंतस्यजिह्वाकपोलौललितासरः ॥ गोपालकुंडःकर्णश्चकर्णांतःकुसुमाकरः ॥ ६ ॥ मौलिचिह्नाशिलातस्यललाटंविद्धिमैथिल ॥ शिरश्चित्रशिलातस्यग्रीवावैवादिनीशिला ॥ ७ ॥ कांदुकम्पार्श्वदेशांश्चऔष्णिषंकटिरुच्यते ॥ द्रोणतीर्थंपृष्ठदेशेलौकिकंचोदरेस्मृतम् ॥ ८ ॥ कदम्बखण्डमुरसिजीवःशृंगारमण्डलम् ॥ श्रीकृष्णपादचिह्नंतुमनस्तस्यमहात्मनः ॥ ९ ॥ हस्तचिह्नंतथाबुद्धिरैरावतपदंपदम् ॥ सुरभेःपादचिह्नेषुपक्षौतस्यमहात्मनः ॥ १० ॥ पुच्छकुण्डेतथापुच्छंवत्सकुंडेबलंस्मृतम् ॥ रुद्रकुंडे तथाक्रोधंकामंशक्रसरोवरे ॥ ११ ॥ कुबेरतीर्थंचोद्योगंब्रह्मतीर्थेप्रसन्नताम् ॥ यमतीर्थेह्यहंकारंवदन्तीत्थंपुराविदः ॥ १२ ॥ एवमंगानिसर्वत्रगिरिराजस्यमैथिल ॥ कथितानिमयातुभ्यंसर्वपापहराणिच ॥ १३ ॥ गिरिराजविभूतिंचयःशृणोतिनरोत्तमः ॥ सगच्छेद्धामपरमंगोलोकंयोगिदुर्लभम् ॥ १४ ॥ समुत्थितोसौहरिवक्षसोगिरिर्गोवर्द्धनोनामगिरीन्द्रराजराट् ॥ समागतोह्यत्रपुलस्त्यतेजसायद्दर्शनाज्जन्मपुनर्नविद्यते ॥ १५ ॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहितायांश्रीगिरिराजखण्डेनारदबहुलाश्वसंवादेगिरिराजविभूतिवर्णनंनामाऽष्टमोऽध्यायः ॥ ८ ॥ ॥ बहुलाश्वउवाच ॥ ॥ अहोगोवर्द्धनःसाक्षाद्गिरिराजोहरिप्रियः ॥ तत्समानंनतीर्थंहिविद्यतेभूतलेदिवि ॥ १ ॥

ब्रह्मतीर्थ प्रसन्नता है, यमतीर्थ अहंकार है, जे पूर्वाचार्य गिरिराजके रूपको जानैहैं वे या प्रकारसो गोवर्द्धनको रूप बताते हैं ॥ १२ ॥ हे मैथिल ! ऐसे गिरिराजके सब जगह अङ्ग हैं जे सब पापके हरनहारे है वे मैंने तेरे अगाड़ी कहे हैं ॥ १३ ॥ जो कोई मनुष्य ये गिरिराजकी विभूतिकूँ श्रवण करै है सो योगीनकूँ दुर्लभ जो परमधाम है याकूं प्राप्त होयहै ॥ १४ ॥ यह गिरिराज हरिके वक्षस्थलते उत्पन्न भयौ है, गोवर्द्धन गिरीन्द्रनके राजानको राजा है, पुलस्त्यके तेजते यहां आयौ है, जो याको दर्शन करै तौ वाको फिर जन्म नहीं होय है ॥ १५ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायां गिरिराजखण्डे भाषाटीकायां गिरिराजविभूतिवर्णनं नामाष्टमोऽध्यायः ॥ ८ ॥ बहुलाश्व राजा कहै है अहो !

गोवर्द्धन तो साक्षात् पर्वतनकौ राजा हरिकौ प्यारो है ताके समान कोई तीर्थ पृथ्वीमें है न स्वर्गमें है ॥ १ ॥ सो कब यह श्रीकृष्णके वक्षस्थलते पैदा भयौ है ? यह मेरे आगे कहो ? तुम साक्षात् भगवान्के मन हौ ॥ २ ॥ तब नारदजी कहैं है कि, हे राजन् ! हे बड़ी बुद्धिवारे ! यह गोलोककी उत्पत्तिकौ वृत्तांत है ताहि तूँ सुन ये मनुष्यनको चार पदार्थको देनवारौ है जामें आदिलीला वर्णन करी है ॥ ३ ॥ जो अनादि आत्मा पुरुष निर्गुण मायाते परे परिपूर्णतम साक्षात् श्रीकृष्णभगवान् प्रभु ॥ ४ ॥ प्रत्यग्धामा स्वयंज्योति जो यहां निरन्तर रमण करै हैं जहां सबके चलायवेवारेनकोहू चलायवेवारौ काल सोहू प्रभु नहीं है ॥ ५ ॥ हेराजन् ! न यहां माया है न महत्तत्त्व है न तीनों गुण न मन बुद्धि है और न चित्त अहंकार है और न जामें बुद्धि प्रवेश करै है ॥ ६ ॥ वाने अपने स्वरूपमें साकार ब्रह्मकी इच्छा करी तब पहलेई शेषजी भये वो कमलतंतुसों सुपेद हैं और

कदान्वभूवश्रीकृष्णवक्षसोऽयंगिरीश्वरः ॥ एतद्वदमहाबुद्धेत्वंसाक्षाद्धरिमानसः ॥ २ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ गोलोकोत्पत्तिवृत्तान्तं शृणुराजन्महामते ॥ चतुष्पदार्थदंनृणामाद्यलीलासमन्वितम् ॥ ३ ॥ अनादिरात्मापुरुषोनिर्गुणःप्रकृतेःपरः ॥ परिपूर्णतमःसाक्षाच्छ्रीकृष्णोभगवान्प्रभुः ॥ ४ ॥ प्रत्यग्धामास्वयंज्योतीरममाणोनिरन्तरम् ॥ यत्रकालःकलयतामीश्वरोधाममानिनाम् ॥ ५ ॥ राजन्नप्रभवेन्मायानमहांश्चगुणाःकुतः ॥ नविशंतिकचिद्राजन्मनश्चित्तोमतिर्ह्यहम् ॥ ६ ॥ स्वधाम्निब्रह्मसाकारमिच्छयाचव्यचीकरत् ॥ प्रथमंचाभवच्छेषोविसश्वेतोबृहद्वपुः ॥ ७ ॥ तदुत्संगेमहालोकोगोलोकोलोकवन्दितः ॥ यंप्राप्यभक्तिसंयुक्तःपुनरावर्ततेनहि ॥ ८ ॥ असंख्यब्रह्माण्डपतेर्गोलोकाधिपतेःप्रभोः ॥ पुनःपादाब्जसंभूतागंगात्रिपथगामिनी ॥ ९ ॥ पुनर्वामांसतस्तस्यकृष्णाभूत्सरितांवरा ॥ रेजेशृंगारकुसुमैर्यथोष्णिड्मुद्रितानृप ॥ १० ॥ श्रीरासमण्डलंदिव्यंहेमरत्नसमन्वितम् ॥ नानाशृंगारपटलंगुल्फाभ्यांश्रीहरेःप्रभोः ॥ ११ ॥ सभाप्रांगणवीथीभिर्मंडपैःपरिवेष्टितः ॥ वसन्तमाधुर्यधरःकूजत्कोकिलसंकुलः ॥ १२ ॥ मयूरैःषट्पदैर्व्याप्तःसरोभिःपरिसेवितः ॥ जातोनिकुंजोजंघाभ्यांश्रीकृष्णस्यमहात्मनः ॥ १३ ॥ वृन्दावनंचजानुभ्यांराजन्सर्ववनोत्तमम् ॥ लीलासरोवरःसाक्षादूरुभ्यांपरमात्मनः ॥ १४ ॥

बड़ौ जाकौ शरीर है ॥ ७ ॥ ताकी गोदीमें लोकवंदित सब लोकनमें मुख्य गोलोक भयो जामें गयो हरिभक्त या लोकमें आयके फिर जन्म नहीं लेय है ॥ ८ ॥ फिर या असंख्य ब्रह्माण्डनके पति गोलोकके नाथ तिनके चरणकमलते तीन रस्ताकी गमन करनहारी श्रीगङ्गाजी प्रगट भई ॥ ९ ॥ फिर श्रीकृष्णके बांये अंगते नदिनमें मुख्य कालिंदी प्रगट भई वो शृंगारके पुष्पनकरिके ऐसी शोभित भई जैसे बँधी भई उष्णीष (पगडी) ॥ १० ॥ फिर भगवान्के टकनाते श्रीरासमण्डल प्रगट भयो जो रत्नजटित सुवर्णके नाना शृंगारनको समूह है ॥ ११ ॥ जो सभा, आंगन, चौक, गली, छजी इन करिके सहित है वसंतकी माधुर्यको धरैहै, जामें कोकिल, सारस कुहकि रहे है, जिनमें सुन्दर सरोवर हैं ॥ १२ ॥ जहां मोर नाचिरहे हैं, भौंरा गुंजार करै है, फिर कृष्णमहात्माकी जंघाते निकुंज पैदा भयौ ॥ १३ ॥ फिर भगवान्की पीडुरीते हे राजन् ! बननमें

उत्तम वृन्दावन प्रगटभयो और भगवान्‌की जांघनते लीलासरोवर भयो ॥ १४ ॥ भगवान्‌की कमरिते दिव्य रत्नमय सुनहरी भूमि भई, उदरसें जे रोमनकी पंगति तातें माधवी माधुरीकी लता भई ॥ १५ ॥ अनेक पखेरूनकी ध्वनिते भूषित है रही है, फूल फलके भारनते आकुल नाम युक्त है और नीचेको नयी है जैसे गुण पायके सत्कुलके उत्पन्नभये पुरुष नये हैं ॥ १६ ॥ और भगवान्‌की नाभिकमलते अनेक प्रकारके हजारन कमल पैदाभये जे सरोवरनमें खिले हैं ॥ १७ ॥ भगवान्‌की त्रिवलीते अति शीतल मंद सुगंध पवन भई, भगवान्‌की हँसुलीयानते मथुरा द्वारिका दोनों पुरी भई ॥ १८ ॥ भगवान्‌की भुजानते श्रीदामादिक आठ पार्षद भये, पहुंचेनते नौ नंद भये, करके अग्रते नौ उपनंद भये ॥ १९ ॥ हे नृप ! श्रीकृष्णके भुजानकी जड़मेंते सम्पूर्ण वृषभानु भये और श्रीकृष्णके रोमनमेंते सबरे गोपनके गण भये ॥

कटिदेशात्स्वर्णभूमिर्दिव्यरत्नखचित्प्रभा ॥ उदरेरोमराजिश्चमाधव्योविस्तृतालताः ॥ १५ ॥ नानापक्षिगणैर्व्याप्ताध्वनद्भ्रमरभूषिताः ॥
सुपुष्पफलभारैश्चनताःसत्कुलजाइव ॥ १६ ॥ श्रीनाभिपंकजात्तस्यपंकजानिसहस्रशः ॥ सरःसुहरिलोकस्यतानिरेजुरितस्ततः ॥ १७ ॥
त्रिवलिप्रांततोवायुर्मन्दगाम्यतिशीतलः ॥ जत्रुदेशाच्छुभाजातामथुराद्वारकापुरी ॥ १८ ॥ भुजाभ्यांश्रीहरेर्जाताःश्रीदामाद्यष्टपार्षदाः ॥
नन्दाश्चमणिबंधाभ्यामुपनन्दाःकराग्रतः ॥ १९ ॥ श्रीकृष्णबाहुमूलाभ्यांसर्वेवैवृषभानवः ॥ कृष्णरोमसमुद्भूताःसर्वेगोपगणान्नृप ॥ २० ॥
श्रीकृष्णमनसोगावोवृषाधर्मधुरन्धराः ॥ बुद्धेर्यवसगुल्मानिबभूवुर्मैथिलेश्वर ॥ २१ ॥ तद्वामांसात्समुद्भूतंगौरंतेजःस्फुरत्प्रभम् ॥ लीलाश्रीर्भू
श्चविरजातस्माज्जाताहरेःप्रियाः ॥ २२ ॥ लीलावतीप्रियातस्यतांराधांतुविदुःपरे ॥ श्रीराधायाभुजाभ्यांतुविशाखाललितासखी ॥ २३ ॥
सहचर्यस्तथागोप्योराधारोमोद्भवानृप ॥ एवंगोलोकरचनांचकारमधुसूदनः ॥ २४ ॥ विधायसर्वनिजलोकमित्थंश्रीराधयातत्ररराजराजन् ॥
असंख्यलोकाण्डपतिःपरात्मापरःपरेशः परिपूर्णदेवः ॥ २५ ॥ तत्रैकदासुन्दररासमण्डलेस्फुरत्क्वणन्नूपुरशब्दसंकुले ॥ सुच्छत्रमुक्ताफलदाम
जामृतस्रवद्बृहद्बिन्दुविराजितांगणे ॥ २६ ॥

॥ २० ॥ श्रीकृष्णके मनते गौ और धर्मके धुर उठावनवारे बैल भये, हे मैथिलेश्वर ! बुद्धिमेंते घास और गुल्म लता भई ॥ २१ ॥ वाही श्रीकृष्णके बांये अंगते गौर तेज श्रीराधिकाजी भई जो तेजःपुंज है, ताते लीला, श्री, भू, विरजा ये चार देवी उत्पन्न भई, जे हरिकी प्रिया हैं ॥ २२ ॥ लीलावती श्रीकृष्णकी प्यारी हैं, कोई २ तो लीलावती कहेहैं, कोई वाहीको राधा कहे हैं, वा राधिकाकी भुजानते ललिता विशाखा दो सखी होतभई ॥ २३ ॥ और जो सहचरी गोपी हैं, सो राधिकाजीके रोमते पैदाभई, हे नृप ! श्रीकृष्णनें ऐसे गोलोककी रचना करी ॥ २४ ॥ ऐसे सब अपनो लोक रचिके राधासहित हे राजन् ! श्रीकृष्ण वहां विराजे जो असंख्य लोक ब्रह्माण्डनके पति परात्मा परिपूर्ण देव हैं ॥ २५ ॥ तहां एकसमय रासमण्डलमें जामे बजने नूपुरनकी झनकार शब्द हैरहे तहां सुन्दर छत्रनके मोतीनमेंते अमृतकी बूंद झर रहीहै, ताते आंगन अत्यन्त शोभाकूं

भास हैरहे हैं ॥ २६ ॥ तहां मालतीके चंदोआनके जालते स्वतःसिद्ध झरना झरैहैं तिनके मकरन्दते सुगन्धित हैरह्योहै और मृदंग, ताल, वेणु, तिनके शब्द हैरहे हैं, सुंदर कंठके गानविद्या जामें हैरही तिनते अति मनोहर हैं ॥ २७ ॥ श्रीसुन्दरीनके रासके रससौं मनोहर है ताके बीचमें विराजमान किरोड़न कंदर्पकूं मोहनहारे ऐसे जो श्रीकृष्ण तिनते राधिकाजी कटाक्षरस देवेकी चतुराईते राजी करत अतिमनोहर वाणीते ये बोली ॥ २८ ॥ कि, हे प्यारे! तुम मोपै रासमें मेरे प्रेमते प्रसन्न भयेहो तो हे जगत्के पति! मेरे मनमें तुमते प्रार्थना करवेकी इच्छा है सो मैं करूंहूं ॥ २९ ॥ तब श्रीकृष्ण बोले–हे सुन्दर करूवारी! जो तेरी इच्छा होय सो मांग जो न देवेकी वस्तु होयगी सोऊ प्यारी तेरे प्रेमते मैं देदऊंगो ॥ ३० ॥ तब राधिकाजी बोली–हे देवदेव! मेरे लियें वृंदावनमें दिव्य निकुंजके पास यमुनाजीके किनारेपै कोई रासरसके योग्य सुन्दर एक

श्रीमालतीनांसुवितानजालतःस्वतःस्रवत्सन्मकरन्दगन्धिते ॥ मृदंगतालध्वनिवेणुनादितेसुकण्ठगीतादिमनोहरेपरे ॥ २७ ॥ श्रीसुन्दरीरासरसेमनोरमेमध्यस्थितंकोटिमनोजमोहनम् ॥ जगादराधापतिमूर्जयागिराकृत्वाकटाक्षंरसदानकौशलम् ॥ २८ ॥ ॥ श्रीराधोवाच ॥ ॥ यदिरासेप्रसन्नोसिममप्रेम्णाजगत्पते ॥ तदहंप्रार्थनांत्वांतुकरोमिमनसिस्थिताम् ॥ २९ ॥ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ ॥ इच्छांवरयवामोरुयातेमनसिवर्त्तते ॥ नदेयंयदियद्वस्तुप्रेम्णादास्यामितत्प्रिये ॥ ३० ॥ ॥ राधोवाच ॥ ॥ वृन्दावनेदिव्यनिकुंजपार्श्वेकृष्णातटेरासरसाययोग्यम् ॥ रहःस्थलंत्वंकुरुतान्मनोज्ञंमनोरथोयंममदेवदेव ॥ ३१ ॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ तथास्तुचोक्त्वाभगवान्रहोयोग्यंविचिन्तयन् ॥ स्वनेत्रपंकजाभ्यांतुहृदयंसंददर्शह ॥ ३२ ॥ तदैवकृष्णहृदयाद्गोपीव्यूहस्यपश्यतः ॥ निर्गतंसजलंतेजोऽनुरागस्येवचांकुरम् ॥ ३३ ॥ पतितंरासभूमौतद्ववृधेपर्वताकृति ॥ रत्नधातुमयंदिव्यंसुनिर्झरदरीवृतम् ॥ ३४ ॥ कदंबबकुलाशोकलताजालमनोहरम् ॥ मन्दारकुन्दवृन्दाढ्यंसुपक्षिगणसंकुलम् ॥ ३५ ॥ क्षणमात्रेणवैदेहलक्षयोजनविस्तृतम् ॥ शतकोटियोजनानांलंबितंशेषवत्पुनः ॥ ३६ ॥ ऊर्ध्वंसमुन्नतंजातंपंचाशत्कोटियोजनम् ॥ करीन्द्रवत्स्थितंशश्वत्पंचाशत्कोटिविस्तृतम् ॥ ३७ ॥ कोटियोजनदीर्घांगैःशृंगाणांशतकैःस्फुरत् ॥ उच्चैःस्वर्णकलशैःप्रासादमिवमैथिल ॥ ३८ ॥

एकांत मनकौ हरनवारो स्थल रचौ हे देवदेव! मेरे या मनोरथको करौ ॥ ३१ ॥ नारदजी कहैहे–तैसेंई होयगी ऐसें भगवान् कहकें एकांतके योग्य स्थलको विचार करते अपने नेत्रनते अपनो हृदय देखनलगे ॥ ३२ ॥ ताही समय गोपीनके देखत २ श्रीकृष्णके हृदयते एक सजल तेज निकस्यो मानो स्नेहको अंकुरही है ॥ ३३ ॥ सो वह रासभूमिमें गिरयो, फिर पर्वतके आकार बढ़नलग्यो दिव्य रत्नमय धातुमय हैगयो, झरना जिनमें झरें ऐसी गुहा वनगई ॥ ३४ ॥ कदम्ब, मौरछली, अशोक तिनकी लतानके जालनते मनोहर है, मंदार कुंदके वृक्षनके झुण्डते भरयो और सुंदर पक्षीनके गणनकरके सेवित है ॥ ३५ ॥ फिर हे वैदेह! वो एकही क्षणमें लाख योजनको विस्तीर्ण हैगयो और सौ किरोड़ योजन शेषसो लम्बो हैगयो ॥ ३६ ॥ और पचास किरोड़ योजन ऊंचो और हाथीकी तरह पचास किरोड़ योजन मोटो ऐसो ठाड़ो हैगयो ॥ ३७ ॥ जामें किरोड़ २

योजनके सौ शिखर दीखनलगे और हे मैथिल ! ऊँचे ऊँचे सोनेके कलशानसमेत वे शिखर महलसे दीखन लग्यौ ॥ ३८ ॥ कोई याकूं गोवर्द्धन कहेंहैं और कोई याकूं शतशृंग
कहैं हैं, या प्रकार जैसें मन चढेहै तैसें बढ़नलग्यौ ॥ ३९ ॥ तब तौ बड़ौ कोलाहल भयौ, गोलोक भयते विह्वल हैगयौ, तब तौ हरि देखकें उठे और वाके एक हाथसौं एक थप्पड़
मारचौ ॥ ४० ॥ और ये कही कि, अरे ! क्यों बढ्यौई चल्योजाय है लोकमें गुप्त हैकें रह, अरे ! और ये सब विश्वके जीव कहां बसेंगे ॥ ४१ ॥ तब वा गिरिवरकूं देखकें भगवान्की
प्यारी राधा बड़ी प्रसन्न भई, ता गोवर्द्धनमें एकांत स्थलमें हे राजन् ! हरिके संग विशेष करके राजती भई ॥ ४२ ॥ सो यह गिरिवर है ये साक्षात् श्रीकृष्णनें उदय कीनों है सब
तीर्थमय है घनसौं श्याम देवतानकौ प्यारो है ॥४३॥ भरतखण्डते पश्चिम दिशामें शाल्मलीद्वीपके बीचमें द्रोणाचलकी स्त्रीके याने जन्म लीनों है॥४४॥ तब पुलस्त्यजीनें भरतखंडमें व्रजमंडलमें

गोवर्धनाख्यंतचाहुःशतशृंगंतथापरे ॥ एवंभूतंतुतदपिवर्द्धितंमनसोत्सुकम् ॥ ३९ ॥ कोलाहलेतदाजातेगोलोकेभयविह्वले ॥ वीक्ष्योत्थाय
हरिःसाक्षाद्धस्तेनाशुतताडतम् ॥ ४० ॥ किंवर्द्धसेभोप्रच्छन्नंलोकमाच्छाद्यतिष्ठसि ॥ किंवानचैतेवसितुंतच्छान्तिमकरोद्धरिः ॥ ४१ ॥
संवीक्ष्यतंगिरिवरंप्रसन्नाभगवत्प्रिया ॥ तस्मिन्रहःस्थलेराजन्रराजहरिणासह ॥ ४२ ॥ सोयंगिरिवरःसाक्षाच्छ्रीकृष्णेनप्रणोदितः ॥
सर्वतीर्थमयः श्यामोघनश्यामोसुरप्रियः ॥ ४३ ॥ भारतात्पश्चिमदिशिशाल्मलिद्वीपमध्यतः ॥ गोवर्द्धनोजन्मलेभेपत्न्यांद्रोणाचलस्यच ॥
॥ ४४ ॥ पुलस्त्येनसमानीतोभारतेव्रजमण्डले ॥ वैदेहतस्यागमनंमयातुभ्यंपुरोदितम् ॥ ४५ ॥ यथापुरावर्द्धितुमुत्सुकोयंतथापिधानं
भवितामुवोवा ॥ विचिन्त्यशापंमुनिनापरेशोद्रोणात्मजायेतिददौक्षयार्थम् ॥ ४६ ॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहितायांश्रीगिरिराजखंडेश्रीनारदबहु
लाश्वसंवादेश्रीगिरिराजोत्पत्तिवर्णनंनामनवमोऽध्यायः ॥ ९ ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ अत्रैवोदाहरंतीममितिहासम्पुरातनम् ॥
यस्यश्रवणमात्रेणमहापापम्प्रणश्यति ॥ १ ॥ विजयोब्राह्मणःकश्चिद्गौतमीतीरवासकृत ॥ आययौस्वमृणंनेतुंमथुराम्पापनाशिनीम् ॥ २ ॥
कृत्वाकार्यंगृहंगच्छन्गोवर्द्धनतटींगतः ॥ वर्तुलंतत्रपाषाणंचैकंजग्राहमैथिल ॥ ३ ॥ शनैःशनैर्वनोद्देशेनिर्गतोव्रजमंडलात् ॥ अग्रेददर्शचायांतं
तंराक्षसंघोररूपिणम् ॥ ४ ॥ हृदयेचमुखंयस्यत्रयःपादाभुजाश्चषट् ॥ हस्तत्रयंचस्थूलोष्ठोनासाहस्तसमुन्नता ॥ ५ ॥

लायके धरचौ है, हे वैदेह ! जाकौ आगमन मैंने तोते पहलेई वर्णन करिदीनों है ॥४५॥ जैसें पहले गोलोकमें बढ्यो है तैसेंई अब यह बढ़कर भूमिको ढकना होयगो पुलस्त्यमुनि ऐसे चिंतमन
करिके गोवर्द्धनके क्षयके अर्थ शाप दीनो है ॥४६॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायां गिरिराजखण्डे भाषाटीकायां गोवर्द्धनोत्पत्तिवर्णनं नाम नवमोऽध्यायः ॥ ९ ॥ नारदजी कहैं हैं–कि, यहां एक
पहलो इतिहास वर्णन करें हैं जाके सुनेहीते महापाप नाशकूं प्राप्त होय हैं ॥ १ ॥ एक विजय नाम करिके ब्राह्मण हो वो गोमती नदीके तीरपै बसै हो, सो वो ऋषि अपनों ऋण
लेवेकूं पापनाशिनी मथुरामें आयौ ॥२॥ हे मैथिल ! अपनों काम करिके घरकूं जातेमें गोवर्द्धनकी तरहटीमें आयौ, गोवर्द्धनकों एक गोल पत्थर वानें लैलीनों ॥ ३ ॥ वो होलें होलें
व्रजमण्डलते निकसिकें एक वनमें आयौ आगे देखें तौ घोररूप एक राक्षस चल्यौ आवै है ॥ ४ ॥ हृदयमें तौ वाको मुख है, तीन पांव हैं और छः भुजा हैं, तीन हाथ मोटो जाको

होठ हैं और एक हाथकी नाक है ॥ ५ ॥ सात हाथ लंबी जाकी जीभ लफलफाय रही है, कांटेसे काले जाके रोंगटा हैं, लाल २ आंख है और बडे लंबे भयंकर टेढे जाके दांत है ॥ ६ ॥ घुर्र घुर्र करै है और बड़ो भूखो है, वह राक्षस ब्राह्मण बैठ्यौहो वाके सन्मुख आयो ॥ ७ ॥ तब वाके ब्राह्मणनें गिरिराजकी पत्थर मान्यो तब तो गिरिराजके पत्थरके स्पर्शते वा राक्षसकी देह छूटगई दैवी देह मिलगई ॥ ८ ॥ कमलसे नेत्र, श्यामसुंदर रूप बनमाला पहिरें, पीतांबर ओढें, मुकुट, कुण्डल, धारणकरें ॥ ९ ॥ वंशी धारणकरे बेंत लीये दूसरो कामदेवसो हाथ जोड़ ब्राह्मणकूं वेर २ दंडवत करनलग्यो ॥ १० ॥ तब वह सिद्ध यह बोल्यो—हे ब्राह्मणनमें श्रेष्ठ! तुम धन्य हो, पराई रक्षाके करनवारे, हे महाबुद्धि! तुमने मेरी राक्षसी देह छुटायदीनी ॥ ११ ॥ पत्थरके स्पर्शते मेरो कल्याण हेगयो, तुम बिना और काहूकी सामर्थ्य मोकूं छुड़ायवेकी नहीं ही ॥ १२ ॥ तब ब्राह्मण

नारदजी कहें हैं कि, बलदेव सहित और गोपन सहित श्रीकृष्ण माली सुदामाके घर गये ॥ १ ॥ सुदामामाली दोनोंनकूं देखतही उठके ठाढोभयो फूलनके सिंहासनपै बैठारि दंडवत करके हाथ जोडके गद्गदवाणीते यह बोल्यो ॥ २ ॥ आजु मेरो कुल जन्म धन्य भयो आजु मेरो भवन पवित्र भयो आज आपके आयेते मेरी सात पीढी पवित्र भई मेरे पिताको कुलकी माताके कुल स्त्रीके कुलकी सात ७ पीढी बैकुंठकूं गयी ॥ ३ ॥ पृथ्वीको भार उतारवेकूं पूर्णपुरुष परमेश्वर तुम दोनो यदुकुलमें प्रकटभयेहो सो जगत्के ईश्वर मेरे घर आये मै तो दीनते दीन हूं नीच हूं मेरी दोनों पुरुषनकूं नमस्कार है ॥ ४ ॥ नारदजी कहै हैं कि, ऐसे कहिके फूलनकी माला गुच्छाहार गहने पहरावत भयो जिनपै सुगंधिके मारे भौंरा गुंजारि रहे हैं अनेक फूलनके अतर निवेदन करिके दंडवत करतो भयो ॥ ५ ॥ वाके फूलनके गहने मालानको बलदेवजी सहित भगवान हरि पहरिके और

गोपनकूं देके हँसते हँसते मालीते बोले ॥ ६ ॥ मेरे चरणकमलमे तेरी उत्कट भक्ति सदा होयगी और मेरे भक्तनको संग होयगो और याही लोकमें तोको मेरी सारूप्य मुक्ति प्राप्त होयगी ॥ ७ ॥ और बलदेवजी या मालीको अन्वयवर्द्धिनी लक्ष्मी देतेभये फेर वहांते दोनो भैया उठिके और गलीमें चलेगये ॥ ८ ॥ तहां एक कमलनयनी तरुण स्त्री चन्दन लीये कूबरी रस्तामे देखी आवतीते वाते लक्ष्मीके पति श्रीकृष्ण पछनलगे ॥ ९ ॥ तुम कौन हो कौनकी बेटी हो कौनकी बहू हो यह चन्दन कौनकूं लीये जाओहो हमकूं या चंदनकूं देउ तो तुम्हारो जल्दी ही कल्याण हैजायगो ॥१०॥ तब वह कुब्जा बोली हे सुंदरवर ! हे महामते ! मे दासी हूं मेरो कुब्जा नाम है ये मेरो घिस्यो चंदन कंसकूं अच्छो लगैहै ॥११॥ अबतलक तो मै कंसकी दासी ही अब हाथीकी सूड़से तुमारे सुढार भुजदंड देखिके में आपकी दासी हूं ॥ १२ ॥ तुम दोनो विना और को चंदन लगायबेलायक

गरीयसीमत्पदाब्जेभक्तिर्भूयात्सदातव ॥ मद्भक्तानांतुसंगःस्यान्मत्स्वरूपमिहैवहि ॥ ७ ॥ बलदेवोददौतस्मैश्रियंचान्वयवर्द्धिनीम् ॥ उत्था यतौततोराजनन्यांवीथींप्रजग्मतुः ॥८॥ यांतींस्त्रियंपद्मनेत्रांपाटीरालेपभाजनम् ॥ बिभ्रतींयुवतींकुब्जांपथिपप्रच्छमाधवः ॥ ९ ॥ ॥ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ ॥ कात्वंकस्यप्रियासुभ्रुकस्यार्थेचंदनंत्विदम् ॥ देह्यावयोर्येनतवाचिरंश्रेयोभविष्यति ॥ १० ॥ ॥ सैरंध्र्युवाच ॥ ॥ दास्यस्मिसुन्दरवरकुब्जानाममहामते ॥ मद्धस्तोत्थंचपाटीरंजातंभोजपतेःप्रियम् ॥ ११ ॥ अद्यापिकंसदास्यस्मिसांप्रतंतवचाग्रतः ॥ हस्तिशुंडादण्डसमेभुजदण्डेस्तिमेमनः ॥ १२ ॥ युवांविनाकोन्यतमोऽनुलेपंकर्तुमर्हति ॥ युवयोस्तुसमंरूपंत्रैलोक्येनहिविद्यते ॥ १३ ॥ ॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ उभाभ्यांसाददौसांद्रंहर्षिताह्यनुलेपनम् ॥ अथतावंगरागेणरामकृष्णौविरेजतुः ॥ १४ ॥ जगृहुश्चन्दनंदिव्यंकिंचित्किंचिद्व्रजार्भकाः ॥ त्रिवक्रामथतांकृष्णऋज्वींकर्तुमनोदधे ॥ १५ ॥ आक्रम्यपद्भ्यांप्रपदेंगुलिद्वयंप्रोत्तानहस्तेनविभुःपरेश्वरः ॥ प्रगृह्यनूणांचुबुकेप्रपश्यतांवक्रांततुंतामुदनीनमद्धरिः ॥ १६ ॥ तदैवसायष्टिसमानविग्रहार्द्धांग्याचरंभांक्षिपतीवरूपिणी ॥ भूत्वागृहीत्वाहहरिं तुवाससिशुचिस्मिताजातमनोजविह्वला ॥ १७ ॥ ॥ सैरन्ध्र्युवाच ॥ ॥ गच्छाशुहेसुंदरवर्यमद्गृहंत्यक्तुंभवंतंकिलनोत्सहेहम् ॥ प्रसीदसर्वज्ञरसज्ञमानदत्वयाभृशंप्रोन्मथितंमनोमम ॥ ॥ १८ ॥

है ? तुम्हारे समान रूप त्रिलोकीमें काहूको नहीं है इनीमें मन मेरो फसगयोहै ॥ १३ ॥ नारदजी कहेहैं ऐसे प्रसन्न हैके याने दोनोनकूं सुन्दर चंदन दीयो तब वा चंदनते कृष्ण बलदेवकी बड़ी शोभा होतीभई ॥ १४ ॥ तब थोड़ी २ वो दिव्य चंदन गोपननेऊ लगायो तब भगवान् तीन जगहसो टेढी वा कुब्जाकूं सूधी करिवेकूं आप मन करते भये ॥ ॥ १५ ॥ विभु परमेश्वर हरि अपने पांवते वाके दोनो पांवनके अग्रभागको दाबिके एक हाथ कमरमें देके दाहिने हाथकी दोनो उंगरियानसों वाकी ठोडी पकरिके एक झटका रूप रको दीनो ॥ १६ ॥ ताई समय वो सूधी छडीकी नाई समान शरीरवारी सुन्दर रूपा हैगयी अपने लावण्य सौंदर्यसो मानों साक्षात् रंभाकोहू मात करैहै तब श्रीकृष्णको पीतांबर पकरिके मुसिक्यात करत यह बोली काममे विह्वल हैगई ॥ १७ ॥ हे सुन्दरवर्य ! मेरे घर चलो मे आपकूं छोडूंगी नहीं हे सर्वज्ञ ! हे रसज्ञ ! हे मानद ! आपने मेरो

मन मथिडाऱ्यो काम चढ़ाय दीनों अत्यंत मन वश करि लीनो ॥ १८ ॥ नारदजी कहैंहैं कि, ताई समय गोप सब तारी बजाय हँसी करनलगे कि, यह कहा भयो बलदेवके
देखते २ कुब्जाने याचना करी तब तो भगवान् यह वचन बोले ॥ १९ ॥ अहो! यह मथुपुरी अति धन्य है जामें ऐसे २ भलेमानसमनुष्य बसैंहैं जे आदमी रस्ताहू नहीं जाने तिने घरकूं
लिवायके लेजाय है हे प्यारी! तेरे घर तौ निश्चयही आवेंगे पर मथुरापुरीकूं देखिके आवेंगे॥२०॥नारदजी कहैंहैं कि,ऐसी मीठी वाणी कहिके वाके हाथमेंते,अपने पीताम्बरको खैंचिके बजारमें
चलते२ श्रीभगवान् बडे २ साहूकार धनी जे बनियां हैं तिने देखतभये॥२१॥तब वे मथुराके रहीस वैश्य गंध,पुष्प,फल, तांबूल, दुध इनते हरिकी पूजा कर आसनपै बैठारिके नमस्कार करते भये
क्योंकि वे उत्तम बुद्धिवारे हैं बैठारी है ॥२२॥ तब वे बनियां बोले महाराज ! जो आपको यहां राज होय तो हमारी यादि राखियों हे देव ! हम तुम्हारी रय्यत है पर राजा भयेपै

॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ तदैवगोपाजहसुःपरस्परमहोकिमेतत्करतालनिःस्वनैः ॥ प्रहस्यरामस्यहरिःप्रपश्यतस्तद्याच्यमानोह्यव
दत्परंवचः ॥ १९ ॥ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ ॥ अहोतिधन्यामधुरापुरीयंवसंतियत्रैवजनास्तुसौम्याः ॥ येऽज्ञातपंथान्स्वगृहंनयंतिदृष्ट्वापु
रींधामतवागमिष्ये ॥ २० ॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ एवमुक्त्वोत्तरीयांतंसमाकृष्यगिराद्रया ॥ राजमार्गंव्रजन्कृष्णोवैश्यानाढ्यान्ददर्शह
॥ २१ ॥ पुष्पताम्बूलगंधाढ्यैःफलैर्दुग्धफलैर्हरिम् ॥ सम्पूज्यस्वासनेस्थाप्यनेमुरग्र्यधियोविशः ॥ २२ ॥ ॥ वैश्याऊचुः ॥ ॥ भवे
च्चेदत्रतेराज्यंतावकान्स्मरतात्सदा ॥ वयंतवप्रजादेवराज्येप्राप्तेनकःस्मरेत् ॥ २३ ॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ पप्रच्छसुस्मितोवैश्यान्कोदं
डस्थानमच्युतः ॥ नतेतमूचुःसुधियःकोदंडेभंगशंकया ॥ २४ ॥ तद्रूपगुणमाधुर्य्यमोहितायेचमाथुराः ॥ कुमारपश्यैहिधनुरित्यूचुस्तदिह
क्षवः ॥ २५ ॥ तैर्दृष्टेनपथाकृष्णःप्रविष्टोधनुषःस्थलम् ॥ मैत्रींकुर्वन्वयस्यैश्चमाथुरैःपुरबालकैः ॥ २६ ॥ यथेंद्रहेमचित्राढ्यंकोदंडंसप्त
तालकम् ॥ पुरुषैःपंचसाहस्रैर्नेतुंयोग्यंबृहद्वरम् ॥ २७ ॥ अष्टधातुमयंक्लिष्टंलक्षभारसमंपरम् ॥ चतुर्दश्यांपौरजनैरर्चितंयज्ञमंडले ॥
॥ २८ ॥ भार्गवेणपुरादत्तंयदुराजायमाधवः ॥ददर्शकुण्डलीभूतंसाक्षाच्छेषमिवस्थितम् ॥ २९ ॥ वार्य्यमाणोनृभिःकृष्णःप्रसह्यधनुराददे ॥
पश्यतांतत्रपौराणांसज्यंकृत्वाथलीलया ॥ ३० ॥

कौन यादि राखे हैं ॥ २३ ॥ तब मंद मुसिक्यान करते भगवान् इन बनियांनते धनुषको स्थान पूंछन लगे सो वे धनुषके तोडवेके डरके मारे नहीं बतामें हें ॥ २४ ॥ वाके रूप गुण
माधुर्यताते मोहे जे मथुरावासी हैं वो बोले कि, हे कुमार ! देखो हम तुमें धनुष दिखामें आये ऐसे कहिके लेगये ॥ २५ ॥ तिनके बताये रस्तासो भगवान् धनुषके स्थानमें,पहुँ
चिगये बराबरके मथुराके बालकनते मित्रता करते जाय पहुँचे ॥ २६ ॥ इंद्रकोसो धनुष सुनहेरी बेल बूटा चित्र जामें सात तालनकी बराबर लंबो पांचहजार मनुष्यपे उठवेलायक
भारी ॥ २७ ॥ अष्टधातुको एक लाख भारको और चौदशकू पुरवासीननें पूज्यो यज्ञमंडपमें धरौ ॥ २८ ॥ परशुरामने यदुराजको दीयो ताहि श्रीकृष्ण देखतभये कुंडली मारे मानो
शेष नागही बैठ्यो है ॥ २९ ॥ मनुष्य तो बर्जतही रहे परि श्रीकृष्णने जात जात जबरदस्तीसो धनुष उठायलीनो और सब पुरवासीनके देखते देखते सहजमेंई खेलकरके चढाय

दीनो ॥ ३० ॥ फेर दोनों भुजानते कानताई खैंचिके बीचमेते तोरडाऱ्यो जैसे ईखके गांडेकूं हाथी सहजही तोरिडारै है ॥३१॥ जब धनुष टूट्यो तब वाकी टंकोर ऐसी भई मानो कडकडाय बीजुरी परी जाके शब्दसों सात लोक और सातों बिलनसहित ब्रह्मांड सबरे गूँजउठे ॥ ३२ ॥ दिग्गज चलायमान हैगये तारे टूटन लगे पृथ्वीमंडल कांपन लग्यो वा ईसमय पृथिवीमे सब जनमंडली बहरीसी हैगई ॥ ३३ ॥ कंसको हृदय दो घडी तलक कांप्यो कऱ्यो ताके रक्षक आततांई लडिबेकूं ठाडे हैगये ॥ ३४ ॥ श्रीकृष्णकूं पकऱ्यो चाहें हे पकरि लेउ बांधिलेओ ऐसे कहनलगे फिर शस्त्र लैलैके वे आये तिनो कृष्ण बलदेव दोनों देखे ॥३५॥ धनुषके दोनो टूकनकूं लैके दुर्मद जे वीर तिनकूं अत्यंत मारनलगे तब धनुषके टूकनके मारे कितनेऊ तो मूर्च्छा खायके जाय परे ॥ ३६ ॥ टूटे हे कंधा भुजा नख और पांव जिनके ऐसे पांचहजार वीर भूमंडलमें मरिके जाय परे ॥ ३७ ॥ जे मथुरावासी तमासे देखनवारे हे वे सब भागगये पुरीमें बडो कोलाहल भयो मनुष्यनको बडो कोलाहल मचो ॥ ३८ ॥ भोजराज कंसको छत्र अकस्मात् जाय पऱ्यो मथुरापुरीमे कोलाहल मचिगयो

आकृष्यकर्णपर्यंतंदोर्दंडाभ्यांहरिर्धनुः ॥ बभंजमध्यतोराजन्निक्षुदंडंगजोयथा ॥३१॥ भज्यमानस्यधनुषष्टंकारोभूत्तडित्स्वनः ॥ ननादतेनब्रह्मांडंसप्तलोकैर्बिलैःसह ॥ ३२ ॥ विचेलुर्दिग्गजास्तारापेतुर्भूखण्डमंडलम् ॥ तदैवबधिरीभूतापृथिव्यांजनमंडली ॥ ३३ ॥ कंसस्यहृदयेशब्दोविददारघटीद्वयम् ॥ तद्रक्षिणःप्रकुपिताउत्थिताआततायिनः ॥३४॥ गृहीतुकामाःश्रीकृष्णंप्रत्यूचुर्बध्यतामिति ॥ अथतानागतान्वीक्ष्यसशस्त्रान्बलकेशवौ ॥ ३५ ॥ कोदंडशकलेनीत्वाजघ्नतुर्दुर्मदान्भृशम् ॥ शकलातिप्रहारेणकेचिद्वीरास्तुमूर्च्छिताः ॥ ३६ ॥ भिन्नपादाभिन्ननखाः केचिच्छिन्नांसबाहवः ॥ वीराःपंचसहस्राणिनिपेतुर्भूमिमण्डले ॥ ३७ ॥ विचेलुर्माथुराःसर्वेदुद्रुवुस्तद्दिदृक्षवः ॥ पुर्य्यांकोलाहलेजातेनृणांजातंमहद्भयम् ॥ भोजराजसभाछत्रमकस्मान्निपपातह ॥३८॥ गोपालैःसबलःकृष्णोधावश्चापस्थलान्नृप ॥ आययौनंदनिकटंसन्ध्याकालेऽतिभीतवत् ॥३९॥ निरीक्ष्यगोविंदसुरूपमद्भुतंविमोहितास्तेमथुरापुरांगनाः ॥ विस्रस्तवासःकबराःस्मरार्दयःपरस्परंप्राहुरिदंसखीजनम् ॥४०॥ ॥ पुरंध्र्यऊचुः ॥ ॥ कंदर्पकोटिद्युतिमाहरंस्त्वरंस्वैरंचरन्वैमथुरापुरेहरिः ॥ निरीक्ष्यतेकाभिरतीवसाक्षादंगेषुसर्वेष्वपिनःसमादिशत् ॥ ४१ ॥ ॥ कुशलाऊचुः ॥ ॥ क्रूराःस्त्रियःकिंनहिसंतिपत्तनेनिरीक्ष्यतेयाभिरनंगमोहनः ॥अंगेषुसर्वेष्वपिसर्वसुन्दरोनास्माभिरानन्दमयोनिरीक्ष्यते४२॥

और कोई मनुष्य भयभीत हैके गिरपडे और गोपनसहित बलदेवजीकूँ संग लेके श्रीकृष्ण धनुषके स्थानते संध्यासमय अति डरपोकासे भयभीतसे भागके नंदजीके पास आये ॥ ॥ ३९ ॥ वा समय वो गोविंदको अद्भुत स्वरूप देखिके मथुरावासिनी सब स्त्री मोहित हैगई शिथिल भयेहें वस्त्र, भूषण, केशबंध जिनके कामदेवकी जिनको पीडा उत्पन्न भई ऐसी वे आपसमे ये बोली ॥ ४० ॥ हे सहेली हो ! देखो किशोर कामदेवकी कांतिको हरनहारो श्रीकृष्ण इच्छापूर्वक मथुरापुरीमें विचरतो जाने देख्यो तिन स्त्रीनके और हमारे सबनके अंगनमे कामरूप हैके प्रवेश हैगयोहे ॥ ४१ ॥ तब जे बडी कुशल माथुरी हीं वे बोली कि, री भैना हो ! क्रूर स्त्री का शहरमे नही हे पर इननेहूं कामकूं मोह करन हारो श्रीकृष्ण देखिलीये वोही मोहित भई हे क्योंकि काऊ स्त्री पुरुष एके एक अंग नेत्र नासिका मुख कपोल हाथ पांव बोली चालि सुंदर होय तो जब एकही अंगते सब

मोहित हैजायँहैं फिर कहो जाके सबरेही अंग सुंदर हैं सो कहो कैसे देखिबेमें आवें और या सर्वांगसुंदरको देखके कैसे चित्त स्थिर रहे क्योंकि जाके मुखको नेत्रको या नाकको या कपोलको या ओठको देखे है ताईमें चित्त गढिजाय है ॥ ४२ ॥ जैसे कोई चोर चोरी करिवे गयो सब छोडि रुपैया बांधे जब देखी मोहर तब रुपैया छोडि मोहर बांधी फिर देखे मोती तब मोहर छोडि मोती बांधे फिर देखे हीरा पन्ना तब हीरा पन्ना बांधे मोती छोडि दीने जब देखी मणि तब हीरा पन्नाऊ छोडिदीन ऐसेही हम याके कौन कौनसे अंगकी बडाई करें जा जा अंगको देखे हैं वाही वाहीमें मन दूरढजाय है त्रिलोकीमें और कोई सुन्दर हैही नही या श्रीकृष्णके बिना जाय कोई देखे ॥ ४३ ॥ अंग अंगमें सुंदर नंदकुमार है जा अंगकूं देखे सोई सुन्दरताको समुद्र तामें नेत्र डूबिजाय वे वामेंते निकसे नही तो कैसे दूसरे अंगकूं देखे ॥ ४४ ॥ जा माधुरीने दिनमें व्रजराजनंदन देख्यो ताने स्वप्नमेंहू वही देख्यो फिर हे मैथिल ! जिन गोपीननें जाके संग रासमंडल कीनो वे गोपी वाहि कैसे न याद करेंगी ॥ ४५ ॥

कस्यैकदेशेमधुरत्वमीक्ष्यतेतत्रास्तिनेत्रंप्रपतत्पतंगवत् ॥ यस्त्वेवसर्वांगमनोहरःसखिसएवनेत्रेणकथंसमीक्ष्यते ॥ ४३ ॥ अंगेष्वंगेसुन्दरेनंदसू नोःप्राप्तंप्राप्तंयत्रयत्रापिनेत्रम् ॥ तस्मात्तस्मान्नामवल्लब्धसौख्यंलावण्याब्धौमग्नवल्लग्नचित्तम् ॥ ४४ ॥ दृष्टादिनेयंव्रजराजनन्दनंस्वप्नेपितद्रष्टुः पुरस्त्रियः ॥ गोप्यःकथंतंमधुरंनसस्मरुर्याभिःकृतंमैथिलरासमण्डलम् ॥ ४५ ॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहितायांश्रीमथुराखण्डेनारदबहुलाश्वसंवा देमथुरादर्शनंनामषष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ रजकस्यशिरश्छेदंकंसोवैरक्षिणांवधम् ॥ धनुर्भंगंततःश्रुत्वापरंत्रासमु पागमत् ॥ १ ॥ तत्क्षणाद्दुर्निमित्तानिवामांगस्फुरणानिच ॥ अपश्यदंगभंगानिननिद्रांप्रापदैत्यराट् ॥ २ ॥ स्वप्नेप्रेतैःसमायुक्तस्तै लाभ्यक्तोदिगंबरः ॥ जपास्रग्विषाद्धोदक्षिणाशांजगामसः ॥३॥ प्रातःकालेसमुत्थायकार्यभारकराञ्जनान् ॥ आहूयकारयामासमल्लक्री डामहोत्सवम् ॥ ४ ॥ विशालाजिरसंयुक्तेहेमस्तंभसमन्विते ॥ सभामण्डपदेशाग्रेरंगभूमिर्बभूवह ॥ ५ ॥ वितानैर्हेमसंकाशैर्मुक्तादामविलं बिभिः ॥ सोपानैर्हेममंचैश्चरंगभूमिर्बभौनृप ॥ ६ ॥ राजमंचेरत्नमयेमकरन्दाचितेशुभे ॥ शक्रसिंहासनंतत्रसोपबर्हणमंडलम् ॥ ७ ॥

इति श्रीमद्गर्गसंहितायां मथुराखंडे भाषाटीकायां मथुरादर्शनं नाम षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥ नारदजी कहैहैं कि, धोबीको शिर कट्यो सुनिके और धनुषको टूटिबो और रक्षक पांचहजार वीर तिनको वध सुनके कंसकूं बड़ो भय भयो ॥ १ ॥ ताही समयसो कंस खोटे निमित्त अशगुन देखन लग्यो वांये अंग फरकन लगे रातिमें निद्रा नही आई और अपने अंग भंग देखतोभयो ॥ २ ॥ स्वप्नमें तेल लगाय दुपहरियाके फूलनकी माला पहरि नंग धरंगो भैंसापै चढ खोपड़ीमें खायवेकूँ विष लेके प्रेतनके संग दक्षिण दिशाकूं जायरहौंहूं ऐसे स्वप्नमें दीखो है ॥ ३ ॥ प्रातःकाल कंस उठिके अपने कामदारनकूं बुलायके मल्लक्रीड़ाको उत्सव करावतो भयो ॥ ४ ॥ बड़ो जामें चौक सुवर्णके जामें खंभ ऐसे सभाके मंडपके अगारी रंगभूमि करावतो भयो ॥ ५ ॥ सुन्देरी चन्दोहा जिनमें मोतीनकी मालाकी झालर लगी सिढीन सहित सुन्हेरी तखतनसों वा रंगभूमिकी बड़ी शोभा होतीभई ॥ ६ ॥ राजाको तखत रतनमय अतरते छिरक्यो वह बड़ो शुभ तापे इन्द्रासन है जापै चंदोहा झालर लगिरहीहैं तकियां

गेंदुआ ॥ ७ ॥ चन्द्रमण्डलसौ दिव्य छत्र हंससे सुफेद चमर पंखा जिनकी हीरानकी डंडी ॥ ८ ॥ दश हाथ ऊंचो विश्वकर्माको बनायो तापै बैठ्यो जो कंस ताकी कैसी शोभा भई जैसे पर्वतपै सिंह बैठे है ॥ ९ ॥ तहां गवैया गावन लगे वेश्या नाचन लगी मृदंग, ढोल, भेरी, नगाड़े, मजीरा आदि बाजे बजनलगे ॥ १० ॥ मण्डलेश राजा पुरवासी और देशवासी ये सब तखत २ पै बैठे देश २ को मनुष्य या मल्लयुद्धके देखिबेकूं बैठे हैं ॥ ११ ॥ तहां चाणूर, मुष्टिक, कूट शल, तोशल ये सब दण्ड करन लगे मुगदर भाननलगे और आपुसमें कुश्ती करन लगे ॥ १२ ॥ नन्दराजते आदि लेके सबरे गोप बली कंसको भेंट देके नीची नारिते एक तखतपै येभी जाय बैठे ॥ १३ ॥ बाणासुर, नरकासुर, जरासन्ध इनके यहांसे औरहू बड़े २ शंबरासुर आदि राजानकेते भेंट आई कंसराजाकूं ॥ १४ ॥ याके अनन्तर

आतपत्रेणदिव्येनचंद्रमंडलचारुणा ॥ हंसाभैर्व्यजनैर्युक्तैश्चामरैर्वज्रमुष्टिभिः ॥ ८ ॥ दशहस्तोच्छ्रितंशश्वद्विश्वकर्मविनिर्मितम् ॥ तदारुह्यव भौकंसोऽद्रिशृंगंमृगराडिव ॥ ९ ॥ गायकाःप्रजगुस्तत्रननृतुर्वारयोषितः ॥ नेदुर्मृदंगपटहतालभेर्य्यानकादयः ॥ १० ॥ राजानोमण्डलेशाश्च पौराजानपदानृप ॥ ददृशुर्मल्लयुद्धंतेमंचेमंचेसमास्थिताः ॥११॥ चाणूरोमुष्टिकःकूटःशलस्तोशलएवच ॥ व्यायाममुद्गरैर्युक्तायुयुधुस्तेपरस्परम् ॥ १२ ॥ नन्दराजादयोगोपाःकंसाहूतानताननाः ॥ दत्त्वाबलिंपरंतस्माएकस्मिन्मंचमाश्रिताः ॥ १३ ॥ बाणासुरजरासंधनरकाणांपुरान्नृप॥ अन्येषांशंबरादीनांसकाशाद्भुजांतथा ॥ १४ ॥ बलयश्चाययूराजन्यदुराजाथतत्रवै ॥ अथतौरामकृष्णौद्वौमायाबालकविग्रहौ ॥ १५ ॥ मल्ललीलादर्शनार्थंययतूरंगमण्डलम् ॥ गोमूत्रचयसिंदूरकस्तूरीपत्रभृन्मुखम् ॥ स्रवन्मदंमहामत्तंरत्नकुंडलमण्डितम् ॥ १६ ॥ गजंकुवलयापीडंरंगद्वारमवस्थितम् ॥ वीक्ष्यकृष्णोमहामात्रंप्राहगंभीरयागिरा ॥ १७ ॥ आकर्षयांगनागेन्द्रंमार्गंकुरुममेच्छया ॥ नचेत्त्वांपातयिष्यामि सनागंभूमिमण्डले ॥ १८ ॥ महामात्रस्तदाक्रुद्धोनोदयामासतंगजम् ॥ चीत्कारमुत्कटंदिक्षुकुर्वंतंनन्दसूनवे ॥ १९ ॥ गृहीत्वातंहरिंसद्यःशुंडादंडेननागराट् ॥ उज्जहारततस्तस्मान्निर्गतोभारभृद्धरिः ॥ २० ॥

मायाकरिके बालरूपधारी कृष्ण बलदेव दोनो भाई रंगभूमिमें ॥ १५ ॥ मल्ललीला देखिबेकूं आये सोई द्रवज्जेपै देखें तो कुवलयापीड हाथी ठाडो है कैसो है गोमूत्र, पेवरी, कस्तूरी, सिंदूरते पत्रभंगी रचना जाके माथेपै हेरही है मद जाके चुचाय रह्यो है महामत्त है रत्नके कुण्डलनसों शोभित है ॥ १६ ॥ कुवलयापीड जाको नाम है वो हाथी रंगके दरवज्जेपै ठाडो है ताकूं देखि श्रीकृष्ण मेघकीसी गंभीर वाणीते महावतसे बोले ॥ १७ ॥ हे महावत ! या नागेंद्रकूं खेंचिले मेरे इच्छानुसार रस्ता करिदे नही तो तोकूं या हाथी सुद्धा धरतीमें दे मारूंगो ॥ १८ ॥ यह सुनिके महावत बडे क्रोधमें भर्यो तब श्रीकृष्णके ऊपर हाथीकूं पेल्यो दिशानमें चिंघारी मारत उत्कट कुवलयापीड श्रीकृष्णके ऊपर आयो ॥ १९ ॥ सो जलदीही सूंडिते श्रीकृष्णकूं पकरिके उठायलीनो सोही श्रीकृष्ण याकी झड़ाकदेना सूंडिमेंते

निकासिगये ॥ २० ॥ ताके पांवनमें छिपिगये इत उतमें भ्रमणन लगे जैसे वृन्दावनकी निकुंजमें और वृक्षनमें भ्रमते हैं ॥ २१ ॥ फिर हाथीने सूंडिते भगवान्के हाथमें पकरिलीने तब श्रीकृष्ण वाकी सूंडिको हाथनसों मरोड पीछेकूं चलेगये ॥ २२ ॥ तब हाथी तिरछो ह्वैके कृष्णको पकरन लग्यो तब वाके घूंसा मारिके आप आगेकूं भाजे ॥ २३ ॥ तब ये हाथी श्रीकृष्णके पीछे भाज्यो तब हे विदेहराट्! मथुरामें बड़ो कोलाहल मच्यो तब भगवान् हाथीके दूसरे बगल ह्वैगये ॥ २४ ॥ तब महाबली बलदेव हाथीकी पूंछ पकरि पीछेको खैंचन लगे दोनो हाथनते ऐसे खैंचन लगे सर्पकूं गरुड़ जैसे खैंचे है ॥ २५ ॥ तब हँसके भगवान् श्रीकृष्ण वाकी सूंड पकरके खैंचन लगे जैसे कूँआमेंते बरतकूं खेंचैंहैं ॥ २६ ॥ जब दोनों बगलते नाग खिंचनलग्यो तब घबड़ान्यो विह्वल ह्वैगयो तब बड़े बलते सात महावत या हाथीपै चढे

तत्पादेषुविलीनोभूत्भ्रमन्सन्निहितस्ततः ॥ वृन्दावननिकुंजेषुवृक्षेषुचयथाहरिः ॥ २१ ॥ करेजग्राहतन्नागःशुंडादण्डेनचांघ्रिषु ॥ निष्पीड्यशुं
डांहस्ताभ्यांहरिःपश्चाद्विनिर्गतः ॥ २२ ॥ तिर्यग्भूतश्चतंनागोगृहीतुमुपचक्रमे ॥ मुष्टिनातंघातयित्वापुरोदुद्रावमाधवः ॥ २३ ॥ तमन्वधा
वन्नागेन्द्रोमथुरायांविदेहराट् ॥ कोलाहलेतदाजातेहरिस्तस्मादितोययौ ॥ २४ ॥ पुच्छेगृहीत्वातन्नागंबलदेवोमहाबलः ॥ चकर्षभुजदंडा
भ्यांफणिनंगरुडोयथा ॥ २५ ॥ प्रहसन्भगवान्कृष्णोगृहीत्वातंकरेबलात् ॥ चकर्षभुजदंडाभ्यांकूपरज्जुंयथानरः ॥ २६ ॥ द्वयोराकर्ष
णान्नागोविह्वलोभून्नृपेश्वर ॥ महामात्रास्तदासप्तरुरुहुस्तंगजंबलात् ॥ २७ ॥ नीतागजास्तथान्यैःकृष्णंहंतुंशतत्रयम् ॥ अंकुशास्फाल
नात्क्रुद्धंमत्तेभंपुनरागतम् ॥ २८ ॥ श्रीकृष्णोभगवान्साक्षाद्बलदेवस्यपश्यतः ॥ २९ ॥ शुंडादंडेसंगृहीत्वाभ्रामयित्वात्वितस्ततः ॥ पातया
मासभूपृष्ठेकमंडलुमिवार्भकः ॥ ३० ॥ दूरेप्रपतितास्तस्यमहामात्राइतस्ततः ॥ सतांप्रपश्यतांनागःसद्योवैनिधनंगतः ॥ ३१ ॥ तज्ज्योतिः
श्रीघनश्यामेलीनंजातंविदेहराट् ॥ दंतावुत्पाट्यतस्यापिरामकृष्णौमहाबलौ ॥ निजघ्नतुर्महामात्रान्मृगान्केशरिणौयथा ॥ ३२ ॥ द्विपेहते
पित्रेचान्येमहामात्राइतस्ततः ॥ विदुद्रुवुर्यथामेघावर्षाकालेगतेसति ॥ ३३ ॥ एवंहत्वाद्विपंगोपैःशेषैस्तैःप्रेक्षणोत्सुकैः ॥ जयारावैरामकृष्णौ
श्रमवारिमदांकितौ ॥ ३४ ॥

॥२७॥ फेर तीनसो हाथी श्रीकृष्णके ऊपर और महावतने तीनसो हाथी कुवलयापीडकी सहायकूँ औरपेले॥ २८॥ अंकुशके छिवायेते क्रोध जाकूँ आयो वह हाथी श्रीकृष्णके ऊपर फिर आयो तब श्रीकृष्णभगवान् बलदेवके देखत देखत ॥ २९ ॥ वा हाथीकी सूंडि पकरिके फिराय २ धरतीमें दैमारयो जैसे बालक कमण्डलुकूं मारे है ॥३०॥ और सातों महावत दूरि जाय परे या प्रकार संतनके देखत २ यह कुवलयापीड मरिके जाय पर्यो ॥ ३१ ॥ वाके दांत दोनो उखारिके कृष्ण राम दोनो भाईनने उनी दांतनते महावत सब मारिडारे जैसे मृगनकूं सिंह मारे है वा हाथीकी देहमेंते जो ज्योति निकसी सो श्रीकृष्णमें लीन ह्वैगई ॥ ३२ ॥ जब हाथी मरिगयो तब जितने महावत हैं वे सब डरके मारे इत उत भाजिगये शरदऋतुके आनेमें मेघ जैसे भाजजायहै ॥ ३३ ॥ ऐसे गोपनके संग हाथीकूं मारिके तमासगीर सब जय २ शब्द करे हैं परिश्रमके पसीना कछू मदके कछू हाथीके

मारिवेते नहनी २ रुधिरकी बूंद तिनकरिके शोभित मुखकमल जिनको ऐसे कृष्ण बलराम ॥ ३४ ॥ परिश्रमते लाल जिनके मुख हाथीके दांतनकूं कंधापै धरे या शोभाते रंगभूमिमें पहुंचे जैसे अग्निके संग आंधी ॥ ३५ ॥ या प्रकार वा रंगभूमिमें जब दोनों भैया गये तब कृष्णके अङ्गको देखके मल्लननें तो मल्ल जाने नरननें नरेंद्र जाने स्त्रीननें कामदेव जाने गोपनने व्रजेश जाने पिताने पुत्र जाने असन्तनने यमराज जाने कंसने मौत जाने देवतानने विराट् पुरुष जाने ॥ ३६ ॥ योगीननें परम तत्त्व पुरुष जाने या प्रकार अपनी २ भावनाते न्यारो २ रूप परिपूर्ण देवको देखनलगे ॥ ३७ ॥ यद्यपि कंस बड़ो धीरजधारी हो तोउ कुवलयापीडकूं मरयो जानिके और महाबली ! दोनोनकूं जानिके चित्तमें बहुत डरप्यो मंचाननपै बैठे जे नगरवासी ते बड़े प्रसन्न भये सुखी भये जैसे चकोर चन्द्रमाकूं देखे तैसे देखनलगे ॥ ३८ ॥ अब नगरवासी परस्पर कान कानमें

परिश्रमारुणमुखौरंगंविविशतुस्त्वरम् ॥ दंतपाणीमहावेगौयथाशामनिलानलौ ॥३५॥ मल्लाश्चमल्लंचनरानरेंद्रंस्त्रियःस्मरंगोपगणाव्रजेशम् ॥ पितासुतंदंडधरंह्यसंतोमृत्युंचकंसोविबुधाविराजम् ॥ ३६ ॥ तत्त्वंपरंयोगिवराश्चभोगादेवंतदारंगगतंबलेन ॥ पृथक्पृथग्भावनयाह्यपश्यन्सर्वे जनास्तंपरिपूर्णदेवम् ॥ ३७ ॥ हतंद्विपंवीक्ष्यचतौमहाबलौकंसोमनस्वीभयमापचेतसि ॥ मंचस्थिताहर्षितमानसाश्चयौचंद्रंचकोराइवतेसुखं ययुः ॥ ३८ ॥ कर्णंचकर्णेविनिधायनागरामहोत्सुकास्तेह्यवदन्परस्परम् ॥ एतौहिसाक्षात्परमेश्वरौपरौबभूवतुर्वैवसुदेवनंदनौ ॥ ३९ ॥ अहो तिरम्यंव्रजमंडलंपरंयत्रैषसाक्षाद्विचचारमाधवः ॥ कृत्वाहियद्दर्शनमद्यदुर्लभंवयंकृतार्थास्तुभवेमसर्वतः ॥ ४० ॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ वदत्सुपौरलोकेषुनदत्सूर्येषुमैथिल ॥ चाणूरस्तावुपव्रज्यरामकृष्णावुवाचह ॥ ४१ ॥ ॥ चाणूरउवाच ॥ ॥ हेरामहेकृष्णयुवांमहाबलौराज्ञःपुरोवैकुरुतंमृधंबलात् ॥ प्रहर्षितेराजनिचेद्यदूत्तमेकिंकिंनभद्रंभवतीहवश्चनः ॥ ४२ ॥ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ ॥ पुरैवभद्रंनृपतेःप्रसादतो बालावयंतुल्यबलैश्चबालकैः ॥ भूयान्मृधोनोबलवान्यथोचितमधर्मयुद्धंकिलमाभवेदिह ॥ ४३ ॥ ॥ चाणूरउवाच ॥ ॥ भवान्नबालो नचवाकिशोरोबलश्चसाक्षाद्बलिनांबलीयान् ॥ सहस्रमत्तेभबलंदधानोद्विपोभवद्भ्यांनिहतःसलीलम् ॥ ४४ ॥

यह बतरानलगे कि, ये दोनों तो पर परमेश्वरही वसुदेवके भयेहैं ॥ ३९ ॥ अहो व्रजमण्डल बड़ो मनोहर है जहां साक्षात् भगवान् विचरेहैं जिनके दुर्लभ दर्शन करिके हमहूं आज सबतरह कृतार्थ हेगये हैं ॥ ४० ॥ पुरवासी ऐसे कहिरहे हे और नगाडे बजिरहे हैं कि, नारदजी कहैंहैं कि, हे मैथिल ! चाणूर आयके रामकृष्णते यह बोल्यो ॥ ॥ ४१ ॥ हे राम ! हे कृष्ण ! तुम महाबली हो याते राजाके अगाडी अपने बलते युद्ध करो यदुराज राजाके प्रसन्न भयेपै हमकूं और तुमकूं न जाने कहा २ लाभ न होयगो ? ॥ ४२ ॥ तब भगवान् बोले कि, राजाके प्रसादते हमारो तो पहलेईते भलो हैरह्योहै पर हम बालक है बराबरके बालकनते लड़ेंगे जबराईते युद्ध मति करो जैसो युद्ध उचित होय तैसो करो राजाकी सभामें अधर्मते युद्ध करनो उचित नहीं ॥ ४३ ॥ तब चाणूर बोल्यो तुम न तो बालक हो न किशोर हो न बलदेव बालक है तुम तो बलीनमें बली

ही हजार मतवारे हाथीनको बल जामें सो कुवलयापीड हाथी तुमने खेलते २ ही मारिडारयो फिर तुम बालक कैसे हौ ॥ ४४ ॥ नारदजी कहें हैं कि, ऐसे चाणूरको वचन
सुनिकें भगवान् दुःखके हर्ता चाणूरते लडनलगे बलदेवजी मुष्टिकते लडनलगे ॥ ४५ ॥ भुजानते भुजदंडनको खेंचिबो इत्यादिक दाव पेच करनलगे सबके देखत देखत हाथी
जैसे लडै है तैसे जीतनेकी इच्छा करके लडतेभये ॥ ४६ ॥ श्रीकृष्णने चाणूरकूं उठायके याके देहको बोझ तोलनलगे जैसे पुण्यके भारकूं ब्रह्मा तोलेंहै ॥ ४७ ॥ फिर चाणूर
नेहू श्रीकृष्णकूं एकही हाथते उठायलीनो जैसे शेषजीनें भूमंडल उठायोहै ॥ ४८ ॥ श्रीकृष्णने चाणूरकी नाड दाबिके भुजाते याकी कमर पकर एक उखेड मार धरतीमें
देमारयो ॥ ४९ ॥ हाथनते घोंदुनते पायनसो भुजानते छातीनते ऊँगरीयनते और घूंसानते कृष्ण चाणूर प्रहार करनलगे और ऐसेही बलदेव मुष्टिक प्रहार करनलगे ॥ ५० ॥

॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ एवंतस्यवचःश्रुत्वाभगवान्वृजिनार्दनः ॥ चाणूरेणापियुयुधेमुष्टिकेनबलोबली ॥४५॥ आकर्षणंनोदनंचभु
जाभ्यांभुजदंडयोः ॥ चक्रतुःपश्यतांनृणांगजाविवजिगीषया ॥ ४६ ॥ हस्ताभ्यांवपुरुत्थाप्यचाणूरस्यहरिःस्वयम् ॥ अतोलयद्देहभारंपुण्य
भारंयथाविधिः ॥ ४७ ॥ चाणूरस्तंहरिंदेवंकरेणैकेनलीलया ॥ उज्जहारमहावीरोभूखंडंनागराडिव ॥ ४८ ॥ ग्रीवायांकिलचाणूरंभुजवेगेनमा
धवः ॥ कट्यांचोद्धृत्यसहसापातयामासभूतले ॥ ४९ ॥ हस्तैश्चजानुभिःपादैर्भुजोरोंगुलिमुष्टिभिः ॥ जघ्नतुःकृष्णचाणूरौतथैवबलमुष्टिकौ ॥
॥ ५० ॥ श्रमवारियुतेदृष्ट्वाश्रीमुखेरामकृष्णयोः ॥ सानुकंपास्तदाप्राहुर्गवाक्षस्थानृपस्त्रियः ॥ ५१ ॥ ॥ स्त्रियऊचुः ॥ ॥ अहोअधर्मः
सुमहत्सभायांजातःपुरोराजनिवर्तमाने ॥ क्ववज्रतुल्यांगवृतौहिमल्लौक्वपुष्पतुल्यौवतरामकृष्णौ ॥ ५२ ॥ अहोअभाग्यंहिपुरौकसांनोयुद्धेत
योर्दर्शनमत्रजातम् ॥ अहोतिधन्यंबतभूरिभाग्यंव्रजौकसांरासरसेनजातम् ॥ ५३ ॥ अहोस्थितेराजनिदुष्टचित्तेनकोपिवक्तुंक्षमएवसख्यः ॥
तस्माद्धिनः पुण्यबलेनचेत्तौत्वरंमृधेवैजयतामरीन्स्वान् ॥५४॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहितायांश्रीमथुराखण्डेमल्लयुद्धवर्णनंनामसप्तमोऽध्यायः ॥७॥
॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ आर्द्रचित्तंनंदराजंवनितानांमनोरथम् ॥ स्मृत्वाशत्रून्हन्तुकामश्चक्रेयुद्धंबलाद्धरिः ॥ १ ॥

जब कृष्ण बलदेवके परिश्रमके पसीना आयगये तब जारी झरोखानमें बैठी जे राजानकी रानी इनके स्वेदयुक्त मुखनको देखिके दयाते यह बोलीं ॥ ५१ ॥ देखो राजाकी सभामें
तो राजाके आगेही बडो अधर्म होनलग्यो कहां तो वज्रसे अंगवारे मल्ल और कहां ये फूलसे बालक हैं ॥ ५२ ॥ अहो या सभामें पुरवासीनको हमारो बडोही
अभाग्य है जो लडते कृष्ण, बलदेवको दर्शन भयोहै और अहो ब्रजवासीनकोही बडो भाग्य है जो रासरसमें उनकूं कृष्ण बलदेवके दर्शनसो आनंद भयोहै ॥ ५३ ॥
देखो सखी हो ! यह राजा कंस बडो दुष्ट है और जाके अगाडी कोई बोलिसकै है नही ताते हम अपनों पुण्य देंय हैं हमारे पुण्यते कृष्ण बलदेवकी जय होउ ये दोनों भैया
शीघ्रही अपने वैरीनको मारके फते करौ ॥ ५४ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायां मथुराखंडे भाषाटीकायां सप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥ नारदजी कहैं है कि, तब श्रीहरि (कृष्ण) स्त्रीनके वचनते

दुःखितचित्त नंदराजको देखिके और स्त्रीनके मनोरथको जानिके शत्रुकूं मारिवेके लिये जोरते युद्ध करनलगे ॥ १ ॥ तब श्रीकृष्ण भुजानते चाणूरकूं पकरिके बडे जोरसे आकाशमें फेंकदेतभये सहजमेंई पवन जैसे कमलकूं तोडके फेंके है ॥ २ ॥ तब ये चाणूर आकाशमेंते औंधो मौहडे आयपर्यो जैसें तारो टूटैहै फिर उठके याने बडे जोरते श्रीकृष्णके एक घूंसा मार्यो ॥ ३ ॥ श्रीकृष्ण तो परात्पर हैं याके वा घूसाते कछू चलायमान नहीं भये फिरि झडाक चाणूरकूं पकरिके धरतीमें देमार्यो ॥ ४ ॥ तब चाणूरके दांत टूटि गये तोहू बडो मदमत्त ये क्रोध युक्त है उछरिके दोनों मुट्ठीनके घूंसा श्रीकृष्णके मारे ॥ ५ ॥ जो मारिवेको आयो देखो सोई श्रीकृष्णने याके दोनों हाथ पकरि घुमायके सबनके देखत देखत कंसके आगे धरतीमें देमार्यो ॥ ६ ॥ ऐसो मार्यो जैसें लोटाकूं बालक मारे है श्रीकृष्णके प्रहारते चाणूरको माथो फूटिगयो ॥ ७ ॥

गृहीत्वाभुजदण्डाभ्यांचाणूरंगगनेबलात् ॥ चिक्षेपसहसाकृष्णोवातःपद्ममिवोद्धृतम् ॥ २ ॥ आकाशात्पतितःसोपितारकेवह्यधोमुखः ॥
उत्थायमुष्टिनाकृष्णंताडयामासवेगतः ॥ ३ ॥ तस्यमुष्टिप्रहारेणनचचालपरात्परः ॥ सद्योगृहीत्वाचाणूरंपातयामासभूतले ॥ ४ ॥ भिन्नदं
तस्तुचाणूरःक्रोधयुक्तोमदोत्कटः ॥ मुष्टिद्वयेनश्रीकृष्णंतताडहृदिमैथिल ॥ ५ ॥ गृहीत्वाकरयोस्तंवैकराभ्यांभगवान्स्वयम् ॥ कंसस्याग्रेभ्रा
मयित्वासर्वेषांपश्यतांनृप ॥ ६ ॥ पातयामासभूपृष्ठेकमण्डलुमिवार्भकः ॥ श्रीकृष्णस्यप्रहारेणचाणूरोभिन्नमस्तकः ॥ ७ ॥ उद्वमन्रुधिरं
राजन्सद्योवैनिधनंगतः ॥ तथैवमुष्टिकंमल्लंमुष्टिभिर्युधिदुर्गमम् ॥ ८ ॥ धृत्वांघ्रीभ्रामयित्वाखेबलदेवोमहाबलः ॥ पातयामासभूपृष्ठेफणिनंग
रुडोयथा ॥ मुष्टिकोनिधनंप्रापप्रोद्वमद्रुधिरंमुखात् ॥९॥ कूटंसमागतंवीक्ष्यबलदेवोमहाबलः ॥ मुष्टिनापातयामासवज्रेणेन्द्रोयथागिरिम् ॥
॥ १० ॥ प्राप्तंशलंनंदसूनुर्लत्तयातंतताडह ॥ तीक्ष्णयातुंडयाराजन्कद्रुजंगरुडोयथा ॥ ११ ॥ गृहीत्वातोशलंकृष्णोमध्यतःसंविदार्यच ॥
प्राक्षिपत्कंसमंचाग्रेविटपंसिन्धुरोयथा ॥ १२ ॥ एतेनिपातितारंगेसद्योवैनिधनंगताः ॥ तेषांज्योतींपिवैकुंठेविविशुः पश्यतांसताम् ॥१३॥
एवंश्रीरामकृष्णाभ्यांमल्लेषुनिहतेषुच ॥ शेषाःप्रदुद्रुवुर्मल्लाभयार्ताजीवनेच्छया ॥ १४ ॥

मोहडेते रुधिर वमन करतो तबही मरिके जायपर्यो तैसेंई मुष्टिक घूंसानते युद्ध करनेको ॥ ८ ॥ महाबल बलदेवजीनेऊ याके पांव पकरिके फिरायके धरतीमें देमार्यो जैसें गरुड सर्पकूं मारे है ये तब मुष्टिकहू मुखते रुधिर वमन करतो मरिके जायपर्यो ॥ ९ ॥ फिर कूटकूं आयो देखिके बलदेव महाबली घूंसा मारिके पटकिदेतभये जैसे इंद्र वज्रते पर्वतकूं पटकेहै ॥ १० ॥ फिर प्राप्तभयो जो शल है ताकूं श्रीकृष्णने लातते मारिके पटकिदीनो तीक्ष्ण चोंचते गरुड जैसे सर्पकूं मारेहै ॥ ११ ॥ फिर तोशल आयो ताको श्रीकृष्णने बीचतेई तोडके कंसके अगाडी फेंकिदीयो जैसें हाथी पेडकूं चीरके शाखाकूं फेंके है ॥ १२ ॥ इतने जे मल्ल है तिनको जब या प्रकार पटके वे सब तभी मरगये तिनकी सबनको ज्योति संतनके देखते २ कृष्णमे समाय गई ॥ १३ ॥ ऐसें कृष्ण बलदेवने जब सब मल्ल मारिडारे तब औरहू जे बचिरहेहैं वे सब भयभीत हूंके

जीवेंको इच्छा करिके भाजिगये ॥ १४ ॥ तब श्रीकृष्ण श्रीदामादिक अपनी बराबरके जे गोप हैं तिनकूं खेंचिके तिनके संग सबनके देखत २ कुस्ती लडन लागिगये ॥ १५ ॥ तब किरीट कुण्डलनकी पहरें बालक बराबरनके संगमें रंगभूमिमें विहारकरते दोनो भैया कृष्ण बलदेवको देखके सब मथुरावासी लोग लुगाई विस्मयको प्राप्त होतभये ॥ १६ ॥ तब तो एक फकत कंसके बिना सबके मुखमेंते जय जय शब्द स्याबास स्याबास शब्द निकसो और आकाशमें नगाडे बजे ॥ १७ ॥ तब कंस अपनी अजयशब्द सुन बड़ो क्रोधित भयो तब जे नगाड़े बजतेहे तिने बंद करवायके होठ जाके फरकतेजायँहे सो यह बोल्यो ॥ १८ ॥ अरे ! जे वसुदेवके बेटा हैं ये बड़े दुर्बुद्धि हैं सो इने जलदीही मेरे पुरते जबरदस्तीते बाहर निकारिदेउ और व्रजवासीनको सबनको धन लूटलेउ और या दुर्बुद्धि नंदकूं जलदी मारिडारो ॥ १९ ॥ और अबही या दुर्बुद्धि मेरे बाप उग्रसेनको तथा

श्रीदामादीन्वयस्यांश्चगोपानाकृष्यमाधवः ॥ तैःसार्द्धंयुद्धमारेभेसर्वेषांपश्यतांसताम् ॥ १५ ॥ किरीटकुण्डलधरौरामकृष्णौसहार्भकैः ॥ विहरंतौवीक्ष्यरंगेविस्मिताःपुरवासिनः ॥ १६ ॥ कंसंविनासर्वमुखाज्जयशब्दोविनिर्गतः ॥ साधुसाध्वितिवादोऽभून्नेदुर्दुंदुभयस्ततः ॥ १७ ॥ स्वस्याऽजयंवीक्ष्यकंसोमहाक्रोधसमाकुलः ॥ वर्जयित्वातूर्यघोषंप्राहप्रस्फुरिताधरः ॥ १८ ॥ ॥ कंसउवाच ॥ ॥ दुर्बुद्धियुक्तौवसुदेवनन्दनौप्रसह्यनिःसारयताशुमत्पुरात् ॥ हरंतुसर्वंव्रजवासिनांधनंबध्नीतनंदंसहसातिदुर्मतिम् ॥ १९ ॥ अद्योग्रसेनस्यपितुःकुबुद्धेःशौरेःशिरश्चाशुहिछिंधिछिंधि ॥ कोयत्रतत्रापितथात्रवृष्णिजातान्सुरांशान्किलसूदयध्वम् ॥ २० ॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ एवंविकत्थमानस्यकंसस्ययदुनंदनः ॥ सहसोत्पत्यतंमंचमारुहत्क्रोधपूरितः ॥ २१ ॥ मृत्युंसमागतंवीक्ष्यमंचादुत्थायसत्वरम् ॥ मदोद्धतोभर्त्सयंस्तंजगृहेखड्गचर्मणी ॥ २२ ॥ अग्रहीत्सहसाकंसंदोर्भ्यांचर्मासिसंयुतम् ॥ यथातुंडविभागाभ्यांसविषंफणिनंविराट् ॥ २३ ॥ पतत्खड्गश्चलच्चर्माभुजबंधाद्गलाद्गली ॥ विनिर्ययौतार्क्ष्यतुंडात्पुंडरीकोयथाफणी ॥ २४ ॥ मंचेतौबलिनौवेगान्मर्दयंतौपरस्परम् ॥ शैलशृंगेयथासिंहौशुशुभातेयथातथम् ॥ २५ ॥ उत्पतंतंबलात्कंसंशतहस्तंमहांबरे ॥ अग्रहीच्चोत्पतन्कृष्णःश्येनंश्येनोयथांबरे ॥ २६ ॥

वसुदेवको शिर काटि डारो और जितने ये यादव देवतानके अंश हैं इनमेंते जो कोई धरतीपे जहां मिले उन सबनकूं वहांही मारिडारो ॥ २० ॥ नारदजी कहे हैं ऐसे जब कंस बकन लग्यो तब श्रीकृष्ण सहजही क्रोधमें पूरित है उछरि कंसके तखतपे चढिगये ॥ २१ ॥ तब कंस अपनी मृत्यु आई देखिके जलदीही उठके ठाडोभयो मदमें उद्धत ललकारके ढाल तरवार लैलई ॥ २२ ॥ तब तो श्रीकृष्णने कंसको दोनों भुजानते ढाल तरवार लियेको ऐसे पकरलियो जैसे विषधारी सर्पकूं चोंचके दोनों फलानते गरुड पकरलेयहै ॥ ॥ २३ ॥ ढाल तरवार तो जायपरी फणफणायके श्रीकृष्णकी भुजानमेंते निकसिगयो गरुडकी चोंचते पुंडरीकनामको नाग जैसे निकसजाय ॥ २४ ॥ वा समय वा मचानपे ये दोनों आपुसमें परस्पर ऐसे लरनलगे जैसे पहाड़के ऊपर दो सिंह लड़ेहैं ॥ २५ ॥ तब बलते आकाशमें सौसो हाथ उछरै ऐसे कंसकूं उछरके श्रीकृष्णने ऐसे पकरिलीनो सिकरा

जैसे सिकराकूं पकरैहै ॥ २६ ॥ तब प्रचंड जो ये दैत्यपुंगव है ताकूं भुजदंडनते पकरिके त्रैलोक्यके बलकूं धारण करनहारे कृष्णने इत वित फिरायके ॥ २७ ॥ बड़े क्रोधते आकाशते मचानपै दैमाऱ्यो जाते मचानके पाये टूटिगये जैसे बीजुरीसों पेड़ टूटजायहै॥२८॥धरतीमें गिरपरो वो वज्रांग कंस कछू व्याकुलमन है उठिके फिर श्रीकृष्ण महात्माते लड़नलग्यो ॥२९॥ फिर भुजानते कंसकूं पकरिके मचानपै देमाऱ्यो फिर वाकी छातीपै चढिके मुकुट उतारि लीनो ॥ ३० ॥ फिर श्रीकृष्णने चुटिया पकरिके मचानपैते रंगभूमिमें देमाऱ्यो पर्वतपैते ढोरकूं जैसे पटकैहै ॥ ३१ ॥ ताके ऊपर त्रिलोकीको बोझ लैके आपु जायपरे अनन्त भगवान् अनन्त जिनको पराक्रम ॥ ३२ ॥ ऐसे दोनोनके पड़वेते पृथ्वी नीचेकूं धसकिगई थालीकीसी दोघड़ी तलक कांप्यो करी ॥ ३३ ॥ मऱ्यो जो भोजराज कंस है ताही सबनके देखते २ जैसे सिंहराज हाथीको घसीटै ऐसेही श्रीकृष्ण पृथ्वीमें

गृहीत्वाभुजदण्डाभ्यांप्रचण्डंदैत्यपुंगवम् ॥ त्रैलोक्यबलधृग्देवोभ्रामयित्वास्थितस्ततः ॥ २७ ॥ आकाशात्पातयामासमंचोपरिरुषान्वितः ॥
भग्नदंडोभवन्मंचस्तडित्पातेयथाद्रुमः ॥ २८ ॥ पतितोपिसवज्रांगःकिंचिद्व्याकुलमानसः ॥ सहसोत्थाययुयुधेश्रीकृष्णेनमहात्मना ॥२९॥
नीत्वातंभुजदण्डाभ्यांमंचेक्षिप्त्वापुनःप्रभुः ॥ आरुह्यहृदयंतस्यमौलिंजग्राहमाधवः ॥ ३० ॥ सद्यःप्रगृह्यकेशेषुरंगोपरिहरिःस्वयम् ॥
मंचात्तंपातयामासशैलाद्वंडशिलामिव ॥ ३१ ॥ तस्योपरिष्टाच्छ्रीकृष्णःसर्वाधारःसनातनः ॥ निपपातस्वयंवेगादनंतोनंतविक्रमः ॥
॥ ३२ ॥ इत्थंद्वयोर्निपातेननिम्नंभूखण्डमंडलम् ॥ स्थालीवसहसाराजन्नकंपेघटिकाद्वयम् ॥ ३३ ॥ संपरेतंभोजराजंभूमिंतंविचकर्षह ॥
यथामृगेन्द्रोनागेन्द्रंसर्वेषांपश्यतांनृप ॥ ३४ ॥ हाहाकारस्तदैवासीद्धावतांभूभुजांनृप ॥ वैरभावेनदेवेशंभजन्कंसोमहाबलः ॥ ३५ ॥
जगामतस्यसारूप्यंभृंगिणःकीटकोयथा ॥ कंसंप्रपतितंदृष्ट्वाभ्रातरोष्टौमहाबलाः ॥ सुनामसृष्टिन्यग्रोधतुष्टिमद्राष्ट्रपालकाः ॥ ३६ ॥ सुना
माकंकशंकुभ्यांक्रोधप्रस्फुरिताधराः ॥ खड्गचर्मधरायोद्धुंकृष्णोपरिसमाययुः ॥ ३७ ॥ वीक्ष्यतान्सुदृढंनीत्वारोहिणीनन्दनोबलः ॥
आरावकारहुंकारंयथासिंहोमृगान्प्रति ॥ ३८ ॥ हुंकारेणैवशस्त्राणितेषांहस्तेभ्यआभयात् ॥ पेतुराम्रफलानीवदंडवातैश्चमैथिल ॥ ३९ ॥
निःशस्त्रास्तेमहावीरामुष्टिभिःसर्वतोबलम् ॥ तेदुःशैलंयथानागाःशुंडादंडैरितस्ततः ॥ ४० ॥

खेंचनलगे ॥ ३४ ॥ तब हाहाकार होंन लग्यो राजा रजवाड़े भाजनलगे महाबली या कंसने जो वैरभावते भगवानकूं भज्योहै ॥ ३५ ॥ सो कंस वाकी सारूप्यताकूं प्राप्त हैगयो मुर्दो झींगर जैसे भृंगीके रूपकूं प्राप्त होयहै ॥ ३६ ॥ कंसकूं पऱ्यो देखिके ताके आठ भैया बड़ेबली ढाल तरवार लैके युद्ध करवेकूं श्रीकृष्णके ऊपर आये ॥३७॥ तिनकूं देखिके रोहिणीके बेटा बलदेवजीने एकहा ऐसी ललकार मारी जैसे सिंह हुंकारै ये कौन २ से है तिन आठोनके नाम कहै है सुनाम १ सृष्टि २ न्यग्रोध ३ तुष्टिमान ४ राष्ट्रपालक ५ सुनामा ६ कंक ७ शंकु ८ जे तब ये ॥ ३८ ॥ बलदेवजीकी या हुंकारतेई डरके मारे हाथमेंते शस्त्र गिरिपरे जैसे पके आम आपुही लकड़ियांपैते गिरपरैहै ॥३९॥ तब निहत्ते ये आठोजने

चारों बगलते धूँसानते बलदेवजीकूँ ऐसे मारनलगे जैसें पर्वतकूँ हाथी सूंडिनते मारे तैसें ॥ ४० ॥ सुनामाकूं और सृष्टिकूँ तो मुद्गरतें मारे न्यग्रोधको भुजाके वेगते कंककूं बांये हाथते ॥ ४१ ॥ शंकु सुहु तुष्टिमान इनकूं बांये पांवते, राष्ट्रपालकूं दाहिने पांवते मारके बलदेवने पटकदिये ॥ ४२ ॥ सहजमेंई आठों जायपरे पवनके मारे वृक्ष जैसे हे विदेहराज ! तिनकी ज्योति भगवान्में लीन हैगई ॥ ४३ ॥ ता समय देवतानकी दुंदुभी बजनलगी जय जय शब्द होन लग्यो देवता नन्दनवनके पुष्पनकी वर्षा करनलगे ॥ ४४ ॥ विद्याधरी और गन्धर्वी हर्षमें विह्वल हैके नाचन लगी विद्याधर गन्धर्व किन्नर ये सब भगवान्को यश गामनलगे ॥ ४५ ॥ ब्रह्मादिक देवता मुनि सिद्ध ये सब विमाननमें बैठिके भगवान्के दर्शनकूँ आये वेदमें परायण वेदवाणीकरिके भगवान् रामकृष्णकी स्तुति करन लगे ॥ ४६ ॥ याके पीछे

सृष्टिंतथासुनामानंमुद्गरेणबलोहनत् ॥ न्यग्रोधंभुजवेगेनकंकंवामकरेणवै ॥ ४१ ॥ शंकुंसुहुंतुष्टिमंतंवामपादेनमाधवः ॥ राष्ट्रपालंदक्षिणेनपादेनाभिजघानह ॥ ४२ ॥ अष्टौनिपेतुःसहसावृक्षावातहताइव ॥ तेषांज्योतिर्भगवतिलीनंजातंविदेहराट् ॥ ४३ ॥ देवदुंदुभयोनेदुर्जयध्वनिरभूत्तदा ॥ सद्योवैववृषुर्देवाःपुष्पैर्नंदनसंभवैः ॥ ४४ ॥ विद्याधर्यश्चगंधर्व्योननृतुर्हर्षविह्वलाः ॥ विद्याधराश्चगंधर्वाःकिन्नरास्तद्यशोजगुः ॥४५॥ ब्रह्माद्यामुनयःसिद्धाविमानैर्द्रष्टुमागताः ॥ तुष्टुवूरामकृष्णौतौवाग्भिःश्रुतिपरायणाः ॥ ४६ ॥ ताडयंत्यउरोहस्तैरस्तिप्राप्त्यादयस्त्रियः ॥ विनिर्गतास्तारुरुदुर्जातवैधव्यदुःखिताः ॥ ४७ ॥ ॥ स्त्रियऊचुः ॥ ॥ हानाथहेयुद्धपतेक्वगतोसिमहाबल ॥ त्रैलोक्यविजयीसाक्षाद्देवानामपिदुर्जयः ॥ ४८ ॥ जातमात्राःस्वसुःपुत्रानिर्घृणेनत्वयाहताः ॥ आनिर्दशानिर्दशाश्चाऽपरेपिनिहताबलात् ॥ ४९ ॥ तेनपापेनघोरेणदशामेतांदृशींगतः ॥ ५० ॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ एवमश्रुमुखीर्दीनाआश्वास्यनृपयोषितः ॥ विधाययमुनातीरेचिताःश्रीखंडसंयुताः ॥ ॥ ५१ ॥ हतानांकारयित्वासौक्रियांवैपारलौकिकीम् ॥ सर्वान्संबोधयामासभगवाँल्लोकभावनः ॥ ५२ ॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहितायांमथुराखण्डे नारदबहुलाश्वसंवादेकंसवधोनामाष्टमोध्यायः ॥ ८ ॥

अस्ति प्राप्ति लैके जे कंसकी रानी ही वे हाथनसों अपनी छाती पीटतीभई महलनमेंतें निकरिके विधवापनेके दुःखते रोमनलगी ॥ ४७ ॥ कंसकी स्त्री कहनलगी हा नाथ ! हे युद्धपते ! हे महाबली ! तू कहां गयो त्रिलोकीको जीतनहारो साक्षात् देवतानकूंहू दुर्जय ॥ ४८ ॥ जो हालके भये बहनके बेटा तेंने निर्दयीने मारिडारे और जे दश दिनाके हे और जे दशदिनकेहू न हे वे बहुतसे बालक तेंने औरनकेहू मारिडारे ॥ ४९ ॥ याही घोर पापकरिके तेरी यह गति भईहै ॥ ५० ॥ नारदजी कहें हैं कि, भगवान् श्रीकृष्णने रोमरही बडी दीन कंसकी रानीनकूं समुझाय सावधान करिके यमुनाजीके तीरपै चन्दनकी चिता चिनवाई ॥ ५१ ॥ मरेभये जे कंसादिक तिनकी परलोककी क्रिया करवायके सबकूं समुझायो सावधान करचो क्योंकि, आप तो त्रिलोकीके पालक हैं ॥ ५२ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायां मथुराखण्डे भाषाटीकायां कंसवधो नामाष्टमोऽध्यायः ॥ ८ ॥

अथ नारदजी राजा बहुलाश्वते बोले कि, याके अनन्तर राम कृष्ण दोनो देव यादवनकूं संग लेके देवकी वसुदेवके पास जातभये ॥ १ ॥ इनके देखतही देवकी वसुदेवके बंधन आपुही शिथिल हैके जायपरे जैसे गरुडकूं देखिके नागपाश खुल जाय हैं तैसे ॥ २ ॥ तब अपने प्रभावकूं जानगये ऐसे जे माता पिता तिनको देखके विनके ऊपर सबल श्रीकृष्ण अपनी जगन्मोहिनी मायाको डारिदेते भये ॥ ३ ॥ तब मोहमें आकुल हैगये ऐसे देवकी वसुदेव दोनो मोहमें मग्न है उठिके कृष्ण बलदेवको पुत्र जानके मिले और आनंदके आंसु बहनलगे ॥ ४ ॥ भगवान् श्रीकृष्ण तिनको आश्वासकरके सब यादवनको संग लेके नाना उग्रसेनके पास गये उन्हे समुझायके राज्यगद्दीपै बैठार मथुराके मालिक किये ॥५॥ फिर कंसके भयते जे देशांतरनमे भाजिगयेहे उन सब यादवनकूं कुटुंबसहित प्रेमते फिर बुलायकेके मथुरामें बसावतेभये॥६॥तदनंतर गोपगणनकरिके सहित ब्रजकूं चल्यो चाहे ऐसे नंदबाबा तिनके पास

॥ श्रीनारदउवाच ॥ अथदेवौरामकृष्णौदेवकीवसुदेवयोः ॥ समीपंजग्मतुःसाक्षाद्वृष्णिभिःपरिवारितौ ॥१॥ स्वतस्तयोर्बंधनानिपेतुःशिथिलतांनृप ॥ तौवीक्ष्यगरुडंप्राप्तंनागपाशगुणायथा ॥२॥ स्वप्रभावविदौवीक्ष्यपितरौसबलोहरिः॥ सद्यस्ततानस्वांमायांजगन्मोहकरींबलात्॥३॥ रामकृष्णौसुतौज्ञात्वाशौरिर्मोहसमाकुलः ॥ देवक्यासहसोत्थायसस्वजेचाश्रुपूरितः ॥ ४ ॥ तावाश्वास्यहरिःसद्योवृष्णिभिःपरिवारितः ॥ मातामहंतूग्रसेनंचकारमथुराधिपम् ॥ ५ ॥ आहूययादवान्कंसभयाद्देशांतरंगतान् ॥ प्रेम्णानिवासयामाससकुटुंबान्यदोःपुरि ॥ ६ ॥ नन्दराजंगोपगणैःस्वगृहान्गंतुमुद्यतम् ॥ नत्वातंसबलःप्राहमोहयन्निजमायया ॥ ७ ॥ अत्रैववासंकुरुतातपुर्य्यांगंतुंयदीच्छामनसोत्थितास्यात् ॥ पश्चादहंवैसबलोयदून्वाविधायपार्श्वंतवचागमिष्ये ॥८॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ एवंश्रीरामकृष्णाभ्यांनन्दराजःप्रपूजितः ॥ आलिंग्यशौरिंगोपालैर्ययौप्रेमातुरोव्रजम् ॥ ९ ॥ दत्तंश्रीकृष्णजन्मर्क्षेधेनूनांनियुतंपुरा ॥ ब्राह्मणेभ्योददौशौरिर्वस्त्रमालास्वलंकृतम् ॥ १० ॥ शौरिर्गर्गंसमाहूयश्रीकृष्णबलदेवयोः ॥ यज्ञोपवीतंविधिवत्कारयामासधर्मवित् ॥ ११ ॥ रामकृष्णौसर्वविद्याध्ययनंकर्तुमुद्यतौ ॥ गुरोःसांदीपनेःपार्श्वंजग्मतुर्जनवत्परौ ॥ १२ ॥ कृत्वापरांगुरोःसेवांलघुकालेनमाधवौ ॥ सर्वविद्यांजगृहतुःसर्वविद्याविदांवरौ ॥ १३ ॥

बलभद्र सहित भगवान् गये मायाते मोह करतसे दंडोत करके बोले ॥७॥ कि, हे पिताजी ! आप मधुपुरीमाई बसो जो जायवेकी इच्छा मनमे उठी होय तो जाओ मैहू यादवनकी सब सलसौंज बांधिके बलदेवकूं संग लैके आपके पास आऊंगो ॥ ८ ॥ नारदजी कहेहैं कि, ऐसे रामकृष्णने बड़ो सत्कार जिनको करयो ऐसे नंदराज प्रेममें आतुर वसुदेवते मिलिके गोपनकूं संग लैके ब्रजकूं आवतेभये ॥ ९ ॥ तब श्रीकृष्णके जन्मसमें वसुदेवजीने जो दशहजार गौअनको संकल्प करयो हो विनको दान ब्राह्मणनकूं वस्त्रमालाते अलंकृत करिके देतेभये ॥ १० ॥ फिर धर्मज्ञ वसुदेवजीने गर्गाचार्यकूं बुलायके श्रीकृष्ण बलदेवके यज्ञोपवीत विधिपूर्वक कराये ॥ ११ ॥ तब रामकृष्ण सब विद्या पढिवेकूं उद्यत भये सो सामान्य जननकी नाईं सांदीपनगुरूके पास विद्या पढिवेकूं गये ॥ १२ ॥ वहां गुरूनकी परम सेवा करिके थोड़ेई कालमे सब विद्या पढिलीनी है तो आपु सब

विद्याके वेत्तानमे श्रेष्ठ पर मनुष्यलीला करेहे ॥ १३ ॥ फिर हाथ जोड़के जब गुरुनके आगे ठाडेभये कि हे गुरुजी ! तुमे जो चहिये सो दक्षिणा मांगो तब दोनों स्त्री पुरुषने समुद्रमें जो बेटा मरिगयो सो मांग्यो ॥ १४ ॥ तबही सुन्हेरी रथमें बैठि भीमपराक्रमी दोनों भैया प्रभासक्षेत्रमें समुद्रके पास आये ॥ १५ ॥ तबही समुद्र कांपिके रत्ननकी भेंट लेके चरणनमे आय पर्यो हाथ जोडके खडो हैगयो ॥ १६ ॥ तब भगवान्ने कही कि, हे समुद्रजी ! जो तुमने अपनी प्रचण्ड हिलोरनसो हमारो गुरुपुत्र मारोहै सो शीघ्रही लायके मोहि देउ ॥ १७ ॥ तब समुद्र यह बोल्यो कि, हे भगवन् ! हे देवदेवेश ! मैंने बालक नही मार्योहै पंचजन दैत्य मेरे भीतर बसेंहै वाने मार्यो है ॥ १८ ॥ मेरे उदरमें सदा बसेंहै बली दैत्यपुंगव हे वो आपुकूं मारिवेयोग्य है वो देवतानकूं भयकारी है ॥ १९ ॥ नारदजी कहेहैं जब समुद्रने यह भगवानसूं कही तबही भगवान् पीतांबरकी

गुरवेदक्षिणांदातुमुद्यतौतौकृतांजली ॥ मृतंपुत्रंदक्षिणायांताभ्यांवव्रेगुरुर्द्विजः ॥ १४ ॥ रथमारुह्यतौदांतौशातकुंभपरिच्छदम् ॥ प्रभासेचाब्धिनिकटंजग्मतुर्भीमविक्रमौ ॥ १५ ॥ सद्यःप्रकंपितःसिन्धूरत्नोपायनमुत्तमम् ॥ नीत्वातच्चरणोपांतेनिपपातकृतांजलिः ॥ १६ ॥ तमाहभगवाञ्शीघ्रंपुत्रंदेहिगुरोर्मम ॥ प्रचण्डोर्मिघटाटोपैस्त्वयातद्ग्रहणंकृतम् ॥ १७ ॥ ॥ समुद्रउवाच ॥ ॥ भगवन्देवदेवेशनमयाबालकोहतः ॥ हतःपंचजनेनासौशंखरूपासुरेणवै ॥१८॥ वसन्सदामदुदरेबलिष्ठोदैत्यपुंगवः ॥ जेतुंयोग्यस्त्वयादेवदेवानांभयकारकः ॥ १९ ॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ तेनोक्तोभगवान्कृष्णोवासोबद्ध्वाकटौदृढम् ॥ निपपातमहावेगात्समुद्रेभीमनादिनि ॥ २० ॥ श्रीकृष्णस्यनिपातेनत्रिलोकीभारधारिणः ॥ चकंपेब्धिर्भृशंवज्रकूटेनेवविदेहराट् ॥ २१ ॥ ततःपंचजनोदैत्योयोद्धुंश्रीकृष्णसंमुखे ॥ आगतःसहसावीरःशूलंचिक्षेपमाधवे॥ २२ ॥ हस्तेगृहीत्वातच्छूलंतेनैवाभिजघानतम् ॥ तद्घातेनप्रपतितोमूर्च्छितोवारिमण्डले ॥ २३ ॥ सहसोत्थायदेवेशंकिंचिद्व्याकुलमानसः ॥ मूर्ध्नाताडपक्षीन्द्रंस्वफणेनफणीयथा ॥ २४ ॥ परिपूर्णतमःसाक्षाच्छ्रीकृष्णोभगवान्हरिः ॥ क्रुद्धोमूर्द्ध्निवेगेनमुष्टिनातंतताडह ॥ २५ ॥ कृष्णमुष्टिप्रहारेणसद्योवैनिधनंगतः ॥ तज्ज्योतिःश्रीघनश्यामेलीनंजातंविदेहराट् ॥ २६ ॥ एवंहत्वापंचजनंशंखंनीत्वातदंगजम् ॥ महार्णवान्निर्गतोसौसहसारथमागमत् ॥ २७ ॥

फेंट बांधिके बडी गर्जन जाकी ता समुद्रमें कूदिपड़े ॥ २० ॥ श्रीकृष्णके कूदिवेते अत्यंत समुद्र कांप्यो त्रिलोकीके बोझके धरनहारे श्रीकृष्ण तिनको बोझ पर्वतकोसो हैगयो हे विदेहराट्! ॥ २१ ॥ ताके अनन्तर पञ्चजन दैत्य युद्ध करिवेकूं श्रीकृष्णके सन्मुख आयो आयके सहसा करके ये वीर श्रीकृष्णके ऊपर त्रिशूल फेंकतभयो ॥ २२ ॥ श्रीकृष्णवाई त्रिशूलकूं पकड़के शंखासुरकूं मारतभये ताके मारे ये दैत्य मूर्च्छित हैके जलमंडलमें जाय पर्यो कछू एक व्याकुलमन हैगयो ॥ २३ ॥ फिर अकस्मात् उठिके अपने शिरकरिके देवेश श्रीकृष्णके ताड़ना करतोभयो जैसे सर्प गरुड़कूं ताडना करै है ॥ २४ ॥ तब परिपूर्णतम साक्षात् श्रीहरि भगवान् श्रीकृष्ण क्रोध करिके शंखके शिरमें एक घूंसा मारतभये ॥ २५ ॥ हे विदेहराट् ! श्रीकृष्णके घूंसाके मारे हालही मरिके जायपर्यो ताके शरीरमेंते ज्योति निकसी सो श्रीकृष्णमें लीन हैगई ॥ २६ ॥ ऐसे पंचज

नकूं मारिके वाके पेटमेंसो निकसे शंखकूं लेके समुद्रमेंते निकसि रथमें आवतेभये ॥ २७ ॥ फिर पवनकोसो जाको वेग ता रथमें बैठके यमकी संयमनी पुरीमें जातेभये शंख बजावत भये ॥ २८ ॥ वो पांचजन्यकी मेघकी गर्जनकीसी बडी प्रचंड ध्वनि सुनिके त्रिलोकी पूर्ण हैगई ता ध्वनिते सभासहित यमराज कांपत भयो ॥ २९ ॥ वहां चौरासी लक्ष नरकनमें परे जे जीव तिनमें जितनेनने शंखकी ध्वनि सुनी तेते पापी दुःखते छूटिके मोक्षको प्राप्त हैगये ॥ ३० ॥ यमराजहू शीघ्रही बलि भेंट लेके डरपिके हाथ जोडके कृष्ण बलदेवके चरणनमें आयपरो ॥ ३१ ॥ यमराज बोलो हे हरे! हे कृपासिंधो! हे रामराम! हे महाबली! तुम असंख्य ब्रह्मांडके पति परिपूर्णतम दोनों हो ॥ ३२ ॥ तुम पुराणपुरुष हो सर्वेश्वर हो जगज्जननके ईश हो सबके ऊपर वर्तमान हो ब्रह्मादिकनके ईश हो सो मोकूँ अब कछू आज्ञा करिये ॥३३॥ तब भगवान् बोले कि, हे लोकपाल!

वायुवेगेनयानेनरामकृष्णौमनोहरौ ॥ जग्मतुःशमनस्यापिदीर्घांसंयमनींपुरीम् ॥ २८ ॥ पांचजन्यध्वनिर्लोकंप्रचण्डोमेघघोषवत् ॥ पूरयामासतंश्रुत्वाचकंपेससभोयमः ॥ २९ ॥ चतुरशीतिलक्षेषुनरकेषुनिपातिताः ॥ येयेश्रुताध्वनिंतेतेजग्मुर्मोक्षंतुपापिनः ॥ ३० ॥ यमःसद्यो बलिंनीत्वाश्रीकृष्णबलदेवयोः ॥ पपातचरणोपांतेभयभीतःसन्कृतांजलिः ॥ ३१ ॥ ॥ यमउवाच ॥ ॥ हेहरेहेकृपासिंधोरामराममहाबल ॥ असंख्यब्रह्मांडपतीपरिपूर्णतमौयुवाम् ॥ ३२ ॥ देवौपुराणौपुरुषौमहांतौसर्वेश्वरौसर्वजगज्जनेशौ ॥ अद्यैवसर्वोपरिवर्तमानौगिरानिजाज्ञांवदतंपरेशौ ॥ ३३ ॥ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ ॥ गुरुपुत्रंलोकपालआनयस्वमहामते ॥ राज्यंकुरुयथान्यायंमदुक्तंमानयन्क्वचित् ॥ ॥ ३४ ॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ तदैवतेनोपानीतंगुरुपुत्रंहरिःस्वयम् ॥ गृहीत्वावंतिकामेत्यददौश्रीगुरवेशिशुम् ॥३५॥ गुर्वाशिषासंयुतौतौनत्वातंहिकृतांजली ॥ रथमारुह्यमथुरामागतौयदुपूजितौ ॥ ३६ ॥ एकदासबलःकृष्णःसर्वकारणकारकः ॥ पांडवान्संस्मरन्भक्तानक्रूरभवनंययौ॥३७॥अक्रूरःसहसोत्थायपरिरभ्यमुदान्वितः ॥ उपचारैःषोडशभिःपूजयित्वाथतौनृप ॥३८॥ कृतांजलिःपुरःस्थित्वाजातपूर्णमनोरथः ॥ उवाचानंदजनितान्मुंचन्बाष्पकलान्नृप ॥ ३९ ॥ अक्रूरउवाच ॥ युवाभ्यांरामकृष्णाभ्यांताभ्यांनित्यंनमोनमः ॥ याभ्यांमामेयदुक्तंमेपूर्णंतच्चकृतंप्रभू ॥ ४० ॥ लोकाभिरामौजनभूषणोत्तमौचांतर्बहिःसर्वजगत्प्रदीपकौ ॥ गोविप्रसाधुश्रुतिधर्मदेवतारक्षार्थमद्यैवयदोःकुलेगतौ ॥ ४१ ॥

हे महामते! तुम हमारे गुरुनके बेटाकूं लेआओ यथान्यायसे राज्य करो मेरी आज्ञाको पालन करो ॥ ३४ ॥ नारदजी कहैहै ताई समे भगवान् यमराजके लाये गुरुपुत्रकूं लेके अवंतिकापुरीमें आयके वा पुत्रकूं गुरुनकूं देतेभये ॥ ३५ ॥ गुरुनको आशीर्वाद ले हाथ जोड गुरुनकूं दंडोत करिके यदुनकरके पूजित श्रीकृष्ण दाऊजी रथमें बैठि मथुपुरीकूँ आवतेभये ॥ ३६ ॥ एकसमे बलदेवकूं संग लैके सब कारणनके कारण भगवान् भक्त पांडवनकी यादि करते अक्रूरके भवनकूं गये ॥ ३७ ॥ तब अक्रूरजी वाई क्षण उठिके प्रसन्न हैके मिले षोडशोपचार पूजा करी हे नृप! ॥ ३८ ॥ हाथ जोड आगे खडे हैके मनोरथ पूर्ण हैगये सो आनंदके आंसू छोडतो यह बोले ॥ ३९ ॥ अक्रूरजी कहैहै कि, तुम जे रामकृष्ण हो तिनके अर्थ नमस्कार है २ जो आपुने रस्तामें मोसो कहीहो सोई तुमने सत्य करी ॥ ४० ॥ लोकाभिराम हो जनभूषण हो सबमे उत्तम हो बाहिर

भा. टी.
म. खं. ५
अ० ९

भीतरसो सब जगतके दीपक हो गौ, ब्राह्मण, साधु, वेद, धर्म, देवता इनकी रक्षाके अर्थ यदुकुलमें जन्म लीनो है ॥ ४१ ॥ कंसादिक दैत्येंद्रनके वधके अर्थ गोलोकते परिपूर्ण
तेजवारे तुम या भारतभूमिमण्डलमें आये हो परेश जे तुम हो तिनके अर्थ नमस्कार है ॥ ४२ ॥ तब भगवान् बोले तुम आर्यवृद्ध हो धृतिमान् हौ मैं तो तुम्हारे अगारीको
बालक हूँ हे महामते ! संतजन कबु अपनी बड़ाई नहीं करें हैं ॥ ४३ ॥ पांडवनकी कुशल देखिवेकूं आपु हस्तिनापुरकूं जाउ हे दानपते ! तिन सबनकूं देखिके जलदी आयजाउ ॥
॥ ४४ ॥ नारदजी कहेहैं कि, ऐसे भक्तवत्सल भगवान् अक्रूरते कहिके सब कामके करनहारे बलदेवसहित अपने भवनकूं चले आवतेभये ॥ ४५ ॥ अक्रूर हस्तिनापुरमें गये
सबते मिले सबके मनको अभिप्राय लेके पांडवनको देखके फिर आयके हस्तिनापुरको सब हवाल श्रीकृष्णते कहतेभये ॥ ४६ ॥ अक्रूर बोले कि हे प्रभो ! तुम दोनोंनके बिना
कौरवनके दीने दुःखनकूं भोगिरहे जे पांडव तिनको और कोई नहीं है पांडुके मरे पीछे कुंतीके बेटा तुम्हारोई पैंड़ो देख रहे हैं रात दिन तुमारेही चरणनको ध्यान करें हैं ॥ ४७ ॥

कंसादिदैत्येन्द्रविनाशहेतवेगोलोकलोकात्परिपूर्णतेजसौ ॥ समागतौभारतभूमिमंडलेयुवांपरेशौसततंनतोऽस्म्यहम् ॥ ४२ ॥ ॥ श्रीभगवानु
वाच ॥ ॥ त्वमार्य्यवृद्धोधृतिमानहंतवपुरःशिशुः ॥ संतोनस्वात्मनःश्लाघ्यंकुर्वंतिहिमहामते ॥४३॥ पांडवानांहिकुशलंद्रष्टुंगच्छगजाह्वयम् ॥
शीघ्रमागच्छतान्दृष्ट्वासर्वान्दानपतेभवान् ॥ ४४ ॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ एवमुक्त्वातदाक्रूरंभगवान्भक्तवत्सलः ॥ सबलःशौरिभवनमाययौ
सर्वकार्यकृत् ॥ ४५ ॥ कौरवेन्द्रपुरंगत्वाक्रूरोदृष्ट्वाथपांडवान् ॥ पुनरागत्यकृष्णायवार्तांसर्वामवर्णयत् ॥ ४६ ॥ ॥ अक्रूरउवाच ॥ ॥ विना
युवांकोपिनपांडवानांसहायकृत्कौरवदुःखभोगिनाम् ॥ मृतेचपांडौभवतोःपदांबुजेविलग्नचित्ताहिपृथात्मजाये ॥ ४७ ॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥
इतिश्रुत्वाक्रूरमुखाच्छ्रीकृष्णोभगवान्हरिः ॥ अर्द्धराज्यंपांडवेभ्योकौरवाणांबलाद्ददौ ॥४८॥ अथोक्तंवचनंस्मृत्वातदोद्धवसमन्वितः ॥ महामंगल
संयुक्तंकुब्जायाभवनंययौ ॥ ४९ ॥ दृष्ट्वाराच्छ्रीहरिंप्राप्तंकुब्जारूपवतीत्वरम् ॥ भक्त्यासमर्हयामासपाद्यार्घैःप्राणवल्लभम् ॥ ५० ॥ हेमर
त्नखचित्कुड्येकुब्जायाभवनोत्तमे ॥ बभौहरीरूपवत्यावैकुंठेरमयायथा ॥ ५१ ॥ परिपूर्णतमःसाक्षाच्छ्रीकृष्णोभगवान्स्वयम् ॥ यस्याः
पतिरभूद्राजन्नहोतस्यास्तपोमहत् ॥ ५२ ॥ तत्रस्थित्वाहरिर्देवोदिनान्यष्टौविदेहराट् ॥ आययौशौरिभवनंलीलामानुषविग्रहः ॥ ५३ ॥

नारदजी कहेहैं कि, या प्रकार अक्रूरके मुखते सुनिके श्रीकृष्ण भगवान् आधौ राज्य कौरवनपैते अपने पराक्रमते पांडवनकूं जबरदस्ती दिवाय देतेभये ॥ ४८ ॥ याके अनंतर
कह्यो जो वचन ताकी यादि करके ऊद्धवकूँ संग लेके महामांगलिक जो कुब्जाको घर है ताकूँ श्रीकृष्ण जातेभये ॥ ४९ ॥ कुब्जा हरिकूं आवत देखिके बहुत जलदी दूरतेई
रूपवती अर्घ पाद्य करिके प्राणवल्लभ जे श्रीकृष्ण तिनको सत्कार करतीभई ॥ ५० ॥ रत्नजड़ी जामें सुवर्णकी भीति ऐसो उत्तम भवन तामें कुब्जाके संग श्रीकृष्णकी कैसी
शोभा भई वैकुंठमें लक्ष्मीते जैसे नारायणकी शोभा होय है ॥ ५१ ॥ परिपूर्णतम साक्षात् श्रीकृष्ण स्वयं भगवान् एकांतमें जा कुब्जाके पति होतभये हे राजन् ! वा कुब्जाको
बड़ो भारी तप है ॥ ५२ ॥ हरि भगवान् आठ दिन वाके घरमें बसिके हे विदेहराट् ! अपने घर आवतेभये लीलाकरिके मनुष्यदेह धन्यो है जिनने ॥ ५३ ॥

या प्रकार मथुराके विषे ये कृष्णको चरित्र वर्णन कऱ्यो है ये सब पापनको हरनहारो परम पुण्य और आयुको बढावनहारो है ॥ ५४ ॥ मनुष्यनकूं चारि पदार्थको देनहारो
श्रीकृष्णके वशको करनहारो ये चरित्र सो मैंने तेरे आगे कह्यो अब तू कहा सुनिवेकी चाहना करे है ॥ ५५ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायां मथुराखंडे भाषाटीकायां यदुसौख्यं नाम
नवमोऽध्यायः ॥ ९ ॥ बहुलाश्व राजा बोल्यो कि, श्रीकृष्णको पवित्र चरित्र मैंने तुम्हारे मुखतें सुन्यो फेरि सुनिवेकी चाहना करूंहूं जैसे प्यासो जलकी चाहना करे है ॥ १ ॥
कंसके जन्म कर्म तुमने कहे सो सुने और केश्यादिकनके पूर्वजन्मके कर्महू सुने ॥ २ ॥ अब कहौ कि, यह धोबी कौन हो जो भगवान्ने अपने हाथते मारचो और
आश्चर्य है कि, जाकी बडी ज्योति श्रीकृष्णमें लीन हैगई ॥ ३ ॥ नारदजी कहेहे हे विदेहराज ! त्रेतायुगमें अयोध्यामें रामके राज्यमें हलकारानके सुनत सुनत एक धोबीने सीताजी

इतिश्रीकृष्णचरितंमथुरायांविदेहराट् ॥ सर्वपापहरंपुण्यमायुर्वर्द्धनमुत्तमम् ॥ ५४ ॥ चतुष्पदार्थदंनृणांश्रीकृष्णवशकारकम् ॥ मयातेक
थितंपूर्वंकिंभूयःश्रोतुमिच्छसि ॥ ५५ ॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहितायांश्रीमथुराखण्डेनारदबहुलाश्वसंवादेयदुसौख्यंनामनवमोध्यायः ॥ ९ ॥ ॥
बहुलाश्वउवाच ॥ ॥ श्रीकृष्णचरितंपुण्यंमयातवमुखाच्छ्रुतम् ॥ पुनःश्रोतुंमनश्चात्तृषितोवाजलंगतः ॥ १ ॥ कंसस्यजन्मकर्माणित्व
योक्तानिश्रुतानिमे ॥ केश्यादिदैत्यवर्याणांपूर्वजन्मकृतंश्रुतम् ॥ २ ॥ कोयंतुरजकःपूर्वंमवधीद्यंहरिःकथम् ॥ अहोयस्यमहज्ज्योतिःकृष्णे
लीनंबभूवह ॥ ३ ॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ त्रेतायुगेत्वयोध्यायांरामराज्येविदेहराट् ॥ चारणांशृण्वतांकश्चिद्रजकोह्यवदत्प्रियाम् ॥ ४ ॥
नाहंबिभर्मित्वांदुष्टामुशक्तांपरवेश्मगाम् ॥ स्त्रीलोभीबिभृयात्सीतांरामोनाहंभजेपुनः ॥ ५ ॥ इतिलोकाद्दूतमुखाद्वाक्यंश्रुत्वाथराघवः ॥
सीतांतत्याजसहसावनेलोकापवादतः ॥ ६ ॥ तस्मैदण्डंदातुमिच्छांनचक्रेराघवोत्तमः ॥ मथुरायांद्वापरांतेरजकःसबभूवह ॥ ७ ॥ कुवाक्य
दोषशांत्यर्थंतंजघानहरिःस्वयम् ॥ तदपिप्रददौमोक्षंतस्मैश्रीकरुणानिधिः ॥ ८ ॥ दयालोःकृष्णचन्द्रस्यचरित्रंपरमाद्भुतम् ॥ एतत्तेकथि
तंराजन्किंभूयःश्रोतुमिच्छसि ॥ ९ ॥ ॥ बहुलाश्वउवाच ॥ ॥ पुरावैवायकःकोयंनितरांमुनिसत्तम ॥ यस्मैददौचसारूप्यंश्रीकृष्णो
भगवान्हरिः ॥ १० ॥ ॥ श्रीनारदउवाच ॥ ॥ मिथिलानगरेपूर्वंवायकोहरिभक्तिकृत् ॥ श्रीरामोद्वाहसमयेसीरध्वजनृपाज्ञया ॥ ११ ॥

की निंदाको वचन कह्यो ॥ ४ ॥ वा धोबीकी स्त्री लडिके दिनमें चलीगई रातिमें आई तब वा धोबीने यह कही के मे का राम हूं सो रावणके घरमें वसिआई ता सीताकूं
घरमें राखिलीनी सो स्त्रीको लोभी राम मे नहीं हो ॥ ५ ॥ ऐसें बोहोत लोगनके मुखते सुनिकें रामचंद लोकके अपवादते तत्काल सीताकूं त्यागिदेतभये ॥ ६ ॥
तासूं दंडदेवेकी इच्छा ही पर दंड नहीं दीनो सो द्वापरके अन्तमें मथुरामें वह धोबी होतोभयो ॥ ७ ॥ कुवाक्यदोषशांतिके अर्थ भगवान्ने अपने हाथते मारचो तोऊ करुणा
निधिने वाकूं मोक्ष देदई ॥ ८ ॥ दयालु कृष्णचन्द्रको चरित्र परम अद्भुत है यह मैने तेरे अगाडी कह्यो राजा अब तू कहा सुनिवेकी इच्छा करे है ॥ ९ ॥ बहुलाश्व राजा बोलो
हे मुनिसत्तम ! पूर्वजन्ममें यह दरजी कौन हो जाकूं श्रीकृष्णभगवान्ने सारूप्य मुक्ति दीनी ॥ १० ॥ नारदजी कहे है कि, पहले मिथिलानगरीमें एक दरजी हरिभक्त

रहती हो श्रीरामके विवाहसमें सीरध्वज जो जनकराजा ताकी आज्ञाते ॥ ११ ॥ राम लक्ष्मणके पहरवेके वस्त्र सींमेंहो, मिहीन डोरानते वस्त्र सीवेमें बड़ो चतुर हो ॥ १२ ॥ करोड़ कामदेवकी समान शोभावारे राम लक्ष्मणकूं देखिके वायक बड़े मनवारो अपने मनमें मोहित हैगयो ॥ १३ ॥ तबे यह मनोरथ कीनो कि, मैं अपने हाथनते राम लक्ष्मणकूं वस्त्र पहराऊं ॥ १४ ॥ तब सबके मनकी जाननेहारे श्रीराम मनकरिके वर देतभये के द्वापरके अन्तमें भरतखण्डमें तेरो मनोरथ पूरो होयगो ॥ १५ ॥ श्रीरामचंद्रके वरते मथुरामें वो वायक दरजी जन्म लेतभयो तिन दोनोंनके वस्त्र सम्हारिके पहरायके वाही भगवानके सारूप्यकूं प्राप्त होतो भयो ॥ १६ ॥ बहुलाश्वराजा फिर पूछेहै कि, या सुदामा मालीने कहा सुकृत कीनो है सो कहो जाके घर मनोहर कृष्ण बलराम दोनों भैया गये ॥ १७ ॥ नारदजी कहेहैं कि, कुबेरको

रामलक्ष्मणवेषार्थंवासांसिरचयन्किल ॥ लघुसूत्रैःपरिचयन्कुशलोवस्त्रकर्मसु ॥ १२ ॥ कोटिकन्दर्पलावण्यौसुन्दरौरामलक्ष्मणौ ॥ तौवीक्ष्यवायकोराजन्मोहितोभून्महामनाः ॥ १३ ॥ अहंस्वहस्तैर्वस्त्राणितयोरंगेषुसर्वतः ॥ परिधानंकारयामिचक्रेचेत्थंमनोरथम् ॥ ॥ १४ ॥ मनसापिवरंरामोददौतस्मादशेषवित् ॥ द्वापरांतेभारतेचभविष्यतिमनोरथः ॥ १५ ॥ श्रीरामस्यवरात्सोयंमथुरायांबभूव ह ॥ तयोर्वेषंकारयित्वातत्सारूप्यंजगामह ॥ १६ ॥ ॥ बहुलाश्वउवाच ॥ ॥ सुदाम्नामालिनाब्रह्मन्किंकृतंसुकृतंवद ॥ यद्गृहंजग्मतुः साक्षाद्रामकृष्णौमनोहरौ ॥ १७ ॥ ॥ नारदउवाच ॥ ॥ राजराजवनंरम्यंनाम्नाचैत्ररथंशुभम् ॥ तस्यवैपुष्पबटुकोहेममालीतिनामभाक् ॥ १८ ॥ विष्णुभक्तिरतःशान्तोदानीसत्संगकृन्महान् ॥ श्रीकृष्णदेवप्राप्त्यर्थंदेवपूजांचकारह ॥ १९ ॥ समाःपंचसहस्राणिपद्मानांचशतत्रयम् ॥ नित्यंनीत्वापूजंदयेपुरोधृत्वाननामह ॥ २० ॥ एकदातिप्रसन्नोभूत्त्र्यंबकःकरुणानिधिः ॥ मालाकारमहाबुद्धेवरंब्रूहीत्युवाचह ॥ २१ ॥ हेममालीतदादेवंनमस्कृत्यकृतांजलिः ॥ प्रदक्षिणीकृत्यपुरःस्थित्वाप्राहनताननः ॥ २२ ॥ ॥ हेममाल्युवाच ॥ ॥ परिपूर्णतमंकृष्णंकचिन्नोगृहमागतम् ॥ पश्यामिहग्भ्यांतंसाक्षात्त्वद्वरेणभवेदिदम् ॥ २३ ॥ ॥ श्रीमहादेवउवाच ॥ ॥ द्वापरांतेभारतेचमथुरायांमहामते ॥ मनोरथस्तेसफलोभविष्यतिनसंशयः ॥ २४ ॥

चैत्ररथ नामकरिके एक वन हो तामें फूलनको लगायवेवारो हेममाली नाम माली हो ॥ १८ ॥ वो विष्णुभक्त हो शांत हो दानी हो सत्संगको कर्ता हो महत् पुरुष हो वाने श्रीकृष्णकी प्राप्तिके लिये महादेवकी पूजा करीही ॥ १९ ॥ सो वह तीनसौ कमलके फूल नित्य महादेवजीके आगे धरिके दंडौत करै ही ऐसे पूजा करत करत वाको पांचहजार वर्ष व्यतीत हैगये ॥ २० ॥ एक समें त्रिनेत्र महादेवजी करुणानिधि यह बोले कि, तू वर मांगिले जो चहिये सो हे मालाकार ! हे महाबुद्धे ! ॥ २१ ॥ तब हेममाली महादेवकूं दंडोत करिके प्रदक्षिणा दैके आगे ठाडो हैके मूंड़ नीचो करके यह बोल्यो ॥ २२ ॥ कि, कबहूं परिपूर्णतम श्रीकृष्ण मेरे घर आमें उनें में अपनी आंखिनते साक्षात् देखूं तुम्हारे वर करिके यही इच्छा करूँहूं ॥ २३ ॥ तब महादेवजी बोले हे महामते ! द्वापरके अन्तमें भरतखण्डमें मथुरापुरीमें तेरो

मनोरथ पूर्ण होयगो जामें संदेह नहीं है ॥ २४ ॥ नारदजी कहैंहैं वह महामना हेममाली यहां द्वापरके अंतमें सुदामा नाम माली होतोभयो ॥ २५ ॥ ताते राम कृष्ण दोनों सुदामा मालीके घर जातभये ये शिवके वाक्यकूं सांचोकरिवेकूं गयेहैं हे राजा ! अब तुम कहा सुनिवेकी इच्छा करोहो सो कहो ॥ २६ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायां मथुराखंडे रजकवायकसुदामोपाख्याने दशमोऽध्यायः ॥ १० ॥ अब बहुलाश्व राजा प्रश्न करैंहैं या कुब्जाने ऐसो कौनसो दुर्घट तप कीनो है जाते भगवान् श्रीकृष्ण प्रसन्न भये जो देवतानकूं दुर्लभ है ॥ १ ॥ नारदजी कहैंहैं किरोड़ कामदेवसे सुन्दर रामचंद्र पंचवटीमें विराजेहैं तहां रावणकी बेहन शूर्पनखा देखिके अत्यंत मोहित हैगई ॥ २ ॥ एकस्त्रीको व्रत जिनके ऐसे मोहे नहीं जाय तिनकूं राम जानिके शूर्पणखा सीताकूं खायवेकूं दौड़ी ॥ ३ ॥ तब रामके छोटे भैया लक्ष्मण तिनने क्रोधकरके

लगे और अप्सरा बडे आनंदसो नृत्य करनलगीं ॥ ५० ॥ तदनंतर बडे प्रसन्न हैके उग्रसेनने सब यादवनके देखतेमें प्रद्युम्नके पुत्र अनिरुद्धको वा घोडेके रक्षा करनेको हुकुम दियो कि ये कहीं जाने न पावे तुम काबूमें राखो ॥५१॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायामश्वमेधखण्डे भाषाटीकायां हयपूजनं नामैकादशोऽध्यायः ॥११॥ गर्गजी कहैहै कि फिर द्वारिकामें उग्रसेनने या अश्वको पूजनकर विधिसो चमर बांध वेदध्वनिके शब्द आके संगमें ताको छोडोहो ॥ १ ॥ तब ये अश्व सुधाकुंडलकनको खायके सुवर्णकी मालानसो शोभित निकसोहे ॥२॥ या अश्वकी रक्षाके लिये राजा उग्रसेनने बडे आदरसो वृकासुरके मारनेवारे अनिरुद्धको आज्ञा देके ये कही ॥ ३ ॥ उग्रसेन बोले कि, हे श्रीकृष्णपौत्र प्राद्युम्ने ! (प्रद्युम्नपुत्र!) जो तुमने वचन कहा कि हम घोडेकी रक्षा करेंगे वो अपनी इच्छासे जलदीसे करो ॥ ४ ॥ मेरे राजसूय यज्ञमें पहले प्रद्युम्नने भूमिकी रक्षा करीही तुमभी तो उन्हींके बडे पुत्र हो

अथानिरुद्धंतुरगस्यपालनेभूत्वाप्रसन्नःकिलकार्ष्णिनन्दनम् ॥ समादिदेशाच्युतयेवसंस्थितंयदूत्तमानामधिपस्यपश्यतः ॥ ५१ ॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहितायांहयमेधचरित्रसुमेरौहयपूजनंनामैकादशोऽध्यायः ॥११॥ ॥ गर्गउवाच ॥ ॥ अथराजाकुशस्थल्यांपूजयित्वातुरंगमम् ॥ मुमोच ब्रह्मघोषेणविधिनाबद्धचामरम् ॥ १ ॥ सुधाकुण्डलकाःसोपिभुक्तातुरगराट्ततः ॥ निर्ययौस्वर्णमालाभिःशोभितःकुंकुमेनच ॥ २ ॥ रक्षणार्थंहयस्यार्थेनादरेणनृपेश्वरः ॥ अनिरुद्धंवृकहणमूचेरक्षार्थमुद्यतम् ॥ ३ ॥ ॥ उग्रसेनउवाच ॥ ॥ श्रीकृष्णपौत्रप्राद्युम्नेत्वयायत्कथितंवचः ॥ पालनार्थंतुरंगस्यस्वेच्छयातत्कुरुत्वरम् ॥ ४ ॥ मद्राजसूयेपूर्वंवैप्रद्युम्नेनजितामही ॥ त्वंतुशूरोसिबलवान्धन्वीतस्यात्मजोमहान् ॥ ५ ॥ वृकस्तुशकुनेर्भ्रातामहादैत्योहतस्त्वया ॥ राजानश्चजितास्सर्वेभीष्मोयुद्धेहितोषितः ॥ ६ ॥ अहोमृगांकलोकेशौयस्मिन्संलीनतांगतौ ॥ तस्मात्त्वामृषयःसर्वेपरिपूर्णंवदंतिहि ॥ ७ ॥ तस्मात्पालयत्वंवीरसेनयाचपरीवृतः ॥ राजन्येभ्यश्चसर्वेभ्योहयमेधतुरंगमम् ॥ ८ ॥ अर्भकान्विरथान्भीतान्प्रपन्नान्दीनमानसान् ॥ सुप्तान्प्रमत्तानुन्मत्तान्रणेतान्मानिपातय ॥ ९ ॥ श्रीकृष्णस्यप्रतापेननिर्विघ्नंतेस्तुकार्ष्णिज ॥ साश्वस्त्वंपुनरागच्छकुशलीसेनयान्वितः ॥ १० ॥ ॥ गर्गउवाच ॥ ॥ ततःश्रुत्वानिरुद्धस्तुनृपस्यवचनंशुभम् ॥ तथेत्युक्त्वाहयस्यापिपालनार्थंमनोदधे ॥ ११ ॥ अथानिरुद्धंतेविप्राःकृष्णचन्द्राज्ञयात्वरम् ॥ तंमंत्रैःस्नापयित्वाचपूजांचक्रुर्मुदान्विताः ॥ १२ ॥

धनुर्धारी और शूरवीर बडे बलवान हो ॥५॥ शकुनिका भाई वृक नामका दैत्य बडा बली तुमने मारो सब राजा संग्राममे जीते और भीष्मको भी संग्राममें तुष्ट कियो ॥६॥ चंद्रमा और ब्रह्माजी ये दोनों तुमारे बीचमें लीन भयेहैं इसीसो आपको सब ऋषिजन परिपूर्ण कहैहैं ॥७॥ यासो हे वीर ! सेनासो युक्त भये आप सब राजानसो या अश्वमेधके घोडेकी रक्षा करो ॥ ८ ॥ बालकनको विरथनको डरपेनको शरण आयेनको जिनके दीन मन हैं तिनको सोवतेनको प्रमत्तपुरुषनको और उन्मत्तपुरुषनको संग्राममें मत मारियो ॥ ९ ॥ श्रीकृष्णके प्रताप करके हे प्रद्युम्नपुत्र ! तुम सर्वत्र निर्विघ्न होके और सब सेना सहित अश्वको संग लेकर कुशलसे तुम आओ ॥ १० ॥ गर्गजी कहते हैं कि या प्रकार अनिरुद्धजी भी उग्रसेन राजाके कहे वचनको सुनकर बहुत ठीक है ऐसे कहिके वा अश्वकी रक्षा करबेको मन करते भये ॥ ११ ॥ तब तिन ब्राह्मणनने बहुत शीघ्रतासे श्रीकृष्णकी

आज्ञासों अनिरुद्धको मंत्रनसों पूजनकर स्नान करावते भये और बडे प्रसन्न भये ॥ १२ ॥ फिर उग्रसेनने विधानसों अनिरुद्धको तिलक करके और बलि देके एक खड्ग युद्धके लिये दियो तदनंतर ॥ १३ ॥ शूरसेनजीने रत्नकी माला और वसुदेवजीने कुंडल, बलदेवजीने कवच, श्रीकृष्णने चक्र और प्रद्युम्नने कृष्णको दियोभयो धनुष और अक्षयबाणनके भरे अपने दो तरकस अनिरुद्धको दिये ॥ १४ ॥ १५ ॥ तब शिवजीने अपने त्रिशूलमेंते निकासके त्रिशूल दियो उद्धवजीने किरीट दियो और देवकीजीने पीतवस्त्र दियो ॥ १६ ॥ वरुणदेवताने नागपाश दियो स्वामिकार्तिकजीने शक्ति दीनी पवनदेवने दो पंखा दिये यमराजने कालदंड दियो ॥ १७ ॥ कुबेरने हीरानको हार, अर्जुनने परिघ भद्रकालीने बडीभारी गदा और सूर्यने माला दियो ॥ १८ ॥ भूमिने योगमयी खडाउँ दिये गणपतिने दिव्यकमल और अक्रूरजीने विजयको देनवारो दक्षिणावर्त

अनिरुद्धस्यतिलकंकृत्वाराजाविधानतः ॥ बलिंदत्वाचयुद्धायकरवालंददौततः ॥ १३ ॥ शूरोददौरत्नमालांतस्मैशौरिश्चकुंडले ॥ बलदेवश्च कवचंस्वचक्रंहरिरेवच ॥ १४ ॥ प्रद्युम्नश्चानिरुद्धायकृष्णदत्तंधनुर्ददौ ॥ तथास्वतूणौराजेंद्रतस्मैचाक्षयसायकौ ॥ १५ ॥ स्वत्रिशूलात्ससुत्पा द्यत्रिशूलंप्रमथाधिपः ॥ उद्धवश्चकिरीटंवैपीतवस्त्रंचदेवकः ॥ १६ ॥ प्रचेतानागपाशंचशक्तिंशक्तिधरःकिल ॥ श्वसनोव्यजनेदिव्येस्वदंडं यमराट्पुनः ॥ १७ ॥ हीरहारंराजराजोपरिघंतुधनंजयः ॥ भद्रकालीगदांगुर्वीददौकुंतंदिवाकरः ॥ १८ ॥ भूःपादुकेयोगमय्योपद्मंदिव्यंगणा धिपः ॥ शंखंचदक्षिणावर्तंसक्रूरोविजयप्रदम् ॥ १९ ॥ सहस्रवाजिसंयुक्तंविश्वकर्मविनिर्मितम् ॥ सहस्रचक्रंस्वर्णाढ्यंब्रह्मांडांतर्बहिर्गतिम् ॥ ॥ २० ॥ छत्रेणशतकुंभैश्चपताकाभिःशतैरपि ॥ शोभितंमेघनिर्घोषंघंटामंजीरनादितम् ॥ २१ ॥ मनोवेगंमहादिव्यंजैत्रंरत्नमयंरथम् ॥ अनिरुद्धायप्रददौद्वारकायांपुरंदरः ॥ २२ ॥ कंबुदुन्दुभयोनेदुःकांस्यवीणादयस्तदा ॥ मृदंगवेणवोरागेजयध्वनिसमाकुलैः ॥ २३ ॥ ब्रह्मघोषैर्लाजपुष्पैर्मुक्तावर्षसमन्वितैः ॥ अनिरुद्धोपरिसुराःपुष्पवर्षंप्रचक्रिरे ॥ २४ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायांहयमेधखण्डेऽनिरुद्धविजया भिषेकोनामद्वादशोऽध्यायः ॥ १२ ॥ ॥ श्रीगर्गउवाच ॥ ॥ अथनत्वागुरून्सोपिप्रायात्प्रद्युंचदेवकीम् ॥ रोहिणींरुक्मिणींभामा मन्याःसर्वाहरिप्रियाः ॥ १ ॥

शंख दियो ॥ १९ ॥ विश्वकर्माको बनायो एक हजार जामें घोडा जुते एक हजार पहिया जामें लगे, ब्रह्मांडके बाहिर भीतर, वर्तमान, केवल, सुवर्णको बनो ॥ २० ॥ सुवर्णको जामें छत्र, सुवर्णकीही जामें पताका तिनसों शोभित, मेघकेसे शब्दके घंटासों शब्दित ॥ २१ ॥ मनकोसो जाको वेग, महादिव्य. जीतवेवारो, निरे रत्नको जडो जो रथ है ता रथको अनिरुद्धके लिये इंद्रने दियो ॥ २२ ॥ अनिरुद्धके चलवेके समय शंख, दुंदुभी, कांस्य, मृदंग, वेणु बजे और सबनने जय होय जय होय ऐसी ध्वनि सब ओरसों करी ॥ २३ ॥ ब्राह्मणने वेदध्वनि करी नगरवधूटीने धानकी खीलें और मोती वर्षाये और देवताने आकाशमेंसे अनिरुद्धके ऊपर फूल बरषाये ॥ २४ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहिता यामश्वमेधखंडे भाषाटीकायां विजयाभिषेको नाम द्वादशोध्यायः ॥ १२ ॥ गर्गजी कहैहैं कि तदनंतर अनिरुद्धहू गुरुनको प्रणाम करके देवकीजी, रोहिणी और रुक्मिणी,

सत्यभामा औरहू सब हरिप्रियानको अपनी दादीनको प्रणाम करके ॥ १ ॥ और रति तथा रुक्मिवतीको प्रणाम करके बोले कि मोकूं घोडेकी रक्षा करवेको यादवसहित राजाने हुकम दियोहै सो मैं घोडेकी रक्षा करवेको जाउँहूं मोकूँ हुकम देउ ॥ २ ॥ तब वे सब गद्गद हैगई अनिरुद्धको छातीते लगायके प्रणाम कररहेको आशीर्वाद देतीभई ॥ ३ ॥ तब उन्हें प्रणामकर फिर अपने निजमहलनमें पत्नीनसों आज्ञा लेवेको गये तब तीनों पत्नी अपने प्राणपतिको आयो देखके ॥ ४ ॥ बडो आदर करतीभई और विरहसों अत्यंत खेदयुक्त भई तब उन सबनको आश्वासन करके फिर अनिरुद्धजी सभामें आये ॥ ५ ॥ गर्गजी कहेंहै कि तदनंतर बडे बूढे सब पूज्य यादवनको ऋषिनको गुरुलोगनको उग्रसेनको शूरसेनको ॥ ६ ॥ वसुदेवजीको दाऊजीको कृष्णको प्रद्युम्नको और सब यादवनको अनिरुद्धने प्रणाम कियो तब इन सबनने आशीर्वाद दिये और

नत्वारतिंरुक्मिवतीमहंगच्छाम्युवाचह ॥ राज्ञादिष्टःपालनार्थंहयस्यसहयादवैः ॥ २ ॥ ताश्चगद्गदभाषिण्योतंपरिष्वज्यकार्ष्णिजम् ॥ आशिषंप्रददौराजंस्तस्मैचप्रणतायवै ॥ ३ ॥ नत्वाताश्चययौसोपिभार्याणांभवनानिच ॥ तमागतंस्वभर्तारंतिस्रःपत्न्योविलोक्यच ॥ ४ ॥ आदरंतस्यनाश्चक्रुर्विरहात्खिन्नमानसाः ॥ आश्वासयित्वाताःसोपिचाजगामसभांकिल ॥ ५ ॥ ॥ गर्गउवाच ॥ ॥ अथाध्वरार्थेराजेन्द्रमुनिभिःकृतमंगलः ॥ सर्वाँश्चऋषीन्गुरूंश्चैवनृपेन्द्रंशूरमेवच ॥ ६ ॥ वसुदेवंचहलिनंकृष्णंस्वपितरंतथा ॥ अन्यांश्चयादवान्पूज्याननिरुद्धःप्रणम्यच ॥ ७ ॥ पूजितोनागरैःसर्वैर्धनुष्पाणिःशरीनृप ॥ बद्धगोधांगुलित्राणःकवचीकुण्डलावृतः ॥ ८ ॥ उपानद्गूढपादश्चपंचास्यसमविक्रमः ॥ करवालधरश्चर्मीकिरीटीशक्तिहस्तकः ॥ ९ ॥ महावीरःसुवर्णस्यह्यलंकारैरलंकृतः ॥ पुरंदररथेनापिनिर्ययौस्वपुराद्बहिः ॥ १० ॥ गीतवादित्रघोषेणब्रह्मघोषेणकार्ष्णिजम् ॥ यास्यंतंचामरैर्युक्तंददृशुःपुरवासिनः ॥ ११ ॥ ततःश्रीकृष्णचंद्रेणप्रेषिताउद्धवादयः ॥ भोजवृष्ण्यंधकमधुशूरसेनदशार्हकाः ॥ १२ ॥ अथराजायदून्प्राहानिरुद्धस्यचयादवाः ॥ सहायार्थंतुप्रधनेवदतात्कःप्रयास्यति ॥ १३ ॥ उग्रसेनवचःश्रुत्वासांबोजांबवतीसुतः ॥ सर्वेषांपश्यतांनत्वानृपंवचनमब्रवीत् ॥ १४ ॥

ब्राह्मणनने मंगल कियो है ॥ ७ ॥ सब नगरवासीननने सत्कार जिनको कियो ऐसे अनिरुद्ध हे राजन् ! धनुष बाणको हाथमें ले दस्ताने चढाय कवचको पहर कुंडल धारणकिये ॥८॥ पाँवनमें जोडा पहर सिंहके समान है पराक्रम जाको ढाल तरवार लेके शक्तिको रथमें धर किरीटको धारण कियोहै ॥ ९ ॥ वीरनमें महावीर सुवर्णके अलंकारनसों अलंकृत इंद्रके दिये रथमें बैठके नगरके बाहिर निकसेहैं ॥ १० ॥ गीत और बाजेनके घोषसों और वेदध्वनिके शब्दसों युक्त चमर जिनपै ढुरते जायँ हैं तिनको पुरवासी देखते भये ॥ ११ ॥ तब श्रीकृष्णचंद्रके भेजे उद्धवादिक सब भोज, वृष्णि, अंधक, मधु, शूरसेन, दशार्ह अनिरुद्धकी रक्षाके लिये तयारभये ॥ १२ ॥ तब राजा उग्रसेन बोले कि हे यादव हो ! संग्राममें अनिरुद्धकी रक्षाके लिये कहो कोन जायगो ॥ १३ ॥ उग्रसेनके कहेको सुनके जांबवतीके पुत्र सांब सबनके देखते देखते उग्रसेनको

प्रणाम करके बोले ॥ १४ ॥ कि हे राजेंद्र ! महारणमें अनिरुद्धलालकी सहायता करिबेको मैं जाऊँगो और सब शत्रुनसों मैं रक्षा करौंगो ॥ १५ ॥ और जो मैं रणांगणमें अनिरुद्धकी रक्षा न करौं तो सत्यवादीकी मेरी प्रतिज्ञाको सुनो ॥ १६ ॥ जो कोई मनुष्य दशमीविद्धा एकादशीका नहीं व्रत करने योग्यका व्रत करताहै वो मनुष्य जिस गतिको जाताहै मैं भी अवश्य उसी गतिको प्राप्त होऊँ ॥ १७ ॥ जो गति गोवध करनेवालोंकी, जो गति ब्रह्मवध करनेवालोंकी होतीहै वो गति मेरी होवे, जो मैं ये काम न करौं ॥ १८ ॥ गर्गजी कहतेहैं—इतने वचनको सांब कहिके महलके भीतर गयेहै फिर वहाँ माताको नमस्कार कर सब अभिप्राय अपना निवेदन कियेहैं ॥ १९ ॥ ये बातको माता जांबवतीजीने सुनके सांबसे प्यार कर विरहवश होके आशीर्वाद दियेहै तदनंतर सब मातानको नमस्कार करके पत्नीके घरको गयेहैं ॥ २० ॥ तब लक्ष्मणाजीने पतिको

॥ ॥ सांबउवाच ॥ ॥ अनिरुद्धस्यराजेन्द्रसहायमहमेवच ॥ महारणेचशत्रुभ्यःकारिष्येसर्वदाकिल ॥ १५ ॥ यद्यहंतस्यरक्षांवैनकरिष्येरणांगणे ॥ प्रतिज्ञांममराजेंद्रशृणुष्वसत्यवादिनः ॥ १६ ॥ त्याज्यांतुदशमीविद्धांयःकुर्वैकादशींनरः ॥ प्रयातियांगतिंराजंस्तामहंप्राप्नुयांध्रुवम् ॥ १७ ॥ गोहंतॄणांगतिर्यातुयागतिर्ब्रह्मघातिनाम् ॥ सागतिर्ममभूयाद्वैनकुर्य्यांकर्मचेदिदम् ॥ १८ ॥ ॥ गर्गउवाच ॥ ॥ इत्युक्त्वावचनंसोपिययौचांतःपुरंततः ॥ नत्वाचमातरंसर्वमभिप्रायंन्यवेदयत् ॥ १९ ॥श्रुत्वासातंपरिष्वज्यविरहादाशिषंददौ ॥ ततोमातॄंस्तुताःसर्वान्नत्वापत्नीगृहंगतः ॥ २० ॥ सातमायांतमालोक्यलक्ष्मणावरलक्षणा ॥ दत्त्वासनंबाष्पकंठीनतुकिंचिदुवाचह ॥ २१ ॥ आश्वासयित्वातांसांबोह्यभिप्रायमवर्णयत् ॥ इतिश्रुत्वापतिंप्राहविरहात्खिन्नमानसा ॥ २२ ॥ ॥ लक्ष्मणोवाच ॥ ॥ अनिरुद्धस्यतुरणेरक्षणीयस्त्वयापते ॥ युद्धंहिसंमुखंकार्यंविमुखंनकदाचन ॥ २३ ॥ त्वद्भ्रातॄणांस्त्रियःसंतिमानवत्यःसहस्रशः ॥ संग्रामेयदितेनाथनिशम्यचपराजयम् ॥ २४ ॥ स्मितानना भविष्यंतिहस्यामांचतवप्रियाम् ॥ तदादुःखेनमेनाथमरणंतुभविष्यति ॥ २५ ॥ श्रुत्वैतद्वचनंसांबोप्रत्युवाचप्रियांहसन् ॥ ॥ सांबउवाच ॥ ॥ प्रधनेममसंग्रामंत्रैलोक्यंसंमुखंकिल ॥ २६ ॥ श्रोष्यसेत्वंमयाभद्रेसर्वंचविदलीकृतम् ॥ यदिसांबोरणाच्चक्रेविमुखोजायतेशुभे ॥ २७ ॥ तदासोस्तुस्वपापेनब्रह्मविप्रविनिंदकः ॥ पुनस्त्वहंनपश्यामिचन्द्राकारंतवाननम् ॥ २८ ॥

आयो देखके उत्तम है लक्षण जाके सो पति सांबको आसनदेके आसूं बहनलगे फिर कुछ नहीं बोली ॥ २१ ॥ तब सांबने आश्वासन करके अपनो अभिप्राय कह्यौ तब पतिके कहेको सुनके विरहखेदयुक्त मन जाको ऐसी हैके पतिसों ये वचन कहती भई ॥ २२ ॥ लक्ष्मणाजी बोली कि, हे प्राणपतिजी ! आपको अनिरुद्धकी रक्षाकरनो उचितहै और संमुखसों युद्धकरियो कभी विमुख नहीं हूजियो ॥ २३ ॥ तुमारे भाइनकी बड़ी मानवती हजारन स्त्रीहैं वे हे नाथ ! जो कहीं संग्राममें आप विमुख होउगे या हारोगे तो वे सब मेरी हांसी करेंगी ॥ २४ ॥ तब आपकी प्रियाको मेरो हे नाथ ! अवश्य या दुःखसों मरण होयगो ॥ २५ ॥ तब सांब या कहेको सुनके प्यारीसों हँसत २ ये वचन बोलो है ॥ २६ ॥ तब सांबने कही कि, हे प्रिये ! आजतक मैं संग्राममें सदा सन्मुखही भयो हूँ ॥ २७ ॥ और हे प्रिये ! तुम येही सुनोंगी कि सांबने संग्राममें दिग्विजय करी और हे शुभे !

शूरवीर सांब जो संग्राममें विमुख होय तब वो वेद और ब्राह्मणकी निंदा करनवारेके पापसों लिप्त होउँ और फिर तेरे चंद्राकार मुखको न देखूं ॥ २८ ॥ गर्गजी कहैहैं कि, या प्रकार दूसरी प्रियाको अपनीको आश्वासन करके और अभिमन्युसों तथा सुभद्रासों मिलके घरमेंसों निकसेहैं ॥ २९ ॥ धनुषको हाथमें लेके क्षणमें जाके खड्ग जुतेहुये रथमें बैठके यादवनको संगलेके उपवनके पास गयेहैं जहाँ अनिरुद्धजी है ॥ ३० ॥ तब गद आदि अपने सब भाई और भानु, दीप्तिमानसो आदिलेके जे हैं वे सब श्रीकृष्णने भेजेहैं ॥ ३१ ॥ ते सब धनुषनकों लिये बड़े शूरवीर सिंहकी ध्वजावारे और दिव्य सुवर्णाभरणनको पहरे ऐसे घोड़ेनसों जुते रथनमें बैठे आयेहैं ॥ ३२ ॥ ये भी सब धनुषधारी बड़े शूर कवचनको पहरे युद्धमें प्रवीण और चतुरंगसेनाको लियेहैं ये किरोड़न है ताल हंस और मत्स्यकी जिनके ध्वजा हैं ॥ ३३ ॥ जिनके देवतानके विमानकेसे ऊँचे रथ, छत्र, चमर जिनमें लगे

॥ ॥ श्रीगर्गउवाच ॥ ॥ इत्याश्वास्यप्रियांसांबोद्वितीयांचप्रयत्नतः ॥ अभिमन्युंसुभद्रांचमिलित्वानिर्ययौगृहात् ॥ २९ ॥ चापीनैस्त्रिशकःसज्जोस्यंदनीयादवैर्वृतः ॥ प्रातश्चोपवनेसांबोनिरुद्धोयत्रवर्त्तते ॥ ३० ॥ ततःस्वभ्रातरःसर्वेश्रीकृष्णेनगदादयः ॥ प्रेषिताआत्मजाश्चैवभानुदीप्तिमदादयः ॥ ३१ ॥ सर्वेहिधन्विनःशूरादंशितायुद्धकोविदाः ॥ चतुरंगबलोपेतानिर्जग्मुःकोटिशःपुरात् ॥ ३२ ॥ तालहंसमीनबर्हिमृगराजध्वजैरथैः ॥ दिव्यैश्चकनकांगैश्चचतुर्वाजिसमन्वितैः ॥३३॥ महोच्चैर्देवधिष्ण्याभैश्छत्रचामरसंयुतैः ॥ सूर्याभैश्चसुवर्णस्यकुम्भैर्जालकतोरणैः ॥ ३४ ॥ रेजुःसर्वेकृष्णसुताःकुशस्थल्याविनिर्गताः ॥ ततश्चनिर्ययूराजन्हेमनीडाश्चहस्तिनः ॥ ३५ ॥ गोमूत्रचयसिंदूरकस्तूरीपत्रभृन्मुखाः ॥ अंजनाभाःकज्जलाभाघनश्याममदच्युताः ॥ ३६ ॥ राजीवमूलसदृशाःशुक्लदंतामृगद्विपाः ॥ महोच्चाःपर्वताकारारणद्घंटामहोद्रटाः ॥ ३७ ॥ ऐरावणकुलेभाश्चतिस्रश्शुण्डाश्चपांडुराः ॥ चतुर्दंतास्तुकृष्णेनभौमान्नीताश्चनिर्ययुः ॥ ३८ ॥ ध्वजयुक्तालक्षगजालक्षादुंदुभिसंयुताः ॥ लक्षाःशून्यामहामात्यैःस्वर्णकंबलमंडिताः ॥ ३९ ॥ ततःशूरैश्चसंयुक्तागजेंद्राएककोटयः ॥ इतस्ततोविरेजुस्तेबलेऽब्धौमकरायथा ॥ ४० ॥ उत्पाटचगुल्मान्कुंडैश्चक्षेपयंतोनभस्तले ॥ महींपादैःकंपयंतआर्द्रीकुर्त्वामदैरपि ॥ ४१ ॥

सूर्यकीसी जिनकी कांति सुवर्णके कलश जिनमें विद्यमान और जालीदार जिनमें तोरण है ऐसे कृष्णके पुत्र द्वारिकासे निकसेहैं तदनंतर हे राजन्! सुवर्णमय अंबारी जिनपै ऐसे हाथी निकसेहैं ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ गोमूत्र, सिंदूर और कस्तूरी पत्ररचनावारे जिनके मुख अंजनकेसे जिनके रंग कज्जलकेसे श्याम मद जिनके चुचाय ॥३६॥ कमलकी जड़के समान श्वेत जिनके दन्त मृगद्विप जिनकी जाति बड़े ऊँचे पर्वतकेसे जिनके आकार घंटा जिनके बँधे ॥ ३७ ॥ ऐरावतकुलके तीन तीन जिनके शूँड़ चार चार जिनके दांत भौमासुरको जीतके जिने भगवान् लाये ध्वजा जिनके विद्यमान ऐसे एक लाख दुंदुभीनसों युक्त एक लाख हाथी और एक लाख बिना नगारेके सुवर्णमय झूल जिनपै परी शूर वीर जिनपै बैठे ऐसे एक किरोड़ हाथी इत उत सेनामें सुशोभित भयेहैं समुद्रमें मकर जैसे ॥ ३८ ॥ ३९ ॥ ४० ॥ झाड़ झंकड़नको शूँडनसों आकाशमें फेंकते अपने मद

जलसों धरतीकूं गीली करते और पाँयनसों कँपावते और अपने गंडस्थलसों प्रासाद (परकोटा) किले और पर्वतनको फेंकते और शत्रुसैन्यको खंडन करते श्याम, पीले, काले, श्वेत और लाल रंगकी झूल जिनके ऊपर परी सुवर्णकी सांकर जिनके पाँयनमें पड़ी ऐसे हाथी निकसेहैं ॥ ४१ ॥ ४२ ॥ ४३ ॥ तिनके पीछे घोड़े निकसेहैं जे नारदने देखेहैं वह सब सोनेके हारनको पहरे निकसेहैं ॥ ४४ ॥ कोई तो चंचल अंगवाले कोई धूमले कोई श्यामवर्णके कोई कमलके रंगके कोई कृष्णवर्णके सुंदर जिनकी ग्रीवा कोई दूधिया कोई मांसके रंगके कोई हलदीके रंगके कोई केशरिया कोई केसूके रंगके कोई अनेक रंगके कोई स्फटिक रंगके मनकेसे जिनके वेग कोई तोतई कोई तामेके रंगके कोई कसूमेके रंगके कोई वीरबहोटीके रंगके कोई गौर कोई पूर्णेन्दुसे कोई सिंदूरिया कोई अग्निवर्णके कोई बालसूर्यके समान रंगवाले, हे राजन् ! इतने प्रकारके घोड़े सब देशनसो

श्यामपीतकृष्णशुक्लरक्तवर्णैश्चकंबलैः ॥ सुवर्णशृंख प्रासाददुर्गशैलांगान्पातयंतःशिरस्थलैः ॥ रिपूणांचबलंसर्वंखण्डयंतोमहाबलाः ॥ ४२ ॥ लैर्युक्तारेजुरेतादृशागजाः ॥ ४३ ॥ ततस्तुरंगमायेवैनारदेनविलोकिताः ॥ तेसर्वेनिर्गताराजन्स्वर्णहारैश्चसंयुताः ॥ ४४ ॥ केचिद्वैचंचलां गाश्चधूम्रवर्णामनोहराः ॥ श्यामवर्णाःपद्मवर्णाःकृष्णवर्णाःसुकंधराः ॥ ४५ ॥ दुग्धाभाघोटकाःकेचित्तथाकीलालसन्निभाः ॥ हरिद्राभाः कुंकुमाभापालाशकुसुमप्रभाः ॥ ४६ ॥ केचिच्चित्रविचित्रांगाःस्फटिकांगामनोजवाः ॥ हरिद्वर्णास्ताम्रवर्णाःकौसुंभाभाःशुकप्रभाः ॥ ४७ ॥ इन्द्रगोपनिभागौरादिव्याःपूर्णेंदुसन्निभाः ॥ सिन्दूरांगाश्चाग्निवर्णारविबालसमप्रभाः ॥ ४८ ॥ एतेतुरंगमाराजन्सर्वदेशात्समागताः ॥ पुर्यां कृष्णप्रतापेनतेतुसर्वेविनिर्गताः ॥ ४९ ॥ कृष्णस्यवाजिशालासुयेवर्ततेचतेहयाः ॥ वैकुण्ठवासिनश्चैवश्वेतद्वीपनिवासिनः ॥ ५० ॥ केचिन्म यूरवर्णाश्चनीलकण्ठनिभास्तथा ॥ विद्युद्वर्णास्तार्क्ष्यवर्णाःसर्वेपक्षैरलंकृताः ॥ ५१ ॥ शिखामणिधराःशुक्लचामरैःसमलंकृताः ॥ स्रग्भिर्मुक्ता फलानांचरक्तवस्त्रैर्विभूषिताः ॥ ५२ ॥ स्वर्णेनमंडिताःपुच्छमुखपट्टस्फुरत्प्रभाः ॥ सर्वांगसुन्दरादिव्यानिर्गतास्तेसहस्रशः ॥ ५३ ॥ नस्पृशं न्तःपदैर्भूमिंह्येतेकृष्णहयानृप ॥ चंचलावायुवेगाश्चमनोवेगामनोहराः ॥ ५४ ॥ बुद्बुदेष्वतिगाश्चैवपद्मसूत्रेषुभूपते ॥ लूताजालेषुकेचिद्वैचलंतः पारदेष्वनु ॥ ५५ ॥ स्फारावारिषुदृश्यंतेनिराधारानृपेश्वर ॥ अन्येपिनिर्गताराजन्म्लेच्छदेशभवाहयाः ॥ ५६ ॥

आयेहैं ये सब कृष्णके प्रतापसों आयेहै ये सब द्वारकासों निकसेहैं ॥ ४५ ॥ ४६ ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ ४९ ॥ और जे कृष्णकी घुड़शालमें हैं वे और वैकुंठवासी और श्वेतद्वीपवासी कोई मोरके रंगके कोई नीलकंठकेसे कोई बिजुलीके रंगके कोई गरुडके रंगके ये सब पंखवारे दिव्य घोड़ेहैं ॥ ५० ॥ ५१ ॥ शिखामें जिनके मणि श्वेत चमरनसों शृंगार किये मोतीनकी माला और रक्तवस्त्र तिनसों भूषितहैं ॥ ५२ ॥ स्वर्णसों भूषित पुच्छ और मुख पर झूमर तिनसों युक्तहैं सर्वांग जिनके सुंदर ऐसे दिव्य सब हजारन घोड़ा निकसेहैं ॥ ५३ ॥ जे पांवोंसे भूमिका स्पर्श नहीं करतेहैं बड़े चंचल मनको, पवनकोसो जिनको वेग मनके हरनवारे कमलसूतपे और पानीके बबूलनपे चलनवाले चलती जांवमें और पारेके ऊपर चलनवारे जिनके खुर दरियावमें न डूबैं निराधार गतिवारे हे नृपेश्वर ! ये और म्लेच्छदेशमें उत्पन्नभये हैं ॥ ५४ ॥ ५५ ॥ ५६ ॥

और पर्वतनको उलांघके वीरनके समेत चलनेवालेहैं ॥५७॥
और किरोडन घोडे ऐसेहैं जे शत (१००) २ योजन चलनेवालेहैं बडे २ गर्त (गड्ढा) दुर्गस्थान नदी सौध (परकोटा) और पर्वतनको उलांघके वीरनके समेत चलनेवालेहैं ॥५७॥ खड्ग, चर्मको धारण करेहै
तब सब पदाति द्वारकासे निकसे हैं धनुष जिनने हाथनमें लेराखेहैं कवच पेहर राखेहैं बडे शूरवीर हैं और महाबली हैं और पराक्रमी हैं ॥ ५८ ॥ खड्ग, चर्मको धारण करेहै
लोहेके कवचनको धारण करेहैं संग्राममें शत्रुनके जीतनवारेहैं ॥ ५९ ॥ या प्रकार निकसी यादवनकी सेनाको देखके देव, दैत्य और सब मनुष्य परम विस्मयको प्राप्त भयेहै ॥६०॥
इति श्रीमद्गर्गसंहितायामश्वमेधखण्डे त्रयोदशोऽध्यायः ॥ १३ ॥ गर्गजी कहेहैं कि, तदनंतर अनिरुद्धके मिलवेके लिये उग्रसेनकी आज्ञासों हे नृप ! वसुदेव, दाऊजी, श्रीकृष्ण,
प्रद्युम्न ॥ १ ॥ और सब यादव हे राजन् ! रथनमें बैठके सब निकसेहैं इनने सबनने सेनासों युक्त अनिरुद्धको देखोहै ॥ २ ॥ जो नीति पेहले श्रीकृष्णने राजसूययज्ञमें

शतयोजनगाश्चैवकोटिशःकोटिशोनृप ॥ गर्तदुर्गनदीसौधशैलादींश्चहरेहयाः ॥ उल्लंघयंतोनृपतेसवीरास्तेतुरंगमाः ॥ ५७ ॥ ततश्चनिर्ययुःसर्वे द्वारकायाःपदातिनः ॥ धन्विनोदंशिताश्शूरामहाबलपराक्रमाः ॥ ५८ ॥ खड्गचर्मधराश्चालोहकंचुकमंडिताः ॥ संग्रामेबहुशत्रूणांजेतारो गजसन्निभाः ॥ ५९ ॥ इत्थंविनिर्गतंसैन्यंयादवानांनिरीक्ष्यच ॥ देवदैत्यनराःसर्वेविस्मयंपरमंगताः ॥ ६० ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायां ह्यमेधखण्डेयदुसैन्यनिर्गमनंनामत्रयोदशोऽध्यायः ॥ १३ ॥ ॥ श्रीगर्गउवाच ॥ ॥ अथतन्मिलनार्थंवैउग्रसेनाज्ञयानृप ॥ वसु देवःकामपालःश्रीकृष्णःकार्ष्णिरेवच ॥ १ ॥ अन्येपियादवाराजन्रथैःसर्वेविनिर्ययुः ॥ गत्वानिरुद्धंददृशुःसेनयातुपरीवृतम् ॥ २ ॥ प्रद्युम्नाय राजसूयेयानीतिःकथितापुरा ॥ तांसर्वामनिरुद्धायकथयामाससमाधवः ॥ ३ ॥ इतिश्रुत्वाचकृष्णस्यशासनंसर्वयादवाः ॥ शिरसाजगृहूराजन्न निरुद्धादयोमुदा ॥ ४ ॥ अथगर्गमुनींश्चैववसुदेवंहलायुधम् ॥ श्रीकृष्णचन्द्रंकार्ष्णिंचप्राद्युम्निःप्रणनामह ॥ ५ ॥ वसुदेवरामकृष्णप्रद्युम्नाद्याः शुभाशिषम् ॥ अनिरुद्धायदत्वाचप्रविष्टास्तेपुरींरथैः ॥६॥ अथानिरुद्धस्यहयोदेशेदेशेगतोनृप ॥ नकेपिजगृहुस्तंवैभयात्कृष्णस्यभूमिपाः॥७॥ यत्रयत्रगतोवाजीतत्रतत्रससैनिकः ॥ कार्ष्णिजःपृष्ठतस्तस्यजेतुंशत्रून्गतःकिल ॥ ८ ॥ इत्थंविलोकयन्राज्यान्यनिरुद्धतुरंगमः ॥ राजितांन र्मदातीरंययौमाहिष्मतींपुरीम् ॥ ९ ॥ चातुर्वर्ण्यसमाकीर्णामश्मदुर्गेणमंडिताम् ॥ सदनैर्गगनस्पर्शैर्महेशस्यालयैर्वृताम् ॥ १० ॥

प्रद्युम्नके आगे कही ही वोही सब नीति अनिरुद्धके आगे कहीहै ॥ ३ ॥ तब श्रीकृष्णके हुकमको सब यादव सुनके अनिरुद्धादिक सब हे राजन् ! शिरसों ग्रहण करतेभये ॥ ४ ॥
तब गर्गजी और मुनीनको वसुदेव दाऊजीको श्रीकृष्णको तथा प्रद्युम्नजीको सबको अनिरुद्धने प्रणाम कीनीहै ॥ ५ ॥ तब वसुदेवजी दाऊजी कृष्णचन्द्र और प्रद्युम्न सब अनिरु
द्धको आशीर्वाद देके रथनमें बैठके पुरीमें प्रवेश करतेभये ॥ ६ ॥ तदनंतर ये अनिरुद्धको घोडा हे नृप ! देशदेशमें गयोहै तब कृष्णके भयसों कोईने नही पकरोहै ॥ ७ ॥ जहाँ जहाँ
ये घोडा गयोहै तहाँ तहाँ सेनासहित अनिरुद्धभी पीछे पीछे शत्रूनके जीतवेको गयेहैं ॥ ८ ॥ या प्रकार ये घोडा अनेक राज्यनको देखतो फिरतो २ नर्मदाके तटपे विराजमान
जो माहिष्मती पुरी तहाँ गयोहै ॥ ९ ॥ चारों वर्ण जामें रहैहैं पाषाणको जामें किलो है आकाशके स्पर्श करनवारे जामें घर और शिवालय जामें बनरहेहैं ॥ १० ॥

वनमें रहेंहें ... पक्षि
इंद्रनील नाम राजाको जामें राज्य है पांच योजनकी जाको प्रमाण है शाल, ताल, तमाल, वट और बेल तथा पीपलके वननसों अत्यंत सुशोभितहै और तलाव वापीसों शोभितहै पक्षि
गण अनेक जातिके पक्षी जामें शब्द कर रहेहैं ऐसी नगरीको या नगरीके एक बागमें गये घोडाने देखोहै ॥ ११ ॥ १२ ॥ या जगह इंद्रनीलको पुत्र नीलध्वज जाको नाम हो वो कहीं अपनी
हजारन वीर जामें ऐसी सेनाको साथमें लिये सिकारको आयोहो ॥ १३ ॥ सोही याने ये अश्व देखोहै जाके मस्तकपे सुवर्णके अक्षरनको लिखो पत्र बँध रह्योहै खिले भये पुष्पनके वनमें
कदंबके वृक्षके नीचे खडोहै ॥ १४ ॥ इतमें उतमें हरी हरी दूबको चर रह्योहै चमर दोनों तरफ जाके बँध रह्योहै गऊके दूधके समान श्वेतहै स्त्रीनके हाथके थापे केसरके जाके लग
रहे हैं मोतीनके हारनको पहर रह्योहै ॥ १५ ॥ तब या घोडेको ये राजकुमर देखके अपने घोडेपैसों उतरके बडे हर्षसों हे नृप ! लीला (खेल) सों या राजकुमरने ये घोडा

॥ ईदृशीं इन्द्रनीलेनराज्ञापिपालितांपञ्चयोजनाम् ॥ शालैस्तालैस्तमालैश्चवटैर्बिल्वैश्चपिप्पलैः ॥ ११ ॥ तडागैश्चैववापीभिर्घुष्टपक्षिगणैस्तथा ॥ नगरीमश्वोददर्शोपवनेगतः ॥ १२ ॥ इंद्रनीलस्यतनयोनाम्नानीलध्वजोबली ॥ पुर्याःसहस्रवीरैश्चमृगयार्थीविनिर्गतः ॥ १३ ॥ ततोददर्शतुरगंसपत्रंनृपनंदनः ॥ प्रफुल्लितेचोपवनेकदंबस्यतलेस्थितम् ॥ १४ ॥ चरंतंचामरैर्युक्तंसौरभेयीपयःप्रभम् ॥ स्त्रीणांकुंकुमहस्तैश्च मुक्ताहारैरलंकृतम् ॥ १५ ॥ हयंदृष्ट्वाराजसुतोस्ववाहादवतीर्यच ॥ केशेधृतंनिजग्राहहर्षेणनृपलीलया ॥ १६ ॥ तत्पत्रंवाचयामासयादवेंद्रेणयत्कृतम् ॥ द्वारकाधिपतीराजासर्वशूरशिरोमणिः ॥ १७ ॥ नान्योस्तितत्समःकोपिचक्रवर्तीबृहच्छ्रवाः ॥ विमोचितस्तुरगराट्तेनासौपत्रसंयुतः ॥ १८ ॥ पाल्यमानोनिरुद्धेनगृह्णंतुसबलानृपाः ॥ तस्यान्यथाप्रपदयोःपतित्वायांतुक्षत्रियाः ॥ १९ ॥ इत्यभिप्रायमालोक्यकोपेनाहनृपात्मजः ॥ अनिरुद्धोधनुर्धारीधन्विनोनवयंस्मृताः ॥ २० ॥ मत्पितरिस्थितेमह्यांकस्तुगर्वंसमाचरेत् ॥ ॥ श्रीगर्गउवाच ॥ ॥ इत्युक्त्वासहयंनीत्वाप्रययौनृपसन्निधौ ॥ २१ कथयामासवृत्तांतंपितुरग्रेहयस्यच ॥ श्रुत्वापुत्रस्यवचनमिंद्रनीलोमहीश्वरः ॥ २२ ॥ शिवभक्तोमहामानीपुत्रंप्राहमहाबलः ॥ ॥ इंद्रनीलउवाच ॥ ॥ समर्थेनपुरादत्तंराजसूयेकृतूत्तमे ॥ २३ ॥ प्रद्युम्नायबलिंकिंचित्कुमंत्रिवचनान्मया ॥ अद्यानिरुद्धस्तुहयंपालयन्पुनरागतः ॥ २४ ॥

पकडलियो ॥ १६ ॥ वा पत्रको बचवायो हो तो जो उग्रसेनजीने जो कीनोहै सो लिखोहै कि, एक द्वारिकापुरीको राजा सब शूरनको शिरोमणि ॥ १७ ॥ जाके समान और कोई नहीं है बडो भारी जाको यश है वा चक्रवर्ती उग्रसेनने ये घोडा पत्र सहित छोडोहै ॥ १८ ॥ अनिरुद्ध याके रक्षकहैं सो जो कोई बली होय सो याको पकरै या अन्यथा अनिरुद्धके पाँवनमें आयके परजाउ ॥ १९ ॥ या अभिप्रायको बाँचकें ये राजकुमर कुपित हैके बोलोहै कि, कहा धनुर्धारी एक अनिरुद्धहीहैं कहा हम कोई नहींहैं ॥ २० ॥ या भूमिमें मेरे पिताके होते वीरपनको अभिमान करनवारो कौनहै गर्गजी कहैहैं कि, ये राजकुमर इतनी कहिके घोडेको लेके राजा अपने पिताके पास गयोहै ॥ २१ ॥ और याने बापके आगे जायके सब वृत्तांत कह्योहै तब इंद्रनील राजा पुत्रके कहेको सुनके ॥ २२ ॥ शिवजीको भक्त बडो मानी और बडो बलवान् अपने पुत्रसों बोलोहै, इन्द्रनील बोलो कि, मैंने पहले अपने

खोटे मंत्रिनके कहेसों समर्थ हैके भी राजसूययज्ञमें मद्युम्नको बलि देदीनो हो आज फिर भी अनिरुद्ध या घोडेको पालन करतो फिर यहां आयोहै ॥ २३ ॥ २४ ॥ देखो याहीसों दैवबल बडो मबलहै जो कुछ विपरीत नहैजाय वोही थोरा है देखो थोरे दिनामेंही यादव कैसे बढे है ॥ २५ ॥ यासों मैं अनिरुद्धादिक सब यादवनको जीतोंगो परन्तु या अभि मानी अनिरुद्धको श्यामकर्ण नहीं देऊँगो ॥ २६ ॥ भक्तिसों जिनको संतुष्ट कियोहै वे शिवजी मेरो पालन करेंगे इतनी कहिके ये बडो वीर माहिष्मतीको पति सेनासहित ॥ ॥ २७ ॥ कलावत्तूकी डोरीसों घोडेको बाँधके युद्ध करवेको मन करतोभयो तब अनिरुद्ध घोडेको देखतो २ आयो ॥ २८ ॥ सो अक्षौहिणीको लिये नर्मदाके तटपे आयोहै हे नृप ! सांब, मधु, बृहद्बाहु, चित्रभानु, वृक, अरुण, ॥ २९ ॥ संग्रामजित, सुमित्र, दीप्तिमान, भानु, वेदबाहु, पुष्कर, श्रुतदेव, सुनंदन, ॥ ३० ॥ विरूप, चित्रबाहु, न्यग्रोध और

अहोदैवबलंयेनकिन्नभूयाद्विपर्य्ययः ॥ गतावृद्धिंद्वारकायामल्पकालेनवृष्णयः ॥ २५ ॥ तस्मात्सर्वान्विजेष्यामिकार्ष्णिजप्रमुखान्यदून्॥ श्यामकर्णंनदास्यामितस्मैमानवृतायच ॥ २६ ॥ पालयिष्यतिमांयुद्धेभक्त्यासंतोषितःशिवः ॥ इत्युक्त्वासेनयायुक्तोवीरोमाहिष्मतीपतिः॥ ॥ २७ ॥ स्वर्णदाम्नाहयंबद्ध्वायुद्धंकर्तुंमनोदधे ॥ ततोनिरुद्धःसंप्राप्तोतुरगंचविलोकयन् ॥ ॥ २८ ॥ अक्षौहिणीशतयुतोनर्मदायास्तटेनृप ॥ सांबोमधुर्बृहद्बाहुश्चित्रभानुर्वृकोरुणः ॥ २९ ॥ संग्रामजित्सुमित्रश्चदीप्तिमान्भानुरेवच ॥ वेदबाहुःपुष्करश्चश्रुतदेवःसुनंदनः ॥ ३० ॥ विरूपश्चित्रबाहुश्चन्यग्रोधश्चकविस्तथा ॥ एतेसमाययूराजन्ननिरुद्धसहायिनः ॥ ३१ ॥ गदश्चसारणोक्रूरःकृतवर्मोद्धिचोद्धवः ॥ युयुधानः सात्यकिश्चशूराएतेचवृष्णयः ॥ ३२ ॥ सहायमनिरुद्धस्यकर्तुंसर्वेसमागताः ॥ स्थित्वातेनर्मदातीरेभोजवृष्ण्यंधकादयः ॥ ३३ ॥ श्यामकर्णमपश्यंतोत्स्वब्रुवन्विस्मयान्विताः ॥ केननीतः सपत्रश्चउग्रसेनस्यभूपतेः ॥ ३४ ॥ तस्मान्मित्राणिसोप्यत्रश्यामकर्णोनदृश्यते ॥ राजसूयेपुरास्यस्मैनरदैत्यसुरादयः ॥ ३५ ॥ नवखंडाधिपाश्चैवनिर्जिताश्चबलिंददुः ॥ यस्यवैशासनंचंडंतिरस्कृत्यकुधीर्नृपः ॥ ३६ ॥ तुरगंहृतवान्मानात्सस्तेनोदंडमर्हति ॥ सर्वेषामितिवाक्यंतुश्रुत्वादृष्ट्वापुरींपुरः ॥ ३७॥ उद्धवंमंत्रिणांश्रेष्ठंप्राहरुक्मवतीसुतः ॥ ॥ अनिरुद्धउवाच ॥ ॥ नगरीयंनदीतीरेकस्यभूपस्यराजते ॥ ३८ ॥

कवि हे राजन् ! ए सब अनिरुद्धके सहायक आयेहै ॥ ३१ ॥ और गद, सारण, अक्रूर, कृतवर्मा, उद्धव, युयुधान और सात्यकि ए सब यादव ॥ ३२ ॥ सब अनिरुद्धकी सहाय करवेको आयेहै सो वे सब भोज, वृष्णि, अंधक इनसों आदि लेके आये हैं ॥ ३३ ॥ सो ये सब श्यामकर्ण घोडा नहीं देखके बड़े भारी विस्मयमें मग्न हैके बोलेहै कि, भाई हो ! न जाने पत्र सहित घोडाको राजा उग्रसेनकेको कौन लेगयोहै ॥ ३४ ॥ जो हे मित्रहो ! वो घोड़ा श्यामकर्ण यहाँ नहीं दीखेहै पहले राजसूययज्ञमें जा उग्रसेनको मनुष्य, दैत्य, देवता ॥ ३५ ॥ और नवखंडके पतिनने हारके बलि दीनीही वाही उग्रसेनके प्रचंड शासनको कुत्सित बुद्धिवारो ये राजा ॥ ३६ ॥ घोडाको लेगयोहै सो ये अभिमानी चोर दंड पावेको योग्य है या प्रकारसों सबनके कहेको सुनके अगारी पुरीको देखके ॥ ३७ ॥ मंत्रिनमें श्रेष्ठ उद्धवसों रुक्मवतीके पुत्र अनिरुद्ध ये वचन बोलेहै । कि, हे उद्धवजी ! या

नदीके किनारे पर ये नगरी कोनसे राजाकी है । ३८ ॥ मोकूँ ऐसो मालूम पडैहै कि, हमारो घोडा याही नगरीमें गयोहै ये अनिरुद्धके कहेको सुनके कृष्णके मित्र उद्धव प्रसन्न ह्वैके
बोलेहै ॥ ३९ ॥ सुनो महाराज ! ये नगरी इंद्रनील नामके राजाकी है माहिष्मती याको नाम है या पुरीमें शिवजीके भक्त चारों वर्ण निवास करैहै ॥ ४० ॥ हे यदुराज ! या राजाने
पहले नर्मदा नदीके तटपर बारह वर्ष तक नर्मदेश्वर शिवजीको पूजन कियोहो ॥ ४१ ॥ तब षोडशोपचार पूजन करवेसों प्रसन्न ह्वैके दर्शन दियोहो और राजाको वर देवेको
प्रेरणा करीहै कि, वर मांगो ॥ ४२ ॥ तब महादेवजीके कहेको सुनके माहिष्मतीको पति राजा इंद्रनील हाथ जोरके गद्गद वाणीसों बोलोहै ॥ ४३ ॥ कि, नर्मदाके स्वामी
तुमको हे ईशान ! जगत्के गुरुको नमस्कार है सकाम पुरुषनके काम पूरण करवेको कल्पवृक्ष हो ॥ ४४ ॥ सो हे महेश्वर ! वर देनवारे आपसों ये वरदान मांगों हूं कि, देव,

तुरंगमोगतोस्त्यस्यामितिमन्येत्वहंकिल ॥ इतितद्वाक्यमाकर्ण्यप्राहकृष्णसखोमुदा ॥ ३९ ॥ ॥ उद्धवउवाच ॥ ॥ इंद्रनीलस्यनगरी
नाम्नामाहिष्मतीशुभा ॥ महेशपूजनरतावर्णायस्यांवसंतिहि ॥ ४० ॥ नृपेणानेनवृष्णीशनर्मदायास्तटेपुरा ॥ द्वादशवर्षपर्यंतंपूजितोनर्मदेश्वरः
॥ ४१ ॥ ततःशिवःप्रसन्नोभूदुपचारैश्चषोडशैः ॥ तस्मैस्वदर्शनंदत्त्वावरार्थंतमनोदयत् ॥ ४२ ॥ महेशस्यवचःश्रुत्वानृपोमाहिष्मतीपतिः ॥
भूत्वाकृतांजलीरुद्रंप्राहगद्गदयागिरा ॥ ४३ ॥ ईशानत्वांनमस्येहंनर्मदेशंजगद्गुरुम् ॥ पुरुषाणांसकामानांकामरूपसुरद्रुमम् ॥ ४४ ॥
त्वत्तःप्रदातुःकांक्षेहंवरमेतन्महेश्वर ॥ देवदैत्यनरेभ्यस्त्वंरक्षमांसर्वदाभयात् ॥ ४५ ॥ इतितद्वाक्यमाकर्ण्यकृत्तिवासामुदान्वितः ॥ तथास्तु
प्रोच्यराजेंद्रततश्चांतरधीयत ॥ ४६ ॥ तस्मादेषनृपःशूरोहयंतुभ्यंनदास्यति ॥ विनायुद्धेनरुद्रस्यवरात्कंदर्पनंदन ॥ ४७ ॥ इत्थमौपगवे
र्वाक्यमनिरुद्धोनिशम्यच ॥ बलीधैर्येणप्रत्याहयादवानांचशृण्वताम् ॥ ॥ ४८ ॥ ॥ अनिरुद्धउवाच ॥ ॥ नृपस्यैतस्यरुद्रस्तुसहा
यस्तेहुदाहृतः ॥ तथाकृष्णस्तुभगवान्कृष्णमंत्रिन्ममोपरि ॥ ४९ ॥ इत्युक्त्वायादवैःसार्द्धंवीरोरुक्मवतीसुतः ॥ हयस्यमोचनार्थंवैनृपंजेतुं
मनोदधे ॥ ५० ॥ ततःपरिघनिस्त्रिंशगदाचापपरश्वधैः ॥ बभूवुर्यादवाःसज्जाःप्राद्युम्निर्दंशितेस्थिते ॥ ५१ ॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहितायां
हयमेधखण्डेअनिरुद्धप्रयाणंनामचतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ॥

दैत्य और मनुष्यसों जो भयहै तासों मेरी सर्वदा रक्षा करो ॥ ४५ ॥ ये शिवजीके कहेको सुनके शिवजी बडे प्रसन्न ह्वैके बोले कि, तथास्तु ऐसे कहिके अंतर्धान ह्वैगये ॥ ४६ ॥
यासों ये राजा बडो शूरवीर है सो तुमको ये घोडाको नहीं देयगो हे कंदर्पनंदन ! ये युद्ध करे बिना नहीं देयगो ॥ ४७ ॥ या प्रकार उद्धवके कहेको अनिरुद्धजी सुनके बडे बली
धीरज धरके यादवनके सुनते सुनते बोलेहै ॥ ४८ ॥ अनिरुद्धने कही कि, देखो उद्धवजी तुमने या राजाके सहायक महादेवजी बतायेहैं तो देखो मेरेहू सहायक श्रीकृष्ण भगवान्
है ॥ ४९ ॥ इतना वचनको अनिरुद्धजी कहिके यादवनसहित घोडेके छुडायवेको और राजाके जीतवेको मन करते भयेहैं ॥ ५० ॥ तदनंतर परिघ, खड्ग, गदा, धनुष और फरसा
नको हाथनमें ले २ के सब यादव तयार ह्वै खडेभये तब अनिरुद्धजी हू कवच पहरके लडवेको तयार भयेहै ॥ ५१ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायामश्वमेधखण्डे चतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ॥

गर्गजी कहैहैं कि, तदनंतर इंद्रनील राजाको पुत्र बडा बलवान् तीन अक्षौहिणी सेनासहित यदूनके जीतवेको बडे रोपसे पिताकी आज्ञासों पुरीके बाहिर निकसोहै ॥ १ ॥ तब श्रीकृष्णको नाती अनिरुद्धने राजकुमारको आयो देख धनुषको हाथमें लेकै इकलोही युद्ध करवेको प्रवृत्त भयोहै जैसे वृत्रासुरके मारवेको इंद्र प्रवृत्त भयोहे ॥ २ ॥ या प्रकार संग्राममें अनिरुद्धने आयके शत्रुनके ऊपर बाणनके समूह छोडेहै तब सबनके मनमें भारी त्रास पैदा भयोहे ॥ ३ ॥ तब नीलकेतुकी सेनाके संग्राममें डरपके सब भागेहैं तब अनिरुद्धजीने अपने दिग्विजयको शंख बजायोहै तब नीलने अपनी सेनाको भागी देख रणमें धनुषकी टंकार कीनीहै ॥ ४ ॥ ५ ॥ फिर अपनी सेनाकों धनुषकी टंकारसों प्रेरणा करी शत्रुनके मध्यमें अनिरुद्धको देख अत्यंत कुपित भयो सांब एक अक्षौहिणी सहित धनुष टंकार करी और वीस बाण तो नीलकेतुके मारे और पांच बाणनसों पांच रथीनके प्रहार कियो

॥ ॥ गर्गउवाच ॥ ॥ अथेन्द्रनीलस्यसुतोमहाबलोह्यक्षौहिणीभिस्त्रिभिरेवसंयुतः ॥ यदून्विजेतुंस्वपुराद्विनिर्गतोपितुश्चवाक्याद्गुरुरोषपूरितः ॥ १ ॥ तमागतंवीक्ष्यनृपस्यपुत्रंश्रीकृष्णपौत्रस्तुधनुर्गृहीत्वा ॥ युद्धंप्रकर्तुंप्रययौसएकोवृत्रंविजेतुंचयथाबिडौजाः ॥ २ ॥ गत्वानिरुद्धःसंग्रामेशत्रूणामुपरित्वरम् ॥ मुमोचबाणपटलान्सर्वेषांत्रासयन्मनः ॥ ३ ॥ ततश्चदुद्रुवुःसर्वेनीलकेतोश्चसैनिकाः ॥ रणाद्भीताःस्वशंखंचदध्मौप्रद्युम्ननंदनः ॥ ४ ॥ पलायमानांस्वांसेनांदृष्ट्वानीलध्वजोबली ॥ चापटंकारयञ्छीघ्रमाययौरणमंडले ॥ ५ ॥ सेनांस्वांनोदयामासपुनःसोपिधनुर्ज्यया ॥ द्विषांमध्येनिरुद्धंतंदृष्ट्वासांबोत्यमर्षितः ॥ ६ ॥ धनुष्टंकारयन्प्राप्तोह्यक्षौहिण्यावृतोरुषा ॥ विंशद्बाणैर्नीलकेतुंपंचभिःपंचभीरथान् ॥ ७ ॥ अताडयद्गजांश्चैवतथासतुहयान्नरान् ॥ भूम्यांनिपेतुस्तेसर्वेसांबबाणैःप्रताडिताः ॥ ८ ॥ गजोपरिगजाःकेचिद्रथोपरिरथास्तथा ॥ हयोपरिहयाश्चैवनरोपरिनराश्चवै ॥ ९ ॥ तत्क्षणेनाप्यभूद्भूमीरुधिरौघपरिप्लुता ॥ पतितैश्छिन्नभिन्नैश्चद्विपाश्वरथपत्तिभिः ॥ १० ॥ ततःप्रभग्नंस्वबलंविलोक्यनीलध्वजोभूपधनुर्गृहीत्वा ॥ बाणान्विमुंचन्किलयादवानांजेतुंमनोयस्यसचागमद्धै ॥ ११ ॥ सगत्वाप्रधनेराजन्दशबाणैरुषान्वितः ॥ चापंसांबस्यचिच्छेदप्रेमदुर्वचनैरिव ॥ १२ ॥ चतुर्भिश्चतुरोवाहान्द्वाभ्यांकेतुंरथंशतैः ॥ एकेनजघ्नेसूतंसइन्द्रनीलसुतोबली ॥ १३ ॥ एवंकृत्वाचविरथंसांबंवैनृपनंदनः ॥ पुनःसमागतांतस्यसेनांबाणैर्जघानह ॥ १४ ॥

॥ ६ ॥ ७ ॥ हाथी घोडे और मनुष्यनको बाणनसे प्रहार करतेभयो तब वे सब सांबके बाणनके मारे अतिपीडित हैके भूमिपर गिरतेभये ॥ ८ ॥ हाथीनके ऊपर हाथी रथनपे रथ घोडेनपे घोडे और आदमीनके ऊपर आदमी गिरतेभये ॥ ९ ॥ एक क्षणभरमेंही भूमि रुधिरसों भरगई गिरे और छिदे भिदे भये परे हाथी घोडे रथ पदातिनके रुधिरसों भरगई है ॥ १० ॥ तब नीलध्वज राजाने नष्ट भई अपनी सेनाको देखकर हाथमें धनुष लेके बाणनको मारतो यादवनके जीतवेको याको मन भयो है ॥ ११ ॥ तब याने संग्राममें क्रोधसो दश बाणनसो सांबको धनुष या ऐसे छेदन करके पटक दियो जैसे दुर्वाक्यनसों प्रेमकों ॥ १२ ॥ तब या बडो बली इंद्रनीलके पुत्रने चार बाणनसों तो चारो घोडे मारगेरे दो बाणोसों दोऊ ध्वजा पताका काट गेरी सौ बाणनसे रथ तोरगेरो और एकबाणसों सांबको सारथि मारगेरो ॥ १३ ॥ या प्रकार या नीलके पुत्रने सांबको विरथ करके फिर

सन्मुख आई सांबकी सेनाके ऊपर बाण बरसायेहैं ॥ १४ ॥ इतने नीलध्वजकी सब सेना आयगईहै सो यादवनकी फौजके ऊपर बडे तीक्ष्ण बाणनकी वर्षा करनलगी ॥ १५ ॥
तब दोऊ सेनानको परस्पर खड्ग, परिघ, गदा, शक्ति और बाणनसों संग्राम होनलग्यो ॥ १६ ॥ तब सांबने दूसरे रथमें बैठके दृढ धनुषके ऊपर प्रत्यंचा चढायके एकसौ १००
बाण मारे तिनसों याको रथ चूर्ण करदियो ॥ १७ ॥ तब धनुष जाको कटगयो और रथ जाको टूटगयो ऐसो यो राजकुमार बडो कुपितहैके हे मानद ! सांबके ऊपर दौरोहै ॥ १८ ॥
तब वाही समय सांब तत्कालही रथमेंसों कूदके गदाको हाथमें ले बडेक्रोधसों नीलध्वजके सन्मुख दौडोहै ॥ १९ ॥ तब राजा नीलध्वजने सांबको सामने आवतो देख एक गदा
मारी पन याको गदाके प्रहारसों मालासों मारे हाथीकी नाईं नेकभी सांब नहीं घबरायोहै ॥२०॥ तब सांबने नीलध्वजके एक गदा मारी सो गदाके प्रहारसों ये मूर्छित हैके गिरपड़ो

अथनीलध्वजस्यापिसेनासर्वासमागता ॥ यादवानांबलंसंख्येजघाननिशितैःशरैः ॥ १५ ॥ ततःसमभवद्युद्धमुभयोःसेनयोर्मृधे ॥ निस्त्रिंशैः परिघैर्बाणैर्गदापरुषशक्तिभिः ॥ १६ ॥ सांबोन्यंरथमारुह्यसज्जंकृत्वाधनुर्दृढम् ॥ तद्रथंचूर्णयामासशतबाणैरणेबली ॥ १७ ॥ सच्छिन्नध न्वाविरथोगदामुद्यम्यवेगवान् ॥ अभ्यधावद्रणेक्रुद्धोसांबस्योपरिमानद ॥ १८ ॥ तदैवसांबःसहसावतीर्याथरथाद्गदाम् ॥ नीत्वानीलध्वज स्यापिसंमुखेगतवान्रुषा ॥ १९ ॥ तताडगदयासांबमागतंवीक्ष्यभूपजः ॥ नचचालप्रहारेणमालाहतगजोयथा ॥ २० ॥ ततःसांबस्तुगदया तताडनृपनन्दनम् ॥ तत्प्रहारेणपतितोमूर्च्छांप्राप्तोरणेतुसः ॥ २१ ॥ सैनिकाद्दुद्रुवुस्तस्यहाहाकारंसमुच्चरन् ॥ ततोयुद्धायसंक्रुद्धइन्द्रनीलःस मागतः ॥ २२ ॥ साकमक्षौहिणीभ्यांचविमुंचन्धनुषाशरान् ॥ तमागतंविलोक्याथमधुःकृष्णसुतोबली ॥ २३ ॥ धानुष्कोविरथंचक्रइन्द्र नीलंशिलीमुखैः ॥ सेनांसमागतांतस्ययुयुधानोर्जुनप्रियः ॥ २४ ॥ शरैर्विव्याधसमरेमैत्रींदुर्वचनैरिव ॥ ततश्चयादवैर्मुक्तोनृपोमाहिष्मतींय यौ ॥ २५ ॥ गत्वापुर्यांचदुःखार्तःसस्मारस्वपतिंशिवम् ॥ अथतस्मैशिवःसाक्षाद्दत्वादर्शनमुत्तमम् ॥ २६ ॥ पप्रच्छसर्ववृत्तांतंश्रुत्वासतुन्यवे दयत् ॥ इत्थंनिशम्यवचनंप्रत्याहप्रमथेश्वरः ॥ २७ ॥ ॥ शिवउवाच ॥ ॥ शोकंमाकुरुराजेंद्रमद्रोपिमृषानहि ॥ देवदैत्यनराःसर्वेत्वां विजेतुंनचक्षमाः ॥ २८ ॥

॥ २१ ॥ तब याकी सब सेना भागगई और बडो हाहाकार भयो तब कुपित हैके इंद्रनील राजा युद्ध करबेको आयोहै ॥ २२ ॥ दो अक्षौहिणी सेना याके संगमें आई बाणनको
मारतो तब नीलध्वजको आयो देखके बड़ो बली मधुनामको कृष्णको पुत्र ॥ २३ ॥ तामें धनुष लेके बाणनके मारे इंद्रनीलको विरथ करदियो और आइभई याकी सेनाको अर्जुनके
प्यारे सात्यकिने दुर्वाक्यनसों मित्रताको जैसें नाश करै ऐसेही बाणनसों सेनाको नाश कियोहै तब यादवनने जाको छोड़दियो एसो वो नीलध्वज राजा माहिष्मतीको भागके चलोगयो
॥ २४ ॥ २५ ॥ पुरीमें जायके दुःखमें आर्त हैके अपने स्वामी शिवको याद कियोहै तब साक्षात् शिवने दर्शन दियो ॥ २६ ॥ और सब वृत्तांत पूछो तब राजाने सब वृत्तांत
शिवजीसों निवेदन कियो तब प्रमथनके स्वामी शिवजी राजासों बोले ॥ २७ ॥ शिवजी बोले–हे राजेंद्र ! तू शोक मत करै मेरो वर मिथ्या नहीं है सब देव, दैत्य, मनुष्य तोय जीतवेको

समर्थ नहींहैं ॥२८॥ कि हे राजन् ! ये जे कृष्णके पुत्र है श्रीकृष्णके अंशसों उत्पन्न भयेहैं हे महाराज ! ए न तो देवताहैं न दैत्य हैं और न मनुष्य हैं ॥२९॥ इनने जो तोको जीतोहै सो मनको मत बिगारै और हे भूपते ! तू कृष्णके अपराध करबेको योग्य नहींहै ॥ ३० ॥ सो हे नृप ! इसी हेतुसें विधिसों जो ए आयेहैं इनको ये अश्वमेधको घोड़ा देदेउ बिलंब मत करौ ॥ ३१ ॥ ये कहिके रुद्रजी अंतर्धान हैगये तब राजाइ जगत्पतिके माहात्म्यको जानके प्रसन्न हैके अश्वमेधके घोड़ेको लेकें ॥ ३२ ॥ नीलध्वजको संगलेके और बहुतसे रत्नको लेकें और १०० सौ भार सुवर्ण लेकें और एक हजार मत्त हाथीनको लेकें ॥ ३३ ॥ और दशलक्ष घोड़ा दशहजार रथ ये सब लेकर जहाँ अनिरुद्ध हो तहाँ सब मनुष्योंको संग लेकें नमस्कार करनेको आयो है ॥ ३४ ॥ ये राजा विधि विधानसों अनिरुद्धके पास जायकें सब वृत्तांत निवेदन कर फिर प्रणाम कर ये वचन बोलो ॥३५॥ इंद्रनील

एतेकृष्णसुताराजञ्छ्रीकृष्णस्यांशसंभवाः ॥ नदेवायेमहाराजनदैत्यानचमानुषाः ॥ २९ ॥ एतैर्विनिर्जितस्त्वंतुदुर्मनाभवमानृप ॥ अपराधंतु कृष्णस्यकर्तुंनार्हसिभूपते ॥ ३० ॥ समागतेभ्यएतेभ्यस्तस्मात्त्वंविधिनानृप ॥ शीघ्रंप्रयच्छभद्रंतेहयमेधतुरंगमम् ॥ ३१ ॥ इत्युक्त्वांतर्दधेरुद्रोनृपोज्ञात्वाजगत्पतेः ॥ माहात्म्यंचमुदायुक्तोगृहीत्वाक्रतुवाहनम् ॥ ३२ ॥ नीलध्वजेनसहितोरत्नान्यादायभूरिशः ॥ स्वर्णभारशतंचैवमत्तंगजसहस्रकम् ॥ ३३ ॥ नियुतंघोटकानांचह्यादायस्यंदनायुतम् ॥ यत्रानिरुद्धःप्रययौनमस्कर्तुंजनैर्वृतः ॥ ३४ ॥ अनिरुद्धस्यनिकटेगत्वा राजाविधानतः ॥ सर्वंनिवेदयामासनत्वावचनमब्रवीत् ॥ ३५ ॥ ॥ इन्द्रनीलउवाच ॥ ॥ नमःकृष्णायरामायप्रद्युम्नायमहात्मने ॥ नमोनमोनिरुद्धायसात्वतांप्रवरायच ॥ ३६ ॥ आदेशोदीयतांमह्यंकिंकरोम्यसुरार्दन ॥ अनिरुद्धस्तुतंप्राहमयासहनृपोत्तम ॥ ३७ ॥ शत्रुभ्यश्चमित्रहयंपालयत्वंहिमासकम् ॥ ॥ गर्गउवाच ॥ ॥ इतितस्य वचःश्रुत्वातथेत्युक्त्वानृपोनृप ॥ ३८ ॥ नीलध्वजायराज्यंतुदत्त्वागंतुंमनोदधे ॥ ३९ ॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहितायांहयमेधखण्डे विजयवर्णनंनामपंचदशोऽध्यायः ॥ १५ ॥ ॥ गर्गउवाच ॥ ॥ अथमुक्तस्तुतुरगोदेशान्सर्वान्विलोकयन् ॥ उशीनरेचविषयेप्राप्तश्चंपावतींपुरीम् ॥ १ ॥ राज्ञाहेमांगदेनापिपालितांदुर्गमंडिताम् ॥ चातुर्वर्ण्यजनाकीर्णांप्रासादैःपरिवेष्टिताम् ॥ २ ॥ यत्रहेमांगदोराजापुत्रेणहंसकेतुना ॥ राज्यंकरोतिसुकृतिर्महाशूरजनैर्वृतः ॥ ३ ॥

बोले कृष्णचंद्रके लिये प्रणाम है राम (बलराम) के अर्थ महात्मा प्रद्युम्नके अर्थ यादवनमे मुख्य अनिरुद्धजीके अर्थ नमस्कार है नमस्कार है ॥ ३६ ॥ हे असुरार्दन ! मैं कहा करों मोकूँ आज्ञा देउ तब अनिरुद्धने इंद्रनीलराजासों कही हे राजन् ! हे मित्र ! मेरे सहित तुम मेरे या घोड़की रक्षा करौ कोई शत्रु बाधा न करे गर्गजी कहेहै हे नृप ! ये कह्यो सुनके इंद्रनीलने कही कि महाराज ! मैं ऐसोही करोंगो ॥ ३७ ॥ ३८ ॥ और नीलध्वज अपने पुत्रको राज्य देकें संग चलनेको तयार भयो ॥ ३९ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहिताया अश्वमेधखंडे भाषाटीकायां पंचदशोऽध्यायः ॥ १५ ॥ गर्गजी कहतेभये ताके पीछे यहांसो छूटके ये अश्व सब देशनको देखतो उशीनामके देशनमे चंपावती नाम पुरीमे पहुँचो है ॥ १ ॥ बड़े भारी किलेसो शोभित हेमांगद नाम राजासों पालित चारो वर्णके मनुष्य जामे निवास करें अनेक जाके चारो ओर परकोटानसों जो सुशोभित है ॥ २ ॥ जा पुरीमें

हंसध्वज पुत्रसहित हेमांगद राजा राज्य करतो हो और बड़े २ शूर वीर मनुष्यनसों जो राजा रक्षितहो ॥ ३ ॥ तब या हेमांगदने महात्मा अनिरुद्धको घोडा पकर्योहै यादवनको याने कोई माल नही गिने और घोडेको पकर अपनी नगरीको लेगयो है ॥ ४ ॥ घोडेको कलाबत्तूकी डोरीसों बांधके हेमांगद राजा क्रोधसों पूर्ण है पुरीमें भीतर लेगयो पुरीके फाटक बंद करायके ॥ ५ ॥ यादवनके विनाशके लिये किलेके डंडानपे दो लाख २००००० शतघ्नी (तोप) धरवायके युद्ध करवेको तैयार हैगयो ॥ ६ ॥ तदनंतर पांछेसों घोड़ेको देखते अनिरुद्धजी आयेहैं हे राजन् ! अनिरुद्धकी सब सेनाके डेरा तंबू चंपावतीके बाहिर परगये हैं ॥ ७ ॥ तब जब अनिरुद्धजीने घोडा नही देखो तब कृष्णचंद्रके मित्र उद्धवजीसों ये बचन बोले ॥ ८ ॥ अनिरुद्धजी बोले हे मंत्रीजी ! ये पुरी कौनकी है हमारे घोडेको कौन लेगयो ? हे महाबुद्धे ! आप जानतेहो सो विचार कर कहो ॥ ९ ॥ तब

गृहीतस्तेनतुरगोऽनिरुद्धस्यमहात्मनः ॥ स्वपुर्यालीलयाराजन्यादवानगणय्यच ॥ ४ ॥ बद्ध्वाहेमांगदोराजास्वर्णदाम्नाचवाजिनम् ॥ द्वारेषुचकपाटादीन्दत्त्वाक्रोधेनपूरितः ॥ ५ ॥ यादवानांविनाशायदुर्गभित्तिषुमानद ॥ शतघ्न्यश्चद्विलक्षाणिधृत्वायुद्धायवैमनः ॥ ६ ॥ ततः प्राप्तोनिरुद्धस्तुससैन्योश्वंविलोकयन् ॥ चंपावत्याह्युपवनेशिबिरोभूच्चतस्यवै ॥ ७ ॥ अथप्रद्युम्नतनयस्तत्राद्दृष्ट्वातुरंगमम् ॥ उद्धवंकृष्णचन्द्रस्यसखायमिदमब्रवीत् ॥ ८ ॥ ॥ अनिरुद्धउवाच ॥ ॥ कस्येयंनगरीमंत्रिन्केननीतोहयोमम ॥ त्वंजानासिमहाबुद्धेकथयस्वविचार्यच ॥ ९ ॥ इत्थंनिशम्यतद्वाक्यमुद्धवोबुद्धिसत्तमः ॥ ज्ञात्वावार्ताचशत्रूणामिदंवचनमब्रवीत् ॥ १० ॥ ॥ उद्धवउवाच ॥ ॥ इयंचंपावतीनाम्नानगरीद्वारकेश्वर ॥ हंसध्वजेनपुत्रेणयत्रहेमांगदोनृपः ॥ ११ ॥ कारोतिराज्यंतेनापिगृहीतस्तुरगस्तव ॥ एषराजामहाशूरोयज्ञस्याश्वंनदास्यति ॥ १२ ॥ पुर्यास्थित्वाभुशुण्डीभिर्बहुयुद्धंकरिष्यति ॥ ननिर्गमिष्यतिबहिर्युद्धायसनृपःपुरात् ॥ १३ ॥ तस्मात्तेच्छानृपतेयथाभूयात्तथाकुरु ॥ इतितद्वचनंश्रुत्वासउवाचरुषान्वितः ॥१४॥ ॥ अनिरुद्धउवाच ॥ ॥ अहंसर्वान्हनिष्यामिदुर्गयुक्तान्बहून्द्विषः ॥ लोहशक्तिसमैर्बाणैःप्रहरार्द्धेनसत्तम ॥१५॥ इत्थंतद्वाक्यमाकर्ण्ययादवाःक्रोधपूरिताः ॥ पुरींहंतुंययुःशीघ्रंमुंचन्बाणांश्चकोटिशः ॥१६॥

बड़े बुद्धिमान् उद्धवजी ये सुनके शत्रुनकी बातको जानकर ये बचन बोले ॥ १० ॥ उद्धवजी बोले हे द्वारकानाथ ! ये चंपावती पुरी है या नगरीमें हंसध्वज नामके पुत्रको लेकर हेमांगद नाम राजा राज्य करैहै ॥ ११ ॥ महाराज वाही हेमांगदने आपका अश्व पकराहै सो महाराज ! ये राजा बडो शूर है ये आपके यज्ञके घोडेको नही देयगो ॥ १२ ॥ पुरीमें भीतर स्थितहैके महाराज बड़ा भारी युद्ध करैगो ये राजा युद्ध करनेको नगरके बाहिर नहीं निकलेगो ॥ १३ ॥ सो हे राजन् महाराज ! जैसी आपकी मरजी आवै सो करै तब ये उद्धवजीके कहेको सुनकर बड़े कुपित हाके अनिरुद्धजी बोले हैं ॥ १४ ॥ सुनो उद्धवजी ! मै सबोंको मारोंगो जे कि किलेके भीतर हैं उनकोहू मारूँगो लोहकी शक्तिके समान जे बाण हैं तिनसों चार घडीमें ही सबनको मारूँगो हे रुत्तम ! ॥ १५ ॥ तब ये सुनके इनके कहेको यादव बड़े क्रोधमें मूर्छित भये पुरीके नाश करनेको हजारन बाण चलावन

लगे ॥ १६ ॥ तब यादवनके बाणनके मारे पुरीमें बड़ो हल्ला भयो जासों हंसध्वज आदिक सब वीर शंकित भयेहैं ॥ १७ ॥ तब राजाके कहनेसों वे वीर बड़े साहससों किलेनके ढहानपै चढके पुरीके बाहिर यादवनसों घिररही पुरीको देखतभये हैं ॥ १८ ॥ देखके वे सब भयको प्राप्त भयेहैं कवच जिनने पहर राखे शस्त्रनकी वर्षा कररहे सब ओरसे शृंगार जिनके कररासे ॥ १९ ॥ ऐसे यादवनपै शतघ्नी चलावन लगे जिनसों चारों तरफ अग्निसी लगगई है और सबनको मारेंगे चाहे सो होउ पन घोडा नहीं देंयगे ॥ २० ॥ ताके अनंतर सेनामें अनिरुद्धकीमें हाहाकार भयेहैं मारे शतघ्नीनके सब यादव अत्यंत पीडित भये हैं ॥ २१ ॥ संछिन्न भिन्न है सर्वांग जिनके ऐसे हैके बहुतेरे तो संग्राममेंसों भाग गयेहैं हे राजन् । कितनेई मूर्च्छित हैगये कितनेही संग्राममेंसों भागगये ॥ २२ ॥ और कितनेही मरगये कितनेही अग्निकी ज्वालनके मारे भस्मीभूत हैगये कितनेही पादहीन हैगये कितने

अंधकानांचबाणौघैः पुर्याकोलाहलोऽप्यभूत् ॥ शत्रवःशंकिताःसर्वेवीराहंसध्वजादयः ॥ १७ ॥ ततोनृपस्यवचनाद्वीरास्तेसाहसेनवै ॥ दुर्गभित्तिष्वथारुह्ययादवान्ददृशुर्बहिः ॥ १८ ॥ दृष्ट्वातेचभयंप्रापुःसन्नद्धान्यदुपुंगवान् ॥ शस्त्रवर्षंप्रकुर्वन्तःसर्वतःपरिमंडितान् ॥ ॥ १९ ॥ तेभ्यःशतघ्नीर्व्यसृजंश्चतुर्दिक्षुचवह्निना ॥ सर्वानेवहनिष्यामोनदास्यामोहयंत्वथ ॥२०॥ अथानिरुद्धसेनायांहाहाकारोमहानभूत् ॥ विह्वलावृष्णयःसर्वेशतघ्नीभिःप्रताडिताः ॥ २१ ॥ संछिन्नभिन्नसर्वांगाःकेचिद्युद्धात्पलायिताः ॥ केचिन्मूर्च्छांगताराजन्केचिद्वैनिधनंगताः ॥ ॥ २२ ॥ केचित्प्रज्वलितायुद्धेभस्मीभूतास्तथापरे ॥ केचिद्वैपादहीनाश्चकरहीनाविबाहवः ॥ २३ ॥ निःशस्त्राःपतिताश्चैवकेचिज्ज्वलितकंचुकाः ॥ हाहेतिवादिनःकेचिद्रामकृष्णेतिवादिनः ॥ २४ ॥ शतघ्नीभिर्विशीर्णांगागजाःकेचिन्मृधांगणे ॥ दुद्रुवंतश्चपतितामूर्च्छितानिधनंगताः ॥ २५ ॥ उत्पतन्तोदुद्रुवंतश्छिन्नदेहास्तुरंगमाः ॥ मृधेमृत्युंगताःकेचिद्विशीर्णाःपतितारथाः ॥ २६ ॥ अग्निनाप्रेरितंसर्वंयदुसैन्यंभयानकम् ॥ दृष्ट्वानिरुद्धःसंग्रामेशुशोचसंस्मरन्हरिम् ॥ २७ ॥ ततःकृष्णस्यकृपयाबुद्धिमाप्तउषापतिः ॥ प्रतिशार्ङ्गंगृहीत्वावैनिषंगाच्छरमेवच ॥ ॥२८॥नीत्वानिधायकोदंडेपर्जन्यास्त्रंसमादधे ॥ २९ ॥ बाणेप्रमुक्तेसतिवैबलाहकाःसमागतोवैयदुसैन्यमण्डले ॥ जलंववर्षाथयदून्प्रपाल्यन्कृपीटयोनिंकिलशांतयन्नृप ॥ ३० ॥

नकी भुजा और कितनेनके हाथ कटगये ॥ २३ ॥ कितनेई कवच जिनके जलगये शस्त्र जिनके हाथमें न रहे कितनेही हायहाय पुकारते कितनेई हे राम ! हे कृष्ण ! ऐसे पुकारन लगे ॥ २४ ॥ कितनेई हाथीनके अङ्ग शतघ्नीनके मारे बिखरगये ऐसे वे हाथी वा रणांगणमें भागते २ गिर पडे सो मूर्छित हैके संग्राममें गिरे वे मारेगयेहै ॥२५॥ कितनेही घोडे उछलते अंग जिनके कट गये वे संग्राममें भागते मारेगये कितनेई रथ चूरचूर हैके गिरपडे ॥ २६ ॥ सब यादवनकी सैना अति भयानक अग्निसे पूर्ण हैगई ये हाल देखके अनिरुद्धजी बड़ो शोच करनलगे ॥ २७ ॥ और भगवान् श्रीकृष्णचंद्रको स्मरण करनलगे तब श्रीकृष्णकी प्रेरणासों उषापति अनिरुद्धको ये बुद्धि उत्पन्न हुई कि शार्ङ्गधनुषको लैके तरकसमेंसों बाण निकालके ॥ २८ ॥ धनुषमें लगाय पार्जन्यास्त्रको प्रयोग कियो ॥ २९ ॥ सोही तो बाणके चलावतेही एक संग मेघमाला चारों तरफसे उठीहै गरजना होन लगी और यादव

नकी सेनापे अग्निको शांत करते हे नृप ! मेह मूसलधार पानी परनलगोहै ॥ ३० ॥ तब वे यादव अग्निके भयसे छूटे हैं शीतल जिनके अंग ऐसे वे सब अनिरुद्धकी बडाई करते लड़वेके लिये उठके तयार भयेहैं ॥ ३१ ॥ तब अनिरुद्धने उनसे कहीहै कि, सुनो भाईहो ! में पुरीमें अपने शत्रु या राजाके जीतवेकी पंखवारे घोडेपै चैठके भीतर जाउँगो ॥ ३२ ॥ गर्गजी कहें है कि हे राजन् ! या प्रकार सब सांव आदिक कृष्णके पुत्र अनिरुद्धके कहेको सुनके ए अठारह १८ महारथि अनिरुद्धसों बोले ॥ ३३ ॥ हरिपुत्र बोले कि हे राजन् ! तुम शत्रुनके नगरीके भीतर मत जाओ हम सब उन आततायीनके मारवेको भीतर पुरीमें जायेंगे ॥ ३४ ॥ या प्रकारसों वे सब कहिके पंखवारे घोडेनपे सवार हैंके वे वीर धनुषधारी कवच पहरे युद्ध करवेमें बडे प्रवीण ॥ ३५ ॥ परकोटाको लाँघके पुरीके भीतर भगवान्के पुत्र धसगये और सर्पाकार बाणनसों सब शत्रुनको मारन लगे ॥ ३६ ॥

ततस्तेऽग्निभयान्मुक्ताश्शीतलांगाश्चवृष्णयः ॥ श्लाघांकृत्वानिरुद्धस्ययुद्धंकर्तुंसमुत्थिताः ॥ ३१ ॥ तान्प्रत्याहानिरुद्धस्तुह्यहंयास्येपुरींप्रति ॥ अश्वेनपक्षयुक्तेनैकोविजेतुंद्विषांपतिम् ॥ ३२ ॥ ॥ गर्गउवाच ॥ ॥ इतिश्रुत्वावचस्तस्यसांबाद्याःकृष्णनन्दनाः ॥ प्रोचुःसर्वेचतंराजन्नष्टादशमहारथाः ॥ ३३ ॥ ॥ हरिपुत्रा ऊचुः ॥ ॥ गंतुंनार्हसित्वंराजञ्छत्रूणांनगरींप्रति ॥ प्रयास्यामोवयंसर्वेविजेतुंचाततायिनम् ॥ ३४ ॥ इत्युक्त्वाकुपिताःसर्वेसहसारुह्यघोटकान् ॥ सपक्षान्धन्विनोवीरादंशितायुद्धकोविदाः ॥ ३५ ॥ उल्लंघयित्वाप्राकारंपुर्यांप्रासाहरेःसुताः ॥ गत्वाजघ्नुर्द्विषःसर्वान्बाणैरुरगसन्निभैः ॥ ३६ ॥ तेशत्रवस्तुसहसानृपस्यवचनान्नृप ॥ युद्धार्थेधन्विनःक्रुद्धाआगताएककोटयः ॥ ३७ ॥ तानागतान्बहून्वीरान्कुपितानुद्यतायुधान् ॥ सांबोमधुर्बृहद्बाहुश्चित्रभानुर्वृकोरुणः ॥ ३८ ॥ संग्रामजित्सुमित्रश्चदीप्तिमान्भानुरेवच ॥ वेदबाहुःपुष्करश्चश्रुतदेवःसुनंदनः ॥ ३९ ॥ विरूपश्चित्रबाहुश्चन्यग्रोधश्चकविस्तथा ॥ एतेकृष्णसुताःसर्वेजघ्नुर्बाणैर्निरीक्ष्यच ॥ ४० ॥ ततःपुर्यांचवीराणांरुधिरेणभयंकरा ॥ नदीबभूवराजेंद्रपुरद्वाराद्विनिःसृता ॥ ४१ ॥ तामागतांनदींघोरामनिरुद्धस्तुशंकितः ॥ प्रत्युवाचरुषाराजन्मुखेनपरिशुष्यता ॥ ४२ ॥ मत्पितृभ्रातरःसर्वेरणेकिंनिहताअहो ॥ तस्मादस्मान्प्लावयितुंनदीघोरासमागता ॥ ४३ ॥ एतामग्निमयैर्बाणैःशोषयिष्येनसंशयः ॥ पातयिष्यामिनगरीमहंगिरिसमैर्गजैः ॥ ४४ ॥

वा समय राजाके कहेको सुनके वे शत्रु धनुषनको लिये कुपित हैंके एक किरोड बडे वेगसों युद्धकेलिये आयेहैं ॥ ३७ ॥ कुपित भये उन वीरनको शस्त्रनको हाथनमें लिये आवते देख सांब, मधु, बृहद्बाहु, चित्रभानु, वृक, अरुण, ॥ ३८ ॥ संग्रामजित, सुमित्र, दीप्तिमान्, भानु, वेदबाहु, पुष्कर, श्रुतदेव, सुनंदन, ॥ ३९ ॥ विरूप, चित्रबाहु, न्यग्रोध और कवि ये १८ कृष्णके बेटा सब सेनाको देखके बाणनसों प्रहार करन लगे ॥ ४० ॥ तब पुरीके भीतर वीरनके रुधिरकी बडी भयंकर पुरके द्वारसों निकली ऐसी घोर नदी बही है ॥ ४१ ॥ वा घोर नदीको निकली देखके अनिरुद्धके मनमें बडी शंका हुई मुख सूखगयो हे राजन् ! बडे कोपसों ये वाक्य कहतेभये ॥ ४२ ॥ हाय ! कहा मेरे पिताके भाई सब भीतर गये सो संग्राममें मारेगये कहा जिनके रुधिरकी ये नदी हमारे बहायवेको निकसीहै; कहा ॥ ४३ ॥ सो अपने अग्निमय बाणनसों आज या नदीको सुखाऊँगो और आज

निःसंदेह पर्वतके समान हाथीनसों नगरीको भर देऊँगो ॥ ४४ ॥ तब तो अनिरुद्धके कहेसों पीलवानने प्रेरणा किये मदमें मत्त बडे ऊँचे काजलके पर्वतके समान ॥ ४५ ॥ अपनी सूँडनसों वृक्षनसों उखार उखारके फेंकते पायनसों धरतीको कँपावते एक लाख हाथी पुरीमें धसेहैं ॥ ४६ ॥ तब वे हाथी हेमांगद राजाकी पुरीमें धसगये भीतर जायके अपने माथेनकी टक्करनसों सब ओरसों पटक दियेहैं ॥ ४७ ॥ और द्वारेनके बडे बडे कील कुलाबे सांकरन समेत किवार तोडके फेंक दिये और हाथीनने किलेके डंडा फेंकदिये या प्रकार व भगवानके हाथी किवारनको और किलेको गेरके शत्रुनके घरनसों पटकते पुरीमें धसगये ॥ ४८ ॥ ४९ ॥ वा समय चंपावती पुरीमें हाहाकार मचगयो और राजा आदिक सब पुरवासी मनुष्य भयभीत हैके विस्मयको प्राप्त भयेहैं ॥ ५० ॥ तब तो राजा हाथीनके किये पुरके विध्वंसको देखके मालासों अपने दोनों हाथनको बांधके मेरी

ततोनिरुद्धवचनाद्धस्तिपैर्लक्षहस्तिनः ॥ महोच्चाश्चमदोन्मत्ताःकज्जलाद्रिसमप्रभाः ॥४५॥ करैर्गुल्मान्समुत्पाट्यक्षेपयंतश्चतत्पुरे ॥ कंपयंतो भुवंपादैःपुरोपरिसमागताः ॥ ४६ ॥ गत्वातेकुंजराःसर्वेहेमांगदपुरींरुषा ॥ सर्वतःपातयामासुःशीघ्रंकुम्भस्थलैर्नृप ॥४७॥ कपाटाःपतिताः सर्वेद्वाराणांदृढशृंखलाः ॥ दुर्गस्यपतिताःपुर्यामजैःपाषाणभित्तयः ॥ ४८ ॥ पातयित्वाकपाटादीन्दुर्गंचैवहरेर्गजाः ॥ पुर्यांप्राप्तानृपश्रेष्ठरिपूणांपातयन्गृहान् ॥ ४९ ॥ हाहाकारोमहानासीच्चंपावत्यांतदैवहि ॥ भयभीताजनाःसर्वेनृपाद्याविस्मयंगताः ॥ ५० ॥ तदातुधर्षितोराजास्रजाबद्धाकरद्वयम् ॥ संमुखेहरिपुत्राणामाययौपाहिमांब्रुवन् ॥ ५१ ॥ तमागतंनृपंवीक्ष्यरणेसांबस्तुधर्मवित् ॥ भ्रातॄन्निवारयामासदीनहंतॄंश्चहस्तिपान् ॥ ५२ ॥ निवारयित्वासर्वान्सराजानमिदमब्रवीत् ॥ ॥ सांबउवाच ॥ ॥ आगच्छराजन्भद्रंतेनीत्वाममतुरंगमम् ॥ ५३ ॥ गच्छानिरुद्धनिकटेततःश्रेयोभविष्यति ॥ इतिश्रुत्वासतद्वाक्यंनीत्वायज्ञतुरंगमम् ॥ हरिपुत्रैर्युतोराजानिश्चक्रामपुराद्बहिः ॥ ५४ ॥ गत्वानिरुद्धनिकटेसार्कंपुत्रेणभूपतिः ॥ हयंनिवेदयामासस्वर्णकोटिंचमानद ॥५५ ॥ अनिरुद्धस्तुराजेन्द्रनीतिविद्दीनवत्सलः ॥ तत्करौमालयाबद्धौमोचयित्वेदमब्रवीत् ॥ ५६ ॥ मयासहनृपश्रेष्ठपाल्यैनंतुरंगमम् ॥ राजन्येभ्यश्चशत्रुभ्यःकृष्णस्यप्रीतिहेतवे ॥ ५७ ॥

रक्षा करो ऐसे पुकारतो भगवानके पुत्रनके सन्मुख आयोहै ॥ ५१ ॥ तब धर्मके जाननेवारे सांबने रणमें आये राजाको देखके दीन मनुष्यनको मार रहे जे अपने भाई हैं तिन और हाथीनको मारवेसों निषेध कियेहै ॥ ५२ ॥ या प्रकार सबनको रोकके राजासों ये बोले सांबजी बोले कि, हे राजन् ! तुमारो भलो होय मेरे घोडेको लेकर आओ ॥ ५३ ॥ जाओ तुम अनिरुद्धके पास चले जाओ तब तुमारो कल्याण होयगो ये सांबके कहेको सुनके यज्ञके घोडेको लैके भगवानके पुत्रनके संग पुरके बाहिर निकसो है ॥ ५४ ॥ राजा हेमांगद भूमिको पति अनिरुद्धके पास पुत्रसमेत गयो और जायके एक कोटि मोहर और यज्ञको घोडा भेट कियो ॥ ५५ ॥ तब नीतिके जाननेवाले दीनवत्सल अनिरुद्धजी मालासों बँधे राजाके हाथ खोलके ये वाक्य बोले ॥ ५६ ॥ हे नृपश्रेष्ठ ! आप अब मेरे साथ चलो और जे हमारे शत्रु राजालोग हैं उनसे कृष्णकी प्रसन्नताके लिये

या अश्वकी रक्षा करो ॥ ५७ ॥ ये अनिरुद्धके कहे वचनको हेमांगद राजा सुनके बडो बुद्धिमान् वाही समय पुत्रको राज्य देकै अनिरुद्धजीके संग बडी प्रसन्नतापूर्वक चलवेके लिये तयार हैगयो ॥ ५८ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायामश्वमेधखण्डे भाषाटीकायां षोडशोऽध्यायः ॥ १६ ॥ गर्गजी कहेहैं कि, तदनंतर ये अनिरुद्धजीको यज्ञियाश्व बडे उज्ज्वल अंगवारो यदुभवी रोंने छोडो बडे २ वीरवरनको देखतो २ धीरे २ उशीनर देशनके बाहिरबाहिर निकसो है ॥ १ ॥ या प्रकार हे राजन् ! वो अत्युत्तम अश्व अनेक देशों देशोंमें विचरतो अनेक राजा लोगनने जाको पकरो और छोडो है ॥ २ ॥ इंद्रनील और हेमांगद राजानको हारो सुनके औरहू अनेक खंडमंडलेश्वर राजानने अपे भये या घोडाको काहूने नही पकरोहै ॥ ३ ॥ वो घोडानमें उत्तम घोडा वीरन करके हीन जे बहुतसे देश है तिने देख हे नृपश्रेष्ठ ! अकस्मात् एक स्त्रीके राज्यको गयो ॥ ४ ॥ वहांभी राजाकी कन्या कोई सुरूपा नामकी

श्रुत्वानिरुद्धस्यवचोमहात्माहेमांगदोबुद्धिमतांवरिष्ठः ॥ दत्त्वाचराज्यंस्वसुतायप्रीत्यागंतुंमनस्तत्रचकारतेन ॥ ५८ ॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहितायांहयमेधखण्डेचंपावतीविजयवर्णनंनामषोडशोऽध्यायः ॥ १६ ॥ ॥ श्रीगर्गउवाच ॥ ॥ अथानिरुद्धस्यहयोविमुक्तोयदुप्रवीरैश्वमहोज्ज्वलांगः ॥ उशीनराद्वीरवरान्प्रपश्यन्विनिर्गतःसोपिशनैःशनैश्च ॥ १ ॥ एवंसविचरन्राजन्राष्ट्राद्राष्ट्रंहयोत्तमः ॥ नृपैश्चबहुभीराजन्गृहीतश्चविमोचितः ॥ २ ॥ इंद्रनीलंजितंश्रुत्वातथाहेमांगदंनृपम् ॥ नृपाश्चान्येमण्डलेशाःप्राप्तंनजगृहुर्हयम् ॥ ३ ॥ वीरहीनान्बहून्देशान्विलोक्ययदुरगोत्तमः ॥ यदृच्छयानृपश्रेष्ठस्त्रीराज्यंतुजगामह ॥ ४ ॥ राजन्यकन्याकाचिद्वैसुरूपानामसुन्दरी ॥ यथापिराज्यंकुरुतेराजातत्रनजीवति ॥ ५ ॥ यत्रदेशेस्त्रियंप्राप्ययस्तांभजतिकामतः ॥ ऊर्द्ध्वंसंवत्सराद्राजन्कदाचित्सनजीवति ॥ ६ ॥ तत्पुरेतुरगोगत्वाह्युद्यानेपुष्पसंकुले ॥ लवंगलतिकावृन्देत्वेलागंधसमाकुले ॥ ७ ॥ पक्षिभिर्मधुपैर्घुष्टेस्थितोभूश्चिंचिणीतले ॥ ददृशुःस्त्रीजनाःसर्वेश्यामकर्णमनोहरम् ॥ ८ ॥ ब्राह्मणाःक्षत्रियावैश्याःशूद्राद्रष्टुंसमागताः ॥ हयंदृष्ट्वास्त्रियोगत्वास्वामिनीमवदन्नृप ॥ ९ ॥ श्रुत्वाराज्ञीरथेस्थित्वाच्छत्रचामरवीजिता ॥ नारीकोटिसमायुक्ताहयंद्रष्टुंसमाययौ ॥ १० ॥ अश्वंदृष्ट्वाचतत्पत्रंवाचयित्वारुषान्विता ॥ पुनःपुरेहयंबद्ध्वायुद्धंकर्तुंमनोदधे ॥ ११ ॥ काश्चित्रार्योगजारूढारथारूढाःसमाययुः ॥ हयारूढास्तथाकाश्चिद्दंशिताःशस्त्रसंयुताः ॥ १२ ॥

सुंदरी राज्य करेहै तहां राजा नहीं जिये ॥ ५ ॥ जा देशमें स्त्रीको प्राप्त हैकै जो पुरुष वाको कामते सेवन करे हे राजन् ! वो वर्ष दिनते ऊपर कैसेभी नहीं जिये ॥ ६ ॥ उस पुरमें वो घोडा जायके फूल जामें खिलरहे लवंगकी बेलनके झुंड जामें इलाइचीनकी सुगंध जामें आइरही पक्षीनके और भौंरानके शब्द जामें आय रहे एसो जो बगीचा है तामें इमलीके पेडके नीचे वो घोडा ठैरो मनोहर जो वो स्यामकर्ण है ताको सब स्त्री पुरुषनने देखो ॥ ७ ॥ ८ ॥ ब्राह्मण क्षत्री वनिया और शूद्र सब देखनेको आये घोडाको देखके स्त्रीनने हे नृप ! अपनी स्वामिनीसों जायके कही ॥ ९ ॥ रानी सुनके अपने रथमें बैठके छत्र चमरनते वीजित किरोडन स्त्रीनको संग लिये घोडाके देखनेको आई ॥ १० ॥ घोडाको देखके और वा पत्रकोभी बांचके क्रोध जाको आयो फिर अपने पुरमें घोडाको बांधके युद्ध करनेको मन कीनों ॥ ११ ॥ कोई स्त्री हाथिनपे बैठके आई कोई स्त्री रथनमें बैठके आई

है ॥ ४३ ॥ और याके बाणनके मारे या रणमें रुधिरकी नदी बही है जामें जीवते हाथी डूबजाँय और सजीव ह्वैयैते मरजायँ ॥ ४४ ॥ तब सेनामें तथा आकाशमें बडो हाहाकार मचो है और इंद्र वरुणआदि देवता सब विस्मित ह्वैके भयको प्राप्त भये हैं ॥ ४५ ॥ या प्रकार जयको देखके सब दैत्य प्रसन्न जिनके मन ऐसे भये हैं गर्गजी कहैहैं कि, याके पीछे कपिलदेव नाम मुनि अनिरुद्धको मूर्च्छित भयो देखके ॥ ४६ ॥ घोडे जाके मरगये धरतीमें परो बाणनसों हृदय जाको विदीर्ण हैरह्यो ता अनिरुद्धको अपने तपके प्रभावसों और हाथसों चैतन्य करतेभये हैं ॥ ४७ ॥ तब ये यदूत्तम अनिरुद्ध उठके सिद्धको प्रणाम करके वाही सेतुके मार्गसों सब लो आनंद देतो आयो है ॥ ४८ ॥ तदनंतर प्रतिशार्ङ्ग नाम धनुषको हाथमें लेके दूसरे रथमें बैठके बड़े रोषसों या राजकुमारके रथमें एक बाण मारो है ॥ ४९ ॥ तब ये बाणने सारथी और घोडेनसहित या

रथको चार मुहूर्त पर्यंत आकाशमें घुमायो है ॥ ५० ॥ तब सब दानवनने और यादवनने आकाशमें उडतो डोले ऐसे कुनंदनको देखो है ॥ ५१ ॥ तब तो सांब आदिक सब वीरनने बडे वेगसों रथमें बैठके और सब अनुशाल्वादिक धनुषनको धारण किये आये है ॥ ५२ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायामश्वमेधखंडे भाषाटीकायां चतुस्त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३४ ॥ गर्गजी कहे हे कि, तदनंतर वा संग्राममें दुर्मुखके संग अनुशाल्व दुष्टांतःकरण दुर्नेत्रके संग इंद्रनील दुर्मदके संग हेमांगद और दुःस्वभावके संग सारण रणमंडलमें युद्ध करतो भयो ॥ १ ॥ २ ॥ तब सारणने दुःस्वभावके गदा मारी है और हेमांगदने दुर्मदके तीन बाण मारे है ॥ ३ ॥ तब दुर्मदने हेमांगदके अपने बाण मारे हैं तब हेमांगदने शक्तिको प्रहार कियो इंद्रनीलने लीलाकरके दुर्नेत्रके बाण मारे है ॥ ४ ॥ तब अनुशाल्वने दुर्मुखको बाणनसों विरथ करदियो है तब दुर्मुखने दूसरे रथमें बैठके अनुशाल्व को बाणनसों विरथ

ततश्चदहशुःसर्वेदानवाश्चैववृष्णयः ॥ गगनेविभ्रमंतंवैसरथंचकुनंदनम् ॥ ५१ ॥ अथसांबादयोवीरारथानारुह्यवेगतः ॥ अनुशाल्वादयश्चैवा जग्मुःसर्वेधनुर्धराः ॥ ५२ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायांहयमेधखण्डेदैत्ययादवयुद्धवर्णनंनामचतुस्त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३४ ॥ ॥ गर्गउवाच ॥ ॥ अथतत्रसंग्रामेऽनुशाल्वोदुर्मुखेनच ॥ युयुधेचेन्द्रनीलस्तुदुर्नेत्रेणदुरात्मना ॥ १ ॥ हेमांगदोदुर्मदेनदुःस्वभावेनसारणः ॥ एवंपरस्परंयुद्धंब भूवरणमण्डले ॥ २ ॥ सारणोगदयादैत्यंमारयामासवेगतः ॥ हेमांगदस्त्रिभिर्बाणैस्तताडदुर्मदंमृधे ॥ ३ ॥ स्वबाणैर्दुर्मदस्तंतु सोपिशक्त्याज घानतम् ॥ इन्द्रनीलश्चदुर्नेत्रंजघानलीलयाशरैः ॥ ४ ॥ दुर्मुखंचानुशाल्वोवैचकारविरथंशरैः ॥ सचान्यंरथमारुह्यचक्रेतंविरथंशरैः ॥ ५ ॥ परिघेणानुशाल्वस्तुजघानदुर्मुखंमृधे ॥ दुर्नेत्रेदुःस्वभावेचदुर्मुखेदुर्मदेहते ॥ ६ ॥ अवशेषाश्चदुद्रुवुर्दैत्याःप्राणपरीप्सया ॥ ततःपपातचाकाशाद्रा जपुत्रश्चविभ्रमन् ॥ ७ ॥ मूर्च्छितोभूद्रणेराजन्मुद्वमद्रुधिरंमुखात् ॥ रथश्चांगारवत्तस्यभग्नोभूत्तुरगाहताः ॥ ८ ॥ ततश्चबल्वलःक्रुद्धोपुत्रंदृष्ट्वा चमूर्च्छितम् ॥ मुमोचधनुर्बाणाननिरुद्धायवेगतः ॥ ९ ॥ तानागतान्दशशरान्दृष्ट्वारुक्मवतीसुतः ॥ स्वबाणैस्तीक्ष्णधारैश्चचिच्छेदस्वर्णभू षितैः ॥ १० ॥ ततोदैत्योरुपाविष्टश्चापेधृत्वापुनःशरम् ॥ उवाचमाधवंयुद्धेप्रद्युम्नंशकुनिर्यथा ॥ ११ ॥ ॥ बल्वलउवाच ॥ ॥ अनेन बाणेनयदुप्रवीरधनुर्द्धरंत्वांरणमानिनंच ॥ मृधेहनिष्येनवदाम्यसत्यंरक्षस्वप्राणान्यदिजीवितेच्छा ॥ १२ ॥

करदियो है ॥ ५ ॥ फिर रणमें अनुशाल्वने एक परिघासों दुर्मुखको मारके गेरदियो जब दुर्नेत्र दुःस्वभाव दुर्मुख और दुर्मद मरगये हैं ॥ ६ ॥ तब बाकी रहे दैत्य प्राण बचायवे की इच्छासो भाग गये है तब ये कुनंदन भ्रमण करतो आकाशसों गिरोहे ॥ ७ ॥ और हे राजन् ! मुखसों रुधिरकी उलटी करतो रणमें मूर्च्छित हैगयो और अंगारकी नाईं याको रथहू टूटगयो है और घोडे मारे गये है ॥ ८ ॥ तब बल्वल बडो क्रुद्धभयो पुत्रको मूर्च्छित देखके अनिरुद्धके लिये बडे वेगसों बाण मारे हैं ॥ ९ ॥ तब रुक्मवतीके पुत्रने विन दश बाणनको तीखी धारवारे स्वर्णभूषित अपने बाणनसों छेदन करदिये हैं ॥ १० ॥ तब ये दैत्यने क्रोधसों युक्त हैके अपने धनुषमें फिर बाण लगायके युद्धमें माधवसों (अनिरुद्धसों) बोल्यो है शकुनिने जैसे प्रद्युम्नसों ॥ ११ ॥ बल्वल बोलो है कि, हे यदुप्रवीर ! धनुर्धरको और रणमें मानीको बाणसों मारोंगो झूठ नहीं कहौं हौं सो

जो तेरी जीवेकी इच्छा होय तो अपने प्राणनकी रक्षा कर ॥ १२ ॥ तब ये सुनके अपने धनुषमें एक बाण लगायके हँसतेभयेने ये वाक्य कह्यो है जैसें प्रद्युम्नने शकुनिसों कह्योहै ॥ १३ ॥ अनिरुद्धने कही है कि, रे मूर्ख ! कौन काल्को मारे है और कौन काहूकी रक्षा करे है कालही तो मारे है और कालही सबकी रक्षा करैहै ॥ १४ ॥ मैं करो हों कर्ता हों मैं पालक हों और मैं हरनवारो हों ऐसे जो कहैं हैं वो कालके निमित्तसों नष्ट होय हैं ॥ १५ ॥ न तो मैं तोयें जीतोंगो न मोयें तू जीतेगो किंतु विश्वात्मा जो कालरूपी जगत्पति भगवान् है वोही मोकूँ और तोकूँ जीतेगो ॥ १६ ॥ मैं यह नहीं जानूं हूं कि, वो कौनको जय और कौनको पराजय करै है वा कालको हे बल्वल ! मैं मनसों प्रणाम करो हों मेरी जयको तू कर ॥ १७ ॥ यासों हे दानव ! कालकोही तू बलवाननमें बलवान् जान मेरे वाक्यसों या महा अज्ञानको छोडके तू संग्राम कर ॥ १८ ॥ ऐसे अनिरुद्धके कहेको सुनके

सोपिश्रुत्वास्वकोदंडेशरमेकंनिधायच ॥ प्रत्याहप्रहसन्वाक्यंप्रद्युम्नःशकुनिंयथा ॥ १२ ॥ ॥ अनिरुद्धउवाच ॥ ॥कःकेनहन्यतेजंतुस्तथा कःकेनरक्ष्यते ॥ हनिष्यतिसदाकालस्तथारक्षतिदुःखतः ॥ १४ ॥ अहंकरोमिकर्त्ताहंहर्त्ताहंपालकोप्यहम् ॥ योवदेचेदशंवाक्यंसविनश्यति कालतः ॥ १५ ॥ नाहंत्वांतुविजेष्यामिनविजेष्यसित्वंतुमाम् ॥ त्वांमांजेष्यतिविश्वात्माकालरूपोजगत्पतिः ॥ १६ ॥ नजानेकस्यकुरुतेजयंवाचपराजयम् ॥ कालस्तंमनसावंदेविजयार्थेचदानव ॥ १७ ॥ तस्मादेवहिमनसाकालंहिबलिनांवरम् ॥ मद्वाक्याचमहाऽज्ञानं विहायत्वंरणंकुरु ॥ १८ ॥ इतितस्यवचःश्रुत्वाबल्वलोविस्मयान्वितः ॥ तमाहतोषितःप्रीतोयथात्वाष्ट्रोमरुत्पतिम् ॥ १९ ॥ ॥ बल्वल उवाच ॥ ॥ कर्मप्रधानंभूमध्येकर्मैवगुरुरीश्वरः ॥ ॥ उच्चावचत्वंभवतिकर्मणावैयदूत्तम ॥ २० ॥ सहस्रेषुगवांवत्सःयथाविंदतिमातरम् ॥ तथाशुभाशुभंयेनकृतंतिष्ठत्सुपश्यति ॥ २१ ॥ ततोजेष्यामिसंग्रामेभवतंदृढकर्मणा ॥ मयाकृतश्चशपथःप्रतीकारंकुरुत्वरम् ॥ २२ ॥ ॥ ॥ अनिरुद्धउवाच ॥ ॥ प्रधानंमन्यसेकर्मविनाकालेनतत्फलम् ॥ नविद्यतेयथापाकेकृतेस्याद्विभ्रताकचित् ॥ २३ ॥ पाकप्रकारेपाकश्चविनाकर्त्रानजायते ॥ तस्माद्वदंतिकर्त्तारंकर्मकालात्परंवरम् ॥ २४ ॥

बल्वल बडो विस्मययुक्त भयो और प्रसन्न हैके ऐसे कहतोभयो जैसे वृत्रासुर इंद्रसों कहै ॥ १९ ॥ बल्वल बोलो सुन अनिरुद्ध या भूमिमें कर्मही मुख्य है कर्मही गुरु और कर्मही ईश्वर है हे यदूत्तम ! कर्म करकरके ही उत्कृष्ट निकृष्टपन प्राप्त होय है ॥ २० ॥ हजार गऊमें जैसे बछरा अपनी माताको प्राप्त होयहै तैसेही करनवारेकोही शुभाशुभ कर्म प्राप्त होय है ॥ २१ ॥ यातें अपने दृढकर्मसों तोको संग्राममें जीतोंगो ये मैंने शपथ कीनीहै जो तोपै प्रतीकार बने सो कर ॥ २२ ॥ तब अनिरुद्धने कही कि, रे दैत्य ! तू कर्मको जो प्रधान माने है सो देख वो कर्म कालके विना फल देवेको समर्थ नहीं होय है जैसे पाकक करेपे भी विभ्रता कभू हैजाय है ॥ २३ ॥ रसोई करबेमें विना कर्ताके पाक सिद्ध नहीं होय है यासों कालसों और कर्मसों कर्ताकोही प्रधान कहै है ॥ २४ ॥

सो वो गोलोकको नियंता परेसों परे श्रीकृष्णही कर्ता है जाने ब्रह्मा रुद्रादिक सब बनाये है ॥ २५ ॥ बल्वलने कही श्रीकृष्णके तुम पौत्र हौ यासों तुम धन्य हौ वाक्यनसों तुम ऋषीनकोहू मात करौहौ तुम तीनों गुणनसों रहितहौ देखो मनुष्यनको स्वभाव बडो दुस्त्यज है ॥ २६ ॥ सो तू सावधान हैके आज प्राणहरनवारे मेरे बाणको देख हे यादवश्रेष्ठ ! अपने मनको युद्धमें करके मेरे बाणको रोक ॥ २७ ॥ ये कहिके अपने बाणके संग मयकी माया याने प्रादुर्भाव करी है तब एक संग तीव्र अंधकार भयोहै जा अंधकारमें कोई मालूम नहीं परोहै ॥ २८ ॥ बहुतसैनको ये मालूम नहीं भयो है कि, कौन अपनो है कौन बिरानो है, शिला और पर्वतनके समान बड़े बड़े सुभट ऊपरसे पडे है ॥ २९ ॥ ऊपरसे जलकी वर्षाके मारे सब अत्यंत व्याकुल हैगये, बिजली चमकै है और मेघ गर्जे हैं ॥ ३० ॥ वे मेघ रुधिर वर्षावें हैं, वारंवार जलकी वर्षा करै है

सकर्ताकृष्णचंद्रस्तुगोलोकेशःपरात्परः ॥ येनवैनिर्मिताःसर्वेब्रह्मविष्णुशिवादयः ॥ २५ ॥ बल्वलउवाच ॥ ॥ श्रीकृष्णपौत्रधन्यस्त्वमृषीन्वाक्यैर्विडंबयन् ॥ त्रिभिर्गुणैःपृथग्भूतःस्वभावोदुस्त्यजोनृणाम् ॥ २६ ॥ सावधानतयाचाद्यपश्यप्राणहरंशरम् ॥ संग्रामेयादवश्रेष्ठ कृत्वायुद्धेमनःस्वकम् ॥ २७ ॥ इत्युक्त्वाव्यसृजन्मायांस्वबाणेनमयस्यच ॥ तदाभवत्तमस्तीव्रंतत्रकोपिनलक्ष्यते ॥ २८ ॥ नचस्वीयोनपारक्योविदामासजनान्बहून् ॥ शिलाःपर्वततुंगाभाःपतंतिसुभटोपरि ॥ २९ ॥ वार्भिर्हताश्चसर्वेपिव्याकुलाश्चसमंततः ॥ विद्युतोविलसंत्यत्र गर्जंतिवारिदाभृशम् ॥ ३० ॥ वर्षंतिरुधिरंचोष्णंमुंचंतिसशकृज्जलम् ॥ गगनात्पतमानानिकबंधानिशिरांसिच ॥ ३१ ॥ तदाव्याकुलिताः सर्वेपरस्परभयातुराः ॥ पलायनपराजाताःसंग्रामेचयदूत्तमाः ॥ ३२ ॥ तदानिरुद्धःप्रधनेस्मृत्वाकृष्णपदद्वयम् ॥ मायांतांसविधूयाथमोहनास्त्रेणलीलया ॥ ३३ ॥ तदादिशःप्रसेदुस्ताःसूर्यस्त्वपरिवेषवान् ॥ मेघायथागतंयाताश्चपलाःशांतिमागताः ॥ ३४ ॥ तदादैत्यश्चपुरतोदृश्यते दानवैर्युतः ॥ नानायुधधरोराजन्मायावीचण्डविक्रमः ॥ ३५ ॥ ब्रह्मास्त्रंसंदधेक्रुद्धोयादवानांवधायच ॥ ब्रह्मास्त्रेणतुब्रह्मास्त्रंजहारमाधवःपुनः ॥ ३६ ॥ ततश्चबल्वलःक्रुद्धोगांधर्वींमोहनींपराम् ॥ विजयार्थेचसंग्रामेमायांसोपिचकारह ॥ ३७॥ गंधर्वनगरंयत्रदृश्यतेनृपसत्तम ॥ नदृश्यतेच संग्रामःस्वर्णसौधानिकोटिशः ॥ ३८ ॥

और बहुतसे रुंड अगारी परे है ॥ ३१ ॥ तब ये सब परस्पर भयातुर, व्याकुल हैगये हैं, ऐसे सब यदुश्रेष्ठ भयभीत हैगये हैं ॥ ३२ ॥ तब अनिरुद्धने श्रीकृष्णके पदकमलनका ध्यान कर मोहनास्त्रसों वा मायाको शांति करी है ॥ ३३ ॥ तब दिशा निर्मल भईहै, सूर्य ऊपरके मंडलसे रहित हैगयो है, मेघ जैसे आये हे वैसेही चलेगये बिजली चमकनो बंद हैगयो है ॥ ३४ ॥ तब ये दैत्य दानवनसहित दिखाई परो, अनेक शस्त्रनको हाथमें लिये महामायावी है, प्रचंड जाको पराक्रम है ॥ ३५ ॥ सो क्रुद्ध हैके याने यादवनके मारवेके लिये ब्रह्मास्त्रको धनुषमें संधान कियो है तब अनिरुद्धने ब्रह्मास्त्रसोंही याको ब्रह्मास्त्र शांत कियो है॥३६॥तब कुपित भये बल्वलने बडी प्रबल गांधर्वी मायाको विजयके लिये प्रादुर्भाव करीहै, ये माया अत्यंत मोह करनवारी है ॥ ३७ ॥ जा मायामें हे नृप सत्तम ! गंधर्वनगर दीखे है, शतशः सुवर्णके महल मंदिर दीखेहै, संग्राम कहीं दीख्योहो नहींहै ॥ ३८ ॥

नाचती और गान करती गांधर्वी दीखी हैं, वीणा, ताल, मृदंग, बजन लगेहैं और कोकिल बोलन लगी हैं कंदुक (गेंद) फेंके हैं ॥ ३९ ॥ हावभाव कटाक्षनसों और कमर तथा वेणीको दिखावे हैं, कमलसे जिनके नेत्र ऐसी सुंदरी मनुष्यनको संतुष्ट करती ॥ ४० ॥ तिनके सौंदर्यको देखके कामदेवसों विह्वल भये जे यादव हैं वे शस्त्रनकों धरतीमें धरके परस्पर ये बोलेहैं ॥ ४१ ॥ और हम सब कहाँ आयगयेहैं ये कोई स्वर्गलोक है या कोई अन्य देवलोक है जहाँ ये कलकंठवारी सुंदरी मनकी हरनवारी नृत्य करे हैं ॥ ४२ ॥ सो कामदेवसो आतुर भये हम इनके लावण्य समुद्रमें मग्न भये हैं और संग्राम तो यहाँ कहीं दीखेही नहीं है फिर जय कैसे होयगो ॥ ४३ ॥ या प्रकारसों सब यादव कहिरहेहैं कि, क्रोधमें मूर्च्छित भयो जो बल्वल है सो शीघ्रही खड्गको हाथमें लेके सबनके मारवेको आयो है ॥ ४४ ॥ आयके याने खड्गसों मोहित भये इनारन यदुमवीरनको युद्धमें मारे हैं

बभूवुस्तत्रगंधर्व्योनृत्यंत्योगानतत्पराः ॥ वीणातालमृदंगैश्चकलकंठैश्चकंदुकैः ॥ ३९ ॥ हावभावकटाक्षैश्चकटिवेणीनिदर्शनैः ॥ तोषयन्त्यो जनान्सर्वान्सुन्दर्यःकञ्जलोचनाः ॥ ४० ॥ तासांदृष्ट्वाचसौंदर्यंयादवाःस्मरविह्वलाः ॥ ऊचुःपरस्परंसर्वेधृत्वाशस्त्राणिभूतले ॥ ४१ ॥ वयंकुत्रा गताःसर्वेस्वर्लोकेकिंतुदैवतः ॥ यत्रनृत्यंतिसुन्दर्यःकलकण्ठ्योमनोहराः ॥ ४२ ॥ आसांलावण्यजलधौवयंमग्नाःस्मरातुराः ॥ कथंभविष्य तिजयोरणंचात्रनदृश्यते ॥४३॥ इतिब्रुवत्सुसर्वेषुबल्वलःक्रोधपूरितः ॥ शीघ्रंनिस्त्रिंशमादायहंतुंसर्वान्समाययौ ॥४४॥ आगत्यखड्गेनयदुप्रवीरा न्विमोहितान्सोपिसहस्रशश्च ॥ जघानयुद्धेयदितेनिपेतुर्दृष्ट्वानिरुद्धस्तुरुपातमूचे ॥४५॥ किंकरिष्यसिसंग्रामेऽधर्मसद्भिर्विगर्हितम् ॥ मोहिता न्मारणेचनश्लाघातेभविष्यति ॥ ४६ ॥ यदिशक्तिःशरीरेस्तिमयासार्धंरणंकुरु ॥ इतितद्वाक्यमाकर्ण्यबल्वलोबलदर्पितः ॥ आजगामपदा तिर्वैखड्गचर्मधरोनदन् ॥४७॥ तमापतंतंसनिरीक्ष्यरोषाद्रथादवप्लुत्यमनोजपुत्रः ॥ कृतांतदण्डेनजघानदैत्यंयथामहेन्द्रोभिदुरेणशैलम् ॥४८॥ निर्भिन्नहृदयोदैत्यःपपातचालयन्महीम् ॥ चतुर्वासरपर्यंतंमूर्च्छितोभूद्रणांगणे ॥ ४९ ॥ तदानिपतितेदैत्येमायाशांतिंगतास्वतः ॥ युद्धंप्रदृश्य तेतत्रयादवाविस्मयंगताः ॥ ५० ॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहितायांहयमेधखण्डेऽनिरुद्धजयोनामपंचत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३५ ॥ ॥ गर्गउवाच ॥ ॥ कुनन्दनोपिसंमूर्च्छांत्यक्त्वागाद्रणमण्डले ॥ रथस्थःक्रोधसंयुक्तःप्रवर्षन्धनुषाशरान् ॥ १ ॥

और इनको जब गिरे देखे हैं तब कुपित हैके अनिरुद्धजीने कही है ॥ ४५ ॥ कि, अरे देख ! ये सत्पुरुषनकरके निंदित अधर्मको क्यों करे है, ये आपही मोहित भये हैं तिनके मारवेमें तेरी कहा श्लाघा होयगी ॥ ४६ ॥ जो तेरे शरीरमें शक्ति है तो मेरे संगमें संग्राम कर तब बलमें दर्पित जो बल्वल है सो याके कहेको सुनके पदाति ढाल, तलवारको लिये गर्जना करतो आयो है ॥ ४७ ॥ तब याको आवतो बड़े रोषसों देखके कामदेवको पुत्र रथमेंसों उतरके या दैत्यके कालदंडसों प्रहार कियो है जैसेपर्वतके ऊपर इंद्र वज्र मारे ॥ ४८ ॥ तब हृदय जाको फटगयो ऐसो ये दैत्य भूमिको कँपावतो गिरो है सो रणांगणमें चार दिनतक मूर्च्छित भयो परो रह्यो है ॥ ४९ ॥ तब या दैत्यके मरेपै सब माया शांत हैगई हैं, युद्धभूमि दीखनलगी है और सब यादव विस्मयको प्राप्त भये हैं ॥ ५० ॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहितायामश्वमेधखंडे भाषाटीकायां पञ्चत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३५ ॥ गर्गजी कहेहैं

कि, इतनेमें कुनंदनहूँ मूर्च्छा छोडके उठो है फिर रथमें बैठके क्रोधसों धनुषसों बाण दरसावतो रणमें आयो है ॥ १ ॥ तब परवीरहा अनिरुद्ध वीरने याको देखके रोषसों दीप्त हैके याके सेवकनसों पूछी है ॥ २ ॥ तब ये सेवक बोले है कि, महाराजजी ये बल्वलको पुत्र आपसो युद्ध करवेको आयो है ॥ ३ ॥ ये सुनके अनिरुद्धने कही है कि, मैं या कुनंदनको मारोंगो तब कृष्णके पुत्र सुनंदन अनिरुद्धसो बोलेहै ॥ ४ ॥ सुनंदन बोलो कि, हे राजन् ! ये दैत्यपुत्र कौन है और परिमित बल कहा इकीकत है, आपके अनुग्रहसो जीतोंगो यासो हे प्रभो ! मैं जाऊँहूं ॥ ५ ॥ हे राजन् ! मेरी प्रतिज्ञाको आप सुनो जो आपको आनंद देनवारी है, जो मैं आज संग्राम करवेमें प्रवीण या कुनंदनको न जीतलेऊँ तो ॥ ६ ॥ कृष्णचरणकमलमकरंदके आस्वादके वियोगीनको जो पाप होयहै सो पाप मोकूँ होय, जो याको मैं न जीतलेऊँ तो ॥ ७ ॥ और संसारके निवृत्त करनवारे पिता और

दृष्ट्वासमागतंवीरोनिरुद्धःपरवीरहा ॥ पप्रच्छसेवकांस्तस्यवार्तांरोषेणदीपितः ॥ २ ॥ सेवकास्तेततःप्रोचुरेषबल्वलनन्दनः ॥ त्वयासार्द्धंमहाराजयुद्धंकर्तुंसमागतः ॥ ३ ॥ श्रुत्वानिरुद्धःप्रोवाचहनिष्येहंकुनन्दनम् ॥ तदैवतमुवाचाथकृष्णपुत्रःसुनन्दनः ॥ ४ ॥ ॥ सुनन्दनउवाच ॥ ॥ राजन्कोयंदैत्यपुत्रःक्वेदंपरिमितंबलम् ॥ जेष्येहंत्वत्प्रतापेनतस्माद्गच्छाम्यहंप्रभो ॥ ५ ॥ राजञ्छृणुप्रतिज्ञांमेतवानंदप्रदायिनीम् ॥ नचेत्कुनन्दनंजेष्येबहुसंग्रामकोविदम् ॥ ६ ॥ कृष्णस्यचरणांभोजमध्वास्वादवियोगिनाम् ॥ यत्पापंचभवेत्तन्मेनजयेयदिदानवम् ॥ ७ ॥ योगुरुंभवहर्तारंपितरंचनसेवते ॥ यदघंतुभवेत्तस्यतन्मेभूयाज्जयेनवै ॥ ८ ॥ इतिप्रतिज्ञामाकर्ण्यानिरुद्धस्तस्यभूपते ॥ जहर्षचित्तेतंवीरंनिर्दिदेशरणंप्रति ॥ ९ ॥ इत्याज्ञप्तोनिरुद्धेनचैकाकीकृष्णनन्दनः ॥ जगामदंशितस्तत्रयत्रास्तेबल्वलात्मजः ॥ १० ॥ कुनन्दनस्तमाज्ञायत्वागतंप्रधनेरुषा ॥ प्रत्युज्जगामवीराग्र्योरथीशूरशिरोमणिः ॥ ११ ॥ अन्योन्यंतौसंमिलितौरथस्थौचापधारिणौ ॥ रेजातेराजशार्दूलयथादमनपुष्कलौ ॥ १२ ॥ उभौसायकभिन्नांगावुभौरुधिरविप्लुतौ ॥ मुञ्चंतौशरकोटीश्चसंधंतौतरसाशरान् ॥ १३ ॥ आदानंनैवसन्धानंमोचनंचनभूपते ॥ दृश्येतेतौमहाशूरौकुण्डलीकृतकार्मुकौ ॥ १४ ॥ तद्रथंराजपुत्रस्तुभ्रामकास्त्रेणशोभिना ॥ भूतलेभ्रामयामासकुंभकारस्यचक्रवत् ॥ १५ ॥

गुरुकी सेवा न करै याको जो पाप होयहै सो पाप मोकूँ होय जो मैं आज कुनंदनको न जीतो ॥ ८ ॥ याकी या प्रतिज्ञाको सुनके हे भूपते ! अनिरुद्ध राजी भयो और वीरको युद्धके लिये जायवेको आज्ञा दीनीहै ॥ ९ ॥ अनिरुद्धकी आज्ञाको सुनके कृष्णको नंदन कवच पहरके इकलोही जहाँ बल्वलको पुत्र है तहाँ आयो ॥ १० ॥ तब कुनंदनने याको संग्राममें आयो जानके बडे क्रोधसो वीरनमें मुख्य ये रथमें बैठके शूरवीरनको शिरोमणि आयोहै ॥ ११ ॥ तब रथमें बैठे धनुष धारणकरे परस्पर मिले हे राजशार्दूल ! दमन और पुष्कलकी तरह सुशोभित भयेहै ॥ १२ ॥ दोनो बाणनसो घायल अंगवारे, दोनों रुधिरसो भीजे, किरोडन बाणनको चलावते और धनुषमें संधान करते ॥ १३ ॥ महाशूर दोनो कुंडलीके आकार है धनु जिनके तिनको बाणनको लेनों लगामनो खेंचनो और छोडनो हे भूपते ! काहूको मालूम नहीं भयोहै ॥ १४ ॥ तब भ्रामक नामके अस्त्रसो राजकुमरने

याके रथको भूतलमें कुँभारके चाककी नाईं घुमायोहै ॥ १५ ॥ फिर दो घडी ताईं चक्कर खायके जब ये रथ ठैरोहै तब कृष्णके पुत्रने अश्वसहित या रथमें एक बाण मारोहै ॥ १६ ॥ तब या बाणके मारे मत्त हाथीकी तरह ये रथ आकाशमें घूमोहै फिर कांचके पात्रकी तरह टूटके भूमिमें गिरोहै ॥ १७ ॥ फिर रथके टूटेपै सारथि और घोडनके समेत रथके नष्ट भयेपै ये उठोहै, अन्य रथमें बैठके जो सम्मुख आयो है ॥ १८ ॥ यों कृष्णपुत्रने वोहू रथ तोरडारो या प्रकार या दैत्यपुत्रके सात रथ कृष्णपुत्रने तोरे हैं ॥ १९ ॥ तब ये कुनंदन विचित्र यानमें बैठके वेगसों कृष्णके पुत्रसो लडवेको आयो ॥ २० ॥ संग्राममें आवतेही याने दश बाण मारे, तिन बाणनके मारे ये बडे खेदको प्राप्त भयोहै ॥ २१ ॥ तब कृष्णके पुत्रने कुपित ह्वैके धनुष लैके याकी छातीमें दश बाण मारेहैं ॥ २२ ॥ वे बाण याके रुधिरको पीके धरतीमें परेहै जैसे झूठी गवाहीके देनवारेके पिता बचादिक नरकमें परैहैं

भ्रांत्वामुहूर्त्तमात्रंतुतद्रथोवाजिसंयुतः ॥ स्थितिंलेभेततःकार्ष्णिर्जघानतद्रथेशरम् ॥ १६ ॥ सयानस्तेनबाणेनखेबभ्रामभतंगवत् ॥ पपातकौ त्रिशीर्णोभूम्यथवैकाचभाजनम् ॥ १७ ॥ उत्थितःसोपिविरथोहताश्वोहतसारथिः ॥ अन्यंरथंसमारुह्ययावदायातिसंमुखम् ॥ १८ ॥ बभंज तावद्बाणैश्चतद्रथंकृष्णनन्दनः ॥ एवंसप्तरथाभग्नादैत्यपुत्रस्यवैरणे ॥ १९ ॥ तदाकुनन्दनःसंख्येस्थित्वायानेविचित्रिते ॥ आययौनृपवेगेन कृष्णपुत्रंनियोधितुम् ॥ २० ॥ आगत्यदशभिर्बाणैस्ताडयामासतंमृधे ॥ शरैस्तैःसोपिनिहतःपरंकश्मलतांगतः ॥ २१ ॥ ततःसधनुरुद्यम्य गृहीत्वादशसायकान् ॥ मुमोचतस्यहृदयेक्रुद्धःकृष्णात्मजोबली ॥ २२ ॥ तेशरारुधिरंपीत्वानिपेतुर्वैमहीतले ॥ यथाहिपितरोराजन्नरकेकूट साक्षिणः ॥ २३ ॥ कुनंदनःसुनन्दनंसुनन्दनःकुनन्दनम् ॥ महद्रणेमहच्छरैर्निजघ्नतुःपरस्परम् ॥ २४ ॥ एवंहितौद्वौशरभिन्नगात्रौरक्ताप्लुतौ चापधरौरुषाढ्यौ ॥ प्रचक्रतुर्युद्धवरंशरैश्चकुशांबसांबाविवसंयुगेवै ॥ २५ ॥ ततःकृष्णात्मजोवीरःकोदंडेस्वर्णनिर्मिते ॥ मृगांकार्द्धमुखंबाणं धृत्वाशीघ्रंतमब्रवीत् ॥ २६ ॥ ॥ सुनन्दनउवाच ॥ ॥ शृणुमद्वचनंवीरबाणेनानेनत्वच्छिरः ॥ सद्यश्छिन्नंकरिष्येहंशिरोरक्षबलीयदि ॥ ॥ २७ ॥ यदिमद्वचनंसत्यंप्रधनेत्वंनमन्यसे ॥ तदाशृणुप्रतिज्ञांमेतवमृत्युविषूचिकाम् ॥ २८ ॥ सतींचगुरुपत्नींचयोदूषयतिकामतः ॥ संया तियातनायांवैयमराजस्यसन्निधौ ॥ २९ ॥ सायातनाचमेभूयात्सत्यंममप्रतिश्रुतम् ॥ यःसमर्थश्चस्वगुरुंपितरंचनपालयेत् ॥ ३० ॥

॥ २३ ॥ कुनंदनने सुनंदनके और सुनंदनने कुनंदनके या महत् युद्धमें परस्पर प्रहार कियेहैं ॥ २४ ॥ ऐसें बाणनसों भिन्न हैं अंग जिनके रुधिर जिनके बहेहे, धनुषको लिये रोषसों भरे दोनो कुशांब, सांबकी तरह बाणनसों युद्ध करनलगेहैं ॥ २५ ॥ तब कृष्णके पुत्र सुवर्णके धनुषमें अर्द्धचंद्राकार बाण लगायके ये बोलेहै ॥ २६ ॥ मेरे सत्यबचनको सुनो हे वीर ! या बाणसों अभी मैं तेरे शिरको काटताहूँ यदि तू बली है तो रक्षा करले ॥ २७ ॥ जो सत्य या मेरे वचनको संग्राममें तू न मानिगो तब तेरी मृत्युके सूचना करनवारे मेरे वचनको सुन ॥ २८ ॥ जो कामवश ह्वैके सती, गुरुपत्नीको दूषित करै है या पुरुषको जो यातना मिले वो यातना मोकूँ होय ये मेरी सत्यप्रतिज्ञा है; जो समर्थ ह्वैके अपने

पिता और गुरुको पालन न करै वाको पाप मोकूं होइ जो मैं तोकूं न मारूंगो तो, ये कहे वचनको सुनके दैत्य जो है सो कहतो भयो रोषमें जलतो ॥२९॥३०॥३१॥ राजकुमार बोल्यो मैं शत्रुके सामने मरबेते नहीं डरूंहूं क्योंकि वर्तमानमें ऐसो कोई नहींहै जो मरतो न हो अर्थात् मरते सब हैं फिर मरबेसों क्यों डरपनो ॥ ३२ ॥ जो तू मेरे मारबेको महाबाणको छोडैहै तब मैं अपने बाणनसों तेरे या बाणको निःसंदेह छेदन करोंहूं ॥ ३३ ॥ देखो जे एकादशीके दिना अन्नको खायहैं तिन और माता, भ्रातृपत्नी, भगिनी, और बेटी इनते पाप करनवारे मनुष्यनको जो पाप लगैहै वो पाप मोको लगे जो तेरे या बाणको मैं न काटूंगो तो ॥ ३४ ॥ ये याके कहे जे स्पष्ट वचन हैं तिने सुनके राजकुमार सुनंदन याके कहेको स्मरण करतो बोल्योहै और कृष्णको ध्यान धरके बोल्योहै ॥ ३५ ॥ सुनंदन बोल्यो—कि, जो कृष्णके चरणकमलको मैं स्मरण करूंहूं निष्कपटसों तब मेरो ये वचन सत्य होयगो ॥ ३६ ॥ कि,

तस्यपापंममैवास्तुनहन्मिचेच्चत्वांरणे ॥ इतिश्रुत्वाचदद्वाक्यंदैत्यआहरुषाज्वलन् ॥ ३१ ॥ ॥ राजपुत्रउवाच ॥ ॥ नबिभेमिनाहं मरणात्संग्रामेशत्रुसम्मुखे ॥ प्राणिनांचैवसर्वेषांमृत्युर्भवतिसांप्रतम् ॥ ३२ ॥ यदिमुंचसिसंग्रामेमद्वधार्थंमहाशरम् ॥ तदाहंस्वशरेणापिशीघ्रंछेद्मिनसंशयः ॥ ३३ ॥ एकादश्यांनयेमानादन्नंभुंजंतिभूतले ॥ मातरंभ्रातृपत्नींचभगिनींचसुतांतथा ॥ पापंतेषांममैवास्तुनछेद्मियदितेवच्छरम् ॥ ३४ ॥ इतितस्यवचःस्पष्टंश्रुत्वाशंकितमानसः ॥ प्रत्युवाचपुनर्वाक्यंश्रीकृष्णंसोपिसंस्मरन् ॥ ३५ ॥ ॥ सुनन्दनउवाच ॥ ॥ मयाकृष्णांघ्रियुगलंसेवितंमनसायदि ॥ कपटेनविनातर्हिसत्यंभूयाद्वचोमम ॥ ३६ ॥ स्वपत्नींचविनावीर नान्यांपश्यामिकामतः ॥ तेनसत्येनसंग्रामेवाक्यंभूयादृतंमम ॥ ३७ ॥ इत्युक्त्वासायकंतीक्ष्णंविमुमोचसुनन्दनः ॥ मंत्रयित्वाचमंत्रेणमहाकालानलोपमम् ॥ ३८ ॥ प्रमुक्तंवीक्ष्यविशिखंस्वबाणेननृपात्मजः ॥ सद्यश्चिच्छेदतंयथासर्पंपक्षेणपक्षिराट् ॥ ३९ ॥ छिन्नेतस्मिञ्छरेराजन्हाहाकारस्तदाभवत् ॥ चचालपृथिवीलोकेदेवास्तेविस्मयंगताः ॥ ४० ॥ परार्द्धःपतितोबाणःपूर्वार्द्धःफलसंयुतः ॥ शिरश्चिच्छेददैत्यस्यतरोःस्कंधंयथागजः ॥ ४१ ॥

अपनीके सिवाय कोई स्त्रीको कामदृष्टिसों नहीं देखूंहूं या सत्यसों अर्थात् जो ये बात मेरी सांची है तो मेरो कह्योभयो वाक्य भी सत्य होयगो ॥ ३७ ॥ इतनो वचन कहिके सुनंदननें बाण छोडोहै, वो बडो तीक्ष्ण है महाकालानलके समान वो बाण है ता बाणको मंत्रसों अभिमंत्रण करके छोडोहै ॥ ३८ ॥ आते बाणको नृपनंदन अपने बाणसों छेदन करिके गेरदियो, जैसे सर्पको गरुड तोर गेरैहै ॥ ३९ ॥ हे राजन् ! या समय या बाणके कटेपै बडो हाहाकार मच्योहै और सब लोकनसहित भूमि चलायमान भई और सब देवता विस्मयको प्राप्त भयेहैं ॥ ४० ॥ तब हे राजन् ! कटेभये या बाणको नीचेको भाग तो कटके धरतीमें गिरपडो और आगेको कटोभयो आधो भाग जो गयो सो या दैत्यकी ग्रीवामें

जायके लगो सो दैत्यके शिरको काटके भूमिमें गिरादियोहै जैसे वृक्षके अंशको हाथी ॥ ४१ ॥ तब किरीट, कुंडलके सहित धरतीमें कटेभये परेको देखके सब दैत्यनने हाहाकार कियोहै ॥ ४२ ॥ तब शीघ्रही कुनंदनके कबन्धने उठके या संग्राममें खड्गसों मुक्कानसों और लातनसों बहुत शत्रु मारेहै ॥ ४३ ॥ तब तो यदुसेनामें नगाड़े बजेहैं और देवताननें सुनंदनके ऊपर पुष्प बरसायेहै ॥ ४४ ॥ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायामश्वमेधखंडे भाषाटीकायां षट्त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३६ ॥ ॥ सूतजी कहैहै कि, यह सब वृत्तान्त सुनी तब वज्रनाभजीने प्रश्न कियो कि, महाराज हे ब्रह्मन्! कुनंदनके मरजानेपर और बल्वलके मूर्च्छित होनेपर भी दयालु शिवजीने रक्षा क्यों नहीं कीनी? सो कहो कि, शिवजी क्यों न आये और इन दैत्यनने घोडा कैसे छोड़ो और फिर यज्ञ पूर्ण कैसे भयो ये सब वृत्तान्त मेरे आगे कहौ ॥ १ ॥ २ ॥ सूतजी कहैहैं कि, वज्रनाभके प्रश्नको सुनके बड़े ज्ञानीनमें श्रेष्ठ

किरीटकुण्डलैर्युक्तंपतितंतस्यमस्तकम् ॥ निरीक्ष्यहाहाशब्दंवैचक्रुर्दैत्याश्चदुःखिताः ॥ ४२ ॥ कुनंदनकबंधस्तुशीघ्रमुत्थायसंयुगे ॥ खड्गमु
ष्टिभिःपादैर्बहूञ्छत्रूञ्जघानह ॥ ४३ ॥ ततश्चयदुसेनायांनेदुर्दुंदुभयोमुहुः ॥ सुनंदनोपरिसुराःपुष्पवर्षंप्रचक्रिरे ॥ ४४ ॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहि
तायांह्यश्वमेधखण्डेदैत्यपुत्रवधवर्णनंनामषट्त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३६ ॥ ॥ वज्रनाभिरुवाच ॥ ॥ कुनंदनेहतेब्रह्मन्बल्वलेमूर्च्छितेरणे ॥ नकृतंतु
सहायंवैरुद्रेणकरुणात्मना ॥ १ ॥ कस्मान्नचागतोरुद्रोयज्ञःपूर्णःकथंभवेत् ॥ कथंविमुक्तस्तुरगस्तन्मेव्याख्यातुमर्हसि ॥ २ ॥ ॥ सौति
रुवाच ॥ ॥ इतितस्यवचःश्रुत्वागर्गोज्ञानवतांवरः ॥ स्मृत्वासर्वांकथांब्रह्मन्बभाषयदुसत्तमम् ॥ ३ ॥ ॥ गर्गउवाच ॥ ॥ बल्वले
मूर्च्छितेराजन्हतेशूरेकुनन्दने ॥ महत्कोपंशिवश्चक्रेप्रेरितस्तुसुरर्षिणा ॥ ४ ॥ आरुह्यनंदिनंक्रुद्धोभक्तरक्षाकरःशिवः ॥ चन्द्ररेखांवहन्मूर्ध्नि
जटाजूटांतरेनृप ॥५॥ सर्पहारैर्मुण्डहारैर्भस्मलिप्तोभयंकरः ॥ दशबाहुःपञ्चमुखोनेत्रैःपञ्चदशैर्वृतः ॥ ६ ॥ सिंहचर्मांबरधरोमदमत्तोभयंकरः ॥
त्रिशूलपट्टिशधरोधनुर्बाणधरःपरः ॥ ७ ॥ कुठारपाशपरिघभिंदिपालैर्विभूषितः ॥ सहस्ररविसंकाशःसर्वभूतगणावृतः ॥ ८ ॥ हंतुंसर्वान्वृ
ष्णिवरान्कार्ष्णिजप्रमुखान्मृधे ॥ कैलासादाययौशीघ्रंचालयन्पृथिवीतलम् ॥ ९ ॥ कोलाहलोमहानासीदाकाशेभूतलेनृप ॥ देवदैत्य
नराःसर्वेभयंप्रापुश्चविस्मिताः ॥ १० ॥

श्रीगर्गजी सब कथाको यादकर वज्रनाभसों बोलैहै कि, हे राजन्! बल्वल जब मूर्च्छित हैगयो और कुनंदन जब मरगयो तब नारदजीने शिवजीसों सब वृत्तान्त कह्यो तब नारदकी प्रेरणासों शिवजीको बड़ो क्रोध आयो ॥ ३ ॥ ४ ॥ और भक्तनकी रक्षा करनवारे शिव नंदीश्वरपै बैठके चंद्रमाके चिह्नको माथेपै धारण करके, जटाजूटको धारण करे ॥ ५ ॥ सर्पनके हार और मुंडमाल पहरे, भस्मलिप्त जिनको अंग, दश जिनके भुज, पांच मुख, पंद्रह नेत्र तिनसों युक्त ॥ ६ ॥ बाघम्बर ओढे मदमें मत्त प्रलयके करनवारे त्रिशूल, पट्टिशको धारण करे धनुषबाणको लिये ॥ ७ ॥ कुठार, पाश, परिघ और भिंदिपाल तिनसों विभूषित हजार सूर्यके समान सब भूतगणनको संगमें लिये ॥ ८ ॥ संग्राममें अनिरुद्धादिक सब यादवनके मारबेको भूतलको कँपावते कैलाससों आयेहैं ॥ ९ ॥ तब हे नृप! आकाशमें और भूमिमें बड़ो भारी कोलाहल भयो है तब सब देव, दैत्य, नर, विस्मित है

कै भयको प्राप्त भयेहैं ॥ १० ॥ गण और परिवारसहित शिवजीको आयो देख, कुपित हैरहेहैं प्रलयके करनवारे हैं तिनको आयो देखके सब यादवनका भय भयोहै ॥ ११ ॥ और
अनिरुद्धको मुख निस्तेजस्क भयके मारे हैगयो है और दुःखी भयेको रणांगणमें हृदय काँपो ॥ १२ ॥ तब शिवजी सब यादवनसों ये निठुरवचन बोले, शूलको हाथमें लेके
कोधमें मूर्च्छित हैके ॥ १३ ॥ शिवजी बोले अनिरुद्ध कहाँ गयो सुनंदन कहाँ है और मेरे भक्त कुनंदनको मारके सांब कहाँ गयो ॥ १४ ॥ और बल्वलको मूर्च्छित करके मेरे भक्त
सत्तमको और याके भक्तनको मारके आज देखो यादव कहाँ जायँगे ॥ १५ ॥ यासों मैं जे मेरे भक्तनके वैरी हैं उने सबनको मारोंगो, मैं, विष्णु और ब्रह्माजी ये तीनो अपने भक्त
को दुःखसों रक्षा करेहैं ॥ १६ ॥ गर्गजी कहैहैं कि, इतनी कहिके शिवजीने अपने भैरव नामके गणको आज्ञा दीनीहै कि, हे शूर ! तू युद्धमें जीतनेवाले कृष्णके पौत्र अनिरुद्धके

सगणंसपरीवारमागतंवीक्ष्यशङ्करम् ॥ क्रुद्धंप्रलयकर्तारंभयंप्रापुर्यदूत्तमाः ॥ ११ ॥ अनिरुद्धस्यचमुखंनिस्तेजस्कमभूद्भयात् ॥ चकंपेहृदयं
तस्यदुःखितस्यरणांगणे ॥ १२ ॥ ततःप्रत्याहवचनंनिष्ठुरंसर्वयादवान् ॥ शूलंगृहीत्वाहस्तेनगिरीशःक्रोधपूरितः ॥ १३ ॥ ॥ शंकरउ
वाच ॥ ॥ अनिरुद्धःकुत्रगतोगतःकुत्रसुनन्दनः ॥ सांबादयःकुत्रगताभक्तंहत्वाकुनंदनम् ॥ १४ ॥ बल्वलंमूर्च्छितंकृत्वामद्भक्तंदैत्यसत्तमम् ॥
तस्यानुगान्मृधेहत्वाकुत्रयास्यंतिवृष्णयः ॥ १५ ॥ तस्मात्सर्वान्हनिष्यामिमद्भक्तानांरिपून्मृधे ॥ अहंविष्णुर्विधिश्चैतेभक्तंरक्षंतिदुःखतः
॥ १६ ॥ ॥ गर्गउवाच ॥ ॥ इत्युदीर्य्यानिरुद्धंसप्रेषयामासभैरवम् ॥ त्वंहियोद्धुंगच्छशूरकार्ष्णिजंजयिनंमृधे ॥ १७ ॥ सुनंदनंनंदिनंचप्रे
षयामासरोषतः ॥ गदंचवीरभद्रंवैसांबंचशिखिवाहनम् ॥ १८ ॥ भानुंचभृङ्गिणंयुद्धेविरूपाक्षःसमादिशत् ॥ यदूंश्चप्रेषयामासभूतप्रेतांस्ततः
शिवः ॥ १९ ॥ ततस्तेरुद्रवचनाद्भूतप्रेतविनायकाः ॥ भैरवाःप्रमथाश्चैववेतालाब्रह्मराक्षसाः ॥ २० ॥ उन्मादाश्चैवकूष्मांडाआजग्मुः
कोटिशोमृधे ॥ भूतानिजघ्नुश्चांगारैर्यादवाश्चविनायकाः ॥२१॥ पट्टिशैर्भैरवाःशूलैःखड्गांगैःप्रमथाःकिल ॥ जनानश्चान्गृहीत्वातुभक्ष्यंतिब्रह्मरा
क्षसाः ॥ २२ ॥ यातुधानाश्चर्वयंतोमनुष्याणांशिरांसिच ॥ कपालैस्तत्रवेतालाःपिबंतोरुधिरंरणे ॥ २३ ॥ पिशाचास्तत्रनृत्यंतःप्रेतागायंतिए
वहि ॥ शिरांसिकंदुकानीवक्षेपयंतोमुहुर्मुहुः ॥ २४ ॥ अट्टहासंप्रकुर्वंतःप्रधावंतइतस्ततः ॥ गजानथांश्चर्वयंतोदृश्यन्तेरणमंडले ॥ २५ ॥

मारनेको जा ॥ १७ ॥ और नंदी नामके गणको सुनंदनके मारनेको भेजोहै और बडे रोषसे गदके जीतनेको वीरभद्रको, सांबके जीतबेको स्वामिकार्त्तिकको, भानुके जय क.नेको
भृंगीगणको और सब यादवनके जीतनेको भूतप्रेतनके गणको शिवजीने भेजेहैं ॥ १८ ॥ १९ ॥ तब वे सब रुद्रके वचनसों भूत, प्रेत, विनायक, भैरव, प्रमथ वेताल और ब्रह्म
राक्षस, उन्माद, और कूष्मांड कोटिशः शिवजीके भेजे आयेहैं तब भूतगणनने तो अङ्गारनसों यादवनको मारेहैं, विनायकनने पट्टिशनसों, भैरवनने त्रिशूलनसों और प्रमथ
गणनने खड्गांगनसों यादव मारेहैं और ब्रह्मराक्षसनने मनुष्यको और घोडानको भक्षण कियेहैं ॥ २० ॥ २१ ॥ २२ ॥ और यातुधान मनुष्यनके शिरनको चबावनलगे, वेताल
कपालनमें भर २ के रुधिर पीवनलगेहैं ॥ २३ ॥ पिशाच तहाँ नाचनलगे, प्रेत गावनलगेहैं और मूँडनको गेंद बनायके उडावनलगे ॥ २४ ॥ अट्टहास करते उत इतमें

धावते गजनकों, रथनको चबावते रणमंडलमें दिखाई परैंहै ॥ २५ ॥ और पिशाची तथा डाकिनी वा संग्राममें अपने पुत्रनकों रक्तको पान करावती मत रोओ एस कहती उनके नेत्रन फोडतीभई ॥ २६ ॥ उन्माद और कूष्मांड मुंडनकी माला बनायके श्रीमहादेवजीको निवेदन देयदेहैं, वे मुंड स्वर्ग जानेवाले शूरनके है ॥ २७ ॥ हे नृपेश्वर ! वा समय यदुसैन्यमे हाहाकार मचोहै जब घोडा और हाथी चारों तरफको भागेहै ॥ २८ ॥ संग्राममें पडे हजारन वीर मारेगयेहै या प्रकारसों श्रीमहादेवजीके गणनको पराक्रम देखके कृष्णको पुत्र दीप्तिमान् ॥ २९ ॥ धनुषमें बाणनको लगायके परम अद्भुत तिन बाणनको चलावनलगेहैं वे बाण भूत, प्रेत, विनायकनके शरीरमें प्रवेश करतेभये ॥ ३० ॥ जैसे वनमें मयूर प्रवेश करेहै, तब तिन किरोडन बाणनके मारे सब भूतगण भागेहैं ॥ ३१ ॥ कितनेई भूतगण संग्राममें गिरपडेहै और कितनेई मरगयेहै और कितनेई तो विना बाणन मारे

रक्तंपिशाच्योडाकिन्यःपातयंत्यःसुतान्मृधे ॥ मारोदीरितिवादिन्यअक्षीणिचतदाभृजत् ॥ २६ ॥ उन्मादश्चैवकूष्मांडानिर्मायमुण्डभिःस्रजः ॥
संयच्छंतिमहेशायशूराणांस्वर्गगामिनाम् ॥ २७ ॥ हाहाकारस्तदैवासीद्यदुसैन्येनृपेश्वर ॥ दुद्रुवंतोभयादश्वाधावंतस्तत्रदंतिनः ॥२८॥ वीराः
प्रपतितायुद्धेगतामृत्युंसहस्रशः ॥ दृष्ट्वाचेत्थंगणबलंदीप्तिमान्माधवात्मजः ॥ २९ ॥ चापेनिधायविशिखान्मुमुचेपरमाद्भुतान् ॥ तेशराविवि
शुस्तिग्माभूतप्रेतविनायकान् ॥ ३० ॥ कोटिशःकोटिशोराजन्यथारण्यंशिखण्डिनः ॥ ततश्चदुद्रुवुर्भिन्नाःसर्वेभूतगणाःशरैः ॥ ३१ ॥ केचि
न्निपतितायुद्धेकेचिद्वैनिधनंगताः ॥ नहताश्चशरैःकेपिपतिताःपूर्वमेवच ॥ ३२ ॥ पलायितेप्रेतगणेभैरवःक्रोधपूरितः ॥ त्रिशूलीसारमेयस्थआ
जगामकृतांतवत् ॥ ३३ ॥ तंदृष्ट्वाकालरूपंचभैरवंतुभयंकरम् ॥ नकोपियुयुधेतेनानिरुद्धोयुयुधेनृप ॥ ३४ ॥ अनिरुद्धःपंचशरैस्तताड
भैरवंमृधे ॥ सचापिपरिघेणापिबभंजतद्रथंवरम् ॥ ३५ ॥ सोप्यन्यंरथमारुह्यसज्जंकृत्वाधनुर्दृढम् ॥ ततोदशभिर्बाणैरौद्रंमायाविनंमृधे
॥ ३६ ॥ तैर्बाणैर्निहतःसोपिकिंचित्कश्मलतांगतः ॥ त्रिशूलंत्रिशिखंतस्मैचिक्षेपज्वलनप्रभम् ॥ ३७ ॥ शूलंसमागतंदृष्ट्वाबाणै
श्चिच्छेदकार्ष्णिजः ॥ छिन्नंस्वीयंत्रिशूलंवैदृष्ट्वारुद्रसुतोबली ॥ ३८ ॥ ससृजेमाययातत्रमुखादनलमेवच ॥ तेनाग्निनाजज्वलुश्चमही
वृक्षादिशोदश ॥ ३९ ॥

गिरपडेहै ॥ ३२ ॥ जब सब प्रेतोंके गण भागगये तब भैरवजी कोपसों पूर्ण भयेहै त्रिशूलको हाथमे लिये कुत्तापै विराजमान हैके आयेहै ॥ ३३ ॥ कालके समान विकराल जिनको रूप है, तब कालकीसो जिनको रूप ऐसे भयंकर भैरवजीको आयो देखके जब इनसों कोई नहीं लडेहै तब इनके संग अनिरुद्धने संग्राम कियोहै ॥३४॥ तब अनिरुद्धने भैरवके पाँच बाण मारेहै तब भैरवजीने एक परिघासों अनिरुद्धजीको रथ तोर गेरोहै ॥३५॥ तब अनिरुद्धजीने दूसरे रथमें बैठके और दृढ धनुषको सज्य करके मायावी भैरवके दश बाण मारे हैं ॥ ३६ ॥ तिन बाणनसों ताडन कियो भैरव कुछ कश्मलता (खेद) को प्राप्त भयो है फिर तीन शिखाको त्रिशूल अग्निके समान जाको प्रकाश वो अनिरुद्धको मारोहै ॥ ३७ ॥ तब अनिरुद्धने वा त्रिशूलको आयो देखके बाणनसों काटगेरो तब भैरवने अपने त्रिशूलको कटो देखके ॥३८॥ माया करके अपने मुखसे अनल पैदा कियोहै, वा अग्निसो भूमि, वृक्ष और दशो

दिशामे जलन लगीहै ॥ ३९ ॥ और पदाती, रथ, घोडे और हाथीनके शरीर वा अग्निमें ऐसे जलन लगेहैं जैसे सेमरकी रुई जले ॥ ४० ॥ कितनेई वीर तो मसालकी नाई जलने लगे और कितनेई जलके बिलकुल भस्म हैगये सब सेनामें आग लगगई है वा समय कितनेई कृष्णको स्मरण करन लगे ॥ ४१ ॥ या प्रकार सेनाको भयातुर भई देखके धनुषधारीनमें मुख्य जो अनिरुद्ध है याने अपने धनुषमें बाण लगायोहै या मायाको रची देखके ॥ ४२ ॥ या गणमे अनिरुद्धने पार्जन्यास्त्रको मंत्रसहित प्रयोग कियो है और कृष्णचरणको स्मरण करतेने वो बाण चलायोहै ॥ ४३ ॥ बाण छोडतेही घटा उमडआई और वर्षा करनेलगी अग्नि शांत हैगयो और ये माहूम पडनलगी मानों पूर्ण वर्षाऋतु है ॥ ४४ ॥ मोर, कोकिला, पपीहा और सारसादिक तथा मेडका बोलनलगे और इंद्रगोप (बीरबाहोटी) सुशोभित भईहैं ॥ ४५ ॥ आकाशमें इंद्रधनुष परगये बिजली चमकने

पदातीनांरथानांचहयानांदंतिनांतथा ॥ जज्वलुश्चशरीराणिमंजुपुष्पप्रतूलवत् ॥ ४० ॥ केचित्प्रजज्वलितावीराःकेचिद्भस्मतांगताः ॥ अग्निनापूरितंसैन्यंकृष्णंकेचित्स्मरंतिहि ॥ ४१ ॥ सेनांभयातुरांदृष्ट्वानिरुद्धोधन्विनांवरः ॥ दधारविशिखंचापेज्ञात्वामायांविनिर्मिताम् ॥ ४२ ॥ मंत्रयित्वाचमंत्रेणपर्जन्यास्त्रेणसायकम् ॥ मुमोचगगनेशीघ्रंस्मरन्कृष्णपदांबुजम् ॥ ४३ ॥ शरेमुक्तेसमागत्यमेघाःप्रववृषुर्जलम् ॥ अग्निःशांतिंगतोराजन्यथाप्रावृट्तथाबभौ ॥ ४४ ॥ शिखंडिनःकोकिलाश्चचातकाःसारसादयः ॥ मण्डूकाद्याश्चप्रजगुरिंद्रगोपाविरेजरे ॥ ४५ ॥ पुरंदरस्यचापेनसौदामिन्याबभौनभः ॥ प्रयासंनिष्फलंदृष्ट्वाभैरवोभैरवंरवम् ॥ ४६ ॥ चकारस्वमुखेनापिसर्वेषांत्रासयन्मनः ॥ ननादतेनब्रह्मांडंसप्तलोकैर्बिलैःसह ॥ ४७ ॥ विचेलुर्दिग्गजास्ताराराजद्भूखण्डमण्डलम् ॥ तदैवबधिरीभूताभुवःपतितानराः ॥ ४८ ॥ पुनश्चभैरवःक्रुद्धोहस्तंहस्तेनपीडयन् ॥ निष्पिपेषरदंतैर्लेलिहानःस्वजिह्वया ॥ ४९ ॥ नेत्राभ्यांरक्तवर्णाभ्यांपश्यन्सर्पैर्विभूषितः ॥ जग्राहपरशुंतीक्ष्णंतृणीकृत्ययदूत्तमम् ॥ ५० ॥ तदैवजृंभणास्त्रेणानिरुद्धोरणकोविदः ॥ भैरवंमोहयामासश्रीकृष्णइवशंकरम् ॥ ५१ ॥ तेनास्त्रेणरणेराजन्ननिरुद्धस्यपश्यतः ॥ पपातभूतलेरौद्रोजृंभितोनिद्रितोऽभवत् ॥ ५२ ॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहितायांहयमेधखण्डेभैरवमोहनंनामसप्तत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३७ ॥

लगी तब तो भैरवने अपने परिश्रमको व्यर्थ देखके एक भयंकर शब्द कियोहै ४६ ॥ वा शब्दसों सबनको त्रास उत्पन्न भयोहै जा शब्दसों सातो लोक और अतलादि सातो बिल सहित सब ब्रह्मांड गूँजउठौ ॥ ४७ ॥ भूखंडमंडलसहित तारागण चलायमान हैगयो दिग्गज चलायमान हैगये और वा समय हजारन मनुष्य बधिर (बहेरे) हैके गिरपरेहै ॥ ४८ ॥ तब तो फिर भैरवको कोप आयो सो दोनों हाथनको मीडके दांतनसो होठनको चबायके जीभसों दोनों गलफर चाटतो ॥ ४९ ॥ रक्तवर्ण नेत्रनसों देखतो सर्पनके भूषण नसो भूषित यदूत्तमनको तृणकी बराबर समझके एक फरसाकोही हाथमें लेतो भयोहै ॥५०॥ तब वाही समय रणकोविद अनिरुद्धने जृंभणास्त्रसो भैरवको ऐसे जृंभित कर दियोहै जैसे बाण युद्धमे श्रीकृष्णने शिवजीको जृंभित कियोहै ॥५१॥ हे राजन्! वा जृंभणास्त्रसों अनिरुद्धके देखते देखते भैरव जँभाई लेतो मोहित हैके रणभूमिमे गिरपडेहैं॥५२॥इति श्रीमद्गर्ग

संहितायामश्वमेधखंडे भाषाटीकायां सप्तत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३७ ॥ गर्गजी कहैहैं कि, जब भैरवकोहू निद्रित (सोयो) देखोहै तब तो मृत्युंजयको बडो कोप आयो है सो वृषभको अनिरुद्धके सन्मुख प्रेरणा कियोहै, ये वृषभ बडो शूरमानी है ॥ १ ॥ तब तो सींगनसों यादवनको मारतो भयो तब ये वृष दंतनसों और पिछाडीके पांयसें सेनामें विचरन लगोहै ॥ २ ॥ सो शीघ्रतासों अपने शृंगसों संमुख खडे सुनंदनके प्रहार कियोहै तब याके शृंगनके मारे सुनंदनकी छाती फटिगई सोई ये मरगयो ॥ ३ ॥ तब अनिरुद्ध कुपित ह्वैके हाथीपै बैठो धनुषको लिये कवच पहरे मत डरो २ ऐसें कहतो आयोहै ॥ ४ ॥ आयके वा संग्राममें कृष्णके पुत्र सुनंदनको मरे देखोहै सोई तो बडे दुःखको प्राप्त भयो, अत्यंत कंपित ह्वैके शोकसों पूरित भयो ॥ ५ ॥ वीर सुनंदनके मरनेसें शोकमें डूबरहे अनिरुद्धसो शिवजी बोलेहै कि, हे अनिरुद्ध ! हे महाबल ! ॥ ६ ॥ शूरनको रणमें मरबो

॥ ॥ गर्ग उवाच ॥ ॥ तदामृत्युंजयःक्रुद्धोभैरवंवीक्ष्यनिद्रितम् ॥ वृषभंप्रेरयामासकार्ष्णिजंशूरमानिनम् ॥ १ ॥ तदैववृषभःकोपाच्छृंगाभ्यां
मारयन्यदून् ॥ दंतैःपश्चिमपादाभ्यांसेनायांविचचारह ॥ २ ॥ त्वरंजघानशृंगेणसंमुखस्थंसुनन्दनम् ॥ शृंगेणभिन्नहृदयःपपातपंचतांगतः ॥ ३ ॥
तदाऽऽजगामसंक्रुद्धोऽनिरुद्धोगजसंस्थितः ॥ धनुर्धरोदंशितश्चमाभैर्माभैरितिब्रुवन् ॥ ४ ॥ दृष्ट्वातत्रहतंवीरंकृष्णपुत्रंसुनन्दनम् ॥ प्राप्तोदुःखंह्य
त्यंतंकंपितःशोकपूरितः ॥ ५ ॥ हतेतस्मिन्महावीरेशोचंतंतंशिवोब्रवीत् ॥ माकुरुष्वत्वंरणेशोकमनिरुद्धमहाबल ॥ ६ ॥ रणमध्येपातनंचशू
राणांकीर्तयेस्मृतम् ॥ तस्मात्त्वमपिसंग्रामेमयायुद्धंचरस्वयत्नतः ॥ ७ ॥ प्रयातत्रक्षस्वप्राणान्ममाग्रेयुद्धकांक्षया ॥ ॥ गर्ग उवाच ॥ ॥
इतितस्यवचःश्रुत्वाशोकंत्यक्त्वायदूत्तमः ॥ ८ ॥ निचखानपंचबाणैःशिवस्यशिरसिनृप ॥ नाराचास्तेमहेशस्यजटाजूटेषुनिष्ठिताः ॥ ९ ॥
दृश्यंतेगृध्रपक्षाढ्याःशाखाइववनस्पतेः ॥ ततोरुद्रःस्वकोदंडेबाणमेकंनिधायच ॥ १० ॥ चिच्छेदतेनसहसातस्यचापस्यशिंजिनीम् ॥ अनि
रुद्धःपुनःशीघ्रंसज्जंकृत्वाधनुर्दृढम् ॥ ११ ॥ हरचापस्यचिच्छेदशिंजिनींसायकेनच ॥ ततःश्रुत्वातयोर्युद्धमद्भुतंरोमहर्षणम् ॥ १२ ॥ विमान
स्थाश्चशक्राद्याआजग्मुःकौतुकान्विताः ॥ ऊचुःपरस्परंखस्थानिरीक्ष्यभयविह्वलाः ॥ १३ ॥ ॥ देवा ऊचुः ॥ ॥ अमूलोकत्रयस्यापि
ह्युत्पत्तिलयकारकौ ॥ एतयोश्चरणंतस्माद्विफलंरणमण्डले ॥ १४ ॥

कीर्तिके लिये होयहै यासों तुम भी मेरसों युद्ध करौ, बडे यत्नसों ॥ ७ ॥ मेरे आगे युद्ध करनेको आये प्राणनकी रक्षा करौ, गर्गजी कहै हैं ऐसे शिवजीके कहेको सुनके यदूत्तम अनिरुद्ध शोकको छोडके ॥ ८ ॥ शिवजीके शिरमें पांच बाण मारतौभयो वे पांचो बाण शिवजीके जटाजूटमें उरझगयेहैं ॥ ९ ॥ वे ऐसे सुशोभित भये जैसे वृक्षमें डरगांसके पांख होयँ, तब महादेवजीने अपने धनुषमें एक बाण लगायके ॥ १० ॥ तब वा बाणसों शिवजीने अनिरुद्धकी प्रत्यंचा काटगेरी, फिरि अनिरुद्धने और प्रत्यंचा चढायके शिवजीके धनुषकी प्रत्यंचा काटगेरी तब इन दोनोंनके अद्भुत और रोमहर्षण संग्रामको सुनिके ॥ ११ ॥ १२ ॥ विमानोंमें बैठे इंद्रादिक देवता बडो कौतुक समझके आयेहैं, आकाशमें खडे ह्वैके युद्धको देखके भयभीत ह्वैके बोलेहैं ॥ १३ ॥ देवता बोलेहै कि, ये दोनोंही तीनों लोकनके उत्पत्ति, लयके करनवारे हैं यासों रणभूमिमें इनको युद्ध करनो निष्फल है ॥ १४ ॥

इनमेंसों कौन संग्रामको जीतेगो और कौनको पराभव होयगो ? गर्गजी कहैहैं कि, तदनंतर तीन दिन इनको युद्ध भयोहै ॥ १५ ॥ फिर शिवजीने कुपित हैके धनुष सज्य करके लोकको प्रलय करनवारे ब्रह्मास्त्रको संधान कियो ॥ १६ ॥ तब अनिरुद्धने ब्रह्मास्त्रसों याको ब्रह्मास्त्र शांत कियोहै फिर पार्वतास्त्र चलायो, अनिरुद्धने वज्रास्त्रसों शांत करदियोहै तब शिवजीने आग्नेयास्त्र चलायोहै, अनिरुद्धने पर्जन्यास्त्र चलायके शांत कर्योहै ॥ १७ ॥ तब शिवजीने कुपित हैके त्रिशिख त्रिशूल अनिरुद्धके ऊपर प्रहार कियोहै ॥ १८ ॥ सो त्रिशूल अनिरुद्धको और हाथीको भेदन करके पार निकसगयोहै, दोनोंनके बीचमें ऊपरको पुंख और नीचेको मुख स्थित भयोहै ॥ १९ ॥ इस युद्धमें हाथी तो मरगयो और अनिरुद्ध मूर्च्छित हैगये दोनोंकी छाती फटगई और रणभूमिमें गिरपरेहैं ॥ २० ॥ तब तो बडो भारी हाहाकार शब्द भयोहै सब यादव शिवजीके आगे रुदन

कोविजेष्यतिसंग्रामंप्राप्स्यतेकःपराजयम् ॥ ॥ गर्गउवाच ॥ ॥ ततस्त्रिदिनपर्यंतंयुद्धमासीत्तयोर्भृशम् ॥ १५ ॥ पुनःशरासनंरुद्रःस
ज्यंकृत्वारुषान्वितः ॥ ब्रह्मास्त्रंसंदधेतत्रलोकप्रलयकारकम् ॥ १६ ॥ ब्रह्मास्त्रेणतुब्रह्मास्त्रंभिदुरास्त्रेणपार्वतम् ॥ पर्जन्यास्त्रेणचाग्नेयमनिरुद्धोजहा
रह ॥ १७ ॥ तदाप्रकुपितोऽत्यंतंपिनाकीप्रज्वलन्निव ॥ त्रिशिखेनत्रिशूलेनजघानकार्ष्णिनन्दनम् ॥ १८ ॥ सत्रिशूलश्चतंभित्त्वागजंभित्त्वा
विनिर्गतः ॥ स्थितोभूचतयोर्मध्येऊर्द्ध्वपुंखअधोमुखः ॥ १९ ॥ गजोमृत्युंगतोयुद्धेनिरुद्धोमूर्च्छितोऽभवत् ॥ पेततुस्तौचसंलग्नौभिन्नवक्षस्थ
लौमृधे ॥ २० ॥ हाहाकारस्तदैवासीद्रुरुदुःसर्वयादवाः ॥ रुद्रस्याग्रेयथाभीतायमस्याग्रेचपापिनः ॥ २१ ॥ अनिरुद्धंनिपतितंमृततुल्यंविमू
र्च्छितम् ॥ श्रुत्वाययौशंकितश्चसांबःस्कंदंविहायच ॥ २२ ॥ मूर्च्छितंयदुवीरंतुवीक्ष्यक्रोधपरिप्लुतः ॥ अश्रुपूर्णमुखःसांबःशर्वप्राहधनुर्द्धरः ॥
॥ २३ ॥ कस्मात्करिष्यसेरुद्रदानवानांहिपालनम् ॥ हत्वानिरुद्धंसंग्रामेवीरंचैवसुनन्दनम् ॥ २४ ॥ वेदेभागवतेशास्त्रेपुराविप्रैःश्रुतंमया ॥ श्री
कृष्णाख्यंपरंनित्यंशिवःसेवतिवैष्णवः ॥ २५ ॥ मृषाजातंहितत्सर्वंकार्ष्णिजेपतितेसति ॥ सुनन्दनःकृष्णसुतोसोपियुद्धेत्वयाहतः ॥ २६ ॥
वृथाकरिष्यसेयुद्धंधिक्त्वांतस्मान्महेश्वर ॥ अहंत्वांपातयिष्यामिरणेकृष्णपराङ्मुखम् ॥ २७ ॥

करनेलगे जैसे यमराजके अगारी पापीजन रुदन करैं है ॥ २१ ॥ इतनेमें मरेके समान मूर्च्छित भये परे अनिरुद्धको सुनके शंका जिनके मनमें उत्पन्न भई ऐसे सांबजी स्वामिका र्तिकजीको छोडके आयेहैं ॥ २२ ॥ तब यदुवीर (अनिरुद्ध) को मूर्च्छित परो देखके क्रोधमें पूर्ण हैके आंखोंमें जिनके अश्रु आयगये ऐसे सांबजी शिवजीसे बोले ॥ २३ ॥ हे रुद्र ! आज संग्राममें अनिरुद्धको और सुनंदनको पटककर फिर बताओ, दैत्यनको पालन कैसे करोगे ॥ २४ ॥ मैंने पहले वेदमें, भागवतमें और शास्त्रमें ब्राह्मणनके मुखसों सुनोहै कि, शिवजी नित्य परब्रह्म श्रीकृष्णकोही सेवा करैहैं, याहीसो शिवजी अनन्य वैष्णव कहे जातेहैं ॥ २५ ॥ सो आज अनिरुद्धके गिरनेपर वो बात (वैष्णव होनो) झूठी हैगई, जो तुमने कृष्णके पुत्र सुनंदनको मारदेरो याते तुमारो वैष्णवपनो जातो रह्यो ॥ २६ ॥ यासों हे महेश्वर ! अब तुमारो युद्ध करनो व्यर्थ है, तुमे धिक है जो अब तुम

कृष्णसें बहिर्मुख हैगयोहै, अब कृष्णसे बहिर्मुख भये तुमको मै संग्राममें मारके पटकौंगो ॥ २७ ॥ ठैर ठैर देख इन क्षुरप्र बाणनसो संग्राममें मारके पटकौंगो, ये सुनके प्रसन्न हैके शिवजी बोलेहै ॥ २८ ॥ शिवजी बोले हे यादवश्रेष्ठ ! तू धन्य है, तुम जो हमसों कहोहौ सो सब सत्य है ये देव और दानव जिनकी वंदना करैहैं वेही कृष्ण मेरे नाथ है ॥ २९ ॥ कुनंदनके मरेपै और बल्वलके मूर्च्छित भयेपै हे वीर ! सहायक बनके भक्तको रक्षा करवेकोही मैं आयो हौं ॥ ३० ॥ कछु क्रोधसों पूर्ण भयो अपने वचनके सत्य करवेको आयो मैं फिर युद्धांगणमें युद्ध करोंगो अपने भक्तको प्यार करवेकी इच्छासों ॥ ३१ ॥ शिवजीके या प्रकार कहनेपर रोषसों पूर्ण भयो सांब बडी शीघ्रतासों धनुषमें क्षुरप्रनामके जे बाण हैं तिनसों शिवजीके प्रहार कियेहै ॥ ३२ ॥ इन बाणनते शिवजीके किंचित् भी पीडा नहीं भई है जैसे मत्त गजके फूलनकी माला मारेसे नही पीडा होयहै ॥ ३३ ॥ तब शिवजीने अपनो धनुष हाथमें लियो है और बाण लगायके बडे तीक्ष्ण सांबके मारेहै या प्रकार सांबने शिवजीके और शिवजीने सांबके

क्षुरप्रैःसायकैःशीघ्रंतिष्ठतिष्ठरणेशिव ॥ एतद्वचःसमाकर्ण्यप्रसन्नःशंकरोऽब्रवीत् ॥ २८ ॥ ॥ शिवउवाच ॥ ॥ धन्यस्त्वंयादवश्रेष्ठसत्यंवद सिनोभवान् ॥ मन्नाथःकृष्णचन्द्रोयंदेवदानववंदितः ॥ २९ ॥ कुनंदनेचनिहतेबल्वलेमूर्च्छितेरणे ॥ सहायार्थमहंवीरभक्तरक्षार्थमागतः ॥ ॥ ३० ॥ सत्यंकर्तुंस्ववचनांकिंचित्कोपेनपूरितः ॥ करोमिप्रधनेयुद्धंभक्तप्रियचिकीर्षया ॥ ३१ ॥ इत्थंवदतिभूतेशेसांबोरोषप्रपूरितः ॥ तता डशीघ्रंचापेनक्षुरप्रैःसायकैर्मृडम् ॥ ३२ ॥ तैर्बाणैर्निहतोरुद्रोनाकिंचित्कश्मलंगतः ॥ यथामतंगजःपुष्पैर्जग्राहस्वधनुःशिवः ॥ ३३ ॥ तताड निशितैर्बाणैर्युद्धेजांबवतीसुतम् ॥ सांबःशिवंशिवःसांबंजघ्नतुस्तौपरस्परम् ॥ ३४ ॥ दृष्ट्वायुद्धंतयोर्लोकसंहारंमेनिरेऽमराः ॥ भूतलेगगनेराज न्महान्कोलाहलोऽभवत् ॥ ३५ ॥ भीताश्चवृष्णयस्तत्रनाथंकृष्णंस्मरंतिहि ॥ ३६ ॥ तदाहरिःश्रीयदुपालकश्चज्ञात्वायदूनांचमहाविपत्तिम् ॥ रथेनतत्रागतवान्रिपुघ्नोयुक्तेनशैब्यसुतुरंगमैश्च ॥ ३७ ॥ श्यामःकिरीटीनवकंजनेत्रोनवार्ककोटिद्युतिमादधानः ॥ कौमोदकीशंखरथांगपद्मको दंडबाणैर्नियुतोसिधारी ॥ ३८ ॥ श्रीवत्सचिह्नेनतुकौस्तुभेनपीतांबरेणापिचमाल्ययाढ्यः ॥ नीलालकैःकुण्डलकङ्कणाद्यैर्विभूषितःकोटिमनो जतुल्यः ॥ ३९ ॥ समुद्गलद्भिःसितफेनशीकरान्मुक्ताफलानीवचराजहंसकैः ॥ सुग्रीवमुख्यैरतिवेगवत्तरैर्हयैर्युतःसुन्दरसामगायनैः ॥ ४० ॥

परस्पर बाण चलायेहै ॥ ३४ ॥ तब इनके युद्धको देखके राजन् ! सब प्रजाने लोकनको संहार मानो है, या समय हे राजन् ! बड़ो भारी कोलाहल भयोहै ॥ ३५ ॥ भयसों भीत हैके सब यादव श्रीकृष्णको स्मरण करनलगेहै ॥ ३६ ॥ तब यदुवंशके पालन करनवारे भगवान् श्रीकृष्ण यदुवंशीनकी विपत्तिको जानके शत्रुनके मारनवारे शैब्य आदि अश्व जामें जुतरहे, दारुकयुक्त रथमें विराजमान हैके आप आयेहैं ॥ ३७ ॥ श्यामसुंदर किरीटको पहरें, नवीन कमलकेसे जिनके नेत्र, उदयकालीन कोटि सूर्यके समान तेजको धारण करनवारे, कौमोदकी, गदा, शंख, चक्र, कमल, धनुष, बाण और ढाल, तरवार ॥ ३८ ॥ श्रीवत्सको चिह्न, कौस्तुभ मणि, पीतांबर और वनमालाको धारण कररहे, नील अलक और कुंडल, कंकणसों विभूषित, किरोड कामदेवके समान हैं ॥ ३९ ॥ जैसे राजहंस मोतीनको उगले वैसे श्वेत फेनके कणनको मुखसों उगलरहे, सुग्रीव आदिक अश्व सामवेदकी ऋचानके

गनेवारे घोडनके जुते रथमें विराजमान ऐसे ॥ ४० ॥ अपने नाथ भगवान् श्रीकृष्णको आयो देखके हर्षसे विह्वल यादवनने स्वागत कियो और सुखी भयेहैं, शीतके मारे जैसें मनुष्य सूर्यको देखके प्रसन्न होयहै ॥ ४१ ॥ तब यदुसैन्यमें जय जय शब्द भयोहै और आकाशमें स्थित देवतानने पुष्प वर्षाये हैं ॥ ४२ ॥ तब सांबने सहाय करवेको आये कृष्णको देखके बडे हर्षित हैके धनुषको पटकके पायनमें गिरपरे ॥ ४३ ॥ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायामश्वमेधखंडे भाषाटीकायामष्टात्रिंशोऽध्यायः ॥ ३८ ॥ ॥ गर्गजी कहैहैं कि, तब श्रीकृष्णके दर्शनको करके श्रीशिवजी भयभीत है शंकित भयो मन जिनको सो अपने धनुष, त्रिशूलादिकनको छोडके बडी भक्तिसों श्रीकृष्णसों बोलेहैं ॥ १ ॥ शिवजी बोले हे विष्णो ! मेरे अविनयको दूर करो, मनको मेरे दमन करो, विषयमृगतृष्णाको शमन करौ, भूतनपर दयाको विस्तार करौ और संसारसागरसों मोय पार लगाओ ॥ २ ॥ दिव्यधुनी (नदी) को मकरंद और परिमल (गंध) के परिभोगसों सत्चित् जामें आनंद,

दृष्ट्वास्वनाथंयदवोस्वागतंहर्षविह्वलाः ॥ बभूवुःसुखिनःसर्वेशीतभीतारविंयथा ॥ ४१ ॥ तदाजयजयारावोयदुसैन्येबभूवह ॥ प्रचक्रिरेपुष्प
वर्षंगगनस्थाश्चदेवताः ॥ ४२ ॥ दृष्ट्वासांबस्तुश्रीकृष्णंसहायार्थंसमागतम् ॥ पपातपदयोस्तस्यचापंत्यक्त्वाप्रहर्षितः ॥ ४३ ॥ इति श्रीमद्ग
र्गसंहितायांहयमेधखण्डेऽनिरुद्धादिसाहाय्यार्थंकृष्णगमनंनामाऽष्टात्रिंशोऽध्यायः ॥ ३८ ॥ ॥ गर्गउवाच ॥ ॥ कृष्णंदृष्ट्वाहरस्तत्रभीतः
शङ्कितमानसः ॥ त्यक्त्वाचापत्रिशूलादीन्भक्त्याश्रीनाथमब्रवीत् ॥ १ ॥ ॥ शंकरउवाच ॥ ॥ ॐअविनयमपनयविष्णोदमयमनः
शमयविषयमृगतृष्णाम् ॥ भूतदयांविस्तारयतारयसंसारसागरतः ॥ २ ॥ दिव्यधुनीमकरंदेपरिमलपरिभोगसच्चिदानंदे ॥ श्रीपतिपदार
विंदेभवभयखेदच्छिदेवंदे ॥ ३ ॥ सत्यपिभेदापगमेनाथतवाहंनमामकीनस्त्वम् ॥ सामुद्रोहितरंगःक्वचनसमुद्रोनतारंगः ॥ ४ ॥ उद्धृतनग
नगभिदनुजदनुजकुलामित्रमित्रशशिदृष्टे ॥ दृष्टेभवतिप्रभवतिनभवतिकिंभवतिरस्कारः ॥ ५ ॥ मत्स्यादिभिरवतारैरवतारवतावतावसुधाम् ॥
परमेश्वरपरिपाल्योभवताभवतापभीतोहम् ॥ ६ ॥

संसारके भयके खेदको छेदन करनेवारे श्रीपतिके पदारविंदको मै प्रणाम करौहौं ॥ ३ ॥ हे नाथ ! भेदके अपगम (निवृत्ति) में भी मै तो आपको हूँ पन आप मेरे नहीं हौ जैसे तरंग समुद्रको है परंतु तरंगनको समुद्र नहीं है ऐसेही आपके हम है, आपके बनाये हम सब ब्रह्मा, रुद्रादिक हैं परन्तु हमारो बनायो नहीं है किंतु तू स्वतः सिद्ध है ॥ ४ ॥ उखारे हैं नग (पर्वत) जिनने ऐसो जो नगभित् (इंद्र) ताके अनुज अर्थात् हे इंद्रानुज ! हे दैत्यनके कुलके अमित्र (शत्रु) अर्थात् हे दैत्यारे ! और सूर्य चंद्रमा है नेत्र जाके ताको संबोधन है कि, हे मित्रशशिदृष्टे ! और जब आपके दर्शन करे तोही संसारको प्रभाव नहीं होयहै तब फिर कहौ आपमें या संसारको प्रभाव कैसे हैसकैहै ॥ ५ ॥ और हे परमेश्वर ! मत्स्यसों आदिक जे अवतार तिन अवतारनसों अवतारवाले भूमिके पालन करनवारे जे आप तिन तुम करके मै पालन करनेयोग्य हूँ, हे प्रभो ! मैं संसारके तापसों भयभीत हौं,

आपकी शरण हौं, आप रक्षा करौ ॥ ६ ॥ हे दामोदर ! हे गुणमंदिर ! (हे गुणालय !) हे सुंदर है वदनकमल जाको ! हे गोविंद ! आप संसारसमुद्रके मंथन करनेके मंदराचल, और पर है मंदर स्थान (वैकुंठ) जाको, मेरे दोषनको दूर करौ ॥ ७ ॥ हे नारायण ! हे करुणामय ! मैंने आपके चरणनकी शरण लीनीहै ये षट्पदी मेरे मुखकमलमें सदा निवास करौ ॥ ८ ॥ यामकार शिवजीने जिनकी स्तुति करी ऐसे संकर्षणके अनुज श्रीभगवान् प्रणाम कररहे, श्रीशिवजीसों सब अभिप्राय पूछते भयेहैं ॥ ९ ॥ भगवान्ने कही है कि, सुनौ शिवजी मेरे कुबुद्धिपुत्रने आपको कहा अपराध कियो हौ ? जो तुमने मेरे पुत्रको तो मारगेरो और अनिरुद्धको मूर्च्छित करदियो ॥ १० ॥ और यादवनकी सेना आपने क्यों मारी ? और आप लडवेको क्यों आयेहो ? और आप क्यों लडेहो ? ये सब मोसों कहिये ॥ ११ ॥ ऐसें श्रीकृष्णके कहेको महादेवजी सुनके बडे लज्जित हैकें और बहुतकुछ

दामोदरगुणमंदिरसुन्दरवदनारविंदगोविन्द ॥ भवजलधिमथनमंदरपरमंदरमपनयत्वंमे॥७॥नारायणकरुणामयशरणंकरवाणितावकौचरणौ॥ इतिषट्पदीमदीयेवदनसरोजेसदावसतु ॥ ८ ॥ इतिस्तुतःशङ्करेणप्रीतःसंकर्षणानुजः ॥ पप्रच्छसर्वाभिप्रायंनमन्तंचन्द्रशेखरम् ॥ ९ ॥ ॥ ॥ श्रीकृष्णउवाच ॥ ॥ किंकृतस्तेऽपराधोवैमत्पुत्रेणकुबुद्धिना ॥ यतस्त्वयाहतःसंख्येनिरुद्धोमूर्च्छितःकृतः ॥ १० ॥ हतंयदुबलंक स्मात्कस्मात्त्वंचागतोरणे ॥ कस्माद्युद्धंचकृतवांस्तन्मेव्याख्यातुमर्हसि ॥ ११ ॥ इत्थंश्रीकृष्णवचनंनिशम्यप्रमथेश्वरः ॥ उवाचलज्जितो भूत्वाविचार्यमधुसूदनम् ॥ १२ ॥ ॥ शंकरउवाच ॥ ॥ देवदेवजगन्नाथराधिकेशजगन्मय ॥ पाहिपाहिकृपाकारिन्निस्त्रपंमांकृतागसम् ॥ १३ ॥ त्वंनजानासिकिंदेवकथयिष्यामिकिंत्वहम् ॥ भक्तस्यपालनंकर्तुमाययातवमोहितः ॥ १४ ॥ अहमागतवान्देवत्वंसर्वंक्षंतुमर्हसि॥ शास्ताहंसर्वलोकस्यमानादितिमयाहरे ॥ १५ ॥ मारितासंगरेशूरावृष्णयःकृष्णदेवताः ॥ तस्मात्संतःस्वयंत्यक्त्वापरमैश्वर्यमीप्सितम् ॥१६॥ ध्यायंतेसततंकृष्णपादाब्जंतेनिरापदम् ॥ सुखंदुःखंनृणांतावद्यावत्कृष्णेनमानसम् ॥ १७ ॥ कृष्णेमनसिसञ्जातोभक्तिखड्गोदुरत्ययः ॥ नराणांकर्मवृक्षाणांमूलच्छेदंकरोतियः ॥ १८ ॥

विचारके बोले हैं ॥ १२ ॥ शिवजी बोले—हे देवदेव ! हे जगन्नाथ ! हे राधिकेश ! हे जगन्मय ! हे कृपाकारिन् ! अपराध करनवारे निर्लज्जकी मेरी रक्षाकर रक्षा कर ! ॥ १३ ॥ महाराज ! आप नहीं जानौहौ का ? भलो मैं कहा कहौं ? मैं तेरी मायासों मोहित भयो भक्तके पालन करवेको आयोहौं ॥ १४ ॥ सो हे देव ! या मेरे सब अपराधको क्षमा करौ कि, मैं सब लोकको शासन करनवारो हौं, या मेरे मानको निवृत्त करौ ॥ १५ ॥ कृष्ण जिनके देवता ऐसे बडे शूर यादवनको जो मैंने मारेहैं या मेरे अपराधकोहू आप क्षमा करौ, याहीसों संतजन वांछित परमैश्वर्यको त्यागके निरंतर कृष्णके चरणकमलको जे ध्यान करैहैं तिनको कभी कोई आपत्ति नहीं आवैहै जबतक ये जीवें कृष्णमें मन नहीं लगावैहै तबीताईं याको अनेक दुःख सुख प्राप्त होयहै ॥ १६ ॥ १७ ॥ जब मनमें कृष्णविषयक भक्तियोग खड्ग उत्पन्न होयहै तब वो भक्तियोग मनु

स्यनके कर्मरूप वृक्षनकी जडको छेदन करैंहै ॥ १८ ॥ मेरी भक्तिके बल सौंदर्य जिनको भयो ऐसे पापी जे मनुष्य है वे मेरे स्वामी यदूत्तम जे आप हो तिनको नहीं मानैंहैं वे सब
अवश्य नरकनमें जायहैं ॥ १९ ॥ इतनी प्रार्थना करके श्रीशंकर चुप ह्वैकै कृष्णके चरणनमें दंडकीसी नाईं जायपरैंहैं और आकुल ह्वैकै आँखिनमें आंसू भरलायेहैं ॥ २० ॥ तब
पाँवनमें परे शिवजीको उठायके आश्वासन कियो फिर भगवान् मिलके कृपामृतभरी दृष्टिसों देखते भयेहैं ॥ २१ ॥ फिर आपने कहीहै कि, सुनौ शिवजी ! सबी देवता अपने
भक्तोंको पालन करैंहैं तब फिर जो तुमने भक्तको पालन कियोहै सो तुमने कोई बुरो काम नहीं कियोहै ॥ २२ ॥ देखो मेरो हृदय तुमही और तुमारो हृदय मैं हूँ, मेरो
तुमारो भेद नहीं है जे मंदबुद्धि है वे मेरो, तुमारो भेद देखैंहै ॥ २३ ॥ हे शिव ! जे मेरे भक्त हैं वे सब तुमको प्रणाम करैंहै और तुमारे भक्त सदा मोकूँ प्रणाम करैंहै, जे कोई
मेरे या वाक्यको नहीं मानैंहैं वे मनुष्य अवश्य नरकमें जाय है ॥ २४ ॥ गर्गजी कहैंहै कि, श्रीकृष्ण भगवान् ऐसे कहिकै पुत्र सुनंदनके मरेभयेको अपनी कृपामृत दृष्टिसों वा

मद्भक्तिबलदर्पिष्ठामत्प्रभुंत्वांयदूत्तमम् ॥ नमन्यंतेचतेसर्वेयास्यंतिनिरयंध्रुवम् ॥ १९ ॥ इत्युक्त्वाशंकरस्तूष्णींभूत्वाकृष्णस्यपादयोः ॥ पपा
तदंडवद्भक्त्याह्यश्रुपूर्णाकुलेक्षणः ॥२०॥ उत्थाप्याश्वास्यतंरुद्रंपश्चात्तत्प्रदर्शनात् ॥ मिलित्वाभगवान्कृष्णआलुलोकसुधार्द्रदृक् ॥ २१ ॥
आहकृष्णःसुराःसर्वेकुर्वंतिभक्तपालनम् ॥ त्वयाजुगुप्सितंकर्मकिंकृतंभक्तपालने ॥ २२ ॥ ममासिहृदयेत्वंतुभवतोहृदयेह्यहम् ॥ आवयोरंतरं
नास्तिमूढाःपश्यंतिदुर्धियः ॥ २३ ॥ त्वांनमंतिचमद्भक्तास्त्वद्भक्तामांसदाशिव ॥ येनमन्यंतिमद्वाक्यंयास्यंतिनरकंचते ॥ २४ ॥ इत्युक्त्वाभग
वान्कृष्णोहतंपुत्रंसुनन्दनम् ॥ दृष्ट्यापीयूषवर्षिण्याजीवयामाससंयुगे ॥ २५ ॥ तत्पश्चादनिरुद्धस्यहृदयाच्छूलमेवच ॥ शनैःशनैःसमाकृष्य
जीवयामासतंहरिः ॥२६॥ तत्पश्चाद्यादवान्सर्वान्निहतान्संयुगेभृशम् ॥ अजीवयत्सुधादृष्ट्याकृष्णस्तुप्रभुरीश्वरः ॥२७॥ तावत्सदुंदुभिरवंपुष्पवृ
ष्टिंदिवौकसः ॥ उत्साहलक्षणांचक्रुःप्रसाद्यगरुडध्वजम् ॥२८॥ सर्वत्रैलोक्यनेतारंकृष्णंदृष्ट्वायदूत्तमाः ॥ उत्थायसंभ्रमाच्चक्रुर्जयारावंमुदान्वि
ताः ॥ २९ ॥ अथोत्थितोबल्वलस्तुमहादेवेनरक्षितः ॥ क्वगतश्चानिरुद्धोवैब्रुवन्वाक्यंरुषान्वितः ॥ ३० ॥ ततःशर्वेणदैत्यस्तुबोधितोवचनैः
शुभैः ॥ ज्ञात्वाकृष्णस्यमाहात्म्यंमुदितोऽभून्महामनाः ॥३१॥ ततःप्रणम्यगोविंदंस्तुत्वादैत्यस्तुबल्वलः ॥ तुरगंप्रददौराजन्बहुद्रव्येणसंयुतम् ॥३२॥

संग्राममें जिवायदियेहै ॥ २५ ॥ फिर पीछे भगवान्ने अनिरुद्धके हृदयमेंसो धीरेधीरे त्रिशूल खैंचके निकासौहै तब अनिरुद्ध भी सजीव ह्वैके उठबैठोहै ॥ २६ ॥ ताके पीछे जितने
यादव संग्राममें मेरे परेहैं तिनको श्रीकृष्णने अपनी अमृतवर्षिणी दृष्टिसों सजीव करदियेहै यामें कोई आश्चर्य नहीं है क्योंकि, आप ईश्वर है ॥ २७ ॥ तब आकाशमें देवताननें
नगाडे बजायेहै, पुष्पनकी वर्षा करीहै और बडे उत्साहसों गरुडध्वजको प्रसन्न कियोहै ॥ २८ ॥ तब सब लोकनके नेता श्रीकृष्णको सब यादव देखके बडे संभ्रमसों उठके ॥३८
बैठगये और बडे आनंदित ह्वैकै जयध्वनिको करतेभयेहै ॥ २९ ॥ तब शिवजीने जाकी रक्षा करी सो बल्वल दैत्यहू उठोहै तब ये कहतोभयो उठोहै, अरे अनिरुद्ध कहाँ गयोहै ॥
॥ ३० ॥ तब शिवजीने शुभ वचननसो दैत्यको समुझायोहै तब ये दैत्य श्रीकृष्णके माहात्म्यको जानके महामना ये दैत्य प्रसन्न भयोहै ॥ ३१ ॥ तब ये बल्वलदैत्य गोविंद श्रीकृ

णाको प्रणाम करतोभयो और हे राजन् ! अनेक वस्तु समेत श्रीकृष्णको घोडा लायके निवेदन कियोहै ॥ ३२ ॥ तब यज्ञियाश्वके लेके पुत्रपौत्रसहित श्रीकृष्ण सेतुकी रस्तासों पश्चिम दिशाको गयेहै ॥ ३३ ॥ कृष्णभगवान्के गयेपै श्रीशिवजीहू बल्वलदैत्यको राज्यपै बैठायके भैरवको संग लेके कैलासको गये है ॥ ३४ ॥ या कृष्णके चरित्रको जे मनुष्य घरमें सुनेहै तिनकी सहाय श्रीकृष्णभगवान् सदा करैंगे ॥ ३५ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायामश्वमेधखंडे भाषाटीकायामेकोनचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ३९ ॥ गर्गजी कहैहै तदनंतर कृष्णने छोडो जो अश्व है, पत्र जाके माथेमें बँधो है और दोनों बगलनमें चमरसों भूषित वो अनेक देशनको नेत्रनसों देखतो अगारी चलोहै ॥ १ ॥ तब बल्वल दैत्यको जीतो सुनके अनेक देशोंके स्वामी राजानने श्रीकृष्णके भयसों काहूने नहीं पकरोहै, हे नृप ! ॥ २ ॥ या प्रकार वो घोडा या भरतखंडमें विचरतो २ हे राजेंद्र ! एक महीनामें व्रजमंडलमें आयके पोहुँचोहै ॥ ३ ॥ तब श्रीयमुनाजीके पार उत्तरके वृंदावनमें आयके ये अश्वरत्न एक

ततोयज्ञहयंनीत्वापुत्रपौत्रपरिवृतः ॥ सेतुमार्गेणकृष्णस्तुप्रययौपश्चिमांदिशम् ॥३३॥ कृष्णेगतेभगवतिराज्येसंस्थाप्यबल्वलम्॥कैलासंप्रययौरुद्रःसगणस्तुसभैरवः॥३४॥ एतत्कृष्णचरित्रंतुयेशृण्वंतिगृहेजनाः ॥ तेषांसहायंभगवान्करिष्यतिसदाहरिः ॥३५॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहितायांहयमेधखण्डेऽनिरुद्धविजयवर्णनंनामैकोनचत्वारिंशोऽध्यायः ॥३९॥ ॥ गर्गउवाच ॥ ॥ मुक्तस्तुरंगःकृष्णेनपत्रचामरभूषितः ॥ प्रययौसन्द्रन्देशान्नेत्राभ्यांचविलोकयन् ॥१॥ बल्वलंनिर्जितंश्रुत्वानानादेशाधिपानृपाः ॥ हयंनजगृहुःप्रासंश्रीकृष्णस्यभयान्नृप ॥ २ ॥ इत्थंव्रजन्भारतेवैयदुवीरतुरंगमः ॥ एकमासेनराजेंद्रप्राप्तोभूद्व्रजमण्डले ॥ ३ ॥ ततःकृष्णांसमुत्तीर्यहृष्टावृन्दावनंवनम् ॥ तमालस्यतलेराजन्स्थितोभूद्धयसत्तमः ॥ ॥ ४ ॥ दूर्वांचरंतंतुरगंविलोक्यविहायगास्तेकिलगोपबालाः ॥ समाययुस्तेनृपकौतुकेनहयस्यपार्श्वेकरताडनैश्च ॥ ५ ॥ इतिपश्यत्सुसर्वेषु श्रीदामागोपनायकः ॥ जग्राहलीलयाराजश्चरंतंचंचलंहयम् ॥ ६ ॥ गोपाशेनहयंबद्ध्वागलेगोपैःपरिवृतः ॥ केनोत्सृष्टोवदन्वाक्यंनन्दस्यनिकटंययौ ॥ ७ ॥ आगतंवाजिनंदृष्ट्वानन्दोपिहर्षपूरितः ॥ तत्पत्रंवाचयित्वाऽऽहसर्वान्गद्गदयागिरा ॥ ८ ॥ उग्रसेनहयश्चैषपुरेममसमागतः ॥ पालितोह्यनिरुद्धेनमत्प्रपौत्रेणसर्वतः ॥ ९ ॥ गृह्णामियज्ञतुरगंमित्राणांमिलनायच ॥ ततःप्रपौत्रंपश्यामिकृष्णाकारंप्रियंकरम् ॥ १० ॥ इत्युक्त्वानन्दराजस्तुहृष्टोगोपैःपरिवृतः ॥ कथयित्वायशोदायैऽभिप्रायंनिर्ययौपुरात् ॥ ११ ॥

तमालकी छायामें आयके ठेहरगयोहै ॥ ४ ॥ वहाँ हरी २ दूबको चरते घोडाको देखके गऊके चरावनवारे ग्वारिया लोग गोपनके बालक गऊनको छोडके ताली बजाते बडे खेलसों घोडेके पास आयेहैं ॥ ५ ॥ या प्रकार सब गोप देखरहेहैं कि, श्रीदामा नाम गोपेश्वरने चररहे वा चंचल घोडेको आयके पकरलीनोहै ॥ ६ ॥ गऊनके रस्सासों या घोडेको नारमे बाँधके गोपनसों परिवृत अरे भाइयो ! ये घोडा कौनको ऐसे वाक्यनको कहते २ घोडेको लिये नंदबाबाके पास गयेहै ॥ ७ ॥ तब आयेभये वा घोडेको देखके नंदबाबाहू हर्षसों पूरित हैके वा पत्रको बँचवायके बडी गद्गद वाणीसों ये बोलेहैं ॥ ८ ॥ भाइहो ! देखो ये उग्रसेनको घोडा मेरे नगरमें आयोहै मेरे पन्ती अनिरुद्ध याके संगमें रखवारे हैं ॥ ९ ॥ सो मै या यज्ञके घोडाकूँ पकरूहूँ, मित्रनके मिलवेके लिये, तब कृष्णकोसो जाको आकार ऐसे प्रिय करनवारे पन्तीको देखोंगो ॥ १० ॥ इतनी बातको नंदराज सुनके

गोपन समेत देखवेको यशोदाके आगे अभिप्राय कहिके पुरके बाहिर निकसेहैं ॥ ११ ॥ त्योंही वाही समय भोज वृष्णि और अंधकवंशी सब यादव घोडेके पीछे लगेभये हैं नृपेश्वर ! वहाँही आयेहैं ॥ १२ ॥ ये यादव नेपाल तीर्थ, मिथिलापुरी, अयोध्यापुरीको देखते बर्हिष्मतीपुरी, कन्नोजमें होते संकर्षण श्रीबलदेवजीके निवासस्थान श्रीगोकुलमें होते है राजन् ! ॥ १३ ॥ जहाँ श्रीयमुनाजी, मथुरापुरी विराजमान है, जो श्रीकेशवजीकी पुरी है तहाँ वृंदावनमें नंदपुरमें हे नृपेंद्र ! श्रीकृष्णसहित सब यादव आयेहैं ॥ १४ ॥ तब रथमें विराजमान भये श्रीनंदनंदनने नंदग्रामको देखके सब यादवनके अगारी हैके भगवान् नंदग्राममें आयेहैं ॥ १५ ॥ तहाँ आयके सब गोपनके अगारी नंदबाबाको देखेहैं, वडो भारी शृंगार कियो हाथीको अगारी खडो देखोहै ॥ १६ ॥ हे नृपेश्वर ! अनेक बाजे बजरहेहैं शंखशब्द हैरहेहैं, जयजय शब्द हैरहेहैं, पुष्पनके आभूपण मंगल कलश और

तदेवयादवाःसर्वेभोजवृष्ण्यंधकादयः ॥ हयस्यपृष्ठतोलग्नास्तत्राजग्मुर्नृपेश्वर ॥ १२ ॥ विलोकयंतोनयपालतीर्थंतथाचमार्गेमिथिलामयो ध्याम् ॥ बर्हिष्मतींचैवहिकान्यकुब्जंसांकर्षणंगोकुलमेवराजन् ॥ १३ ॥ मार्त्तंडकन्यांमथुरांपुरींचविराजतेयत्रतुकेशवश्च ॥ वृंदावनेनन्दपुरे नृपेंद्रसमागताःकृष्णयुताश्चसर्वे ॥ १४ ॥ नन्दग्रामंतत्रदृष्ट्वारथस्थोनन्दनंदनः ॥ सर्वेषामग्रतोभूत्वाह्याययौयादवैर्वृतः ॥ १५ ॥ ददर्शतत्रपुर तोगोपालैःपितरंहरिः ॥ संस्थितंतुपुरस्कृत्यवारणेन्द्रमलंकृतम् ॥ १६ ॥ वादित्रैःशंखशब्दैश्चजयशब्दैर्नृपेश्वर ॥ पुष्पालंकारकलशलाजा द्यैःपरिभूषितम् ॥ १७ ॥ ततश्चयादवाःसर्वेनेमुर्नंदंनिरीक्ष्यच ॥ हर्षाश्रुविप्लुताराजन्नुद्धवाद्याश्चतत्रवै ॥ १८ ॥ तदैवनन्दराजस्यदक्षिणांगम थास्फुरत् ॥ उवाचहृष्टमनसिह्युत्तमंशकुनंनृप ॥ १९ ॥ अद्यपश्यामिनेत्राभ्यांकृष्णंकिंप्रियवादिनम् ॥ यस्मान्ममाक्षःस्फुरतिदक्षिणश्चप्रि यंकरः ॥ २० ॥ मन्नेत्रगोचरःकृष्णोयदाभूयात्तदाह्यहम् ॥ गवांलक्षंप्रदास्यामिब्राह्मणेभ्योह्यलंकृतम् ॥ २१ ॥ इत्युक्त्वावचनंनंदोविररामयदा नृप ॥ तदाशृणोत्स्वपुत्रस्यागमनंव्रजवासिभिः ॥ २२ ॥ श्रीकृष्णागमनंश्रुत्वानन्दोविरहविप्लुतः ॥ पश्यन्हरिंचसर्वेषांनिचचाररुदन्निव॥२३॥ वदन्कृष्णेतिकृष्णेतिगिरागद्गदयाभृशम् ॥ हेकृष्णचन्द्रक्वगतोदुःखितंमांनपश्यसि ॥ २४ ॥

धानकी खीलसों भूषित है ॥ १७ ॥ तब सब यादव नंदबाबाको देखके प्रणाम करतेभये और हे राजन् ! उद्धवादिक सब आनंदके सागरमें डूबगयेहैं ॥ १८ ॥ तब नंदबाबाको दक्षिण अंग फडकनलगोहै तब हे नृप ! वा उत्तम शकुनक देखके मनमें विचार करनलगेहैं ॥ १९ ॥ कहा मैं आज प्रियवादी कृष्णको देखोंगो जो आज प्यारी बातको करनवारो मेरो दक्षिण अंग फडकैहै ॥ २० ॥ आज मेरे नेत्रगोचर श्रीकृष्ण होयँगे, कहा तब मैं शृंगार करीभई एक लाख गऊ ब्राह्मणनको देऊँगो जो मैं कृष्णके दरशन पाऊँगो तौ ॥ २१ ॥ इतनी बात नंदजी कहिके हे नृप ! जब चुप हैगये तब व्रजवासिनके मुखसों श्रीकृष्णको आगमन सुनोहै ॥ २२ ॥ तब श्रीकृष्णके आगमनको सुनके विरहमें डूबे नंदबाबा हरिको देखनेको सबके अगारी रोवतेसे विचरनलगेहैं ॥ २३ ॥ गद्गद वाणीसों हे कृष्ण ! हे कृष्ण ! ऐसे कहते गद्गद वाणी करके बोले हैं, हे श्रीकृष्णचंद्र ! ऐसे कहते दुःखी मोको

नहीं देखोहो कहा ? ॥ २४ ॥ तब पितृवत्सल श्रीकृष्ण पिता (नंदबाबा) को देखके रथमेंसों उतरके नंदबाबाके पाँयनमें गिरपडे हैं ॥ २५ ॥ तब बहुत दिनमें आये पुत्र कृष्णको उठायके, छातीसों लगायके, जलसों स्नान करायके आनंदमें मग्न हैगयेहैं ॥ २६ ॥ तब श्रीकृष्णके नेत्रनसों आँसूनकी धार बहीहैं, प्रेममें डूबे श्रीदामादिक अपने मित्रनको देखोहै ॥ २७ ॥ तब श्रीकृष्ण अपने एक एक मित्रनसों पृथक् २ मिलेहैं स्नेहके प्रवाहमें डूबेहैं, अहो देखो ये भूमंडलमें भक्तनके माहात्म्य कहिवेको कोन समर्थ हैसकै हैं ॥ २८ ॥ तब नंदादिक गोप और कृष्णादिक यादव रुदन करनलगेहैं, वे सब विरहमें विकल हैके बोलनेकोहू समर्थ नहीं भये हैं ॥ २९ ॥ तब श्रीनेत्रमें आँसूभरके गद्गद वाणीसों प्रेमानंदमें आकुल जे सब गोप हैं तिनको आश्वासन करतेभयेहैं ॥ ३० ॥ वा समय सब गोपनने परिपूर्णतम साक्षात् जगदीश्वर कृष्णको वैसोही देखोहै जैसे कि, जब

ततोनिरीक्ष्यपितरंश्रीकृष्णःपितृवत्सलः ॥ अवप्लुत्यरथात्तूर्णंपपातचरणौपितुः ॥ २५ ॥ श्रीनन्दराजस्तनयंसमुत्थाप्यचिरागतम् ॥ स्नापया मासस्सलिलैःकृत्वावक्षसिनेत्रयोः ॥ २६ ॥ अक्षिभ्यांकृष्णचन्द्रस्तुमुमोचाश्रुघृणातुरः ॥ श्रीदामादीन्सखीन्दृष्ट्वापश्चात्प्रेमपरिप्लुतान् ॥ २७ ॥ पृथक्पृथक्परिरेभेकृष्णप्रेमपरिप्लुतः ॥ भक्तानांकोस्तिमाहात्म्यमहोवक्तुंधरातले ॥ २८ ॥ नन्दाद्यारुरुदुर्गोपाःश्रीकृष्णाद्याश्चयादवाः ॥ प्रव क्तुंनसमर्थास्तेसर्वेविरहविक्लवाः ॥ २९ ॥ अश्रुपूर्णमुखेःकृष्णोगोपान्गद्गदयागिरा ॥ सर्वानाश्वासयामासप्रेमानंदसमाकुलान् ॥ ३० ॥ परिपूर्णतमंसाक्षाच्छ्रीकृष्णंजगदीश्वरम् ॥ तादृशंददृशुःसर्वेयादृशोमथुरांगतः ॥ ३१ ॥ नवीननीरदश्यामंकिशोरवयसंशिशुम् ॥ शरत्प्रभातक मलकांतिमोचनलोचनम् ॥ ३२ ॥ शरत्पूर्णेन्दुशोभाढ्यंशोभास्वाच्छादनाननम् ॥ कोटिमन्मथलावण्यंलीलानंदितसुन्दरम् ॥ ३३ ॥ सस्मि तंमुरलीहस्तंद्विभुजंह्यतिसुन्दरम् ॥ तडिद्वस्त्रधरंदेवंमत्स्यकुण्डलिनंहरिम् ॥ ३४ ॥ चन्दनोक्षितसर्वांगंकौस्तुभेनविराजितम् ॥ आजानुमाल तीमालावनमालाविभूषितम् ॥ ३५ ॥ मयूरपिच्छचूडंचसद्रत्नमुकुटोज्ज्वलम् ॥ पक्वबिंबाधिकोष्ठंचनासिकोन्नतशोभनम् ॥ ३६ ॥ एवंकृष्ण स्यराजेन्द्ररूपंनेत्रैर्व्रजौकसः ॥ पपुरानन्दसंमग्नाःपीयूषंमानवाइव ॥ ३७ ॥

व्रजसों मथुराजी गये हे वा समय जैसे हे ॥ ३१ ॥ नवीन मेघके समान श्याम, किशोर अवस्थाको जैसो बालक, शरत्कालीन कमलको लज्जित करनवारे जाके नेत्र ॥ ३२ ॥ शरदऋतुके चंद्रमाकी शोभाको आच्छादन करनवारो जाको मुख, कोटि कामदेवके सौंदर्यको निंदा करनवारो ज्याको सौंदर्य तासों आनंदित कियेहैं संत और सुर जाने ॥ ॥ ३३ ॥ मंद मुसकान करे, मुरलीको हाथमें लिये, दो जिनके भुजा अतिसुंदर बिजलीवत् वस्त्रको धारण करे मकर आकार कुंडल पहरे ॥ ३४ ॥ केसरिया चंदनसों सर्वांग जिनको लिप्त, कौस्तुभसों विराजित जिनको कंठ, आजानुलंबित भुजदंड, आजानु पर्यंत मालतीकी माला और वनमालासों विराजित ॥ ३५ ॥ मोरपंखनको मुकुट और उत्तम रत्नको मुकुट तासों उज्ज्वल, पक्व कंदूरीकेसे ओष्ठ, ऊँची नासिकासों अति शोभन ॥ ३६ ॥ हे राजेंद्र ! ऐसे श्रीकृष्णके रूपको व्रजवासी आनंदमें मग्न हैके ऐसे पीवोहै जैसे

अमृतको मनुष्य पीवे ॥ ३७ ॥ तब नंदबाबाने अनिरुद्ध और सांबादि यादवनको परम प्रसन्न हूंके प्रेममें डूबरहेने अनेक आशिष दीनी हैं ॥ ३८ ॥ तब नंदबाबाने अपने पुत्र, पौत्रनसहित व्रजमें प्रवेश किये तब महामति नंद सब दुःखसों रहित भयो ॥ ३९ ॥ तब सांबादि पुत्रनसों शोभित श्रीकृष्ण रथमेंते उतर माता (यशोदा) के घरमें आनंद देते आप पधारे हैं ॥ ४० ॥ तब श्रीकृष्णने घरके द्वारपें आई यशोदाको देखीहै, रुदन करती बाष्प जाके कंठमें ता माताको आपने देख प्रणाम करीहै ॥ ४१ ॥ तब माता यशोदाने प्राणनसों प्यारे अपने पुत्रको आलिंगन कर गद्गद होकर आशीर्वाद दिये हैं ॥ ४२ ॥ तब नंदजी, उपनंद, और छै वृषभानु और वृषभानुवर ये सब श्रीकृष्ण के दर्शन करवेको आयेहै ॥ ४३ ॥ और वहां आई जो सब गोपी है, यादवनसहित श्रीकृष्णने इन सबनको यथोचित मान कीनां है ॥ ४४ ॥ तब इन सबनने प्रसन्न मुख

अनिरुद्धंततोनन्दःसांबादींश्चैवयादवान् ॥ आशिषंप्रददौराजन्प्रीतःप्रेमपरिप्लुतः ॥ ३८ ॥ ततःसर्वैश्चयदुभिःपुत्रपौत्रपरिवृतः ॥ विवेशस्वपुरं नन्दोगतदुःखोमहामतिः ॥ ३९ ॥ अवरुह्यरथात्कृष्णःसांबाद्यैःपरिभूषितः ॥ त्वरंस्वमातुर्भवनमानंदंप्रददन्ययौ ॥ ४० ॥ दृष्ट्वास्वमातरंकृष्णोगृहद्वारेसमागताम् ॥ रुदतींवाष्पकण्ठींतांननामप्ररुदन्हरिः ॥ ४१ ॥ यशोदातस्यजननीस्वप्राणेभ्यःप्रियंसुतम् ॥ उपगूह्यददौतस्मैगिरा गद्गदयाशिषः ॥ ४२ ॥ नन्दस्तथोपनंदश्चतथापड्वृषभानवः ॥ वृषभानुवरश्चैवह्येतेद्रष्टुंसमाययुः ॥ ४३ ॥ तत्रागतानांगोपानांश्रीकृष्णोयादवैर्वृतः ॥ यथाविध्युपसंगम्यसर्वेषांमानमादधे ॥ ४४ ॥ तेतुकृष्णस्यकुशलंपप्रच्छुर्मुदिताननाः ॥ तेषांकृष्णस्तुभगवान्पप्रच्छकुशलंपरम् ॥ ॥ ४५ ॥ ततश्चयमुनातीरेवृंदारण्येनृपेश्वर ॥ बभूवुःशिबिराःसर्वेऽनिरुद्धस्यमहात्मनः ॥ ४६ ॥ शिबिरेष्वनिरुद्धाद्याःसांबाद्याश्चोद्धवादयः ॥ निवासंचक्रिरेकृष्णःस्थितोभून्नंदपत्तने ॥ ४७ ॥ आगतेभ्यश्चसर्वेभ्योनंदःकृष्णेनसंयुतः ॥ भोजनंप्रददौराजन्पशुभ्यश्चतृणानिच ॥ ॥ ४८ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायांहयमेधखण्डेव्रजप्रवेशोनामचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४० ॥ ॥ गर्गउवाच ॥ ॥ आहूतोराधयाकृष्णःसन्ध्यायांनंदनंदनः ॥ जगामशश्वदेकांतिशीतलंकदलीवनम् ॥१॥ रंभादलैश्चंदनस्यपंकयुक्तंमनोहरम् ॥ स्फारास्फुरत्नभगेहंयमुनावायुशीकरम् ॥२॥

हूंके कृष्णको कुशल पूछीहै और भगवान् कृष्णने उनको कुशल पूछीहै ॥ ४५ ॥ तब तो हे नृपेश्वर ! यमुनाजीके तीरपै वृंदावनमें अनिरुद्धके सेनाके डेरा तंबू परगयेहैं ॥ ॥ ४६ ॥ उन तंबूनमें सब अनिरुद्धादिक और सांबादिक सब यादव तथा उद्धवादिकनने तंबू डेरानमें निवास कियोहै और कृष्णचंद्रने या रात्रिमें नंदमहलमेंही निवास कियोहै ॥ ॥ ४७ ॥ तब जे कोई अनिरुद्धादिकनके संगमें हे उननको सब खान पान दियोहै और पशु (हाथी घोडे आदिक) नको चारो, दानो, रातब आदि सबको सब चीज नंदबाबानेही दीनोंहै ॥ ४८ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायामश्वमेधखंडे भाषाटीकायां चत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४० ॥ गर्गजी कहेहै कि, संध्याके समय जब श्रीराधाजीने श्रीकृष्णको बुलवाई तब शीतल कदलीवनको आप राधाजीके पास गयेहैं ॥ १ ॥ जामें केलाके पत्रनको बनमें एक घर बन रह्योहै, जामें चोवा,

चंदन, छिरक रह्योहै, आगे जलकण चारों बगल झररहेंहैं और यमुनाजीको शीतल जल संबंधी पवन चलरह्योहै ॥ २ ॥ ऐसो अतिसुंदर श्रीप्रियाजीको मंदिर है परंतु यो सब प्रियाजीको विरहाग्निसों भस्मके समान मालूम परैहै ॥ ३ ॥ हे नृप ! ता मंदिरमें विराजीभई श्रीवृषभानुनंदिनी श्रीदामाजीके शापसों श्रीकृष्णके आगमनके लिये अपने शरीरकी रक्षा करैहैं ॥ ४ ॥ तब श्रीराधाजी वनमें पधारी श्रीकृष्णको आये सखीनके मुखसों सुनके आप आसनते उठके सब सखीनको संग लेके बडी शीघ्रतासों अपने मंदिरके द्वारपर लिवायवेके लिये आईहैं ॥ ५ ॥ श्रीकृष्णके लिये व्रजेश्वरीने अर्घ्य, पाद्य, आसन आदिक उपचार निवेदन कियेहै और श्रीव्रजेश्वरके लिये कुशल प्रश्नके वचन कहैहैं ॥ ६ ॥ परिपूर्णतम कृष्णको देखके परिपूर्णतमा राधिकाजीने विरहव्यथा दूर करी और समागमके हर्षसों पूर्ण भई हैं ॥ ७ ॥ फिर वस्त्रभूषणनसों अपनो शृंगार

एतादृशंराधिकायाःसुन्दरंमेघमंदिरम् ॥ सर्वंदुःखाग्निनानित्यंभस्मीभूतंबभूवह ॥ ३ ॥ श्रीदामशापेननृपदुःखेनवृषभानुजा ॥ तनुंरक्षतितत्रापिकृष्णागमनहेतवे ॥ ४ ॥ निशम्यकृष्णंस्ववनेसमागतंसखीमुखाच्छ्रीवृषभानुनंदिनी ॥ आनेतुमुत्थायवरासनात्त्वरंद्वारेसखीभिर्नृपसाजगामह ॥ ५ ॥ ददौह्यासनपाद्याद्यानुपचारान्व्रजेश्वरी ॥ वदंतीकुशलंवाक्यंकृष्णाकृष्णंव्रजेश्वरम् ॥ ६ ॥ परिपूर्णतमंदृष्ट्वापरिपूर्णतमा नृप ॥ जहौविरहजंदुःखंसंयोगेहर्षपूरिता ॥ ७ ॥ चकारस्वस्याःशृंगारंवस्त्रालंकारचंदनैः ॥ कुशस्थल्यांगतेनाथेशृंगारोनकृतस्तया ॥ ८ ॥ पुरातयानभुक्तंचतांबूलंमिष्टभोजनम् ॥ कृतंनशय्याशयनंकचिद्धास्यंनवाकृतम् ॥ ९ ॥ सिंहासनेस्थितंराधादेवंमदनमोहनम् ॥ हर्षाश्रूणिप्रमुंचंतीजगौगद्गदयागिरा ॥ १० ॥ ॥ राधोवाच ॥ ॥ गोकुलंमथुरांत्यक्त्वागतःकस्मात्कुशस्थलीम् ॥ वदतन्मेहृषीकेशत्वंसाक्षाद्गोकुलेश्वरः ॥ ११ ॥ क्षणंयुगसमंनाथजानामित्वद्वियोगतः ॥ घटीमन्वंतरसमांद्विपरार्द्धसमंदिनम् ॥ १२ ॥ कस्मिन्कुकालेविरहोमेबभूवचदुःखदः ॥ येनत्वच्चरणौदेवनद्रक्ष्यामिसुखप्रदौ ॥ १३ ॥ यथारामंतुसीतेवमानसंवरटेवच ॥ तथारासेश्वरंत्वांतुमानदंहिसमुत्सहे ॥ १४ ॥ सर्वंजानासिसर्वज्ञःकिंदुःखंकथयाम्यहम् ॥ शतवर्षंगतंनाथवियोगोनगतोमम ॥ १५ ॥

कियेहै, जबसों आप द्वारिकाको पधारेहैं तबसों सब शृंगार त्यागदियेहै, सो कियेहैं ॥ ८ ॥ जबसों आप गयेहैं वाही दिनसों राधिकाने ताम्बूलादिक मिष्ट भोजन, शय्यापै शयन, काहूसे हँसनो ये सब छोडदियेहै ॥ ९ ॥ तब सिंहासनपै विराजे देव मदनमोहनको देखके हर्षाश्रुनको बहावती गद्गद वाणीसों बोलीहै ॥ १० ॥ राधाजी बोली महाराज ! गोकुलका और मथुराजीको छोडके आप द्वारिकाजीको कैसे पधारे ? हे हृषीकेश ! आप तो साक्षाद्गोकुलेश्वर है, ये आप मोय बताओ ॥ ११ ॥ हे नाथ ! आपके वियोगमें मैं एक क्षणको एक युग जानोंहों, एक घडीको एक मन्वंतरके समान और एक दिनको द्विपरार्धके समान मानोंहो ॥ १२ ॥ हाय वो कौनसी खोटी घडी ही, जामें मेरो आपसों वियोग भयो हो, जासों फिर सुखप्रद आपके चरण न दीखे ॥ १३ ॥ जैसे श्रीरामको सीताजी, और मानससरको हंसी चाहे ऐसेही मान देनवारे आप रासेश्वरको मैं चाहूंहूं ॥ १४ ॥ तुम सर्वज्ञ हो,

सब जानोही मैं अपनो कहा दुःख कहौं सौ वर्ष बीतगयेहैं पर मेरो वियोग निवृत्त न भयो ॥ १९ ॥ हे राजन् ! स्वामिनीजी स्वामीसों इतने वचन कहिके वियोगके दुःखमें डूबी, दुःखनको याद करती रुदन करनलगीहैं ॥ १६ ॥ तब रुदन करती प्रियाजीको भगवान् देखके प्रिय वचन बोलेहैं, अपने वचननसों प्यारीके दुःखनको शांत करतेभये ॥ १७ ॥ श्रीकृष्णजी बोले कि, हे राधे ! शरीरको सुखावनवारो शोक तुमे नहीं करनो चाहिये, प्यारीजी ! मेरो तेरो तेज एकही दो हैगयोहै, वास्तवसों न्यारो नहीं है ॥ १८ ॥ या बातको ऋषि जानैहैं जहाँ तू है वहाँ मैंहूँ, जहाँ मैंहूँ तहाँ तू है, मेरो तुमारो कबहूँ वियोग नहीं है जैसे प्रकृति, पुरुषको वियोग नहीं है ॥ १९ ॥ और जे कोई हममें तुममें भेद देखैहै वे नराधम हैं, हे राधे ! वे मनुष्यदेहके अंतमें नरकनमें परैहै ॥ २० ॥ अब अगारी तुम मोकूँ अपने पासही देखोगी जैसे प्रातःकालमें चकवी अपने प्यारे

इत्युक्त्वावचनंराजन्स्वामिनीस्वामिनीपरम् ॥ वियोगखिन्नादुःखानिस्मरंतीसारुरोदह ॥ १६ ॥ दृष्ट्वाप्रियांरुदंतींतांप्रियःप्राहप्रियंवचः ॥
तस्याश्चशमयन्वाक्यैःकृष्णःकश्मलमेवच ॥ १७ ॥ ॥ श्रीकृष्णउवाच ॥ ॥ नकर्त्तव्यस्त्वयाराधेशोकश्चतनुशोषकः ॥ तेजश्चैकंद्विधाभूत
मावयोश्चंपयोविदुः ॥ १८ ॥ यत्राहंत्वंसदातत्रयत्रत्वंचाहमेवच ॥ वियोगआवयोर्नास्तिमायापुरुषयोर्यथा ॥ १९ ॥ भेदंहिचावयोर्मध्येये
पश्यंतिनराधमाः ॥ देहांतेनरकान्राधेतेप्रयांतिस्वदोषतः ॥ २० ॥ अथातस्त्वंतुमांराधेनित्यंद्रक्ष्यसिचांतिके ॥ प्रभातेचक्रवाकीवचक्रवाकं
प्रियंकरम् ॥ २१ ॥ किंचित्कालेनदयितेगोपगोपीभिरेवच ॥ साकंत्वयाऽक्षरंब्रह्मश्रीगोलोकंव्रजाम्यहम् ॥ २२ ॥ ॥ गर्गउवाच ॥ ॥
माधवस्यवचःश्रुत्वागोपीभिःसहराधिका ॥ प्रसन्नापूजयामासरमेशंचरमायथा ॥ २३ ॥ श्रीराधयापुनःकृष्णोरासार्थंप्रार्थितोनृप ॥ प्रसन्नो
वृंदकारण्येरासंकर्तुंमनोदधे ॥ २४ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायामश्वमेधखण्डेराधाकृष्णमेलनंनामैकचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४१ ॥ ॥ गर्ग
उवाच ॥ ॥ हेमंतेमासिपूर्वस्मिन्राकायांराधिकेश्वरः ॥ वंशींवशकरींदध्मौयथावृन्दावनेपुरा ॥१॥ ध्वनिर्बभूवतस्याश्चसर्वेषामाहरन्मनः॥
निशम्यगोप्यःसंखिन्नाःकामखेदेनतत्क्षणः ॥ २ ॥ रुंधन्नंबुभृतश्चमत्कृतिपरंकुर्वन्मुहुस्त्वंबरंध्यानाद्वंतनयन्सनंदनमुखान्विस्मेरयन्वेधसम् ॥
औत्सुक्याद्बलिभिर्बलिंचटुलयन्भोगेंद्रमाघूर्णयन्भिदन्नंडकटाहभित्तिमभितोबभ्रामवंशीध्वनिः ॥ ३ ॥

चकवाको अपने समीपमें देखैहै ॥ २१ ॥ हे प्रिये ! किंचित्काल बीते पीछे गोपगोपीनको संग लैके साक्षात् अक्षर ब्रह्मस्थान गोलोकको जाऊँहौ ॥ २२ ॥ गर्गजी बोलेहैं कि, ये श्रीकृष्णके कहेको सुनके श्रीराधिका सब सखीनके सहित प्रसन्न हैके रमेशको रमा जैसे ऐसे पूजन करतीभई ॥ २३ ॥ तब श्रीराधासे कृष्ण हे नृप ! रासके लिये प्रार्थना कियेगये तब प्रसन्न हैके वृंदावनमें रास करवेको तयार भयेहै ॥ २४ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायामश्वमेधखंडे भाषाटीकायामेकचत्वारिंशत्तमोऽध्यायः ॥ ४१ ॥ गर्गजी कहैहै कि, हे राजन् ! हेमंतऋतुमें पहले महीनामें पूर्णिमामें राधिकानाथने वृंदावनमें जैसे पहले बजाई ही याहीप्रकार वशकरी वंशी बजाईहै ॥ १ ॥ ता समय सबनके मनको हरनवारी या वंशीकी ध्वनिको सुनके कामके खेदयुक्त भई जे गोपी वे सब त्रासयुक्त होतीभई ॥ २ ॥ समुद्रके वेग रुकगये अर्थात् जलमें हिलोर आनो बंद हैके जल स्थिर

हैगयो, आकाशमें अनेक चमत्कार दीखनलगे सनन्दनादिक योगिनके ध्यान छूटगये, ब्रह्माजीकोहू वडो भारी विस्मय भयोहै, बडी भारी उत्कंठासों अनेक प्रकार बोले लेकें बलि राजा चंचल हैगये, शेषजी कॉंपनेलगे और जब वंशी बजीहै तब सब जगत्, सब ओरसे ब्रह्मांड फूटनलगेहैं ॥ ३ ॥ इतनेमेंही चर्षणी (विरहीजननके) शोचनको धोवतो चंद्रमा उदय भयोहै, जैसे हे राजेंद्र ! परदेशसों आयो पति अपनी प्रियाके शोचको दूर करैहै ॥४॥ हे राजन्! वा समय यमुनाजीने दिव्य तनु धारण कियोहै और वृंदावन तथा गोवर्धन और व्रजकी भूमिने अपनो २ दिव्य रूप धारण कियोहै ॥ ५ ॥ सोही अब इनके दिव्य रूपनको वर्णन करैहै कि, वो श्रीयमुना नदी सर्वोत्कर्ष करके बरतेहैं, जामें मणींद्र मोती माणिक्य श्वेत (हीरा) और हरित (पन्ना) इनकी जिनमें तोलिका (कोट) तिनसों और वैदूर्य, नीलक, पन्ना, हीरा, पीतमणिनकी जिनमें सिढी ऐसे मणिमंडप तिनसों जो प्रकाश करैहै ॥ ॥ ६ ॥ अपनी-इच्छासों चलनवारे जे मत्स्यनके गण तिनसों युक्त निर्मल अपने अंगसो पापसमूहनको नाश करती बहिरहीहै ॥ ७ ॥ फिर कहैहैं कि, वा गोवर्धन पर्वतको भजन

अथोद्गाच्चंद्रमास्तुचर्षणीनांशुचोमृजन् ॥ यथाप्रियायाराजेंद्रविदेशादागतःप्रियः ॥ ४ ॥ तदैवयमुनाराजंस्तनुंदिव्यंदधारह ॥ वृन्दावनंगिरींद्रश्चव्रजभूमिश्चमानद ॥ ५ ॥ कृष्णानदीजयतियत्रमणींद्रमुक्तामाणिक्यशुभ्रहरिताकरतोलिकाभिः ॥ वैडूर्यनीलकहरिद्धरिवज्रपीतसोपानमण्डपयुताभिरतिस्फुरंती ॥ ६ ॥ स्वच्छंदसूत्पतितमत्स्यगणैर्वहंतीसच्छ्यामलेनवपुषाऽघगणंहरंती ॥ उत्तुंगलोललहरीकमलैर्लसंतीकृष्णानदीजयतिकृष्णगृहेलुठंती ॥ ७ ॥ गोवर्द्धनंभजगिरिंशतचंद्रयुक्तंमंदारचन्दनलतावृतकल्पवृक्षम् ॥ श्रीरासमण्डलयुतंमणिमंडपाढ्यंकोटीरसंकुलनिकुञ्जकुटीरकोटिम ॥ ८ ॥ वृंदावनंचयमुनातटनीरतीरसंपृक्तमंदगमनैरतिगंधवातैः ॥ तत्कंपितंचसुरभीकृतसर्वदेशंश्रीखण्डकुंकुममृदागुरुचर्चितंशम् ॥ ९ ॥ जुष्टंवसंतनवपल्लवपुष्पपर्णैर्मंदारचंदनसुचंपकनीपनिंबैः ॥ आम्रातकाम्रपनसागुरुनागरंगैःश्रीतालपिप्पलवटैर्नवनारिकेरैः ॥ १० ॥ खर्जूरश्रीफललवंगविराजमानमंजीरशालकतमालकदंबयुक्तम् ॥ संतानकुंदबदरीकदलीसिताढ्यंश्रीशाल्मलीबकुलकेतकिसच्छिरीषम् ॥ ११ ॥ सन्मोदिनीजलजवृन्दमनोहराभंवृन्दारकंवरवनंतुलसीलताढ्यम् ॥ श्रीमल्लिकाऽमृतलतामधुमाधवीभिःसंराजितंस्मरनृपेंद्रव्रजस्यमध्ये ॥ १२ ॥

करै जामें शत १०० चंद्र प्रकाश करैहै और मंदार और चंदनकी लतानसों लिपटे कल्पवृक्षनके वन हैं, रासमंडल जामें बनरह्योहै मणिनके मंडपनसों युक्त है, सुवर्णमय मंजुल निकुंजकुटी जामें किरोडन बनरही हैं ॥ ८ ॥ जमुनाजीके तटपै नीर (जल) सों मिलो, मंद गति जाकी और अति सुगंधित जो पवन तासों हलरहै, जिनके गंधसों सब देश सुगंधित है रह्यो और चंदन, केसरकी मृत्तिका और अगर तिनसों सब देश अतिसुशोभित है ॥ ९ ॥ बसंतके नवीन कोमल पल्लव और पुष्पनसों मंदार चंदनके, चंपाके, कदंब, और नीम, आम्रातक, आम्र, पनस (कटहर), नारंगी, ताल, पिप्पल, बट, नारियल ॥ १० ॥ खजूर, बेल, लवंग इनसों विराजमान है और अंजीर, शाल, तमाल, कदंबनसों युक्त है, संतान (कल्पवृक्ष), कुंद, बेर, केला, शाल्मली (सेमर), बकुल (मौलसरी), केतकी और शिरस है जामें ऐसो वृंदावन है ॥ ११ ॥ संतनके मनको आनंद देनवारो,

कमलनके वनसों मनोहर जाकी कांति, तुलसीनकी लतानसों युक्त, श्रीमल्लिका अमृतलता, वासंतीलता और माधवीकी लता इनसों जो वृंदावन अति सुशोभित है ऐसे श्रीव्रजक मध्यमें ॥१२॥ वंशीवट है और कोकिल आदि पक्षी तिनसों युक्त, यमुनाके तटपै पुलिन, कोमल, शीतल वालुकासों युक्त है, श्रीपाटल, महुआ, किंशुक, प्रियाल, गूलर, सुपारी, दाख, कैथ तिनसो युक्त ॥१३॥ कचनार, नींब, अर्जुन, पाकर, अशोक, सरौ, देवदारु, जामन, नेत्र, नरसल, कुब्जक, स्वर्णयूथी, पुन्नाग, नाग, गुडहर और वकके वृक्ष जामें तिनसों सघन है ॥१४॥ और चकवा, चकवी, सारस, तोता, श्वेत हंसनके बच्चा, कारंडव और जलमुर्गानसों कूजित है ॥१५॥ पपीहा, कोकिल, कपोत, नीलकंठ तिनसों और नृत्य करौ मोरनके मनोहर शोर जामे ऐसे वृंदावनको तू स्मरण कर॥१६॥और श्यामा चिडी, चकोर, खंजन, मैना, कबूतर, भ्रमर, तीतर, तीतिरी, कनकवेलि, मधु लता, जुही इनसों युक्त है और हरिण, वानर, वानरी, तिनसों युक्त है ॥ १७ ॥ पुखराजके जामें शिखर ऐसे निकुंजगेह जामें बनेहैं, जिन गेहनमें कौस्तुभ मणि, इंद्रनीलमणिनके समूह लगे तिनसों विराजमान है और कोटिइन,

वंशीवटंचकलकंठविहंगमैश्चकृष्णातटेचपुलिनंकिलवालुकाढ्यम् ॥ श्रीपाटलैर्मधुककिंशुकसत्प्रियालैरौदुंबरैःक्रमुकद्राक्षकपित्थयुक्तम् ॥१३॥ श्रीकोविदारपिचुमंदलतार्जुनैश्चप्लक्षैरशोकसरलैःसुरदारुभिश्च ॥ जंबूसुवेत्रनलकुब्जकस्वर्णयूथीपुन्नागनागकुटजैःकुरवैर्वृतंच ॥ १४ ॥ चक्राह्वसारसशुकैःसितराजहंसैः कारंडवैश्चजलकुक्कुटकूजितंच ॥ १५ ॥ दात्यूहकोकिलकपोतकनीलकण्ठैर्नृत्यन्मयूरकलरावयुतंस्मरत्वम् ॥ १६ ॥ श्यामाचकोरकलखञ्जनसारिकाभिःपारावतैर्भ्रमरतित्तिरतित्तिरीभिः ॥ श्रीकांचनीमधुलतामधुयूथिकाभिःसंवेष्टितंहरिणमर्कटमर्कटीभिः ॥ १७ ॥ श्रीपद्मरागशिखरंचनिकुञ्जगेहंश्रीकौस्तुभेंद्रमणिराजिविराजमानम् ॥ कोटींदुमंडलवितानगणैश्चहैमैःश्रीपट्टसूत्ररचितैर्मणितोरणाढ्यम् ॥ १८ ॥ मुक्तावृतैःकनकपीतपतत्पताकैःपारावतैःसितपतत्रिभिरावृतञ्च ॥ मंदारकुन्दकरवीरकयूथिकानांमालाविचित्ररचितंनवचंपकानाम् ॥ १९ ॥ नागेशपद्महरिचंदनपल्लवानांश्रीमालतीकुरबकांचनयूथिकानाम् ॥ मालाभिरावृतमनंगहरंगृहंतत्सद्रत्नदर्पणयुतंसितचामरैश्च ॥ २० ॥ सिंहासनैश्चनवपल्लवपुष्पयुक्तैःशय्यासनैःकनकविद्रुमपादवृन्दैः ॥ श्रीचंदनागुरुजलैर्मकरंदसंघैःकस्तूरिकामुदितकुंकुमचर्चितंतत् ॥ २१ ॥

चंद्रमंडलके समान वितान (चँदोए) तिनसों और सुवर्णमय पट्टसूत्रनसों रचे मणिनके तोरण तिनसों अति सुशोभित है ॥ १८ ॥ मोतिनके झुग्गा जिनके आगे लगे ऐसी सुवर्ण समान पीली पताका फहरायरहीहैं और अनेक जातिके कबूतर और हंस तिनसों जो आवृत है और मंदार, कुंद, करवीर और जुही और नवीन चंपानकी मालानसों विचित्र रीतिसों रचोहै ॥ १९ ॥ और नागेश (नागदमन) पद्म (कमल) और चंदनके दल, मालती कुरवक और कांचनजुही तिनकी मालानसों सुशोभित है और अनेक मालानसों आवृत है, कामदेवके भी मनको हरनवारो उत्तम रत्नजटित दर्पण जामें विद्यमान और चामरनसों युक्त वो भवन है ॥ २० ॥ और नवीन कोमल पुष्पनके रचे जामें आसन है मूँगानके जिनमें पाये, नवीन पल्लव, पुष्प ऐसे सिंहासननसों युक्त है और ऐसेही जामें शय्या, आसन हैं और श्रीचंदनजल और अगरुके जल और मकरंद और कस्तूरिका

केशरके सुगंधित जलनको जामें बाहिर भीतर छिरकाव है रह्योहै ॥ २१ ॥ हलरहे वसंतके वृक्ष कोंपल तत्संबंधी शीतल सुगंधि मंदमंद पवन तिनसों सुगंधित कियेहै अंग जाके ऐसे भगवान्‌के जामें निकुंज तिनको तुम याद करो, अत्यंत नम्र शाखावारे वृक्षनके पुष्पनसों युक्त है ॥ २२ ॥ ता वृंदावनमें आपने जायके जब वंशी बजाई तब वे सब व्रजकी बाला वा भगवान्‌के वेणुगीतको सुनके हे नृप ! श्रीकांत कृष्णकरके हरेगये मन जिनके ऐसी वे व्रजबाला नंदलालके पास कामनको छोडके आई है ॥ २३ ॥ हे राजन् ! उनके पतिनते रोकी भी परन्तु तब भी कृष्णने हरेहैं मन जिनके ऐसी वे अपने स्थूल शरीरको त्यागके बडी त्वरासों कृष्णके पास आई है ॥ २४ ॥ तब सुवर्णमय दिव्य सिंहासनपै विराजे सुंदर नंदनंदनको श्रीसुंदरी राधिकासहित गलेमें मालतीकी माला धारण कररहे ॥ २५ ॥ श्यामसुंदर प्रातःकालीन सूर्यके समान किरीटको पहरे, स्फुरत् प्रभा

एजद्वसंततरुपल्लवमेववातैःशीतैर्गजेंद्रगमनैःसुरभीकृतांगम् ॥ एतादृशंहरिनिकुंजगृहंस्मरत्वंसन्नम्रशाखतरुयुक्तमतीवपुष्पैः ॥ २२ ॥ श्रीवेणुगीतंयदुकामवर्द्धनंनिशम्यसर्वाव्रजयोषितोनृप ॥ श्रीकृष्णकांतेनगृहीतमानसाविसृज्यकर्माणिसमाययुर्वने ॥ २३ ॥ रुद्धायाःपतिभीराजन्कृष्णेनहृतमानसाः ॥ स्थूलंशरीरंतास्त्यक्त्वात्वरंकृष्णांतिकंययुः॥ २४ ॥ सिंहासनेहेमदुकूलसंवृतेमध्येस्थितंसुन्दरनंदनंदनम् ॥ श्रीसुन्दरीराधिकयासमंपरंगलेदधानंमधुमालतीस्रजम् ॥ २५ ॥ श्यामंप्रभातार्ककिरीटिनंहरिंस्फुरत्प्रभंश्रीमुरलीमनोहरम् ॥ पीतांबरंमन्मथराशिमोहनंव्रजस्त्रियस्तंददृशुःसमागताः ॥ २६ ॥ दृष्ट्वाप्रियाप्रियतमंमत्स्यकुण्डलिनंहरिम् ॥ गोप्योमूर्च्छांगताःसद्योभूपचालक्षितोद्यमाः॥२७॥ सांत्वयामासताःकृष्णोमिष्टवाक्यैःसुधासमैः ॥ तदागोप्योवनोद्देशेसर्वाश्चैतन्यतांगताः ॥ २८ ॥ कृष्णंगद्गदयावाचास्तुत्वाभीताःस्त्रियोवराः ॥ त्यक्त्वाविरहजंदुःखंगोविंदंददृशुःप्रियम् ॥ २९ ॥ वृन्दावनेभ्राजमानेमालतीवनसंकुले ॥ दिव्यद्रुमलताजालेमधुपध्वनिनादिते ॥ ३० ॥ विचचारहरिःसाक्षाद्देवोमदनमोहनः ॥ पद्माभंपद्महस्तेनगृहीत्वाराधिकाकरम् ॥ ३१ ॥ प्रहसन्भगवान्साक्षादाययौयमुनातटम् ॥ कृष्णातीरेनिकुंजेवैश्रीकृष्णोनिषसादह ॥ ३२ ॥ तस्मिन्गृहेमधुपतेःशृणुगोपिकानांश्रीकृष्णचंद्रचरणस्मरणावृतानाम् ॥ झंकारनूपुरझणत्करकंकणानांमंजीररत्नविचलत्कटिकिंकिणीनाम् ॥ ३३ ॥

जाकी, सुशोभित मुरलीको हाथमें लिये मनके हरनवारे पीतांबर पहरें अनेक मन्मथके मन मथनवारे कृष्णके समीप प्राप्तभई गोपीनने आयके देखेहै ॥ २६ ॥ तब वे प्यारी प्यारेको देखके मकराकार कुंडलनको पहरे है भूप ! अलक्षित जिनके उद्यम ऐसी वे सब मूर्च्छाको प्राप्त हुई हैं ॥ २७ ॥ तिनको श्रीकृष्ण मिष्ट वाक्यनसों सांत्वन करतेभये तब वे गोपी वा वनोद्देशमें सब चैतन्य भईहैं ॥ २८ ॥ तब गद्गद वाणीसों स्तुति करी जिनने ऐसी वे स्त्री विरहजन्य दुःखको त्यागके प्यारे गोविंदको देखतीभई ॥ २९ ॥ मालतीके वननसों संकुल ऐसे भ्राजमान वृंदावनमें दिव्य वृक्षलतानके जाल जामें, भ्रमरध्वनिसों शब्दित वो वन तामें ॥ ३० ॥ साक्षात् हरि मदनमोहन देव अपने हस्तकमलसों प्रियाके, हस्तकमलको धारण कर ॥ ३१ ॥ मंदमंद हँसते साक्षात् प्रभु यमुनातटपै पधारेहैं तब यमुनातटपै जो दिव्य निकुंज तापै आयके विराजे है ॥ ३२ ॥ मधुपतिके वा गृहमें तिन

गोपीनके भेद कहो हौ ताको सुनो वे कैसी है कि, श्रीकृष्णचद्रचरणस्मरणकी करनेवारी, झंकारयुक्त नूपुरनकी झणत्कार और कंकणनको झणत्कार मनोहर रत्नकी कमरमें किंकिणीको पहरें ॥३३॥ मंद मंद हसवेकी द्युतिकी स्फुर्ति चमत्कृति जिनमें ऐसे कपोल तिनसों और शोभायुक्त दंतपंक्तिसो सुशोभित बिजलीके समान सखीनके वेष तिनसों और सुवर्णके हार और बाजूनसों भूषित और प्रातःकालीन सूर्यमंडलके समान जे कुंडल तिनसो भूषित ॥ ३४ ॥ हे राजन् ! तिन गोपीनमें कोई तो मुग्धा, कोई तरुणी (मध्या) है, कोई तरु (वृक्ष), को हटायरहीहै, कोई हँसरहीहै, कोई सखी मदयुता वनमें विचररहीहै ॥ ३५ ॥ कोई सखी वा मदमाती गोपीके हाथ मारके भागीहै और जलमें न्हातीको पकर के कमलनको मारतीभईहै, काहूने काहूके ढीले भये हारको लेलियोहै, कोई सखी विहारमें मस्त है खुली कबरीको नहीं सँभारतीभईहै ॥ ३६ ॥ नाम गिनामें है श्रीजाह्नवी १ (गंगा) यमुना २ मधुमाधवी ३ शीला ४ रमा ५ शशिमुखी ६ विरजा ७ सुशीला ८ चंद्रानना ९ ललिता १० अचला ११ विशाखा १२ माया १३ चंद्रावली १४ श्यामा १५ और मनो

स्मेरद्युतिस्फुटचमत्कृतगंडदेशैःश्रीदंतपंक्तिविलसत्तडितालिवेशैः ॥ कोटीरहारहरिदंगदभूषितानांबालार्कमंडलविकुंडलमंडितानाम् ॥ ३४ ॥ तासांतुकापिमुग्धाकथिताचमुग्धामध्यापिकापितरुणीरुचिराप्रगल्भा ॥ काचित्तरुंविनयतीमधुरंहसंतीकाचित्सखीमदयुतासुवनेव्रजंती ॥ ३५ ॥ संताडच्यतामपिकरेणतुकाप्यधावत्संगृह्यकापिभुवनेकमलेजंबाम् ॥ काचिच्छ्लथत्कनकहारमुपाजहारकाचित्प्रमुक्तकबरीतुविहारमत्ता ॥ ३६ ॥ श्रीजाह्नवीचयमुनामधुमाधवीचशीलारमाशशिमुखीविरजासुशीला ॥ चंद्राननाचललिताऽत्वचलाविशाखामाया ऽऽदयएवकथिताभवनेत्वसंख्याः ॥ ३७ ॥ लीलातपत्रमतिमौक्तिकदामजालंनीत्वाचलंतिमणिभूमिषुतत्रकाश्चित् ॥ श्रीचामरव्यजनदंडधरावयस्यःकाश्चिद्व्रजंतिधृतपीतपतत्पताकाः ॥ ३८ ॥ नृत्यंतितत्रहरिवेषधरास्तुकाश्चिद्वीणाकरामधुरतालमृदंगहस्ताः ॥ वंशीधराश्चवृषभानुसुतासुवेषाःकेयूरकुण्डलयुतामणिवेत्रहस्ताः ॥ ३९ ॥ सद्भावभावरसतालयुतस्मिताद्यैर्झंकारनूपुरयुतैर्विशदैःकटाक्षैः ॥ संगीतनृत्यविदितैर्भ्रुकुटीविभंगैराधांहरिंचसततंपरितोषयंत्यः ॥ ४० ॥ तस्मिन्निकुञ्जभवनेयमुनातटेपिवंशीवटेवनधरानिकटेहरिंतम् ॥ श्रीराधयाचगिरिराजतटेव्रजंतंनंदात्मजंचनटवेषधरंस्मरत्वम् ॥ ४१ ॥

रमा १६ ये तो आली है और असंख्य गोपी हैं ॥ ३७ ॥ कोई लीलाछत्रको हाथमे लियेहै, कोई मोतीनके हारको लिये वा मणिमय भूमिमे चलेहै, कोई चमरदण्डको हाथमे लिये है, कोई पीत पताकाको हाथमे लियेहै ॥ ३८ ॥ कोई कृष्णको रूप बनके नाचैहै, कोई वीणाको लिये, कोई मधुर तालको लिये, कोई मृदंग लियेहै तिनमें वृषभानुनंदिनीने वंशी हाथमें लेराखीहै, शृंगार कियेहै केयूर कुंडल पहरेहै कोई मणिमय बेत हाथमें लेराखोहै ॥ ३९ ॥ उत्तम अपने २ हावभावनसो रसतालयुत मंदमुसकानसों और झँकारयुत नूपुरनसों और विशद कटाक्षनसो और संगीत नृत्यसो जाने अपने भृकुटीनके विलासनसो सब समय श्रीप्रियाप्रीतमको परितोष करती रास करतीभईहै ॥४०॥ हे राजन् ! वा यमुनातीर धीर समीर कुटीरमे विहार करते श्याम जिनको शरीर वंशीवटमे पर्वतके समीप श्रीराधाजीको संगमें गोवर्धनपे विचररहे, नटवेषको धारण कररहे ऐसे श्रीनंदनंदनको तुम स्मरण करो॥४१॥

पुखराजकेसे नख जिनमे ऐसे हैं पदारविंद जाके झँकारयुत नूपुरनको धारण कररहे, प्रकाशयुक्त अंगअंग जाके अपने चरणसों भूमिप्रदेशको अरुण करते श्रीमत्परागकी कांतिसो अति सुशोभित इतउत विचररहेहै ॥४२॥ लक्ष्मीके हस्तकमलसों ललित है जानुप्रदेश जाको, कदलीके समान जंघा, पीतांबर पहरे, बहुत सूक्ष्म उदर, पतली जाकी कमर, रोमावलिकी भौंरी जामें विराजमान ऐसो जाको अंग नाभि है सरवरके समान जामें ऐसी सिलवटसों सुशोभित जाको उदर, क्षुद्रघंटिकाको पहरे और छातीमें जाके भृगुलताको चिह्न, कण्ठमें कौस्तुभसों सुशोभित हैं ॥ ४३ ॥ श्रीवत्स और हारसों मनोहर, नवीन सजलमेघके समान नील पीतांबर पहरे, शुंडादंडसे भुजदंड, रत्नके बाजू और मणिमय कंकण धारण किये, हस्तकमल, श्रीराजहंसके समान उत्तम ग्रीवा तासों अति सुशोभित है ॥ ४४ ॥ शंखके समान कंठसों ललित, सुन्दर कपोल, निम्न (गढेला जामें परे) ऐसी ठोढी कुंदकलीसे शिखरी दंत, बिंब (कन्दूरी) से होठ, मंदमुसकान युक्त, सूआकी चोंचसी नासिका अमृतसी बोलन और चंचल हैं कटाक्ष जाके ॥ ४५ ॥ कमलसे जाके नेत्र, कामदेव

श्रीपद्मरागनखदीप्तिपदारविन्दंझंकारनूपुरधरंस्फुरदंगदेशम् ॥ कुर्वंतमेवतुपदाऽरुणभूमिदेशंश्रीमत्परागसुरुचालमितस्ततस्तु ॥४२॥ लक्ष्मी
कराब्जपरिलालितजानुदेशंरंभोरुपीतवसनंतुकृशोदराभम् ॥ रोमावलिभ्रमरनाभिसरस्त्रिरेखंकांचीधरंभृगुपदंमणिकौस्तुभाढ्यम् ॥४३॥ श्रीव
त्सहाररुचिरंनवमेघनीलंपीतांबरंकरिकरस्फुटबाहुदण्डम् ॥ रत्नांगदंचमणिकंकणपद्महस्तंश्रीराजहंसवरकंधरशोभिमानम् ॥ ४४ ॥ श्रीकम्बु
कण्ठललितंविलसत्कपोलंमध्यंतुनिम्नचिबुकंकिलकुन्ददंतम् ॥ बिंबाधरंस्मितलसच्छुकचंचुनासंपीयूषकल्पवचनंप्रचलत्कटाक्षम् ॥ ४५ ॥
श्रीपुण्डरीकदलनेत्रमनंगलीलंभ्रूमण्डलस्मितगुणावृतकामचापम् ॥ विद्युच्छटोच्छलितरत्नकिरीटकोटिंमार्तंडमंडलविकुण्डलमंडिताभम् ॥४६॥
वंशीधरंत्वहिविलोलगुडालकाढ्यंराधापतिंसजलपद्ममुखंचलंतम् ॥ कंदर्पकोटिघनमानहरंकृशांगंवंशीवटेनटवरंभजसर्वथात्वम् ॥ ४७ ॥
आरक्तरक्तनखचन्द्रपदाब्जशोभांमंजीरनूपुररणत्कटिकिंकिणीकाम् ॥ श्रीघंटिकाकनककंकणशब्दयुक्तांराधांदधामितरुपुंजनिकुंजमध्ये ॥४८॥
नीलांबरैःकनकरश्मितटस्फुरद्भिःश्रीभानुजातटमरुद्गतिचंचलांगैः ॥ सूक्ष्मस्वरूपललितैरतिगौरवर्णांरासेश्वरींभजमनोहरमंदहासाम् ॥ ४९ ॥
बालार्कमंडलमहांगदरत्नहारांताटंकतोरणमणींद्रमनोहराभाम् ॥ श्रीकण्ठभालसुमनोनवपंचदाम्नींरत्नांगुलीयललितांव्रजराजपत्नीम् ॥ ५० ॥

कीसी लीला, मंदमुसकानयुत कामधनुषकीसी भृकुटी, बिजलीकीसी छटायुक्त रत्नमय किरीट, किरोड सूर्यबिंबकोसो जाको प्रकाश, कुण्डलनसों सुशोभित है ॥ ४६ ॥ वंशीको लिये काली सटकारी घुँघराली अलकनसों युक्त राधाके पति सजल कमलके समान मुख, कोटि कामके सौंदर्यके हरनवारे, वंशीवटमें विराजमान, नटवरको तू सर्वथा भजन कर ॥४७॥ महावरकेसे नखयुक्त जाके चरणकमल, मंजीर नूपुर सहित बजनी कौंधनीको पहरे, श्रीघंटिका और सुवर्णके कंकणशब्दसों युक्त वृक्षनके मध्यमें निकुंजमें विराजमान जे श्रीराधिकाजी हैं तिने मै अपने हृदयमें धारणकरूँहूं ॥ ४८ ॥ फिर श्रीराधाजी कैसी हैं तो ११ श्लोकसों वर्णन करैंहैं कि, सुवर्णद्युति व जमुना जल संबन्धी वायुसों कंपित व सूक्ष्म नीलाम्बरसों युत गौरवर्णा मन्दहासा, रासेश्वरी (राधिका) को भजो ॥४९॥ उदयकालीन सूर्यमंडलके समान जे बाजूबंद और हार तिने धारणकरैंहै, ताटंक और तोरण मणींद्रकेसी है कांति जिनकी

और कंठ तथा ललाटमें नौलरी तथा ललाटभूषण (वेनी, वंदी, झूमर) आदि मणीन्द्रनको धारण कररहीहै, रत्नांगुलीय (रत्नमय अँगुठी) पहरेहै श्रीव्रजराजकी पत्नी है ॥ ५० ॥ अर्द्धचंद्रकी कांति युत स्फुरत् (प्रकाशित) चूड़ामणि तथा अनेक कंठाभरणसों विचित्र है रूप जिनका श्रीपट्टसूत्र मणिपट्टसों चलत दुलरीको पहरे, प्रकाशित सहस्रदल कमलको धारण कररहीहै ॥ ५१ ॥ श्रीयुत भुजानमें सुशोभित कंकण हैं, रत्ननपै रत्ननको प्रकाश, नासिकामें नकवेसर तासों सुशोभित हैं कपोल जिनके, उत्तम यौवनसों अलस जिनकी गति, मनोहर काली नागनके समान वेणी और सायंकालीन चंद्रके समान जाको मुख और नवीन खिले चंपाके पुष्पके समान अंगकांति तासों सुशोभित है ॥ ५२ ॥ उत्तम हाव भावसहित नवकमलके समान नेत्र प्रकाशित, मंद मुसकान प्रकर्ष करके चलत है कटाक्ष जिसके, कृष्णकी प्रिया ललित कुंतलनकी कांति और मंदार हारमें मधुर भ्रमरीनके शब्द सों युक्त है ॥ ५३ ॥ श्रीकुंकुम चंदनकी मृद और अगरुके जलसों सींची है और ललाटपै वेंदी तथा कपोलनपै पत्ररचना जाके हैरहीहै और कल्पवृक्षके पत्र तद्वत् भ्रमत है नेत्रनमें

चूडामणिद्युतिलसत्स्फुरदर्द्धचंद्रांग्रैवेयकाल्पनपत्रविचित्ररूपाम् ॥ श्रीपट्टसूत्रमणिपट्टचलद्विदाम्नींस्फूर्ज्जत्सहस्रदलपद्मधरांभजस्व ॥ ५१ ॥ श्रीबाहुकंकणलसत्कुचरत्नदीप्तिंश्रीनासिकाभरणभूषितगण्डदेशाम् ॥ सद्यौवनालसगतिंकलसर्पवेणींमध्येंदुकोटिवदनांस्फुटचंपकाभाम् ॥ ॥ ५२ ॥ सद्धावभावसहितांनवपद्मनेत्रांस्फूर्ज्जत्स्मितद्युतिकलांप्रचलत्कटाक्षाम् ॥ कृष्णप्रियांललितकुन्तलपुंतलाभांमंदारहारमधुरभ्रमरीरवाढ्याम् ॥ ५३ ॥ श्रीखंडकुंकुममृदागुरुवारिसिक्तांश्रीबिंदुकीरुचिरपत्रविचित्रचित्राम् ॥ संतानपत्ररुचिरामलमंजनाभांरासेश्वरींगजगतिंभजपद्मिनींताम् ॥ ५४ ॥ एतादृशींरतिवरांतुसमेत्यकृष्णोगच्छन्निकुंजवनजालविलोकनार्थं ॥ धावंतितत्रमणिछत्रधराश्चगोप्योनीत्वातथाचमरचारुपतत्पताकाः ॥ ५५ ॥ षड्रागमेववरधैवतमध्यमाद्यैर्गायंतमादिपुरुषंभजनन्दपुत्रम् ॥ षट्त्रिंशतस्तदनुवर्त्तितरागिणीनांवंशीरवेणललितेनवरंव्रजंतम् ॥ ५६ ॥ शृंगारवीरकरुणाद्भुतहास्यरौद्रबीभत्सशांतकभयानकनित्ययुक्तम् ॥ भक्तप्रियंव्रजवधूमुखपद्मभृंगंयोगीन्द्रहृत्कमलविस्फुरदंघ्रियुग्मम् ॥ ५७ ॥ क्षेत्रज्ञमादिपुरुषंस्वधियज्ञरूपंसर्वेश्वरंसकलकारणकारणेशम् ॥ कृष्णंहरिंप्रकृतिपूरुषयोःपुमांसंसर्वनिरस्तकपटंनिजतेजसेह ॥ ५८ ॥

अंजनसो विराजित अमलकांतिधारी श्रीरासेश्वरी, गजगामिनी, पद्मिनी, नायिका, श्रीवृषभानुनंदिनीको भजन करौ ॥ ५४ ॥ ऐसी श्रीरासेश्वरीजीके श्रीकृष्ण समीप जायके उने अपने संगमें लेके निकुंजवनके समूहन देखनेको गयेहैं, वहाँ ता समय मणिमय छत्रनको हाथनमें लिये गोपी साथमें आयके दौरेहैं, हाथमें चमरनको और फेरायरही पताका तिनको हाथनमें लियेहै ॥५५॥ धैवत और मध्यम आदि छै रागनके गान करनवारे आदिपुरुष नंदलालै सेवन करौ जो अपनी वंशीके मार्गसो छै राग और छत्तीसो रागिनीनको गावैहैं और वृंदावनमें विचरैहैं तिनै भजन करौ ॥५६॥ श्रृंगार, वीर, करुणा, अद्भुत, हास्य, रौद्र, वीभत्स, शांति और भयानक इन रागनके गान करते भक्तनके प्यारे व्रजवधूनके मुखकमलके मकरंदको पान करनवारे भ्रमर और योगीनके हृदयकमलमें निवास करनवारे राजहंस ॥ ५७ ॥ क्षेत्रज्ञ, आदिपुरुष, अविद्यज्ञस्वरूप, सर्वेश्वर, सब जगत्के कारणकेहू कारण

कृष्ण और हरि जिनको नाम प्रकृति, पुरुष दोनोंनमें पुरुषरूप आपने तेजसों सब तेजनको निराश करनवारे ॥ ५८ ॥ जिनको शिवजी, धर्मराज, इंद्र, शेष, लोकपाल, सिद्धि देनवारे गणेश और सब देवतामात्र और राधा, रमा, प्रकृति, भूदेवी, लीलादेवी, विरजा और सरस्वती और सब वेद जाको सेवन करैंहै वही कृष्णको हमहू सेवन करैंहै ॥ ५९ ॥ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायामश्वमेधखंडे भाषाटीकायां द्विचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४२ ॥ ॥ गर्गजी कहैंहै कि, हे राजन् ! वा वृंदावनमें अनेक प्रकारके वृक्ष लता भ्रमरनके गुंजारनसों संकुल, शीतल मंद सुगंध जामें पवन तामें कृष्णचंद्रजी अपने मुखमारुतसों वंशीके छिद्रनको भरते मुहुर्मुहुः (पुनः पुनः) देवतानकेहू मनको चुरावें है ॥ १ ॥ तब कीर्तिरानीकी राजदुलारी श्रीराधा काममें विह्वल हैके श्रीकृष्णको अपनी दोनों भुजानसों आलिंगन करतीभईहैं ॥ २ ॥ श्रीगोकुलकी चकोरी राधाको श्रीगोकुलके चंद्रमा श्रीकृष्ण देखके प्रियाके मनको हरते, पुष्पनके पर्यंकपे प्यारीके मनको हरते रमण करतेभये ॥ ३ ॥ श्रीकृष्णके संग विहारकरके स्वामिनी

यंवैस्तुवंतिशिवधर्मसुरेशशेषलोकेशसिद्धिदगणेशसुरादयोपि ॥ राधारमाप्रकृतिभूविरजास्वराद्यावेदाभजंतिसततंतमहंभजामि ॥ ५९ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायामश्वमेधखंडेरासक्रीडायांद्विचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४२ ॥ ॥ गर्गउवाच ॥ ॥ वृंदावनेवृक्षलतालिसंकुलेमंदानिलेवीजतिशीतलेनृपे ॥ रंध्राणिवेणोःकिलपूरयन्हरिर्मुहुर्मुहुर्हरत्येवदिवौकसांमनः ॥ १ ॥ वेणुगीतंततःश्रुत्वाश्रीराधाकीर्तिनंदिनी ॥ भुजाभ्यांनन्दसूनुंवैजग्राहानंगविह्वला ॥ २ ॥ गोकुलस्यचकोरींतांकृष्णोगोकुलचन्द्रमाः ॥ दृष्ट्वाकुसुमपर्यंकेतयारेमेहरन्मनः ॥ ३ ॥ श्रीकृष्णस्यविहारेणब्रह्मानन्देनस्वामिनी ॥ मुदंलेभेमहात्यंतंतथास्वामीवशीकृतः ॥ ४ ॥ रमणीयंरतिकरंरासेरामारमेश्वरम् ॥ जगृहुःसर्वतोराजञ्छतयूथाश्चयोपितः ॥ ५ ॥ ताभिःसार्द्धंहरीरम्योरेमेवैरासमण्डले ॥ तावद्रूपधरोराजन्यावत्योव्रजयोषितः ॥ ६ ॥ विहारिण्यश्चताःसर्वाविहारेणविहारिणः ॥ ब्रह्मानंदेनसन्मर्त्याआनन्दंलेभिरेयथा ॥ ७ ॥ श्रीकराभ्यांश्रीकराभ्यांश्रीशःश्रीश्यामसुन्दरः ॥ दधारहृदयेसर्वास्ताभिर्भक्त्यावशीकृतः ॥ ८ ॥ स्वेदयुक्तान्याननानितासांप्रीत्याव्रजेश्वरः ॥ प्रामृजत्पीतवस्त्रेणकिंवदामितपःफलम् ॥ ९ ॥ विनासांख्येनयोगेनतपसाश्रवणेनच ॥ विनातीर्थेनदानेनप्राप्ताःकामेनताहरिम् ॥ १० ॥

राधिका ब्रह्मानंदके समान आनंदित भई हैं, तैसेही प्रियाके वशकिये श्रीकृष्णचन्द्र स्वामी आनंदित हुए हैं ॥ ४ ॥ रति करनेवारे कृष्णको रामा श्रीराधाजी रासमें लक्ष्मीकांतको रमण करातीभई हे राजन् ! शतयूथ गोपी सब ओरसे श्रीकृष्णको ग्रहण करतीभई ॥ ५ ॥ उनके साथ रम्य भगवान् रासमंडलमें रमण करतेभये, हे राजन् ! जितनी गोपी ही उतनेही रूप आपने बनायेहैं ॥ ६ ॥ तब विहरिणी वे गोपी विहारीके विहारसों ऐसे आनंदको प्राप्त भई ही जैसे ब्रह्मानंदको प्राप्त हैकें मनुष्यको आनंद प्राप्त होयहै ॥ ७ ॥ तब श्रीश श्रीकृष्णने उन सब गोपीनको अपने शोभायुक्त हाथनसों अपने हृदयमें स्थापन कियो उन गोपीननेभी आपको अपनी भक्तिसों वश कियोहै ॥ ८ ॥ तब व्रजेश्वर कृष्णने प्रीतिसों विनके पसीनायुक्त मुख अपने पीतांबरके कोनेसों पोंछेहैं ॥ ९ ॥ सांख्य, योग, तप, श्रवण, और तीर्थ, दानादि करबेके विनाहीं केवल कामभावसोंही वे हरिको

प्राप्त भईहे ॥ १० ॥ तब वे परस्पर मानवती भई सब गोपी कृष्णके विहारसों तृप्त भई वे कुवाक्यको कहती भई है ॥ ११ ॥ पहले श्रीकृष्ण हमें छोडके मथुराको गये मूर्ति मती सुंदरी स्त्रीनको देखवेको ॥ १२ ॥ जब विनने वे सुंदरी न देखी तब फिर द्वारकाको चलेगये, द्वारकामेंहू जब वे सुंदरी न देखी तब फिर विवाह करतेभये ॥ १३ ॥ पहले भीष्मककी कन्या रुक्मिणी ब्याही वाको रूपिणी नही मानके फिर आपने सोलह हजार १६००० विवाह और किये ॥ १४ ॥ उनकूं भी रूपवती नही मानके बारंबार शोच करते हे सखीहो ! फिर हमें देखवेको व्रजमें आयो है ॥ १५ ॥ तब सबको देखनवारो महेश्वर श्रीकृष्ण रमेश्वर ऐसो राजीभये जैसो पहले रासमें प्रसन्नभये हे ॥ १६ ॥ यासों हमही सब सुंदरीनमे श्रेष्ठा हे, सुंदर जिनके नेत्र, सुंदर जिनके मुख और निरंतर स्थिर जिनको यौवन ॥ १७ ॥ ऐसी हमारी समान सुंदर आकाशमें देवांगनाहू नही हैं

ततोगोपीजनाःसर्वामानवत्यःपरस्परम् ॥ कुवाक्यंकथयामासुःकृष्णतृप्ताविहारतः ॥ ११ ॥ अस्मांस्त्यक्त्वापुराकृष्णोगतःश्रीमथुरांपुरीम् ॥
विलोकितुंरूपिणीश्चसुन्दरीःस्त्रीश्चसुन्दरः ॥ १२ ॥ नदृष्टास्तेनसुंदर्योजगामद्वारकांपुनः ॥ नदृष्टास्तेनतास्तत्रविवाहंकृतवान्पुनः ॥ १३ ॥
रुक्मिणींभीष्मकसुतांनमत्वातांतुरूपिणीम् ॥ पुनर्विवाहान्कृतवान्सहस्राणिचषोडश ॥ १४ ॥ नमत्वारूपिणीस्ताश्चशोकंकुर्वन्पुनःपुनः ॥
व्रजमागतवान्सख्यःश्रीकृष्णोऽस्मान्विलोकितुम् ॥ १५ ॥ दृष्ट्वारूपाणिचास्माकंसर्वद्रष्टारमेश्वरः ॥ प्रसन्नोभूत्तथासख्योयथारासेहरिःपुरा ॥
॥ १६ ॥ तस्माद्वयंचसर्वासांसुन्दरीणांवराःस्मृताः ॥ सुनेत्राश्चंद्रवदनाःशश्वत्सुस्थिरयौवनाः ॥ १७ ॥ अस्मत्तुल्याश्चरूपिण्योनैवदेवांगना
श्चखे ॥ याभिःश्रीभ्रंकटाक्षैश्चकृष्णःकामीवशीकृतः ॥ १८ ॥ अहोवैयेनहंसेनमुक्ताःपूर्वंप्रभक्षिताः ॥ सएवान्यत्कथंवस्तुभक्षयिष्यतिदुःखतः ॥
॥ १९ ॥ नसंतिमुक्ताःसर्वत्रसंतिमानसरोवरे ॥ तथावरस्त्रियोभूमौनसंतिसंतिचात्रहि ॥ २० ॥ ॥ गर्गउवाच ॥ ॥ इतिमानवतीनांच
स्वात्मारामोजगत्पतिः ॥ वचःश्रुण्वन्राधयाचतत्रैवांतरधीयत ॥ २१ ॥ निर्द्धनोपिधनंलब्ध्वामानंप्रकुरुतेनृप ॥ यस्यनारायणःप्राप्तोतस्यकिं
कथयाम्यहम् ॥ २२ ॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहितायामश्वमेधखंडेरासक्रीडायांत्रिचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४३ ॥ ॥ वज्रनाभिरुवाच ॥ ॥
अद्भुतंकृष्णचरितंमयात्वन्मुखतःश्रुतम् ॥ किंचक्रुर्गोपिकास्तासांसकथंदर्शनंददौ ॥ १ ॥

जिनने अपने कटाक्षनसों कामी कृष्णकोहू वशीभूत कीन्हो ॥ १८ ॥ अहो जा हंसने केवल मोतीही चुगेहे वो चाहे जैसा दुःखी क्यों न हो तो फिर कहो मोती विन दूसरी चीज कैसे खाय ॥ १९ ॥ जैसे सर्वत्र मोती नही हैं किंतु मानसरमेंही हैं तैसेही सुन्दरी और जगे नहीं, या व्रजमेंही हे ॥ २० ॥ गर्गजी कहेहे कि, मानवती भई उन गोपीनके कहेको सुनके जगत्पति भगवान् राधाजीसहित अंतर्धान हेगये ॥ २१ ॥ हे नृप ! निर्धन भी धनको प्राप्त हेके मान करेहे फिर कहो जाको नारायण प्राप्त भयो ताको अभिमानको फोक कहाँताई कहे ॥ २२ ॥ इति श्रीमद्गर्गसंहितायां हयमेधखंडे भाषाटीकायां त्रयश्चत्वारिंशत्तमोऽध्यायः ॥ ४३ ॥ ये सुनके वज्रनाभजी प्रश्न करेहैं कि, महाराजजी ! मैंने आपके मुखसों ये बडो अद्भुत कृष्णचरित्र सुनो, फिर ये कहो कि, कृष्णके अंतर्द्धान भयेपै कृष्णने कहा कियो और विनको भगवानने कैसे दर्शन दियो ॥ १ ॥

या सब वृत्तांतकूं श्रद्धालु जो मैं हूं ता मेरे आगे निरूपण करौ, वेही मनुष्य धन्य हैं जे सदा कर्णनसों कृष्णकथाको सुनेहैं ॥ २ ॥ और मुखसों श्रीकृष्णचन्द्रको नाम जपैहै हाथनसों उनकी सेवा करैहै ॥ ३ ॥ और नित्य कृष्णको ध्यान तथा दर्शन करैहैं और जे पादोदक नित्य पीवे हैं और प्रसादको खायहैं ॥ ४ ॥ ऐसो भावसों श्रम करके जे जगदीश्वरको भजन करैहैं वे हरिके परमपदको जायहैं ॥ ५ ॥ और जे संसारमें नानाप्रकारके भोगनको तो भोगैहै और श्रवणकीर्तनादि साधनको नहीं करैहैं और देहसुखसों जो दुर्मद हैं ॥ ६ ॥ वे मनुष्य भयानक यमदूतनकरके पकरगये जबतक सूर्य, चंद्रमा रहैं तबतक काल सूत्र नरकमें परैहैं ॥ ७ ॥ सूतजी बोलैहैं कि, ऐसे कहरहे राजाते मुनीश्वर कहते भयेहैं, बडी गद्गद वाणीसों भगवान्के चरित्रनकी प्रशंसा करते ये बोलेहे ॥ ८ ॥ गर्गजी बोले–

तत्सर्वंमुनिशार्दूलमह्यंश्रद्धालवेवद ॥ धन्यास्तेयेहिशृण्वंतिकर्णैकृष्णकथांसदा ॥ २ ॥ मुखेनकृष्णचन्द्रस्यनामानिप्रजपंतिहि ॥ हस्तैःश्रीकृष्णसेवांयेप्रकुर्वंतिनित्यशः ॥ ३ ॥ नित्यंकुर्वंतिकृष्णस्यध्यानंदर्शनमेवच ॥ पादोदकंप्रसादंचयेप्रभुंजंतिनित्यशः ॥ ४ ॥ इतीदृशेनभावेन श्रमेणजगदीश्वरम् ॥ येभजंतिमुनिश्रेष्ठतेप्रयांतिहरेःपदम् ॥ ५ ॥ संसारेयेप्रभुंजंतिभोगान्नानाविधान्मुने ॥ श्रवणादीन्नकुर्वंतिदेहसौख्येनदुर्मदाः ॥ ६ ॥ तेचांतेयमदूतैश्चगृहीताश्चभयानकैः ॥ पतिताःकालसूत्रेवैयावद्रविनिशाकरौ ॥ ७ ॥ ॥ सूतउवाच ॥ ॥ इत्युक्तवंतंराजानंप्रत्युवाचमुनीश्वरः ॥ गद्गदस्वरयावाण्याप्रशंस्यचरितंहरेः ॥ ८ ॥ ॥ गर्गउवाच ॥ ॥ कृष्णेचांतर्हितेराजंस्त्वरंसर्वाश्चगोपिकाः ॥ अपश्यंत्यस्तताःसर्वा ... णाश्चतंतप्ताःहरिण्योहरिणंयथा ॥ ९ ॥ अन्तर्हितंहरिंज्ञात्वागोप्यःसर्वाश्चपूर्ववत् ॥ यूथीभूताविचिन्वंत्युर्वैसर्वतस्तंवनेवने ॥ १० ॥ पप्रच्छुर्भूरुहान्सर्वान्मिलित्वातुपरस्परम् ॥ हत्वाह्यस्मान्कटाक्षेणक्वगतोनंदनन्दनः ॥ ११ ॥ तदस्माकंचवदतयूयंसर्वेवनेश्वराः ॥ मार्तंडकन्यकातीरेपुलिनेगाश्चचारयन् ॥ १२ ॥ नित्यंचकारलीलांतुसगतःक्वनोवद ॥ शतशृंगगिरींद्रस्त्वंश्रीनाथेनधृतःपुरा ॥ १३ ॥ वामहस्तेरक्षणार्थंवासवाद्व्रजवासिनाम् ॥ नजहातिहरिस्त्वांतुस्वपुत्रंहृदयोद्भवम् ॥ १४ ॥ सगतोनदकुत्रास्तेविहायविपिनेचनः ॥ हेमयूराश्चहरिणाहेगावोहेमृगाःखगाः ॥ १५ ॥ किरीटीकुण्डलीकृष्णोयुष्माभिःकिंविलोकितः ॥ वदंतसोपिकुत्रास्तेवनेकस्मिन्मनोहरः ॥ १६ ॥

कि, हे राजन् ! कृष्णके अंतर्धान भयप सब गोपी जलदी करती कृष्णको नहीं देखके ऐसे दुःखी भईहैं, हरिणके देखे विना हरिणी जैसे ॥ ९ ॥ सब गोपी हरिको अंतर्हित जानके पहलेकी तरह इकट्ठी हैकें वनवनमें श्रीकृष्णको ढूँढन लगीहैं ॥ १० ॥ वे सब परस्पर इकट्ठी है सब वृक्षनसों पूछनलगी हैं कि, कटाक्षसों हमसबनको मारके नंदनंदन कहाँ गयोहे ॥ ११ ॥ सो हे वनदेवताहौ ! तुम हम सबनसों कहौ, जो यमुनाके पुलिनमें गऊनको चरावतो नित्य लीला करतो हो वो कहाँ गयोहै ! ये हमसों कहौ, हे गिरिराजजी ! तुम शतशः शिखरवाले हो तुमको श्रीकृष्णने धारण भी कियो है ॥ १२ ॥ १३ ॥ वाम हाथमें व्रजवासियोंकी इन्द्रसे रक्षा करनेको आपको उठायोहै, अपने निजपुत्रकी नाई भगवान् तुमें कभी नहीं छोडैहैं ॥ १४ ॥ सो कहौ वनमें हमें छोडके कृष्ण कहाँ गयेहैं, हे मयूरहो ! हे हरिणहो ! हे गावः ! हे खगहो ! हे मृगहो ! ॥ १५ ॥ किरीटको पहरे

अलक जाके विखररही सो कृष्ण कहाँ तुमने देखेहैं कहा ? ये कहो कि, हमारे मनको हरनवारो या वनमें कहाँ है ॥ १६ ॥ इन वाक्यनसों पूछे ये बडे कठोर तीर्थवासी निश्चय मोहित भये उत्तर नहीं देतेभये ॥ १७ ॥ गर्गजी कहे हैं कि, या प्रकार ये सब बाला वनवनमें नंदलालाको पूछती पूछती और हे कृष्ण ! हे कृष्ण ! ऐसे कहती तन्मय हैगईहैं ॥ ॥ १८ ॥ तब वा वृंदावनमें तन्मय भई गोपी सब कृष्णचरित्र करतीभईहैं फिर यमुनाजीकी रेतीमें कृष्णके चरण देखेहैं ॥ १९ ॥ जे वज्र, ध्वज और अंकुश आदि चिह्नसो चिह्नित हैं तब वा महात्माके विनी चरणनके अनुसार ढूँढती २ अगारी गईहैं ॥ २० ॥ तब वे व्रजस्त्री या चरणरजको माथेपै धरके दूसरे चिह्ननसों युक्त वहाँसो दूसरे और भी चरण देखेहैं ॥ २१ ॥ तब उन दूसरे चरणनके देखके बोलीहैं कि, री सखीहों ! प्यारो तो प्यारीको संग लेके गयोहै, इकलो नहीं गयोहै ऐसे देखती २ वो गोपी तालवनमें गईहैं ॥

एतैस्तुवाक्यैःसंपृष्टाःकठिनास्तीर्थवासिनः ॥ उत्तरंनैवदास्यंतिसर्वेतिमोहिताःकिल ॥ १७ ॥ ॥ गर्गउवाच ॥ ॥ एवंसर्वाहिपृच्छन्त्यःकृष्णचन्द्रंवनेवने ॥ वदंत्यःकृष्णकृष्णेतिबभूवुस्तन्मयास्ततः ॥ १८ ॥ चक्रुःकृष्णचरित्राणितत्रकृष्णमयाःस्त्रियः ॥ यमुनावालुकायांचपदानिददृशुर्हरेः ॥ १९ ॥ वज्रध्वजांकुशाद्यैश्चचिह्नितानिमहात्मनः ॥ तत्पदान्यनुसारेणपश्यन्तःप्रययुस्त्वरम् ॥ २० ॥ कृष्णांघ्रिरेणवोनीत्वामूर्ध्निधृत्वाव्रजस्त्रियः ॥ पदान्यन्यानिददृशुश्चान्यचिह्नयुतानिहि ॥ २१ ॥ निरीक्ष्याहुःप्रियासार्द्धंगतःप्रियतमोह्यसौ ॥ एवंवदंत्यःपश्यन्त्योगोप्यस्तालवनंगताः ॥ २२ ॥ व्रजन्श्रीव्रजेंद्रस्तुव्रजेश्वर्याव्रजेनृप ॥ कोलाहलंचगोपीनांश्रुत्वाप्रत्याहस्वामिनीम् ॥ २३ ॥ शीघ्रंगच्छप्रियेत्वंतुकोटिचन्द्रसमप्रभे ॥ आगताव्रजनार्योहिनेतुंत्वांमांचसर्वतः ॥ २४ ॥ ततःप्रियाहरेःपूर्वंशृंगारंकुसुमैर्नृप ॥ चकारसुंदरंदिव्यंवृन्दारण्येचपूर्ववत् ॥ २५ ॥ नंदसूनुःप्रियायाश्चदिव्यंशृंगारमेवच ॥ चकारबहुभिःपुष्पैर्भांडीरेचयथापुरा ॥ २६ ॥ केशप्रसाधनाद्यैश्चस्रक्तांबूलानुलेपनैः ॥ सुंदरीसुंदरेणापिबभूवात्यंतसुन्दरी ॥ २७ ॥ ततःकृष्णस्तुमुदितःपुष्पवृक्षतलेनृप ॥ शय्यांपुष्पमयींकृत्वातयारेमेरमेश्वरः ॥ २८ ॥ वृन्दावनेगोवर्द्धनेकृष्णायाःपुलिनेतथा ॥ नंदीश्वरेबृहत्सानौतथारोहितपर्वते ॥ २९ ॥

॥ २२ ॥ हे नृप ! तब व्रजेश्वरीसहित वन जायरहे श्रीव्रजेंद्रजी पीछेसे वा वनमे गोपीनके वा कोलाहलको सुनके श्रीस्वामिनीजीसे आप ये बोले हैं ॥ २३ ॥ कि, हे प्रिये ! हे कोटिचंद्रसमप्रभे ! तुम शीघ्र जाओ, देखो प्रिये ! ये गोपी तुमें, मोकूं लेवेको ये सब पास आयगईहै ॥२४॥ तब प्रियाने पहले पुष्पनसों श्रीकृष्णको शृंगार कियोहै जैसो कि, पहले भांडीरवनमें करचुकी ही ॥ २५ ॥ और नंदनंदनने अनेक प्रकारके पुष्पनसो प्रियाको शृंगार कियोहै जैसो भांडीरवनमें पहले करते भयेहै ॥ २६ ॥ केशप्रसाधनादि और स्रक् तांबूल अनुलेपनादिकनसो शृंगार करी जो सुंदरी है, सुंदरके संगमे अत्यंतही सुंदरी भईहै ॥ २७ ॥ तब प्रसन्न भये श्रीकृष्ण पुष्पमय एक वृक्षके नीचे पुष्पमयी शय्याको बनायके रमेश्वर श्रीकृष्ण प्रियाके संग या सेजपै रमण करतेभयेहैं ॥ २८ ॥ वृंदावनमें, गोवर्धनमे और यमुनाजीके पुलिनमें, नंदीश्वरकी बडी शिखिरमें, तैसेही रोहिणीपर्वतपै ॥ २९ ॥

ऐसेही शारदू वननमें सब ब्रजमंडलमें प्यारीके संग विचरते २ वंशीवटके नीचे विराजेहैं ॥ ३० ॥ तब वा जगे बैठके कृष्णने बोलरही गोपीनको बडो शब्द सुनोहै तब हे राजेंद्र ! स्वामिनीजीके संग श्रीगोपीजनवल्लभ श्रीकृष्ण ॥ ३१ ॥ प्रियाजीसों बडे प्रेमसों बोलेहैं, हे प्रिये ! जलदी पधारो जलदी पधारो, कृष्णके वचनको सुनके प्रियाजी मानिनी हैके बोलीहै ॥ ३२ ॥ राधाजी बोली ! कि, हे दीनवत्सल ! मैं कभी घरसों बाहिर नहीं निकसीहूँ यासों मेरी चलवेकी सामर्थ्य नहीं है, मैं दुर्बला हूँ सो जहाँ आपको मन आवे तहाँ ले चलो ॥ ३३ ॥ याप्रकार प्रियाके कहेको सुनके रामानुज श्रीकृष्ण प्रियाके पसीना आये देखके अपने वस्त्रसों पंखा करते भयेहैं ॥ ३४ ॥ और हाथसों पकरके बोलेहैं कि, राज्ञि ! जैसे तुमारी मरजी आवे तैसेही आप पधारो याप्रकार कृष्णके वचनको सुनके अपनेको सर्वोत्तम मानके ॥ ३५ ॥ कि, देखो ये मेरो प्यारो या रात्रिमें अन्य स्त्रीजननको छोडके

अरण्येषुद्वादशसुसर्वेब्रजमंडले ॥ कांतयाविचरन्कांतोवंशीवटतलेस्थितः ॥ ३० ॥ तत्रशुश्रावगोपीनांवदन्तीनांरवंपरम् ॥ स्वामिन्यासहरा राजेंद्रश्रीगोपीजनवल्लभः ॥ ३१ ॥ पुनःप्राहप्रियांप्रेम्णागच्छगच्छप्रियेत्वरम् ॥ कृष्णवाक्यंततःश्रुत्वाप्राहभूत्वाचमानिनी ॥ ३२ ॥ ॥ राधोवाच ॥ ॥ नसमर्थाप्रचलितुंकचिद्गेहान्ननिर्गता ॥ नयमांतेमनोयत्रदुर्बलांदीनवत्सल ॥ ३३ ॥ इतितद्वाक्यमाकर्ण्यरमारामानुजस्ततः ॥ स्वेनपीतांबरेणापिवीजयामासस्वेदतः ॥ ३४ ॥ प्रगृह्यपाणिनाप्राहसपराज्ञियथासुखम् ॥ इतिसाहरिणाप्रोक्तामत्वात्मानंवरंपरम् ॥ ३५ ॥ हित्वासौस्त्रीजनात्रात्रौभजतेमांरहःस्थले ॥ इतिमत्वातुहरयेभूत्वातूष्णींव्रजेश्वरी ॥ ३६ ॥ वस्त्रेणाननमाच्छाद्यपृष्ठंदत्त्वास्थिताभवत् ॥ पुनराहहरिस्तांतुप्रियेगच्छमयासह ॥ ३७ ॥ भजामित्वामहंभद्रेवियोगार्तांतुशापतः ॥ विहायगोपीःसर्वाश्चलग्नास्त्वांतुभजाम्यहम् ॥ ३८ ॥ त्वंतुमेस्कंधमारुह्यसुखंव्रजरहःस्थले ॥ इत्युक्तामानिनींमानीस्कंधयानमभीप्सतीम् ॥ ३९ ॥ त्यक्त्वाह्यंतर्दधेराजन्स्वात्मारामःस्वलीलया ॥ अन्तर्हितेभगवतिसहसासावधूर्नृप ॥ ४० ॥ अन्वतप्यतदुःखार्त्तांगतमानारुरोदह ॥ ततस्तद्रोदनंश्रुत्वावंशीवटतटेत्वरम् ॥ ४१ ॥ आजग्मुर्गोपिकाःसर्वाददृशुस्तांचदुःखिताम् ॥ चक्रुःस्त्रियस्तदंगेषुवायुंव्यजनचामरैः ॥ ४२ ॥ स्नापयित्वातुतांप्रेम्णाकाश्मीरसलिलेनच ॥ सिषिचुर्मकरंदैस्तांचन्दनद्रवशीकरैः ॥ ४३ ॥

एक मोकूँही रहस्य स्थलमें भजेहै (सेवन करेहै) ऐसे मनमें मानके ब्रजेश्वरी चुप हैगई और ॥३६॥ वस्त्रसों मुखको ढँकके पीठ फेरके बैठगईहै तब फिर आपने कही कि, हे प्रिये ! मेरे साथ चलो ॥ ३७ ॥ हे भद्रे ! शापके कारणसों वियोगसों आर्त भईको मैं सेवन करूँहूँ, देखो सब गोपीनको छोडके तुमें मैं सेवन करूँहूँ ॥ ३८ ॥ जो तुमपै नहीं चलोजायहै तो तुम मेरे कंधापै बैठके चलो मैं तुमकूँ एकांत स्थलमें लेचलूँगो, तब कंधापै बैठके चलो चाहै जो मानिनी तिनसों मानी श्रीकृष्ण ऐसे कहिके ॥ ३९ ॥ तिनें छोडके आत्माराम भगवान् अपनी लीलासों अंतर्धान हैगये तब प्रभुके अंतर्धान भयेपै हे नृप ! वो वधू ॥४०॥ दुःखतत हैके मान सब जाको नष्ट हैगयो सो वनमें रुदन करनेलगी तब प्रियाके रुदनको सुनके वंशीवटके समीप बडी जलदीसों ॥४१॥ सब गोपी आईहैं तो वहाँ दुःखी हैरही ऐसी प्यारीको देखीहै तब वे गोपी प्रियाजीको पवन करनलगीहैं ॥४२॥ और केशरके जलसों

न्हवाईहैं, चोवा, चन्दन ऊपरसों छिरकनलगीहैं ॥ ४३ ॥ फिर सेवाकर्ममें बडी चतुर वे गोपी सुंदर वाक्यनसों आश्वासन कर फिर उनके मुखसों मानके निमित्तसों श्रीकृष्णको अंतर्धान होनों सुनके ॥ ४४ ॥ मानिनी वे सब गोपी बडे विस्मयमें मग्नभईहैं फिर वे सब मानको छोडके हे नृप ! पुलिनमें आयके श्रीकृष्णके आयवेको बडे स्वरसों श्रीकृष्णके गुणनको गान करनलगीहै ॥ ४५ ॥ ॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहितायामश्वमेधखंडे भाषाटीकायां चतुश्चत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४४ ॥ ॥ गोपी गान करैंहैं, अपने होठनकी लालीसों मूँगाको लज्जित करैहै, मधुर वेणुके शब्दसों विनोद करनवारे नीलोत्पलकी शोभाको निंदित करनवारो जाको मुख वा गोपकिशोरको हम उपासन करैहै ॥ १ ॥ श्यामलांग वनकी केलि करनेमें आसक्त, अति कोमल कमलदलसे जाके नेत्र, व्रजविलासिनीनके नेत्रनके आनंददायक, अति शीतल और बुद्धिके हरनवारे प्राणेश्वरको हम भजन करैहै ॥ २ ॥ विशेषकरें चञ्चल हैं पलक जाके, अतिप्रिय जो कमलकलिका ताकी समान, ताको आचरण करैंहैं, कोमलाधर जाके, आँगुली जाके छिद्रनपै धरी वा वंशीसों युक्त है मुख

पुनर्वाक्यैःसमाश्वास्यगोप्यःकर्मसुकोविदाः ॥ निशम्यतन्मुखाध्यानंगोविंदस्यचमानतः ॥ ४४ ॥ मानिन्योगोपिकाःसर्वाविस्मयंपरमंययुः ॥ विहायमानंताःसर्वाआगत्यपुलिनंनृप ॥ स्वरैर्जगुःकृष्णगुणांस्तदागमनहेतवे ॥ ४५ ॥ इतिश्रीमद्गर्गसंहितायामश्वमेधखण्डेरासक्रीडायांचतुश्चत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४४ ॥ ॥ गोप्यऊचुः ॥ ॥ अधरबिम्बविडंबितविद्रुमंमधुरवेणुनिनादविनोदितम् ॥ कमलकोमलनीलमुखाम्बुजंतमपिगोपकुमारमुपास्महे ॥ १ ॥ श्यामलंविपिनकेलिलम्पटंकोमलंकमलपत्रलोचनम् ॥ कामदंव्रजविलासिनीदृशांशीतलंमतिहरंभजामहे ॥ २ ॥ तंविसंचलितलोचनांचलंसामिकुड्मलितकोमलाधरम् ॥ वंशवल्गितकरांगुलीमुखंवेणुनादरसिकंभजामहे ॥ ३ ॥ ईषदंकुरितदंतकुंडलंभूषणंभुवनमंगलश्रियम् ॥घोषसौरभमनोहरंहरेवेंषमेवमृगयामहेवयम् ॥४॥ अस्तुनित्यमरविंदलोचनःश्रेयसेहितसुरार्चिताकृतिः॥यस्यपादसरसीरुहामृतंसेव्यमानमनिशंमुनीश्वरैः ॥ ५ ॥ गोपकैरचितमल्लसंगरंसंगरेजितविदग्धयौवनम् ॥ चिंतयामिमनसासदैवतंदैवतंनिखिलयोगिनामपि ॥ ६ ॥ उल्लसन्नवपयोदमेचकंफुल्लतामरसलोचनांचलम् ॥ वल्लवीहृदयपश्यतोहरंपल्लवाधरमुपास्महेवयम् ॥ ७ ॥ यद्धनंजयरथस्यमण्डनंखंडनंतदपिसञ्चितैनसाम् ॥ जीवनंश्रुतिगिरांसदामलंश्यामलंमनसिमेस्तुतन्महः ॥ ८ ॥

जाको, वेणु बजायवेमें रसिक जो प्राणेश्वर ताको भजन करैंहैं ॥ ३ ॥ छोटे २ निकसेहैं कुंदकलीसे शिखरी जाके दंत, कर्णमें कुंडलाभरणको पहर, भुवनमें मंगल जाकी शोभा, घोषसौरभसो मनोहर हे हरे ! वा तेरे शृंगारको हम ढूँढैहै ॥ ४ ॥ कमलसे जाके नेत्र देवताहू जाकी आकृतिको पूजन करैहै वो हमारे सदा मंगलके लिये होउ, जाको चरणारविंदमकरंदरूप अमृत निरंतर मुनीश्वरन करके सेवन कियोगयोहै सो हमें दर्शन देउ ॥ ५ ॥ गोपकरके रचोहै मल्लयुद्ध जाने और संग्राममें जय कियोहै विदग्ध (चतुर) यौवन जाने वाकूं में मनसों सदैव चिंतवन करैहै, जो निखिल (सब) योगिनको परम इष्टदेवता हैं सो हमें दर्शन देऊ ॥ ६ ॥ अतिशय करके सुशोभित, नवीन मेघके समान सुंदर, खिले तामरस (कमल) के समान जाके लोचनांचल (पलक), वल्लवीनके हृदयनके चुरावनवारे और नवीन आम्रदलके समान अधर जाके ताकी हम उपासना करैंहैं ॥ ७ ॥ जो अर्जुनके रथके भूषण हैं, संचित पापनके खंडन करनवारे, वेदकी वाणीनको जीवन है ऐसे श्यामसुंदर कृष्णरूप तेजः पुंज

मेरे मनमें प्रकाश करौ ॥ ८ ॥ गोपिकानके स्तन तथा चंचल नेत्रप्रांत तिनमें जो नैत्रनकी परंपरा तासों आवृत हैं और बालक्रीडा रसमें ॥ लालसाको भ्रम जाको वा माधव भगवानकी हम अहर्निश भावना करैहैं ॥ ९ ॥ मयूरपिच्छको जाको मुकुट और नील मेघके सदृश है अंगसौंदर्य जाको, नीलकमलके समान जाके नेत्र और नील अलकका धारण करें तिनको मैं ध्यान करौहौं ॥ १० ॥ गोपीनकरके गान कियो वैभव जाको कोमल है स्वरित वेणुको निस्वन जाको और अभिराम संपदानको धाम, कमलके समान नेत्र जाके ताको मैं भजन करो हौ ॥ ११ ॥ शार्ङ्ग धनुषके धारण करनवारे, मनके मोहन, मानिनीनको छोडके जानवारे, नारदादि मुनीनकरके सेवित, नंदके तनयको मैं मनमें भजन करौहों ॥ १२ ॥ रमणीजनके मध्यमें विराजमान जो कृष्ण रासमंडलमें सर्वोत्कर्ष वर्तें हैं वाही कृष्णको दुःखिता भई राधिकासहित हम प्राणप्रियको ढूंढैहैं ॥ १३ ॥ हे देव ! हे देव ! हे व्रजराजनंदन ! हे हरे ! हमें दर्शन देउ और पूर्ववत हमारे सब दुःखनको दूर करौ कृपादृष्टिसों देखो हम आपकी विनामोलकी दासी हैं ॥ १४ ॥ जाने सकल भूमंडलके उद्धरण करनेके

